आश्विन कृष्ण पक्ष त्रयोदशी 07:06 उपरांत चतुर्दशी विक्रम संवत 2081

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

सोमवार, 30 सितंबर 2024
वर्ष 3, अंक 41, पृष्ठ 16
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 5 रुपये

# अमृत विचार

कानपुर नगर — एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com



पाकिस्तान से दोस्ताना संबंध होते तो उसे बड़ा राहत पैकेज देते 16

जोड़ी कोमर की बड़ी फैन हैं तृप्ति 15

## एक नजर

### सीजेआई ने तिरुमाला मंदिर में की पूजा-अर्चना

**तिरुमाला।** भारत के प्रधान न्यायाधीश न्यायमूर्ति डीवाई चंद्रचूड़ ने रविवार को तिरुमाला में वेंकटेश्वर स्वामी मंदिर में पूजा-अर्चना की। न्यायमूर्ति चंद्रचूड़ ने वैकुंठ क्यू कॉम्प्लेक्स से मंदिर में प्रवेश किया और गर्भगृह में प्रार्थना की। दर्शन के बाद वैदिक पंडितों ने रंगनायकुला मंडपम में सीजेआई और उनके परिवार को वेदसेवाचनम अर्पित किया। मंदिर के पुजारियों ने उन्हें रंगनायकुला मंडपम में वैदिक आशीर्वाद दिया।

### हेरोइन और हथियार के साथ दो तस्कर गिरफ्तार

**जालंधर।** बीएसएफ ने रविवार को पंजाब के फाजिल्का में हेरोइन, पिस्तौल और गोला-बारूद के साथ दो तस्करों को गिरफ्तार किया है। जवानों ने गांव अमर सिंह, ढाणी फतूवाला, जिला फाजिल्का से दो तस्करों को पकड़कर एक पिस्तौल, एक मैगजीन, चार जिंदा राउंड और दो आई-फोन बरामद किए।

### भाजपा नेता के पुत्र ने फांसी लगाकर दी जान

**अलवर।** राजस्थान में अलवर के अरावली विहार थाना क्षेत्र में भाजपा नेता राजेंद्र सैनी के 22 वर्षीय पुत्र ने घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। अरावली विहार थाने के पुलिस उपनिरीक्षक रामस्वरूप ने रविवार को बताया कि सुबह साढ़े सात बजे अरावली विहार थाने पर सूचना मिली कि सौनावा डूंगरी निवासी भाजपा नेता राजेंद्र सैनी के पुत्र गौरव ने आत्महत्या कर ली।

# लगातार भारी बारिश से कई जिलों में बाढ़, खेत-खलिहान जलमग्न

## पूर्वी उप्र. में भारी बारिश का अलर्ट, वज्रपात की भी आशंका

- मुख्यमंत्री योगी ने की 11 जिलों में बाढ़ के हालात की समीक्षा

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** पूर्वी उत्तर प्रदेश के तमाम जिलों में बीते तीन दिनों से भारी बरसात हो रही है। लगातार भारी बारिश के चलते जनजीवन अस्त-व्यस्त है। किसानों के खेत-खलिहान जलमग्न हो गए हैं। 11 जिलों में बाढ़ के हालात हैं। इस दौरान अलग-अलग जिलों में अब तक डेढ़ दर्जन लोगों की मृत्यु हो गई। वहीं, मौसम विभाग ने अगले दो-तीन दिन तक मौसम इसी तरह बने रहने की संभावना जताई है। कुछ जिलों में वज्रपात की भी आशंका है तो एक दर्जन जिलों में भारी बारिश का भी अलर्ट जारी किया गया है।

इस बीच मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार को लगातार हो रही बारिश व पहाड़ों से छोड़े गए पानी से राज्य के 11 जिलों में बाढ़ के हालात की समीक्षा की। उन्होंने प्रभावित जिलों क्रमशः कुशीनगर, महाराजगंज, लखीमपुर खीरी, बलिया, फर्रुखाबाद, गोंडा, कानपुर नगर, जीबीनगर, सीतापुर, हरदोई और शाहजहांपुर के अधिकारियों को तत्परता से राहत कार्य संचालित करने के निर्देश दिए। इसके अलावा बाढ़ प्रभावित कानपुर नगर, जीबीनगर, सीतापुर, हरदोई और शाहजहांपुर में युद्धस्तर पर राहत कार्य जारी है। मुख्यमंत्री के निर्देश पर सभी प्रभावित जिलों में एसडीआरएफ, एनडीआरएफ और पीएसी की कई टीमों को तैनात किया गया है। राहत आयुक्त भानु चंद्र गोस्वामी ने बताया कि बाढ़ प्रभावित जिलों में राहत कार्य युद्धस्तर पर किए जा रहे हैं। कुशीनगर में गंडक नदी के कारण 1 तहसील के 5 गांव प्रभावित हैं। ऐसे में जलभराव की वजह से 8 हजार लोग प्रभावित हैं। यहां पर 16 बाढ़ शरणालय स्थापित किए गए हैं। रेस्क्यू के लिए एनडीआरएफ और पीएसी की 1-1 टीम को तैनात की गई है। इसके अलावा एनडीआरएफ द्वारा शिवपुर गांव में बाढ़ के पानी में फंसे 10 लोगों को रेस्क्यू किया गया। इसी तरह महाराजगंज में गंडक नदी के कारण 1 तहसील का 1 गांव प्रभावित है। यहां 45 लोग प्रभावित हैं। यहां पर 1 बाढ़ शरणालय स्थापित किया गया है। गोस्वामी ने यह भी बताया कि वर्तमान में बाढ़ शरणालय में 45 लोग रह रहे हैं। वहीं जल स्तर बढ़ने के कारण 45 लोगों को बाढ़ शरणालय में शिफ्ट किया गया है। लखीमपुर खीरी की 4 तहसील के 11 गांव बाढ़ से प्रभावित हैं, जिसमें से 7 गांवों में कटान हो रहा है। इससे 19,500 लोग प्रभावित हैं। राहत आयुक्त ने बताया कि बलिया में 3 तहसील के 18 गांव प्रभावित हैं। यहां जलभराव में 8300 लोग फंसे हैं। बाढ़ शरणालय में 700 लोग रह रहे हैं। जल भराव के कारण 350 लोग प्रभावित हैं। गोंडा में घाघरा नदी के 1 तहसील के 3 गांव प्रभावित हैं। जलभराव से 452 लोग प्रभावित हैं।



संत कबीरनगर जिले के धनघटा तहसील क्षेत्र में उफनाई घाघरा नदी। ● अमृत विचार

### पीड़ितों को तत्काल राहत राशि देने के निर्देश

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भारी बारिश और बाढ़ के कारण जिलाधिकारियों को फसलों के नुकसान का आकलन कर शासन को आख्या उपलब्ध कराने को कहा है, ताकि प्रभावित किसानों को नियमानुसार मुआवजा राशि उपलब्ध कराई जा सके। इसके अलावा मुख्यमंत्री ने बाढ़ प्रभावित जिन लोगों के घरों को नुकसान अथवा पशु हानि हुई है, उन्हें तत्काल वित्तीय सहायता सौंपने के भी निर्देश दिए हैं।

## करात होंगे माकपा पोलित ब्यूरो के अंतरिम समन्वयक



- अप्रैल 2025 में पार्टी सम्मेलन तक संभालेंगे जिम्मेदारी

**नई दिल्ली।** मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी (माकपा) के वरिष्ठ नेता प्रकाश करात अगले साल अप्रैल में पार्टी का 24वां सम्मेलन होने तक अंतरिम व्यवस्था के तौर पर पार्टी के पोलित ब्यूरो और केंद्रीय समिति के समन्वयक होंगे। यह निर्णय माकपा महासचिव सीताराम येचुरी का 12 सितंबर को निधन हो जाने के मद्देनजर लिया गया है। माकपा ने कहा कि नई दिल्ली में जारी मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी की केंद्रीय समिति की बैठक में फैसला किया गया है कि कॉमरेड प्रकाश करात अप्रैल 2025 में मदुरै में 24वीं 'पार्टी कांग्रेस' (सम्मेलन) होने तक अंतरिम व्यवस्था के तौर पर पोलित ब्यूरो और केंद्रीय समिति के समन्वयक होंगे।

माकपा के सबसे वरिष्ठ नेताओं में शामिल करात 2005 से 2015 तक इसके महासचिव रहे। वह 1985 में केंद्रीय समिति के लिए चुने गए और 1992 में पोलित ब्यूरो के सदस्य बने।

## जीरो टॉलरेंस नीति से अपराधी व उनके आका परेशान : योगी



गोरखनाथ मंदिर में लोगों की समस्याएं सुनते मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ।

- गोरखपुर के विभिन्न कार्यक्रमों में शामिल हुए मुख्यमंत्री

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि सुरक्षा के बेहतरीन माहौल में ही निवेश आता है। जब व्यक्ति ही सुरक्षित नहीं रहेगा तो उसकी पूंजी कैसे सुरक्षित रह पाएगी। सरकार की अपराध और अपराधियों के प्रति जीरो टॉलरेंस नीति से उन लोगों और उनके आकाओं को परेशानी होती है जिनके लिए अपराध ही पेशा था।

योगी रविवार को गोरखपुर में गीडा के सेक्टर 27 में बहुराष्ट्रीय कंपनी पेप्सिको की फ्रेंचाइजी मेसर्स वरुण बेवरेजेज के 1170 करोड़ के निवेश से लगी यूनिट (शीतल पेय बॉटलिंग एवं डेयरी उत्पाद संयंत्र) का औपचारिक उद्घाटन करने के बाद समारोह को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने मेवालाल गुप्त गुरुकुल विद्यालय में भव्य सभागार, प्रशासनिक भवन और कक्षाओं का भी लोकार्पण किया। योगी ने कहा कि सरकार कानून व्यवस्था को लेकर जीरो टॉलरेंस के लिए प्रतिबद्ध है क्योंकि इससे ही वर्तमान सुरक्षित रहेगा और बेहतर भविष्य के लिए वर्तमान का सुरक्षित रहना आवश्यक है।

### मन की बात में उप्र को सराहा योगी ने जताया आभार

प्रधानमंत्री मोदी ने रविवार को 'मन की बात' में वृक्षारोपण की उपलब्धियों से लेकर स्वच्छ भारत मिशन और आत्मनिर्भर भारत के संकल्प को मजबूत करने के लिए उप्र की तारीफ की। योगी ने एक्स पर पोस्ट कर बुंदेलखंड क्षेत्र के झांसी में सेल्फ हेल्प ग्रुप की महिलाओं के योगदान को मन की बात में स्थान देने के लिए प्रधानमंत्री मोदी का आभार जताया।

## बरेली, वाराणसी व अलीगढ़ के एसई निलंबित

- विभागीय कार्यों की समीक्षा में अफसर नहीं दे पाए सही जवाब
- उत्तर प्रदेश पॉवर कॉरपोरेशन के अध्यक्ष ने की कार्रवाई

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार:** उत्तर प्रदेश पॉवर कॉरपोरेशन के अध्यक्ष डॉ. आशीष कुमार गोयल ने राजस्व वसूली समेत विभागीय कार्यों की समीक्षा के दौरान उचित जवाब न देने पर बरेली, वाराणसी व अलीगढ़ के बिजली अधीक्षण अभियंताओं (एसई) को निलंबित कर दिया। अध्यक्ष ने नाराजगी व्यक्त करते हुए इन अभियंताओं के निलंबन के लिए संबंधित वितरण निगमों के प्रबंध निदेशकों को निर्देश दिए। अध्यक्ष रविवार को शक्ति भवन में विभागीय समीक्षा बैठक कर रहे थे।

निलंबित अभियंताओं में बरेली शहर के अधीक्षण अभियंता अम्बा प्रसाद, वाराणसी शहर के अधीक्षण अभियंता वीपी कठेरिया व अलीगढ़ शहर के अधीक्षण अभियंता आरके मिश्रा शामिल हैं। इन अधिकारियों को वाणिज्य व तकनीकी आदि विषयों के संबंध में जानकारियां मांगी गई थीं। समीक्षा बैठक में अध्यक्ष ने राजस्व वसूली में बढ़ोतरी के कड़े निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने कहा कि प्रदेश की बिजली व्यवस्था में सुधार के लिए यह अत्यन्त आवश्यक है कि हम जितनी बिजली दें, उतना बिजली बिल वसूल करें।

### 1912 पर दी जाए बिजली आपूर्ति बंद होने की जानकारी

पॉवर कॉरपोरेशन अध्यक्ष ने कहा कि मरम्मत कार्य के दौरान बिजली आपूर्ति बंद रखने की सूचना संचार माध्यम से उपभोक्ताओं को दी जाए। उन्होंने कहा कि विभाग के नियंत्रण कक्ष 1912 पर बिजली आपूर्ति बंद रखे जाने की जानकारी अवश्य की जाए, ताकि उपभोक्ताओं को शिकायत दर्ज कराने के दौरान उन्हें सही जानकारी उपलब्ध कराई जा सके। उन्होंने कहा कि निवेश मित्र व झटपट पोर्टल पर दर्ज हो रहे नए बिजली कनेक्शन के प्रकरणों का शीघ्रता से निस्तारण कराया जाए। ट्रांसफार्मर क्षतिग्रस्त कम हों, इसके लिए लगातार रखरखाव और अनुरक्षण कार्य किया जाए।

## केरल : फोन टैपिंग में विधायक के खिलाफ दर्ज किया मामला

- राज्य के वरिष्ठ अधिकारियों की बातचीत सुनने का आरोप

**कोट्टायम।** निर्दलीय विधायक पीवी अनवर के खिलाफ राज्य के वरिष्ठ अधिकारियों की फोन कॉल टैप करने का मामला दर्ज किया गया है। निलांबुर से विधायक अनवर के खिलाफ दर्ज एफआईआर में कहा गया है कि उन्होंने अवैध रूप से दूरसंचार प्रणाली को हैक किया और राज्य में वरिष्ठ अधिकारियों के फोन टैप किए, सार्वजनिक सुरक्षा को खतरे में डाला तथा मीडिया के माध्यम से गलत सूचना फैलाई। इसका उद्देश्य लोगों को भड़काना और नफरत पैदा करना था।

## मप्र में ट्रक से भिड़ी बस, 9 यात्रियों की मौत

### 20 लोग घायल, मृतकों में 7 उप्र के रहने वाले, चार मृतक जौनपुर के और तीन प्रतापगढ़वासी

मैहर (मप्र), एजेंसी

मध्य प्रदेश के मैहर जिले में एक निजी यात्री बस की ट्रक से टक्कर में 9 लोगों की मौत हो गई जबकि करीब 20 लोग घायल हैं।

पुलिस ने रविवार को यह जानकारी दी। मृतकों में सात लोग उत्तर प्रदेश के रहने वाले हैं। हादसा शनिवार रात करीब 11 बजे मैहर में हुआ जब बस पत्थर से लदे ट्रक से टकरा गई। पुलिस ने बताया कि यह दुर्घटना जिला मुख्यालय से लगभग 25 किलोमीटर दूर राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या 30 पर हुई। बस में करीब 45 यात्री सवार थे। मैहर के पुलिस अधीक्षक सुधीर अग्रवाल ने बताया कि बस प्रयागराज से रीवा होते हुए नागपुर जा रही थी, तभी नादन देहात थाने के पास हादसे का शिकार हो गई। छह लोगों की मौके पर ही मौत हो गई लेकिन तीन और लोगों ने अस्पताल में दम तोड़ दिया। पुलिस ने बताया कि सभी मृतक पुरुष हैं और उनमें चार साल का एक बच्चा भी शामिल है। अग्रवाल ने बताया कि सात शवों की पहचान हो चुकी है। जिनमें चार मृतक उत्तर प्रदेश के जौनपुर जिले के और तीन प्रतापगढ़ जिले के रहने वाले हैं। दो अन्य मृतकों की पहचान के प्रयास जारी हैं। घायलों को रीवा सहित विभिन्न अस्पतालों में भर्ती कराया गया है। घायलों में अधिकतर जौनपुर और प्रतापगढ़ के निवासी हैं। एसपी ने बताया कि ऐसा प्रतीत होता है कि बस की गति बहुत तेज थी। बचाव दल को क्षतिग्रस्त बस में से यात्रियों को निकालने के लिए गैस कटर और खुदाई करने वाली मशीन का इस्तेमाल करना पड़ा। मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव ने हादसे पर दुख व्यक्त किया है। उन्होंने एक्स पर लिखा कि हादसे में नौ यात्रियों की मौत होने की पुष्टि हुई है जबकि एक अत्यंत गंभीर हालत में है। अधिकतर यात्री उत्तर प्रदेश और महाराष्ट्र के हैं।



### मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने व्यक्त की संवेदना

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने घटना पर शोक व्यक्त करते हुए कहा कि मैहर में हुए हादसे में लोगों की जान जाना दुखद है। उन्होंने 'एक्स' पर लिखा कि मेरी संवेदनाएं शोकाकुल परिजनों के साथ हैं। कहा कि पीड़ितों की हर मदद के लिए मध्य प्रदेश सरकार से संपर्क किया है।

## सपा सांसद अफजाल अंसारी के खिलाफ एफआईआर

- गाजीपुर में गांजा पर दिए गए बयान पर हुई कार्रवाई



**लखनऊ।** चार दिन पहले मठ, मंदिर और कुंभ को लेकर विवादित बयान देने वाले सांसद अफजाल अंसारी के खिलाफ गाजीपुर पुलिस ने एफआईआर दर्ज की है। एसपी सिटी ज्ञानेंद्र प्रसाद के अनुसार गोराबाजार चौकी प्रभारी राजकुमार की तहरीर पर बीएनएस की धारा 353 (3) के अंतर्गत मुकदमा दर्ज किया गया है। सपा सांसद अफजाल अंसारी ने कहा था कि लाखों लोग गांजा पीते हैं और भगवान का प्रसाद और बूटी कहकर पीते हैं। योगी बाबा से कहकर गांजा को वैध कराया जाए। अगर गांजा अवैध है तो पीने की छूट क्यों दी गई है। यह दोहरी नीति क्यों ? साधु, संत और महात्मा समाज के लोग गांजा बहुत ही शौक से पीते हैं। कहा कि कुंभ में एक मालगाड़ी गांजा चला जाए तो खप जाएगा।

## जम्मू-कश्मीर के कठुआ में एक आतंकी मारा गया

- आतंकियों-सुरक्षाबलों के बीच मुठभेड़ जारी

जम्मू, एजेंसी

जम्मू कश्मीर में कठुआ जिले के एक सुदूर गांव में आतंकवाद रोधी अभियान में सुरक्षा बलों ने रविवार को एक आतंकवादी को मार गिराया। अधिकारियों ने बताया कि रविवार दोपहर को बिलावर तहसील के कोग-मंडली गांव में मुठभेड़ स्थल से आतंकवादी का शव बरामद किया गया है। गांव में लगातार दूसरे दिन व्यापक तलाश अभियान जारी है। जम्मू जोन के एडीजी आनंद जैन ने बताया कि तीन से चार विदेशी आतंकवादियों की मौजूदगी की सूचना मिलने के बाद शनिवार को गांव में तलाश अभियान शुरू किया गया।

इसके बाद शनिवार शाम को सुरक्षाबलों तथा आतंकवादियों के बीच मुठभेड़ में एक पुलिसकर्मी शहीद हो गया। जैन ने बताया कि इलाके में आतंकवादियों की मौजूदगी की सूचना मिली थी और इसके बाद अभियान शुरू किया गया। जैन ने बताया कि मुठभेड़ में हेड कांस्टेबल बशीर अहमद शहीद हो गए, एक सीओ और एक एएसआई घायल हो गए थे। उन्होंने बताया कि दोनों अधिकारियों की हालत स्थिर है।

## छत्तीसगढ़ में आईईडी विस्फोट में सीआरपीएफ के पांच जवान घायल

- बीजापुर में नक्सलियों के खिलाफ अभियान पर निकले थे

**बीजापुर (छत्तीसगढ़)।** छत्तीसगढ़ के बीजापुर जिले में नक्सलियों की ओर से लगाए गए आईईडी में विस्फोट से रविवार को एक अधिकारी समेत केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) के पांच जवान घायल हो गए। घटना सुबह करीब सात बजे तारेम थाना क्षेत्र के तहत तब हुई जब सीआरपीएफ की 153 बटालियन विस्फोटकों को हटाने के काम पर निकली थी। अभियान के दौरान सुरक्षाकर्मियों ने विस्फोटक से जुड़ा एक तार देखा और वे तार से जुड़े बम की तलाश कर रहे थे तभी विस्फोट हो गया।

जवानों को चेहरे, आंखों और पेट के ऊपरी हिस्से में चोटें आई हैं। प्राथमिक उपचार के बाद घायल जवानों को राजधानी रायपुर ले जाया गया। घायलों में सीआरपीएफ के सहायक कमांडेंट वैद्य संकेत देवीदास, निरीक्षक संजय कुमार और कांस्टेबल बी पवन कल्याण, लोचन महतो और धोले राजेंद्र अश्रूबा शामिल हैं।

## जम्मू में भाषण के दौरान बेसुध हुए खरगे



- इलाज के बाद बोले- मोदी को सत्ता से हटाने से पहले मैं मरने वाला नहीं

जसरोटा (जम्मू), एजेंसी

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे कठुआ जिले में एक रैली को संबोधित करते हुए मंच पर बेसुध हो गए। भाषण देते हुए खरगे की आवाज धीमी होती चली गई। मंच पर खड़े लोगों ने उन्हें सहारा देकर बैठाया। इसके बाद उनके भाषण को रोक दिया गया। तबीयत ठीक होने के बाद खरगे वापस मंच पर आए और कहा कि मैं 83 साल का हो गया हूं, लेकिन इतना जल्दी मरने वाला नहीं हूं। जब तक मोदी को हटाएंगे नहीं, मैं जिंदा रहूंगा।

उन्होंने कहा कि जम्मू-कश्मीर का राज्य का दर्जा बहाल करने के लिए संघर्ष जारी रहेगा और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को सत्ता से बेदखल करने तक वह राजनीति में सक्रिय रहेंगे। खरगे की टिप्पणी केंद्र की भाजपा नेतृत्व की सरकार की केंद्र शासित प्रदेश के मामले में कार्यप्रणाली, विशेषकर चुनावों में देरी को लेकर आलोचना के बीच आई है।

इससे पहले कांग्रेस अध्यक्ष ने बोलते समय चक्कर आने की शिकायत की थी और वे मंच पर ही बेसुध हो गए थे। जसरोटा रैली में खरगे ने कहा कि मैं बात करना चाहता था, लेकिन चक्कर आने के कारण मैं बैठ गया। कृपया मुझे माफ करें। वे (भाजपा) हमें आतंकित करने की कोशिश कर रहे हैं। भाजपा सरकार पर जम्मू-कश्मीर को रिमोट कंट्रोल के जरिए चलाने का आरोप लगाते हुए खरगे ने कहा कि ये लोग कभी चुनाव नहीं कराना चाहते थे। उन्होंने सुप्रीम कोर्ट के हस्तक्षेप के बाद ही चुनाव की तैयारी शुरू की। उन्होंने भाजपा पर आरोप लगाया कि राज्य का दर्जा बहाल करने का अधिकार होने के बावजूद वह (भाजपा) ऐसा करने में विफल रही है। खरगे ने आरोप लगाया कि मोदी जी जम्मू कश्मीर के युवाओं के भविष्य को लेकर घड़ियाली आंसू बहा रहे हैं। उन्होंने बेरोजगारी का मुद्दा उठाते हुए कहा कि 45 वर्षों में सबसे अधिक बेरोजगारी दर मोदी जी के कार्यकाल में है।

## कार से सिपाही को टक्कर मारी, 10 मीटर तक घसीटा

- अस्पताल में मौत, कार सवार को गति कम करने को कहा था

नई दिल्ली, एजेंसी

बाहरी दिल्ली में एक कार चालक ने मोटरसाइकिल से जा रहे पुलिस कांस्टेबल को टक्कर मार दी और वह उसे करीब 10 मीटर तक घसीटता रहा। पुलिसकर्मी की मौत हो गई। अधिकारियों ने बताया कि कांस्टेबल ने लापरवाही से वाहन चलाने के लिए कार चालक को डांट लगाई थी, लेकिन इसके बाद उसने कांस्टेबल को टक्कर मार दी।

यह घटना शनिवार देर रात करीब सवा दो बजे वीणा एन्क्लेव के पास उस समय हुई, जब कांस्टेबल संदीप (30) ड्यूटी के दौरान सादे कपड़ों में नांगलोई पुलिस थाने से रेलवे रोड की ओर जा रहे थे। बाहरी दिल्ली के पुलिस उपायुक्त जिम्मी चिराम ने बताया कि जब संदीप ने देखा कि एक व्यक्ति कार को लापरवाही से चला रहा है तो उन्होंने चालक को ऐसा न करने के लिए कहा। इसके बाद अचानक चालक ने कार की गति बढ़ा दी और उसने कांस्टेबल की मोटरसाइकिल को पीछे से टक्कर मार दी तथा उसे करीब 10 मीटर तक घसीटता हुआ ले गया, उसके बाद एक खड़ी कार से जा टकराया। कांस्टेबल संदीप को अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया।

## फर्जी डिग्री रैकेट का पर्दाफाश, दो गिरफ्तार

**जालंधर।** पंजाब के जालंधर में पुलिस ने फर्जी डिग्री घोटाले में शामिल एक अंतरराज्यीय गिरोह का भंडाफोड़ करते हुए रविवार को दो आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके पास से 196 फर्जी डिग्रियां, 53 मोहरें, 16 पासपोर्ट, छह लैपटॉप, तीन प्रिंटर, एक मोहर बनाने वाली मशीन और आठ मोबाइल फोन बरामद किए। पुलिस आयुक्त स्वपन शर्मा ने बताया कि आरोपियों ने इंजीनियरिंग, मेडिकल, मैनेजमेंट और अन्य समेत कई कोर्स के लिए फर्जी डिग्रियां जारी की थीं। यह गिरोह पंजाब, हरियाणा, राजस्थान, उत्तर प्रदेश और अन्य समेत कई राज्यों में सक्रिय है। शर्मा ने बताया कि जांच में फर्जी डिग्री आपूर्तिकर्ताओं के देशव्यापी नेटवर्क का पता चला है। मामले की जांच जारी है।

## किसानों को प्रदेश में उत्पादित बीज उपलब्ध कराएगी सरकार

### अब दूसरे राज्यों पर नहीं होगी निर्भरता, सरकार के बचेंगे 3000 करोड़, पीपीपी मॉडल पर बनेंगे पांच बीज पार्क, 200 हे. में होगा हर पार्क

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** उत्तर प्रदेश के किसान आने वाले दिनों में अपनी फसलों के बीज हासिल करने को दूसरे राज्यों पर निर्भर नहीं होंगे। राज्य सरकार ने उप्र. में ही बीज उत्पादन की एक व्यापक योजना तैयार की है। ऐसे में राज्य सरकार को हर साल करीब 3000 करोड़ रुपये खर्च नहीं करने पड़ेंगे। कार्य योजना के तहत उप्र. के नौ कृषि जलवायु क्षेत्रों में होने वाली फसलों के मद्देनजर पांच बीज पार्क (वेस्टर्न जोन, तराई जोन, सेंट्रल जोन, बुंदेलखंड और ईस्टर्न जोन) पीपीपी मॉडल पर बनाए जाएंगे। हर पार्क का रकबा न्यूनतम 200 हेक्टेयर का होगा।

दरअसल, वर्तमान में प्रदेश की प्रमुख फसलों के लिए लगभग 50 फीसद बीज दक्षिण भारत के राज्यों से आता है। इनमें तमिलनाडु और आंध्र प्रदेश प्रमुख हैं। किसानों को राज्य के कृषि जलवायु के अनुकूल गुणवत्ता के बीज मिले, इसके लिए सरकार ने बड़े पैमाने पर उत्तर प्रदेश में ही बीज उत्पादन की रणनीति तैयार की है। इससे किसानों के लिए स्थानीय स्तर पर गुणवत्ता के बीज तैयार होने से उनकी उपज और उपज की गुणवत्ता में सुधार होगा। विभागीय आंकड़ों के अनुसार गेहूं के 22 प्रतिशत धान के 51 प्रति. मक्का के 74 प्रति., जौ के 95 प्रति., दलहन के 50 प्रति. और तिलहन के 52 प्रति. बीज गैर राज्यों से आते हैं। कृषि विभाग के पास बुनियादी सुविधाओं के साथ ऐसे छह फार्म उपलब्ध हैं। सरकार जिनको इच्छुक पार्टियों को लीज पर दे सकती है।



### गुणवत्ता वाले बीजों से कम होगा उत्पादन का अंतर

विभागीय आंकड़ों के अनुसार उत्तर प्रदेश में गेहूं का प्रति हेक्टेयर प्रति कुंतल उत्पादन 26.75 कुंतल है। जबकि पंजाब का सर्वोच्च 40.35 कुंतल है। इसी तरह धान का उत्पादन 37.35 कुंतल है, जबकि हरियाणा का 45.33 कुंतल। अन्य राज्यों की तुलना में इसी तरह का अंतर चना और सरसों के उत्पादन में भी है। गुणवत्ता के बीज से इस अंतर को 15 से 20 फीसद तक कम किया जा सकता है।

"फसल के लिए बीज, सबसे महत्वपूर्ण कृषि निवेश है। बीज की गुणवत्ता पर ही फसल की उपज और गुणवत्ता निर्भर करती है। अगर बीज खराब है तो खेत की तैयारी से लेकर बीज और बोआई के समय डाली जाने वाली खाद की लागत बर्बाद हो जाती है। दुबारा बोआई में देर होने से उपज प्रभावित होती है। बीज का जर्मिनेशन अगर कम है तो भी इसका उपज पर प्रभाव पड़ता है।
- डॉ. अवधेश मिश्र, कृषि विशेषज्ञ

# हृदय के लिए साइलेंट किलर हाई ब्लड प्रेशर

**विश्व हृदय दिवस**

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** रोज 30 मिनट की सैर से हाई ब्लड प्रेशर से बचा जा सकता है। हृदय रोग विशेषज्ञों के मुताबिक हाई ब्लड प्रेशर साइलेंट किलर की जैसा है और हार्ट अटैक के लिए सीधे तौर पर जिम्मेदार है। 70 प्रतिशत मरीजों में इस बीमारी के लक्षण प्रतीत नहीं होते है, इसलिए 40 वर्ष से अधिक उम्र के लोगों को जांच जरूर करानी चाहिए।

विश्व हृदय दिवस पर इंडियन मेडिकल एसोसिएशन व आईएमए की परेड स्थित आईएमए सभागार में हुई गोष्ठी में वरिष्ठ हृदय रोग विशेषज्ञ प्रो.अवधेश शर्मा ने बताया कि इस बार विश्व हृदय दिवस की थीम 'यूज हार्ट फॉर एक्शन' का मतलब हृदय सक्रिय रखकर उसका इस्तेमाल करना है। इसी से व्यक्ति स्वस्थ्य रह सकता है। हृदय को दुरुस्त रखने के लिए हर व्यक्ति को प्रतिदिन कम से कम 30 मिनट शारीरिक व्यायाम, योग व मेडिटेशन करना चाहिए। लिफ्ट की जगह सीढ़ियों का प्रयोग करना चाहिए। तनाव से दूर रहकर कम से 7 से 8 घंटे की नींद लेनी चाहिए। वरिष्ठ हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ. अमित कुमार गुप्ता ने हार्ट अटैक के रिस्क फैक्टर्स व नसों में जमने वाले थक्कों की जानकारी देते हुए बताया कि स्वस्थ खानपान व संयमित जीवनशैली से हृदय रोग से दूर रह सकते हैं। वरिष्ठ हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ. एके त्रिवेदी ने कहा कि योग और ध्यान तनाव से होने वाले हृदय रोगों से बचाव करते हैं। गोष्ठी में आईएमए के कार्यवाहक अध्यक्ष डॉ. अनुराग मेहरोत्रा, सचिव डॉ. क्षमा शुक्ला मौजूद रहे।



जानकारी देते डॉ. अवधेश शर्मा, डॉ.एके त्रिवेदी, डॉ.अनुराग मेहरोत्रा, डॉ. क्षमा।

### हार्ट अटैक से गंभीर पल्मोनरी एम्बोलिज्म

के-केयर हॉस्पिटल के वरिष्ठ हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ .अमित कुमार ने बताया कि शिशु को जन्म देने के बाद प्रसूता स्वस्थ थी, लेकिन घबराहट हुई और मौत हो गई। ऐसे मामले अक्सर देखने में आते हैं। इसका कारण पल्मोनरी एम्बोलिज्म बीमारी हो सकती है। इसमें फेफड़ों की रक्त नलिकाएं अवरुद्ध हो जाती हैं। यह बीमारी हार्ट अटैक से भी गंभीर मानी जाती है। कुछ लोगों में जन्म से प्रोटिन 'सी', 'एस व एंटीथ्रोबिन 3' की कमी पाई जाती है, जिससे यह बीमारी हो सकती है।

### इस तरह करें बचाव

- मोटापा नियंत्रित करने के लिए व्यायाम व सीमित भोजन करें। अच्छी नींद लें और तनाव मुक्त रहें।
- उचित आहार और नमक की मात्रा कम करके उच्च रक्त चाप नियंत्रित किया जा सकता है।
- अल्कोहल व धूम्रपान छोड़ दें। चिकनाई युक्त भोजन, जंक व फास्ट फूड का सेवन नहीं करें।
- आहार में केला, संतरा, नाशपाती, टमाटर और ताजी हरी सब्जियों का ज्यादा इस्तेमाल करें।

# बच्चों को ऋतु के अनुसार भोजन दें

कार्यालय संवाददाता,कानपुर

**अमृत विचार।** शहर में तीन स्थानों पर बच्चों का स्वर्ण प्राशन किया गया। इस दौरान 110 बच्चों को इस कार्यक्रम से जोड़ा गया। स्वर्ण प्राशन के दौरान विशेषज्ञों ने बच्चों के साथ आए अभिभावकों को बच्चों को ऋतु के अनुसार आहार दिए जाने की सलाह दी। ऋतु के अनुसार बच्चों के आहार में परिवर्तन से शारीरिक विकास में गुणात्मक वृद्धि होती है।

छत्रपति शाहू जी महाराज विश्वविद्यालय के स्कूल ऑफ हेल्थ साइंसेस तहत संचालित स्वास्थ्य केंद्र, राजकीय बाल गृह कानपुर और आरोग्य क्लीनिक लाल बंगला यह शिविर लगाए गए। सीएसजेएमयू स्वास्थ्य केंद्र पर आयुर्वेदाचार्य डा. वंदना पाठक, डा० निरंकार गोयल, स्कूल के निदेशक डॉ दिग्विजय शर्मा ने कार्यक्रम की शुरुआत की।


बच्चों को पोषक आहार देने का संकल्प लिया गया। अमृत विचार

आयुर्वेदाचार्य डा. वंदना पाठक ने कहा कि शरद ऋतु के अनुसार आहार-विहार पर विशेष ध्यान देना चाहिए। इस ऋतु में स्वास्थ्य उत्तम रखने के लिए त्यौहार भी आते हैं। उन्होंने स्वर्णप्राशन संस्कार के बारे में कहा कि आयुर्वेद की यह विधा बच्चों की रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने में काफी कारगर है। शरद ऋतु में अम्ल लवण, कटु रस नहीं लेने चाहिए। इस ऋतु में हमको मधुर द्रव्य जैसे शहद, शक्कर, मिश्री, दूध,केला नारियल, अखरोट, फालसा आदि का सेवन करना चाहिए। मेवा में मुनक्का, किशमिश, अंजीर और खजूर का प्रयोग करना चाहिए। फलों कच्चा हरा नारियल, मौसमी, ताजा अंजीर, पके हुए केले का सेवन करना चाहिए। इस अवसर पर संस्थान के सह निदेशक डा. मुनीश रस्तोगी, हरीश चन्द्र शर्मा, आकांक्षा बाजपेई, संतोष कुमार यादव, संदीप गुप्ता एवं बच्चों के अभिवावक भी उपस्थित रहे।

## एक नजर

### ट्रेन की चपेट में आने से मसाला कारोबारी की मौत

**कानपुर।** रेलबाजार थानाक्षेत्र में शनिवार दोपहर रेलवे ट्रैक पार करने के दौरान ट्रेन की चपेट में आने से मसाला कारोबारी की मौत हो गई। सेंट्रल जीआरपी ने शव को पोस्टमार्टम भिजवाया। खपरा मोहाल निवासी विजय शंकर (48) का सब्जी मसाला का थोक का काम है। पत्नी मंजू ने बताया कि शनिवार दोपहर वह मुरे कंपनी पुल के पास रेलवे लाइन पार कर रहे थे। इस दौरान ट्रेन की चपेट में आने से उनकी मौत हो गई।

### चालक ने फांसी लगाकर दी जान

**कानपुर।** कल्याणपुर थानाक्षेत्र में शनिवार शाम अज्ञात कारणों से चालक ने फांसी लगा कर जान दे दी। धनुईपुरवा निवासी रामस्वरूप ने बताया कि उनका बेटा अजय निषाद चार पहिया वाहन चालक था। परिवार में पत्नी उर्मिला, बहू रेखा समेत नाती नातिन है। रामस्वरूप ने बताया कि शनिवार शाम बेटा घर आया और छत पर बने कालम में फंदा लगा कर जान दे दी। परिजन आत्महत्या करने का कारण नहीं बता सके।

### खेत पर कब्जे का प्रयास

**कानपुर।** नौबस्ता थानाक्षेत्र निवासी महिला ने बताया कि उसकी खेती भूरेपूर के पास है। वहां के लल्लू, रोहित, मनोज और उनके साथी उनके खेत पर कब्जा करना चाहते हैं। वहां पहुंची तो आरोपियों ने उनके साथ अभद्रता और अश्लीलता करते हुए जान से मारने की धमकी दी। उन्होंने रिपोर्ट दर्ज कराई।

# न्यू कानपुर सिटी: 19 और किसान जमीन देने को राजी

## अधिकारियों ने काश्तकारों से सहमति पत्र पर कराये हस्ताक्षर

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- 23 काश्तकारों को 40 करोड़ बांटने के लिये चेकें तैयार
- सिंहपुर केडीए ग्रींस कार्यालय कक्ष में लग रहा कैंप

**अमृत विचार।** न्यू कानपुर सिटी योजना के लिये 19 और किसानों ने जमीन देने को सहमति दी है। केडीए के अनुसार 2 हेक्टेयर जमीन मिल जायेगी। वहीं 23 काश्तकारों द्वारा सहमति के आधार 4 हेक्टेयर जमीन को अधिगृहित करने की तैयारी शुरू हो गई है। केडीए इन किसानों को 40 करोड़ रुपये चेक व डिमाण्ड ड्राफ्ट के द्वारा देने जा रहा है। इस तरह कुल 6 हेक्टेयर जमीन योजना के तहत मिल जायेगी।

केडीए उपाध्यक्ष मदन सिंह एवं सचिव अभय कुमार पाण्डेय के निर्देश में केडीए की लैण्ड बैंक अनुभाग के विशेष कार्याधिकारी डॉ. रवि प्रताप सिंह की अध्यक्षता में सिंहपुर स्थित केडीए ग्रीन्स कार्यालय कक्ष में कैंप लग रहा है। इसके साथ ही केडीए की टीमें संबंधित गांव सिंहपुर कछार, सम्भरपुर, गंगपुर चकबदा, हिन्दुपुर में कैम्प आयोजित कर भू-स्वामियों से वार्ता कर रही हैं। रविवार को तहसीलदार डॉ. अर्चना शर्मा, रामनाथ, अमीन सन्तोष कुमार, रामलाल, मनोज कुशवाहा ने जागरूकता अभियान के दौरान कुल 19 काश्तकारों से सहमति पत्र पर हस्ताक्षर कराये। डॉ. रवि प्रताप सिंह ने बताया कि जिन भी काश्तकारों को केडीए को जमीन बेचनी हो वह केडीए में संपर्क कर सकते हैं।


कैंप में आये किसानों को जानकारी देते केडीए के अधिकारी व कर्मचारी। अमृत विचार

### गंगपुर चकबदा और सिंहपुर कछार में जमीन मिली

गंगपुर चकबदा में रावेन्द्र प्रसाद, महेन्द्र प्रसाद, सिंहपुर कछार में रेखा गुप्ता, दिनेश कुमार, राज कुमार, अम्बिका प्रसाद, शिव किशोर, जय किशोर, ज्ञान प्रकाश, अमित कुमार, राधा देवी, सम्भपुर में सचिन, कान्ती, रमेश चन्द्र, सुमित कुमार, मनीष कुमार, मदन मोहन, प्रेमा देवी ने जमीन देने के सहमति पत्र पर हस्ताक्षर किये।

# ठेकेदार से विवाद के बाद मजदूर ने फांसी लगाई

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** चकेरी थानाक्षेत्र में शनिवार को ठेकेदार से विवाद के बाद मजदूर ने कबाड़ गोदाम में लोहे के एंगल से फांसी लगा कर आत्महत्या कर ली। मजदूर के साथ काम करने वाले मामा ने परिजनों को घटना की जानकारी दी। परिजनों ने ठेकेदार पर 15 दिनों से पैसा मांगने पर मारपीट करने का आरोप लगाया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम भिजवाया।

मूलरूप से कानपुर देहात, शिवली के बलुआपुर गांव निवासी राजमिस्त्री झबल सिंह ने बताया कि उनका बेटा सोनू (27) उनके साले छोटे लाल के साथ सजारी स्थित कबाड़ गोदाम में बीते दो माह से काम कर रहा था। झबल के मुताबिक शनिवार रात करीब साढ़े आठ बजे बेटे ने फोन कर बताया कि सजारी निवासी ठेकेदार संतोष कुमार उसका बीते 15 दिनों से हिसाब नहीं कर रहा है। पैसा मांगने पर मारपीट कर रहे हैं। पिता के मुताबिक रात में बारिश होने के कारण सोनू घर जाने के बजाय गोदाम में ही सो गया। रविवार सुबह करीब सात बजे छोटे लाल गोदाम पहुंचा तो सोनू का शव गोदाम में लोहे के एंगल पर गमछे से लटक रहा था। परिजनों ने आरोप लगाया कि बेटे की मारने पीटने से मौत हुई है। परिजनों की सूचना पर मौके पर पहुंची चकेरी पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम भिजवाया। थाना प्रभारी ने बताया कि रिपोर्ट आने के बाद कार्रवाई की जाएगी।

### सैलून संचालक ने लगाई फांसी

**कानपुर।** चकेरी के लाल बंगला परदेवनपुर निवासी सुरेंद्र कुमार ने बताया कि उनके मकान की तीसरी मंजिल पर महेंद्र कुमार (35) पत्नी व तीन बच्चों के साथ किराए पर रहता था। महेंद्र केडीए चौराहे पर सैलून की दुकान चलाता था। शनिवार देर रात संदिग्ध परिस्थितियों में उसने फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली।

### युवक ने जान दी

कानपुर। महाराजपुर थानाक्षेत्र में शनिवार शाम शराब पीकर घर पहुंचे युवक ने कमरे में गमछे से फंदा लगाकर जान दे दी। घर पहुंची पत्नी ने शव लटकता देख पुलिस को सूचना दी। जहानागांव निवासी वीरेंद्र कुमार (35) पत्नी रुचि व दो बच्चे जय व अभि के साथ रहते थे। छोटे भाई दिनेश ने बताया कि वीरेंद्र मजदूरी करते थे। शनिवार शाम करीब साढ़े छह बजे वह शराब पीकर घर आए थे, जबकि भाभी पानी भरने के लिए घर से बाहर गई हुई थीं। इस दौरान भाई ने कमरे में छत पर लगे बांस से गमछे से फंदा लगा कर आत्महत्या कर ली। पुलिस जांच कर रही है।

## सार-संक्षेप


पुरानी पेंशन बहाली के लिए रेल कर्मियों से संपर्क करते यूनियन के पदाधिकारी।

### पुरानी पेंशन के लिए धरना-प्रदर्शन आज

**कानपुर।** पुरानी पेंशन की बहाली के लिए सोमवार को दिल्ली के जंतर मंतर पर होने वाले धरना-प्रदर्शन में शामिल होने के लिए कानपुर के भी रेलकर्मी दिल्ली रवाना हो गए हैं। ये प्रदर्शन इंडियन रेलवे मूवमेंट फॉर ओल्ड पेंशन स्कीम के बैनर तले होने जा रहा है जिसमें रेलवे के कई संगठन शामिल हैं। रविवार को कानपुर से जोनल अध्यक्ष राजाराम राम मीणा, प्रदेश मंत्री सुरेश यादव और अखिल भारतीय अधिकारी आई पी एस चौहान ने यूनियन कार्यालय में बैठक की और रात में श्रमशक्ति एक्सप्रेस से बड़ी संख्या में रेल कर्मी दिल्ली रवाना हो गए। उत्तर मध्य रेलवे कर्मचारी संघ संबद्ध भारतीय रेलवे मजदूर संघ एवं भारतीय मजदूर संघ के कार्यकर्ता भी इसमें शिरकत करेंगे। भारतीय रेलवे मजदूर संघ ने अपने सभी 17 जोन एवं सभी उत्पादन इकाईयों के कार्यकर्ताओं को आंदोलन में शामिल होने का आह्वान किया। बैठक में मनोज यादव, अध्यक्ष आशीष पंकज, उत्तर मध्य रेलवे कर्मचारी संघ के उपाध्यक्ष मनोज झा, सहायक महामंत्री लईक अहमद, सहायक मंडल मंत्री हरिशंकर पोरवाल, शाखा आई टी इंचार्ज वीरेन्द्र कुमार एवं कई अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### दहेज के लिए पीटकर निकाला, 5 पर रिपोर्ट

**कानपुर।** चमनगंज थानाक्षेत्र में दहेज में 10 लाख रुपये व जेवरात की मांग पूरी न होने पर ससुरालीजनों ने विवाहिता को पीटकर घर से निकाल दिया। फहीमाबाद निवासी आयशा परवीन ने बताया कि उनका निकाह विगत वर्ष अक्टूबर में रेलबाजार के खपरा मोहाल निवासी मो. इमरान के साथ हुआ था। लेकिन पति समेत ससुरालीजन 10 लाख रुपये, सोने की जंजीर व अंगूठी की मांग को लेकर प्रताड़ित करने लगे। दो बार गला दबाकर जान से मारने का प्रयास किया। 26 मार्च को ससुरालीजनों ने पीटकर घर से निकाल दिया। चमनगंज पुलिस ने 5 लोगों पर रिपोर्ट दर्ज की है।

# पुलिस पर फेंके थे बम, कहा था, चार हत्याएं होंगी

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- फरार गांजा तस्कर के भाई का ऑडियो वायरल हुआ था

**अमृत विचार।** पुलिस टीम पर बम फेंक कर हमला करने वाले आरोपी के भाई का एक ऑडियो कुछ समय पहले वायरल हुआ था। वायरल ऑडियो में आरोपी कह रहा था कि लाल बंगला में चार हत्याएं होंगी। ऑडियो वायरल होने के बाद क्षेत्र में कई बार फायरिंग और बमबाजी की घटनाएं हुए। आरोपी की तलाश में चार टीमें लगी हुई हैं।

चकेरी पुलिस ने 27 सितंबर की देर रात टटियन झनाका मोड़ से कालीबाड़ी निवासी राजू सिंह और आदी सिंह को गिरफ्तार किया था। पुलिस ने आरोपियों के पास से 149 देशी बम और एक तमंचा व कारतूस बरामद किया था। छापेमारी के दौरान सरगना गांजा तस्कर अंकित सिंह उर्फ अंकित तुत्तल फरार हो गया था। जब पुलिस टीम आरोपियों को पकड़ने गयी थी तो अंकित तुत्तल के भाई राजू ने ही पुलिसकर्मियों पर बम फेंका था। जिसका कुछ माह पहले एक ऑडियो भी वायरल हुआ था, जिसमें वह अपने साथी से फोन पर बात करते हुए कह रहा है कि लाल बंगला में चार हत्याएं होंगी। ऑडियो वायरल होने के बाद पुलिस ने इसे गंभीरता से नहीं लिया, जिस पर तीन बार फायरिंग और बमबाजी हो गई। थाना प्रभारी अशोक दुबे ने बताया कि आरोपी अंकित तुत्तल की तलाश की जा रही है।

# सरकारी नियंत्रण से बाहर हों मंदिर: देवजी

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- विहिप के अखिल भारतीय समरसता प्रमुख देवजी भाई रावत जी ने की प्रेसवार्ता

**अमृत विचार।** विहिप के अखिल भारतीय समरसता प्रमुख देवजी भाई रावत ने कहा कि तिरुपति की घटना से संपूर्ण हिन्दू समाज अत्यंत व्यथित है। मंदिरों का नियंत्रण हिन्दू समाज के पास ही होना चाहिए, मंदिरों के सरकारी नियंत्रण के दुष्परिणाम सभी के सामने हैं। मंदिरों को सरकारी नियंत्रण से बाहर करना जरूरी है। देवजी भाई रावत गोविंद नगर स्थित विहिप कानपुर प्रान्त के प्रांतीय कार्यालय दुर्गा भवन श्रीमुनि हिन्दू इण्टर कॉलेज में पत्रकार वार्ता को संबोधित कर रहे थे।

रावत ने कहाकि विहिप सामाजिक समरसता के अंतर्गत 17 अक्टूबर को महर्षि वाल्मीकि जयंती उत्साह के साथ मनाया जायेगा। 7 जनवरी से 14 जनवरी तक सामाजिक समरसता यात्रा का आयोजन कानपुर प्रान्त में किया जाएगा।

12 फरवरी को सन्त शिरोमणि रविदास जयंती के आयोजन भी बड़े पैमाने पर होंगे। सामाजिक समरसता के विचार को जन-जन तक पहुंचाने के लिये प्रान्त और जिलों में समरसता टोलियों का निर्माण किया जा रहा है, जिनमें समाज के विभिन्न वर्गों का साथ लेकर छुआ-छूत जैसी कुरीतियों को दूर करने के लिये व्यापक आयोजन किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि विहिप सामाजिक समरसता विभाग द्वारा शहरी क्षेत्रों की सेवा बस्तियों में रहने वाले युवाओं के रोजगार सृजन के लिये अभियान चला रहा है। उन्हें विभिन्न रोजगार परक हुनर सिखाने के सेवा प्रकल्प चलाकर उनका आर्थिक संवर्धन किया जाएगा।

जिला रोजगार सृजन केन्द्र भी स्थापित किए जाएंगे। वार्ता में विहिप प्रान्त मंत्री राजू पोरवाल, विहिप प्रान्त सह मंत्री अभिनव दीक्षित, प्रान्त समरसता प्रमुख डॉ. शिवस्वरूप विश्वकर्मा, प्रान्त प्रचार प्रसार प्रमुख ओमेन्द्र अवस्थी उपस्थित रहे।



श्रीमुनि हिन्दू इण्टर कॉलेज में पत्रकार वार्ता को संबोधित करते देवजी भाई रावत।

# दिल्ली में 9 को ईवीएम समेत कई मुद्दों पर चर्चा

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- बहुजन मुक्ति मोर्चा का राष्ट्रीय अधिवेशन होगा

**अमृत विचार।** बहुजन मुक्ति मोर्चा का राष्ट्रीय अधिवेशन 9 अक्टूबर को दिल्ली के ताल कटोरा स्टेडियम में होगा। जिसमें ईवीएम कई मुद्दों को लेकर संगठन के संयोजक सरकार के खिलाफ मोर्चा खोलेंगे। राष्ट्रीय अधिवेशन को सफल बनाने के लिए जिलास्तरीय बैठक हुई। इस बैठक की अध्यक्षता बामसेफ के राष्ट्रीय प्रचारक डा. अनिल कुमार माने ने की।

रविवार को किदवई नगर स्थित बहुजन मुक्ति मोर्चा की समीक्षा बैठक मंड प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष छेदी खोटे, राम प्रसाद त्यागी, राहुल दिवाकर, सुरेश कुशवाहा, राज नारायण गौतम की अगुवाई में बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए। प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष छेदी खोटे ने बताया कि 9 अक्टूबर को ताल कटोरा स्टेडियम दिल्ली में राष्ट्रीय अधिवेशन होगा जिसमें संगठन के संयोजक वामन मेश्राम कई मुद्दों में प्रमुख रूप से अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति के उप वर्गीय का मुद्दा उठाएंगे। राष्ट्रीय अधिवेशन में ये भी मांग की जाएगी कि ईवीएम हटाकर बैलट पेपर से सभी चुनाव कराए जाएं। उन्होंने आरोप लगाया कि क्या भाजपा की डबल इंजन सरकार प्रदेश में प्रवेश परीक्षा कराने में नाकाम हो गई है जिससे युवाओं में बेरोजगारी बढ़ रही है। उन्होंने कहा कि किसी भी चुनाव के समय ही आतंकी सक्रिय होते हैं, हमारे निर्दोष जवान शहीद होते हैं, इसपर भी चर्चा होगी।

**कवायद** कानपुर-बुंदेलखंड क्षेत्र के प्रभारी अनूप गुप्ता ने ग्वालटोली में ऑटो-रिक्शा रोक कर कराई सदस्यता

# सदस्यता लक्ष्य पूरा करने को गली-गली घूमे भाजपाई

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- मन की बात सुनने के बाद बूथों पर पहुंचे भाजपा नेता, घर-घर जाकर लोगों से मांगा समर्थन
- कानपुर बुंदेलखंड क्षेत्र के सभी 17,845 बूथों पर सुनी गई मन की बात

**अमृत विचार।** भाजपा प्रदेश महामंत्री, एमएलसी व कानपुर बुंदेलखंड क्षेत्र के प्रभारी अनूप गुप्ता ने रविवार को दक्षिण और उत्तर जिले में घूम-घूमकर सदस्यता बनाए। अनूप गुप्ता व जिला अध्यक्ष दीपू पांडे सीसामऊ विधानसभा के चुन्नीगंज मंडल के ग्वालटोली पहुंचे। वहां बूथ नंबर 28 में पीएम की मन की बात सुनी इसके बाद बूथ नंबर 28 में घर-घर जाकर लोगों को भाजपा की सदस्यता दिलाई। दुकानदारों, राहगीरों, टेंपो-ऑटो चालकों से निवेदन कर के उनको भारतीय जनता पार्टी की सदस्यता दिलाई। भाजपा दक्षिण जिलाध्यक्ष शिवराम सिंह ने पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ किदवई नगर के क्षेत्र में घूम-घूम कर लोगों को पार्टी का सदस्य बनाया। शिवराम सिंह ने विधान परिषद सदस्य अरुण पाठक के साथ सुभाष स्मारक इंटर कॉलेज शक्ति केंद्र के बूथ संख्या 60 पर पीएम नरेंद्र मोदी के मन की बात सुनी। प्रदेश महामंत्री अनूप गुप्ता, दक्षिण जिलाध्यक्ष शिवराम सिंह व विधायक महेश त्रिवेदी सुबह सुबह संजय वन पहुंचे। मॉर्निंग वॉकर्स, छात्र- छात्राओं से मुलाकात कर लोगों को पार्टी की सदस्यता दिलाई। सभी मंडलों के प्रत्येक बूथ पर कार्यकर्ताओं ने मन की बात सुनने के बाद विशेष सदस्यता अभियान चलाया।

विधायक सुरेंद्र मैथानी, पूर्व विधायक नीरज चतुर्वेदी, मंडल अध्यक्ष करण सिंह यादव, कपिल गुप्ता दीपक सिंह, अभिनव दीक्षित, पार्षद लक्ष्मी कोरी, ओपी साहु, सीएल बड़े, जिला मीडिया प्रभारी अनुराग शर्मा के साथ ही दक्षिण में राम बहादुर यादव, सुनील नारंग, विनोद मिश्रा, जसविंदर सिंह,मनीष त्रिपाठी आदि मौजूद रहे।


कानपुर बुंदेलखंड क्षेत्र अध्यक्ष प्रकाश पाल, प्रभारी अनूप गुप्ता ने की बैठक।

### एक दिन में 78 हजार सदस्य बनाए

कानपुर बुंदेलखंड क्षेत्र के सभी बूथों पर निवास करने वाले प्रदेश से लेकर बूथ तक के पदाधिकारियों ने रविवार को अपने-अपने आवंटित बूथों पर मन की बात कार्यक्रम सुना। मन की बात के क्षेत्रीय संयोजक अनूप अवस्थी ने बताया कि कानपुर बुंदेलखंड क्षेत्र के सभी 17 जिलों में 17845 बूथों पर कार्यक्रम सुना गया। इस दौरान 78 हजार सदस्य बनाए गए। भाजपा कानपुर बुंदेलखंड क्षेत्र के अध्यक्ष प्रकाश पाल ने सीसामऊ विधानसभा के बूथ नंबर 134 पर बूथ समिति के साथ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मन की बात कार्यक्रम को सुना।

# चोरी करने वाला शातिर गिरफ्तार

**कानपुर।** कल्याणपुर थानाक्षेत्र में बंद पड़े मकान का मेनगेट का ताला तोड़ कर चोरी करने वाले शातिर को पुलिस ने गिरफ्तार किया। उसके पास से चोरी का माल भी बरामद किया है।

कल्याणपुर, आवास विकास निवासी नरेंद्र टंडन के बंद घर के मेन गेट का ताला तोड़ कर जेवर व नकदी चोरी हो गए थे। पुलिस ने आसपास के सीसीटीवी कैमरों से पहचान कर ईको पार्क के पास से शिवली रोड निवासी जय किशन उर्फ जैकी को पकड़ा। पुलिस ने आरोपी के पास से जेवरात बरामद किए। कल्याणपुर थाना प्रभारी सुधीर कुमार ने बताया कि आरोपी के खिलाफ शहर के कई थानों में 10 मुकदमे दर्ज हैं।


अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार

## क्लासीफाइड

**सूचना**

मेरे शैक्षणिक अंकपत्र सह प्रमाण पत्र हाई स्कूल रोल नंबर 1757363 वर्ष 2014, इण्टर मिडियट रोल नंबर 1313200 वर्ष 2016, बीएससी प्रथम वर्ष रोल नंबर 4101125 वर्ष 2017, बीएससी द्वितीय वर्ष रोल नंबर 2091294 वर्ष 2018, बीएससी तृतीय वर्ष रोल नंबर 6075253 वर्ष 2019 खो गये हैं। **-ऋषभ कुमार दुबे पुत्र श्री सुशील कुमार दुबे निवासी- ग्राम आंटी, पोस्ट- मलिकापुर -कन्नौज, मोबाइल नंबर-8874236656**

**वर्गीकृत विज्ञापन हेतु अमृत विचार अखबार के कार्यालय में सम्पर्क करें**

**सूचना**

मेरे पासपोर्ट में अंकित नाम जलालुद्दीन है जबकि सही नाम जलालुद्दीन मोहम्मद खलील अंसारी रख लिया है भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना पहचाना जाए पुत्र **मोहम्मद खलील अंसारी ग्राम तिलखोरिया,पोस्ट, बनगवा ,जिला गोंडा उत्तर प्रदेश 271312**

**सूचना**

सूचित हो कि मैं **मोहम्मद साहिद पुत्र अहमद हुसैन, निवासी- जीवपुर, पोस्ट- रतकुण्ड तहसील सोहावल, जनपद- अयोध्या उ0प्र0,** यह कि पहले मेरा नाम MOHD SHAHID पुत्र AHMAD HUSAIN था। मैंने अपना नाम बदलकर अब MOHAMMAD SAHID पुत्र अहमद हुसैन रख लिया है। भविष्य में MOHAMMAD SAHID के नाम से जाना व पहचाना जाये। सभी प्रयोजन के लिए। यह कि निवासी 125 वार्ड नं0 11 संत कबीर रैदास जीवपुर घर के पास मस्जिद नगर पंचायत भदरसा तहसील सोहावल जनपद अयोध्या।

**सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि न्याय पंचायत अलियाबाद में नई मत्स्य जीवी सहकारी समिति गठन हेतु तृतीय बैठक दिनांक 03/10/2024 दिन गुरुवार सायं 4 बजे पंचायत भवन केन्हौरा, ब्लाक- दरियाबाद तहसील रामसनेही घाट, जनपद- बाराबंकी में आयोजित की जा रही है जिसमे सभी ग्रामवासी जन प्रतिनिधि ग्राम प्रधान बी डी सी जिला पंचायत व अधिकारीगण सादर आमंत्रित है मुख्य प्रवर्तक अब्दुल अली प्रस्तावित समिति 8127272752

## आज का मौसम

तेज हवाओं के साथ स्थानीय स्तर पर हल्की से मध्यम वर्षा होने के आसार हैं।

29.6° अधिकतम तापमान | 24.4° न्यूनतम तापमान
सूर्योदय 06 : 01 | सूर्यास्त 05 : 56

## एक नजर

### जल्द मिलेगा ओटी एरियर

**कानपुर**। आयुध उपस्कर निर्माणी, फूलबाग के कर्मचारियों को जल्द ही ओटी एरियर का भुगतान किया जाएगा। किला मजदूर यूनियन का दावा है कि वो लगातार निर्माणी प्रबंधन और टीसीएल मुख्यालय में कर्मचारियों का हक दिए जाने की मांग उठा रही थी। इस पर अब मुख्यालय के अधिकारियों ने सहमति दे दी है। उम्मीद है कि कर्मचारियों को जल्द ही उनकी मनचाही सौगात मिल सकती है। इस फैसले पर यूनियन अध्यक्ष महेंद्र नाथ, समीर बाजपेई, नीरज सिंह, अनिल कुमार सहित अन्य कर्मचारियों ने हर्ष व्यक्त किया है।

### ट्रेन की चपेट में आकर युवक की मौत

**कानपुर**। महाराजपुर थानाक्षेत्र छतमरा निवासी 48 वर्षीय गिरजाशंकर सविता ड्यूटी से लौट रहा था इसी दौरान रूमा के पास क्रासिंग पार करते समय ट्रेन की चपेट में आने से मौत हो गई। पुलिस ने उसके पास मिले कागजात से घटना की सूचना बेटे अभिषेक को दी। परिजनों का कहना था कि वह साइकिल से लौट रहे थे, तभी हादसे के शिकार हो गए।

# अब ट्रैक पर पड़ा मिला फायर सेफ्टी सिलेंडर

## झांसी रूट पर रविवार तड़के भीमसेन से गोविंदपुरी के बीच होल्डिंग लाइन पर पड़ा मिला रेलवे का सिलेंडर

कार्यालय संवाददाता, कानपुर



घटनास्थल पर जांच करते जीआरपी व आरपीएफ के जवान। अमृत विचार




रेलवे ट्रैक पर मिला फायर सिलेंडर।

● पुष्पक एक्सप्रेस के लोको पायलट ने इमरजेंसी ब्रेक लगाकर ट्रेन रोकी

**अमृत विचार**। साबरमती, कालिंदी और प्रेमपुर स्टेशन की साजिश में जांच अभी चल ही रही है कि रविवार तड़के भीमसेन से गोविंदपुरी के बीच होल्डिंग लाइन पर रेलवे का फायर सेफ्टी सिलेंडर पड़ा मिला। लाइन पर कुछ पड़ा देख मुंबई से लखनऊ जा रही पुष्पक एक्सप्रेस के लोको पायलट एके भसीन ने इमरजेंसी ब्रेक लगाई। नीचे उतरकर सेफ्टी सिलेंडर उठाकर कंट्रोल रूम को सूचना दी। खबर पाकर जीआरपी और आरपीएफ मौके पर पहुंची। बताया जा रहा है कि सिलेंडर पर कैरिज एंड वैगन विभाग गोरखपुर लिखा है। रेलवे अधिकारियों का कहना है कि सिलेंडर गिरा या गिराया गया, इसकी जांच की जा रही है।

छत्रपति शिवाजी टर्मिनस से लखनऊ जंक्शन जा रही पुष्पक एक्सप्रेस 12534 रविवार तड़के 4.03 बजे भीमसेन से गोविंदपुरी की ओर जा रही थी। ट्रेन होल्डिंग लाइन से होकर सेंट्रल की ओर बढ़ रही थी। होल्डिंग लाइन पर चलने के कारण ट्रेन की स्पीड काफी कम थी। भीमसेन से करीब पांच किमी आगे लोको पायलट एके भसीन को होल्डिंग लाइन पर सिलेंडर पड़ा दिखा। इस पर उन्होंने इमरजेंसी ब्रेक लगाकर ट्रेन रोकी। नीचे उतरकर देखा तो सिलेंडर पर रेलवे की पर्ची लगी थी। इस पर कंट्रोल को सूचना दी और 4.19 बजे सिलेंडर लेकर सेंट्रल रवाना हुए। सेंट्रल स्टेशन पहुंचने पर सिलेंडर आरपीएफ के सुपुर्द किया। यहां जांच में पता चला कि गोरखपुर के सीनियर सेक्शन इंजीनियर ने यह फायर सेफ्टी सिलेंडर जारी किया था। यह सिलेंडर कुशीनगर एक्सप्रेस का है। ट्रैक पर सिलेंडर मिलने से कुछ समय पहले ही गोरखपुर से लोकमान्य तिलक टर्मिनस जाने वाली कुशीनगर एक्सप्रेस वहां से गुजरी थी। डिप्टी सीटीएम आशुतोष कुमार सिंह ने बताया कि रेलवे के कैरिज एंड वैगन विभाग को मामले की जांच सौंपी गई है।

### तीन ट्रेनों पर पहले हो चुकी साजिश

**कानपुर**। इससे पहले कानपुर में साबरमती एक्सप्रेस, कालिंदी एक्सप्रेस और एक मालगाड़ी को पलटाने की साजिश हो चुकी है। झांसी रूट पर पनकी के पास ट्रैक पर पटरी का टुकड़ा बांध दिए जाने से साबरमती एक्सप्रेस के 22 डिब्बे पटरी से उतर गए थे। इसके अलावा कालिंदी एक्सप्रेस के आगे पटरी पर भरा गैस सिलेंडर रख दिया गया था जिससे टकराकर ट्रेन रोक दी गई थी। इसके बाद प्रेमपुर स्टेशन पर एक मालगाड़ी के आगे 5 किलो वाला छोटा गैस सिलेंडर रखा गया था जिसे मालगाड़ी के चालक ने देखकर ट्रेन रोक दी थी। तीनों ही मामलों की जांच कई एजेंसियां कर रही हैं।

### क्या होती है होल्डिंग लाइन

**कानपुर**। जब कोई ट्रेन आउटर पर पहुंचती है तो उसे सिग्नल का इंतजार करना पड़ता है। अगर सिग्नल मिला तो ट्रेन आगे बढ़ जाती है। सिग्नल नहीं है तो ट्रेन को आउटर व प्लेटफार्म के बीच स्थित होल्डिंग लाइन में होल्ड करा दिया जाता है। इसी बीच अन्य ट्रेनें गुजारने के बाद उस ट्रेन को प्लेटफार्म पर लिया जाता है। जहां ट्रेन को होल्ड किया जाता है वह होल्डिंग लाइन कहलाती है।

### उठ रहे सवाल

- सिलेंडर लोहे की पत्ती से टाइट बंधा होता हैं तो गिरा कैसे
- ट्रेन चलने पर अटेंडेंट पत्ती को चेक करता है कि सिलेंडर बंधा है या नहीं
- अटेंडेंट और इलेक्ट्रिशियन की ड्यूटी होने पर कैसे गिरा सिलेंडर
- किसी शरारती तत्व ने गिराया तो अटेंडेंट को पता क्यों नहीं चला

# काकादेव की कोचिंग में छात्रा से छेड़छाड़, शिक्षक गिरफ्तार

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- कोचिंग संचालक ने काकादेव थाने में दर्ज कराई रिपोर्ट
- संचालक बोले- हिंदू छात्राओं को बनाता था शिकार
- शनिवार को वायरल हुआ था कोचिंग का सीसीटीवी फुटेज



आरोपी शिक्षक साहिल सिद्दीकी।

**अमृत विचार**। काकादेव में नीट की तैयारी कर रही छात्रा के साथ कोचिंग में छेड़खानी करने वाले बायोलॉजी के टीचर को रविवार को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। घटना का सीसीटीवी वायरल होने के बाद कोचिंग संचालक ने आरोपी टीचर के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई थी। आरोपी टीचर 10 मिनट तक बाथरूम में छात्रा के साथ रहा था। कोचिंग संचालक ने आरोप लगाया कि मुस्लिम टीचर हिंदू छात्राओं को ही टारगेट कर अश्लीलता करता था। पुलिस जांच कर रही है।

काकादेव स्थित आई एंड आई कोचिंग संचालक आशीष श्रीवास्तव ने तहरीर देकर एफआईआर दर्ज कराई है। उन्होंने बताया कि दो दिन पहले कोचिंग के ऑफिस में उनके नाम से बंद लिफाफा पड़ा मिला था। उसमें एक पेन ड्राइव थी। पेन ड्राइव को लैपटॉप में लगाकर देखा गया तो उसमें एक सीसीटीवी दिखा। सीसीटीवी में कोचिंग में बायोलॉजी पढ़ाने वाला शिक्षक साहिल सिद्दीकी एक छात्रा के साथ कोचिंग परिसर में गलत कार्य कर रहा था। कोचिंग संचालक ने बताया कि साहिल से जानकारी करने पर वह उनके ऊपर भड़क गया और ब्लैकमेल करने का आरोप लगाने लगा।

बताया कि साहिल का एक अश्लील वीडियो पहले भी सामने आ चुका है। काकादेव पुलिस ने आरोपी शिक्षक साहिल सिद्दीकी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की। एडीसीपी सेंट्रल महेश कुमार ने बताया कि जांच में शिक्षक के खिलाफ लगाए गए आरोप सही पाए गए हैं। आरोपी साहिल को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है। छात्रा को भी बयान दर्ज कराने के लिए उसके परिजनों को बुलाया गया है।

### 97 लाख का पैकेज, 20 लाख का कर्ज

कोचिंग संचालक ने बताया कि साहिल 97 लाख के सालाना पैकेज पर कोचिंग में बायोलॉजी पढ़ाता था। बताया कि दो साल में शिक्षक ने करीब 2.25 करोड़ रुपये कमाए, इसके बावजूद उसके ऊपर 10 से 20 लाख रुपये का क्षेत्रीय लोगों का कर्ज है।

# गलत दिशा में चलने के विरोध पर महिला जज की कार पर किया पथराव, रिपोर्ट

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

● औरैया जनपद में तैनात हैं जज, सचेंडी थाने में रिपोर्ट

**अमृत विचार**। कानपुर-इटावा हाईवे पर शनिवार रात ट्रक खराब होने से जाम लग गया। इस जाम में औरैया की न्यायिक मजिस्ट्रेट की कार भी फंस गई। उसी दौरान रांग साइड से बाइक निकाल रहे युवकों का मजिस्ट्रेट ने विरोध किया तो युवकों ने गाली-गलौज के साथ पत्थर चला दिए। बाइक सवार दोनों युवक मौके से भाग गए। जज ने बाइक सवार अज्ञात युवकों के खिलाफ हत्या के प्रयास, तोड़फोड़ और अन्य धाराओं में सचेंडी थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है। औरैया की जूडिशियल मजिस्ट्रेट निशा अली अपने भाई राहत अली और चालक रिजवान के साथ अपनी कार से कानपुर से औरैया जा रही थीं। रात करीब 12 बजे वह भौंती पुल के पास लगे जाम में उनकी कार फंस गई। इसी दौरान दो युवकों ने रांग साइड से बाइक निकालने की कोशिश में उनकी कार में टक्कर मार दी। और तो और ओवर टेक कर बाइक सवार युवकों ने उनकी कार रोक ली और मजिस्ट्रेट के एतराज करने पर युवकों ने अभद्र भाषा का प्रयोग किया और हमला करने लगे। उन लोगों को कार से बाहर उतरने की धमकी देने लगे। साथ ही कार के आगे अपनी बाइक खड़ी कर दी। इसके बाद भी उन लोगों ने कार के शीशे नहीं खोले तो युवकों ने कार पर पथराव कर दिया। इससे कार के शीश टूट गए और कार क्षतिग्रस्त हो गई। किसी तरह वह लोग कार लेकर वहां से निकल सके। इसके बाद जज ने पुलिस को सूचना दी। इस संबंध में सचेंडी थाना प्रभारी ने बताया कि जूडिशियल मजिस्ट्रेट की तहरीर पर बाइक सवार अज्ञात युवकों के खिलाफ हत्या का प्रयास पथराव, कार में तोड़फोड़ करने, गाली-गलौज, जान से मारने की धमकी समेत अन्य धाराओं में रिपोर्ट दर्ज की गई है। आस-पास के सीसीटीवी फुटेज देखे जा रहे हैं, जल्द ही हमलावरों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

# राम मंदिर दर्शन करने अयोध्या पहुंचे आईआईटी के छात्र

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

● जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र के महामंत्री चंपत राय से भी मिले



अयोध्या में जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र के महामंत्री चंपत राय के साथ आईआईटी के छात्र।

**अमृत विचार**। आईआईटी कानपुर से अयोध्या में श्रीराम मंदिर के दर्शन करने पहुंचे छात्रों ने जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र के महामंत्री चंपत राय से भी भेंट की। महामंत्री ने अयोध्या में होने वाले परम्परागत एकत्रीकरण, मेलों की चर्चा करते हुए आईआईटी छात्रों से कहा कि उन तिथियों में यहां का भ्रमण कर पुरातनकाल की सांस्कृतिक विरासत को समझना चाहिए कि किस तरह सुगम मार्गों के न होने पर भी कठिनाई सहकर पूर्वजों ने विभिन्न परिक्रमाएं, मेलों की परम्परा जीवित रखी।

चंपत राय ने सभी छात्रों से क्रमशः उनके रुचि के शैक्षिक विषयों की जानकारी ली। एकोहम बहुस्यामि की व्याख्या करते हुए चम्पत राय ने कहा कि एक ने अयोध्या दर्शन का मन बनाया, उनसे दो, दो से चार जुड़ते हुए इतने लोग साथ आ गए। ठीक इसी तरह बढ़ते हुए सम्पूर्ण सृष्टि का निर्माण हुआ। महामंत्री ने कहा कि देश के विभिन्न राजनीतिक दलों को राम के जीवन चरित्र से प्रेरणा लेनी चाहिए और उन्हें राम का अनुसरण कर उनके दिखाए मार्ग पर चलने का प्रयास करना चाहिए। अयोध्या के इतिहास की संक्षिप्त चर्चा में चंपत राय ने कहा कि जब काल ने श्री राम से पृथ्वी पर उनके मनुष्य रूप में की जाने वाली लीला के समय समाप्ति की जानकारी दी और अपने धाम चलने के लिए निवेदन किया तो राम ने संपूर्ण अयोध्या की जिम्मेदारी हनुमंत लाल को सौंप कर स्वयं सरयू में जल समाधि ले ली। वहां उन्होंने भौतिक शरीर को नष्ट कर दिया। सरयू में उस समाधि स्थान को आज गुप्तार घाट के रूप में जाना जाता है। इसके बाद ही से अयोध्या के राजा के रूप में हनुमान जी सदैव विराजमान रहते हैं।

## आईआईटी में ली गई स्वच्छता की शपथ

**कानपुर**। आईआईटी कानपुर में 'स्वच्छता ही सेवा' अभियान के तहत इंफ्रास्ट्रक्चर और प्लानिंग के डीन प्रोफेसर जे. रामकुमार और रजिस्ट्रार विश्व रंजन ने कर्मियों को स्वच्छता की शपथ दिलाई।

संस्थान निर्माण विभाग के प्रभारी एवं अधिकारी आरके वर्मा, वीपी सिंह, विनय तिवारी, मनीष खरवार, सुदर्शन दास, राजेश गुप्ता, वेंकटेश, वीरेंद्र सिंह, आरपी सिंह, मुरली, दिनेश मौजूद रहे।

# आईएमए के पूर्व अध्यक्ष नहीं रहे

कार्यालय संवाददातात, कानपुर



डा. नईम हामिद।

● टीबी के खिलाफ अभियान चलाकर ख्याति बटोरी थी डॉ. नईम हामिद ने

**अमृत विचार**। मुस्लिम क्षेत्रों से टीबी जैसी खतरनाक बीमारी को खत्म करने का वृहद अभियान चलाने वाले तलाक महल स्थित हामिद हॉस्पिटल के चेयरमैन एवं आईएमए के पूर्व अध्यक्ष वरिष्ठ सर्जन डॉ. नईम हामिद (90) नहीं रहे। उनका लंबी बीमारी के बाद रविवार को सुबह 10 बजे नोएडा में इंतकाल हो गया।

उनके करीबी डॉ. मुबारक अली ने बताया कि कई साल से वे नोएडा में रह रहे थे। उनके तीन बेटे और दो बेटियां हैं। रविवार को ही मगरिब के बाद शाम को उन्हें नोएडा में ही सुपुर्द-ए-खाक कर दिया गया।

कई दशक पूर्व विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्लूएचओ) ने कर्नलगंज को विश्व का सबसे बड़ा टीबी वाला क्षेत्र घोषित किया था जिसपर डॉ. नईम हामिद विचलित हो गए थे और मुस्लिम क्षेत्रों को टीबी मुक्त करने के लिए बेकनगंज स्थित मोहम्मदिया हॉस्पिटल को स्थापित करने में अहम रोल अदा किया था। उन्होंने सैकड़ों गरीब मरीजों का मुफ्त इलाज भी किया और उन्हें टीबी से निजात दिलाई। वर्तमान में भी मोहम्मदिया हॉस्पिटल में कई रोगों के विशेषज्ञ डॉक्टर अपनी सेवाएं दे रहे हैं। डा. नईम हामिद कई वर्षों तक इंडियन मेडिकल एसोसिएशन (आईएमए) के अध्यक्ष भी रहे।

## बाइक पर गिरी हाईटेंशन लाइन

**कानपुर**। गुजैनी गांव में शनिवार देर रात युवक की बाइक पर हाईटेंशन लाइन का तार टूट कर गिर गया। युवक ने चलती बाइक से कूद कर अपनी जान बचाई।

गुजैनी गांव निवासी शिवबाबू शनिवार देर रात रात बाइक से घर लौट रहे थे। गुजैनी अंबेडकर नगर स्थित नोस्ट्रम हास्पिटल के पास एचटी लाइन का तार टूट कर बाइक पर आ गिरा। इससे बाइक जल गई। गुजैनी थाना प्रभारी विनय तिवारी ने बताया कि सूचना मिलने पर लाइन बंद करा दी थी।

# चांदी लेकर भागा चोर मथुरा में पकड़ा

कार्यालय संवाददाता, कानपुर



रविंद्र।

● चौक सराफा बाजार के कारोबारी की 50 किलो चांदी लेकर भागा था, सर्विलांस की मदद से दबोचा गया

**अमृत विचार**। चौक सराफा बाजार के एक सराफा कारोबारी की 50 किलो चांदी लेकर फरार आरोपी को पुलिस ने मथुरा से पकड़ लिया है। सर्विलांस टीम को आरोपी के मथुरा में होने की लोकेशन मिली थी, जिस पर उसे दबोच लिया गया।

डीसीपी पूर्वी श्रवण कुमार सिंह ने बताया कि शुक्रवार शाम गुप्तार घाट पर लावारिस स्कूटी खड़ी मिली थी। सीसीटीवी फुटेज चेक की गई तो जानकारी मिली कि एक युवक स्कूटी छोड़ कर गया है। स्कूटी धोबी मोहाल निवासी सर्राफ अश्वनी वर्मा की थी। पूछताछ में अश्वनी ने पुलिस को जानकारी दी कि उनकी चौक सराफा बाजार में डिंपल ट्रेडर्स के नाम से फर्म है। उनके कारखाने में चांदी की पेटियां बनाने का काम होता है। स्कूटी उनके यहां काम करने वाला रविंद्र सिंह लेकर गया था। रविंद्र कारखाने के गोदाम से 50 किलो चांदी और उनकी स्कूटी लेकर गया था, उसके बाद से लापता है।

उन्होंने कोतवाली थाने में रविंद्र के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई थी। डीसीपी पूर्वी ने बताया कि उन्नाव और कानपुर में तलाशने के बाद रविंद्र की लोकेशन मथुरा में मिली है। एक टीम को आरोपी को लाने के लिए भेजा गया है।

**कारोबार जगत** | लेदर, चाय, हर्बल प्रोडक्ट, हैंडीक्रॉफ्ट जैसे उत्पाद विदेशी कारोबारियों को आए पसंद

# ट्रेड शो में शहर को मिले 1 हजार करोड़ के ऑर्डर

कार्यालय संवाददाता, कानपुर




ट्रेड शो में मिलेट्स के स्टाल पर उत्पाद देखते उद्यमी। अमृत विचार

**अमृत विचार**। ग्रेटर नोएडा में आयोजित यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो में इस बार शहर के कारोबारियों को लगभग 1 हजार करोड़ रुपये के ऑर्डर मिले हैं। इसमें 60 फीसदी हिस्सा चमड़ा कारोबारियों का रहा तो नए कारोबारियों ने भी काफी आर्डर झटके। बीटूबी बैठकों के जरिए अमेरिका, कनाडा, जर्मनी, पोलैंड, उज्बेकिस्तान, कंबोडिया जैसे देशों से करार हुआ।

ट्रेड शो में 32 कारोबारी शहर से शामिल हुए। फियो की ओर से आयोजित बीटूबी (बिजनेस टू बिजनेस) बैठकों में शहर व विदेशी कारोबारियों के बीच सीधे संवाद में नए निर्यातकों ने पुराने कारोबारियों से अधिक ऑर्डर अपने नाम किए। विशेषज्ञ इसकी वजह उत्पादों की बेहतर गुणवत्ता, मार्केटिंग का तरीका और पैकेजिंग रही। फियो के सहायक निदेशक आलोक श्रीवास्तव ने बताया कि शहर के कारोबारियों ने लगभग 1000 करोड़ के ऑर्डर के करार किए हैं। इनमें लेदर, चाय, हर्बल प्रोडक्ट, हैंडीक्रॉफ्ट जैसे उत्पाद शामिल हैं।

### मिलेट्स को पहली बार पैन इंडिया ऑर्डर

ट्रेड शो में निर्यातक संगीता सिंह को मिलेट्स उत्पादों के लिए पैन इंडिया ऑर्डर मिला है। उन्होंने बताया कि मिलेट्स का पैन इंडिया ऑर्डर शहर को पहली बार मिला है। इसके साथ ही उन्हें 16 अन्य कॉरपोरेट ऑर्डर भी मिले हैं। इनकी सप्लाई देश में ही देनी है। उनके मिलेट्स से तैयार बिस्कुट, नूडल्स जैसे उत्पादों के सैंपल केन्या, ब्रिटेन, इटली, मैक्सिको और ऑस्ट्रेलिया के खरीदारों ने लिए हैं।

**32** कारोबारियों ने ट्रेड शो में की शिरकत

**130** विदेशी कारोबारियों से बीटूबी संवाद

**60** फीसदी ऑर्डर चमड़ा कारोबारियों को

### बांग्लादेश में अस्थिरता के कारण लेदर कारोबार को मिली संजीवनी

ट्रेड शो में लेदर कारोबारियों को बांग्लादेश में अस्थिरता के कारण भी नए विदेशी आर्डर हाथ लगे। लेदर के सेफ्टी प्रोडक्ट, बैग, बेल्ट, लेपटॉप बैग के साथ लेदर ज्वैलरी के भी सैंपल यूरोप के खरीदारों को पसंद आए। निर्यातक डॉ. जफर नफीस ने बताया कि यूरोपीय देशों के बांग्लादेश से डील करने वाले ज्यादातर कारोबारियों ने बीटूबी बैठकों में सैंपल लिए हैं।

## पुरानी पेंशन की उठी मांग

**कानपुर**। आयुध निर्माणी बहुजन इंपलाइज यूनियन का आठवां राष्ट्रीय अधिवेशन रविवार को ऑर्डिनेंस फैक्ट्री कानपुर के समाज सदन में हुआ। इसकी अध्यक्षता एआईबीडीईएफ के राष्ट्रीय अध्यक्ष अरुण नामदेव ने की। इस अधिवेशन में रक्षा संस्थानों के निगमीकरण को रद्द कराने के लिए आंदोलन करने समेत छह प्रस्ताव पास किए गए। इसमें पुरानी पेंशन योजना की बहाली, आठवां वेतनमान आयोग के जल्द गठन करने, रिक्त स्थानों पर जल्द भर्ती करने, अनुकंपा नियुक्ति करने, 18 महीने का फ्रीज डीए का भुगतान करने जैसी मांगों के प्रस्ताव को सर्वसम्मति से पारित कर दिया गया। इसमें देश भर से रक्षा क्षेत्र में कार्यरत आयुध निर्माणियों की यूनियने, आर्मी बेस वर्कशॉप की यूनियनें, सीओडी की यूनियनों के पदाधिकारी शामिल हुए। एआईबीडीईएफ के राष्ट्रीय महासचिव मुकेश कुमार, स्वातंत्र मजदूर यूनियन के अध्यक्ष जेएस पाटिल शामिल हुए।

# मंदिर पर अतिक्रमण का आरोप, हंगामा

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

● पुलिस ने अवैध निर्माण गिरवाया

**अमृत विचार**। बाबूपुरवा थानाक्षेत्र में रविवार को मंदिर पर अतिक्रमण करने की सूचना पर पहुंचे बजरंगदल कार्यकर्ताओं ने हंगामा शुरू कर दिया। हंगामे की सूचना पर एसीपी बाबूपुवा मौके पर पहुंची और अवैध निर्माण गिरवा कर आक्रोशित कार्यकर्ताओं को शांत कराया। उन्होंने मौके पर यथा स्थिति बरकरार रखने को कहा।

भैरव शंकर पार्क बाबूपुरवा के पास एक प्राचीन मंदिर है। जिसमें काफी समय से ताला बंद पड़ा है। मंदिर के पास रहने वाला एक मुस्लिम परिवार अपने मकान का निर्माण करा रहा है। उसने मकान का छज्जा अनाधिकृत रूप से करीब 4 फीट तक आगे निकाल दिया है। इसका क्षेत्रीय लोगों ने विरोध किया। लोगों ने इसे मंदिर की जगह पर कब्जे का प्रयास बताकर बजरंग दल के नेताओं को सूचना दे दी। मंदिर के पास अतिक्रमण की सूचना मिलने पर रविवार को बजरंग दल के अनी सरोज, दारा सिंह, मनीलाल, कौशल, मोहित, रवि शंकर, अरुण गौतम, सोनू निषाद और उमाशंकर सहित कई कार्यकर्ता रविवार दोपहर मौके पर पहुंचे और हंगामा शुरू कर दिया। उन्होंने गलत तरीके से निकाले गए छज्जे को हटाने की मांग पर नारेबाजी की। दो समुदायों का मामला होने से हंगामे की सूचना पर एसीपी बाबूपुरवा अंजली विश्वकर्मा समेत बाबूपुरवा पुलिस मौके पर पहुंची।

एसीपी बाबूपुरवा ने बताया कि निर्माण के दौरान छज्जा कुछ आगे तक बन रहा था, जिसे क्षतिग्रस्त करा दिया गया है। दूसरे पक्ष को भी बता दिया है कि मंदिर का निर्माण कार्य कराना हो तो प्रशासन की अनुमति लेकर आएं।

# वैश्य समाज देश की अर्थव्यवस्था की रीढ़-महाना

## वैश्य महापरिषद का हुआ सामाजिक समरसता सम्मेलन

कार्यालय संवाददाता, कानपुर



सम्मेलन को संबोधित करते आबकारी मंत्री नितिन अग्रवाल। अमृत विचार

**अमृत विचार।** अखिल भारतीय सर्व वैश्य महापरिषद का सामाजिक समरसता सम्मेलन, महाराजा अग्रसेन व गांधी स्मृति सम्मान समारोह रविवार को मर्चेंट चैंबर हॉल में हुआ। इस मौके पर मुख्य अतिथि विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना ने कहा कि वैश्य समाज देश की अर्थव्यवस्था की रीढ़ है।

विधानसभा अध्यक्ष ने कहा कि अर्थव्यवस्था को सबसे बेहतर संचालित करने का काम वैश्य समाज ही कर रहा है। नए-नए उद्योगों और पूंजी निवेश वैश्य समाज के लोग करते हैं।

कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि आबकारी मंत्री नितिन अग्रवाल ने कहा कि समाज के युवाओं और महिलाओं को अब अपनी जरूरी भूमिका निभानी होगी, क्योंकि वह समाज के आर्थिक, राजनीतिक व सामाजिक निर्माण में सशक्त स्तंभ हैं। हमारे संविधान ने महिलाओं को राजनीति में 33 प्रतिशत आरक्षण दिया है। इसलिए महिला नेताओं को तैयार कर आगे लाना होगा। जिससे समाज की महिलाएं राजनीतिक, सामाजिक और आर्थिक के साथ राष्ट्र उत्थान में योगदान दे सके। राष्ट्रीय अध्यक्ष संजय गुमा ने कहा कि हमें अपने नौजवानों को राजनीति में आगे लाना होगा। चुनाव लड़ने के लिए प्रेरित करना होगा।

कार्यक्रम को विधान परिषद सदस्य सलिल विश्नोई, व्यापारी कल्याण परिषद के अध्यक्ष रविकांत गर्ग, उत्तर प्रदेश महिला आयोग की सदस्य अनीता गुमा, समाजवादी पार्टी की राष्ट्रीय सचिव अर्पणा जैन ने संबोधित किया। इस मौके पर रविंद्र जायसवाल, उत्तर प्रदेश कांग्रेस व्यापार प्रकोष्ठ के अध्यक्ष पवन गुमा, उद्योगपति सुरेंद्र गुप्ता गोल्डी, योगेश अग्रवाल, पीसी कुलेरे, विश्वनाथ गुप्ता, सुनील गुप्ता, शिवकुमार जायसवाल, अनुराग अग्रवाल, गगन अग्रवाल, सुबोध अग्रवाल, अतुल मित्तल, प्रदीप गुप्ता, उमेश लोहिया, संजय विश्वरी आदि रहे।



पदाधिकारियों के साथ प्रदेश अध्यक्ष मुकुंद मिश्रा का सम्मान किया गया। अमृत विचार

# समारोह में व्यापारी एकता का किया गया आह्वान

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल के प्रदेश अध्यक्ष का सम्मान

**अमृत विचार।** कानपुर मुद्रा विनिमय व्यापार मंडल की ओर से सम्मान समारोह आयोजित हुआ। उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल के नवनिर्वाचित प्रदेश अध्यक्ष सहित अन्य पदाधिकारियों का सम्मान किया गया। व्यापारी एकता की हुंकार भरी गई। कार्यक्रम के दौरान प्रदेश अध्यक्ष मुकुंद मिश्रा का सम्मान किया गया। इस दौरान अन्य पदाधिकारी संयुक्त मंत्री टीकम चंद्र सेठिया व कोषाध्यक्ष राजकिशोर मिश्रा सहित अन्य पदाधिकारी भी सम्मानित हुए। समारोह में प्रदेश अध्यक्ष मुकुंद मिश्रा ने कहा कि व्यापारियों की एकता ही संगठन की शक्ति है। उन्होंने हर व्यापारी समस्या पर संघर्ष करने का भी ऐलान किया। उन्होंने कहा कि इस तरह की बैठकों व सम्मेलनों का होना बहुत जरूरी है। लगातार होने वाले इन सम्मेलनों से व्यापार मंडल और व्यापारियों की समस्याएं उजागर होती है। इससे उनके निराकरण का कार्य आसान हो जाता है। कार्यक्रम में कानपुर मुद्रा विनिमय व्यापार मंडल के अध्यक्ष लाल सिंह, महामंत्री हेमंत मिश्रा व कोषाध्यक्ष अंशू भाटिया ने भी विचार व्यक्त किए। समारोह के दौरान हूलागंज व्यापार मंडल, लाल बंगला उद्योग व्यापार मंडल, सागर मार्केट एसोसिएशन, कोपरगंज व्यवसाय संघ, मार्बल मार्केट एसोसिएशन, कानपुर चाय व्यापार मंडल, बारदाना व्यापार मंडल, एक्सप्रेस रोड व्यापार मंडल, नवाबगंज व्यापार मंडल के पदाधिकारी मौजूद रहे।

# सरकार आरटीआई कानून को कमजोर कर रही

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** वर्तमान की सरकार सूचना का अधिकार कानून (आरटीआई) को कमजोर कर रही है जबकि कांग्रेस की सरकार ने आम आदमी को यह ताकत दी थी। उत्तर प्रदेश कांग्रेस सूचना का अधिकार विभाग के चेयरमैन पुष्पेंद्र श्रीवास्तव ने ये आरोप पत्रकार वार्ता में लगाये।

रविवार को कांग्रेस मुख्यालय तिलक हाल में पुष्पेंद्र श्रीवास्तव ने कानपुर मंडल की समीक्षा बैठक की। चेयरमैन ने कहा कि वर्तमान सरकार जितना इस कानून को कमजोर करेगी, कांग्रेस उतना ही इसे मजबूत करने के लिये जिलास्तरीय कार्यशाला आयोजित करने का काम करेगी। प्रकोष्ठ के प्रदेश उपाध्यक्ष रमेश श्रीवास्तव ने बताया कि 19 अक्टूबर को बिजनौर , 27 अक्टूबर को चित्रकूट मण्डल , 11 नवंबर झांसी मण्डल, 17 नवम्बर मेरठ मण्डल , 24 नवम्बर कानपुर मण्डल की कार्यशाला होगी जिसका पंजीयन ऑनलाइन होगा। निष्क्रिय सदस्यों को पदमुक्त कर लखनऊ के राजेश कुमार , अजय सिंह और औरैया के चरण सिंह राजपूत को प्रदेश सचिव के पद पर नियुक्त किया गया है। अनूप पाल लखनऊ जिला चेयरमैन, वीरेंद्र मौर्य शहर चेयरमैन , राजीव यादव इटावा जिला चेयरमैन, अतुल यादव औरैया जिला चेयरमैन नियुक्त किये गये हैं। बैठक में पवन गुप्ता, उत्तर अध्यक्ष नौशाद आलम मंसूरी व रामानन्द राजपूत, शंकर दत्त मिश्रा, रामानन्द राजपूत, सजल तिवारी , निर्मला सिंह आदि रहे।




कांग्रेस की बैठक को संबोधित करते चेयरमैन पुष्पेंद्र श्रीवास्तव। अमृत विचार

# आठ घंटे बिजली गुल, हजारों लोग परेशान

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- इस्पात नगर और बिठूर उपकेंद्र के सभी फीडर रहे बंद




**अमृत विचार।** शहर में केस्को की बिजली व्यवस्था सुधरने का नाम नहीं ले रही है। रविवार को शहर के कई क्षेत्रों में बिजली व्यवस्था धड़ाम रही। इस्पात नगर और बिठूर उपकेंद्र के सभी फीडर तो आठ घंटे तक बंद रहे, जिसकी वजह से हजारों लोगों को बिजली न आने की वजह से परेशानी तो हुई ही साथ में पेयजल का संकट भी रहा।

इस्पात नगर उपकेंद्र के सभी फीडरों की बिजली 33केवी का नया आइसोलेटर बदलने की वजह सुबह 11 बजे से रात आठ बजे तक बिजली नहीं रही। बिठूर उपकेंद्र के सभी फीडरों की बिजली पॉवर ट्रांसफार्मर, वीसीबी व सीटी में अनुरक्षण कार्य होने की वजह से सुबह 11 बजे से रात आठ बजे तक गुल रही।

दोपहर से लेकर रात तक बिजली नहीं आने की वजह से इन क्षेत्र में रहने वाले हजारों लोगों को बिजली ना आने की वजह से काफी परेशानी का सामना करना पड़ा। इसके अलावा पीने के पानी और तो और यहां तक शाम को खाना बनाने के लिए पानी की भी समस्या हो गई। क्षेत्र में रहने वाले सैकड़ों लोगों ने केस्को के हेल्पलाइन नंबरों व सोशल मीडिया में शिकायत की और यहां तक कई लोग उपकेंद्र भी पहुंचे, लेकिन जरूरी कार्य होने का हवाला देते हुए उनको टरका दिया गया।

इसके अलावा मंजूश्री फीडर की बिजली रिकंडक्टरिंग के कार्य की वजह से सुबह 11 बजे से शाम चार बजे तक, टाटमिल व कृष्णा हॉस्पिटल फीडर की बिजली दोपहर 12 बजे से शाम चार बजे तक, विद्युत कालोनी उपकेंद्र के मलिकपुरम व चरण सिंह फीडर की पीटी क्षतिग्रस्त होने से सुबह पांच बजे से नौ बजे तक, भूमिगत केबिल में फॉल्ट होने से मेस्टन रोड की आपूर्ति दोपहर ढ़ाई बजे से शाम चार बजे तक नहीं रही।

### यहां भी नहीं रही बिजली

दबौली, केडीए बाजार, केडीए कॉलोनी, गंगा विहार, पॉलीमर के अप्ट्रान क्षेत्र, रतनलाल नगर, लवकुश नगर, सुबेदार नगर, पुराना बिठूर, चुंग्गी, बैखुंडपुर, ईश्वरीगंज, पैगूपुर, बरहट, न्यू एमटीसी, जी–27 इस्पात नगर, फजलगंज, गड़रियन पुरवा, इंडस्ट्रियल स्टेट, तेजाब मील कैंपस, सकेरा स्टेट, जरीब चौकी की बिजली सुबह 10 बजे से शाम चार बजे तक गुल रही। जबकि पॉलीमार के एच–ब्लॉक व नौरैया खेड़ा व जी–29 क्षेत्र की बिजली सुबह 11 बजे से शाम छह बजे तक नहीं रही। मीता सराय में एलटी पोल बदलने की वजह से सुबह 11 बजे से दो बजे तक बिजली गुल रही।

### आज इन क्षेत्रों में रहेगा बिजली संकट

हंसपुरम टेलीफोन एक्सचेंज, न्यू गल्ला मंडी, बिनगवां, भैरमपुर, मछरिया गढ़ी 2, तिकुनिया पार्क, झंडा पार्क के सेक्टर नौ व छह, यूनाइटेड नगर के सेक्टर 41, कंपनी बाग डीआईजी ऑफिस, कंपनी बाग 25 एनओएस, साकेत नगर, लाल कॉलोनी, रामादेवी, अहिरवां गांव, केडीए बाजार, पशुपति नगर बस स्टॉप, पांडू नगर, शिवाजी नगर, सूर्य विहार, गंगपुर, सय्यद नगर, मसवानपुर में बिजली सुबह नौ बजे से शाम पांच बजे तक नहीं रहेगी।

# वायरस संक्रमण और एलर्जी में एंटीबायोटिक न लें

**कानपुर।** बाल रोग एकेडमी के रैशेनल एंटीबायोटिक जागरूकता सप्ताह कार्यक्रम में 35 बाल रोग विशेषज्ञों ने भाग लिया। मुख्य वक्ता डॉ.राज तिलक ने बताया कि सर्दी, खांसी, जुकाम और अन्य सांस से संबंधित बीमारियों में एंटीबायोटिक दवाओं की आवश्यकता सामान्यता नहीं होती है, ये बीमारियां मुख्य रूप से वायरस या एलर्जी के कारण होती हैं। इसमें एंटीबायोटिक दवा का इस्तेमाल न करें। इससे एंटीबायोटिक प्रतिरोध उत्पन्न हो जाता है जो गंभीर समस्या बनती जा रही है।

कार्यक्रम में एकेडमी अध्यक्ष डॉ.यशवंत राव, सचिव डॉ. डॉ. अमितेश यादव, डॉ.वीएन त्रिपाठी, डॉ.सविता रस्तोगी, डॉ.विनीत अग्रवाल, डॉ.यशवंत राव, डॉ. ओपी पाठक, डॉ. केके डोकानिया, डॉ.जेएस नारंग मौजूद रहे।

# विश्वगुरु हम हैं, यह बतलाने आए हैं...

कार्यालय संवाददाता, कानपुर



कवि सम्मेलन में कविता पाठ करते कवि। अमृत विचार

**अमृत विचार।** श्री अग्रवाल सभा की ओर से रविवार को अग्रसेन जयंती पर्व के तहत कवि सम्मेलन आयोजित किया गया। कवियों ने श्रृंगार व हास्य रस की कविताओं से श्रोताओं को रिझाया। राजनीतिक स्थितियों व व्यवस्थाओं पर भी तंज कसा। देशप्रेम से ओतप्रोत रचनाओं ने सभी की वाहवाही लूटी।

समारोह की शुरुआत महाराजा अग्रसेन की आरती से हुई। मुख्य अतिथि के रूप में व्यवसायी अमरनाथ अग्रवाल, गोपाल अग्रवाल व किशोर कुमार गर्ग को सम्मानित किया गया। पद्मश्री डॉ. सुरेंद्र दुबे ने 'हम छत्तीसगढ़ से आए हैं, प्रेम संदेशा लाए हैं, विश्वगुरु हम ही हैं, यह बतलाने आए हैं' सुनाया तो श्रोताओं ने तालियां बजाईं। कवि डॉ. सुरेश अवस्थी ने 'वह खास से भी खास में खास रहते हैं, उनके होने के सदा अहसास रहते हैं, सुनाकर श्रोताओ को तालियां बजाने पर मजबूर कर दिया। कवि गजेंद्र सोलंकी ने 'नए युग की कहानी का नया अंदाज लिखना है, दिलों की धड़कनों पे प्यार का अहसास लिखना है, बदलते वक्त की आहट सुनी तो सांस ये बोली, हमे केसर की क्यारी में सुखद मधुमास लिखना है' सुनाकर सभी के दिलों को जीता। भोपाल से आईं अंजुम रहबर, उज्जैन के दिनेश दिग्गज और प्रयागराज से आई वंदना शुक्ला ने भी अपनी रचनाओं से काव्य रस की गंगा बहाई।

### प्री-वेडिंग फोटो शूट का बहिष्कार

- समारोह में समाज के लोगों के बीच कुरीतियों को दूर करने का आह्वान किया गया। खासतौर पर विवाह से पहले प्री वेडिंग फोटो शूट का बहिष्कार करने का आह्वान किया गया। बुजुर्गों ने युवा पीढ़ी को भी समाज के कार्यों में एकजुट होकर जुटने का आह्वान किया। कार्यक्रम में मंत्री आलोक अग्रवाल, प्रकाश चंद्र अग्रवाल, डॉ. महेंद्र मोहन, कमल किशोर अग्रवाल, प्रेम प्रकाश अग्रवाल, रामबाबू अग्रवाल, आलोक अग्रवाल, रिषि अग्रवाल, अनुराग अग्रवाल, कृष्ण कुमार अग्रवाल प्रमुख रूप से मौजूद रहे। कार्यक्रम के दौरान पूर्व सांसद सत्यदेव पचौरी, विधायक अमिताभ बाजपेई, एमएलसी सलिल विश्नोई ने विचार व्यक्त किए।

# पोर्टल के बाद भी रिटायर कर्मी परेशान

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने 2 साल पहले ई-पेंशन पोर्टल की शुरुआत की थी, ताकि सेवानिवृत्त कर्मचारियों व अधिकारियों को पेंशन के लिए चक्कर न काटने पड़े। लेकिन इसके बाद भी सेवानिवृत्त कर्मचारी विभाग के चक्कर काटने को मजबूर हैं।

सेवानिवृत्त कर्मचारी एवं पेंशनर्स एसोसिएशन की बैठक में संयोजक बीएल गुलाबिया ने कहा कि मुख्यमंत्री ने ई-पोर्टल को लागू कर कहा था कि कर्मचारियों को सेवानिवृत्त होने पर पेंशन के लिए चक्कर नहीं लगाने पड़ेंगे। सेवानिवृति के दिन पेंशन समेत सभी अवशेषों का भुगतान एक साथ बैंक खाते में पहुंच जाएगा, लेकिन स्वास्थ्य विभाग और राजकीय आयुर्वेदिक अस्पताल में इस नियम का पालन नहीं किया जा रहा है। मंत्री बेचेलाल कुशवाहा ने आरोप लगाया कि अधिकारी पेंशनरों का आर्थिक शोषण कर रहे हैं। एसोसिएशन ने मंडलायुक्त के साथ निदेशक आयुर्वेदिक को पत्र भेजकर आदेश की अवेहलना करने वालों पर कार्रवाई की मांग की है।

इस बैठक में आरपी श्रीवास्तव, चंद्रहास सिंह चौहान, अशोक कुमार मिश्रा, राजेश खन्ना, रविन्द्र कुमार मधुर, इंद्रजीत सिंह गिल, ताराचंद, शिव कुमार, हीरालाल शर्मा, रामरानी कटियार, प्रमिला, स्नेहलता लाल, ऊषा चौहान, बेनी सिंह सचान, उमेश सिंह, वीरेंद्र सिंह वर्मा मौजूद रहे।

### पीड़ितों के कुछ मामले

गीता नगर स्थित राजकीय आयुर्वेदिक अस्पताल से चीफ फार्मासिस्ट अशोक कुमार सविता जुलाई 2024 में सेवानिवृत्त हुए थे। अभी पेंशन और कोई बकाया अवशेष का भुगतान नहीं हुआ है। डफरिन से सेवानिवृत्त वार्ड आया साधना वर्मा 31 जनवरी 2024 को सेवानिवृत्त हुई थीं। पेंशन का भुगतान नहीं हुआ है। हैलट अस्पताल से सेवानिवृत्त सफाई कर्मी राम दयाल की फरवरी 2022 में मृत्यु हो गई थी। पत्नी सरला के मुताबिक आज तक मृतक आश्रित पेंशन नहीं मिली है, कोर्ट में याचिका दाखिल की है।



रक्तदान करते रक्तदानी। अमृत विचार

### एनआरआई सिटी के 41 लोगों ने किया रक्तदान

**कानपुर।** एनआरआई सिटी में रविवार को संकल्प सेवा समिति ने रक्तदान शिविर का आयोजन किया। शिविर में सोसायटी के अध्यक्ष सतीश कुमार पांडेय, सचिव अजय भार्गव, नागेंद्र शुक्ला, जैन इंटरनेशनल स्कूल की प्रधानाचार्य दीपा सिंह, श्रेया निगम, शिल्पा गोयल, अनुष्का समेत 41 लोगों ने रक्तदान किया। बिठूर विधायक अभिजीत सिंह सांगा, नवाबगंज थाना प्रभारी दीनानाथ मिश्रा व संस्था ने रक्तदाताओं को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। समिति के संरक्षक अनिल सिंह, संस्था के अध्यक्ष संतोष सिंह चौहान, राजीव पांडेय, उमेश निगम, राकेश गुप्ता, हर्ष कसेरा, अजय प्रताप सिंह आदि मौजूद रहे।

# स्पोर्ट्स हब में कल रक्तदान शिविर




प्रेसवार्ता में आरके सफफड़, डॉ. उमेश पालीवाल, अंगद सिंह।

**कानपुर।** द स्पोर्ट्स हब में पहली अक्टूबर को राष्ट्रीय स्वैच्छिक रक्तदान दिवस पर रेडक्रॉस सोसायटी के सहयोग से विशेष रक्तदान शिविर लगेगा। शिविर का उद्देश्य रक्तदान के प्रति जागरूकता फैलाना है। प्रेस वार्ता में इंडियन रेडक्रास सोसायटी के चेयरमैन उमेश पालीवाल और मंडल अध्यक्ष डा. अंगद सिंह ने कहा कि द स्पोर्ट्स हब का यह प्रयास खेलों के साथ समाज सेवा के क्षेत्र में भी महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने बताया कि मंगलवार को रक्तदान शिविर सुबह 10 से दोपहर 2 बजे तक आयोजित होगा। द स्पोर्ट्स हब के डायरेक्टर आपरेशंस पीके श्रीवास्तव ने बताया कि रक्तदान करके कई जीवन बचाने में अपना योगदान दे सकते हैं। इंडियन रेडक्रॉस सोसायटी के सचिव आरके सफ्फड़ ने कहा कि रक्तदान किसी की जान बचाने में मदद करता है।

कार्यालय उप निदेशक (निर्माण)
राज्य कृषि उत्पादन मण्डी परिषद, उ0प्र0
नवीन मण्डी स्थल नौबस्ता हमीरपुर रोड, कानपुर
E-mail-ddeknpngr@gmail.com, 0512-2626031

पत्रांक: नि0ख0का0(ई–टेण्डर)/2024–580 दिनांक: 28/09/2024

निविदा सूचना (ई–टेण्डर)

निम्नलिखित कार्यो हेतु ई–निविदायें दिनांक 22.10.2024 को मण्डी परिषद एवं PWD, R.E.D, U.P.R.N.N. तथा UPPCL विभाग में पंजीकृत वित्तीय रूप से सुदृढ़ एवं अनुभवी ठेकेदारों से निविदायें आमंत्रित की जाती हैं। आमंत्रित ई–निविदाओं की टेक्निकल बिड दिनांक 22.10.2024 को अपरान्ह 1.00 बजे अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में खोली जायेगी। टेण्डर डोक्यूमेन्ट www.etender.up.nic.in पर दिनांक 30.09.2024 से दिनांक 21.10.2024 की अपरान्ह 5.00 बजे तक उपलब्ध रहेगा। विस्तृत निविदा आमंत्रण सूचना, नियम व शर्ते एवं अन्य विवरण कार्यालय में तथा उ0प्र0 सरकार की वेबसाइट www.etender.up.nic.in पर देखी, पढी व डाउनलोड की जा सकती है। कार्यो का विवरण निम्न प्रकार है:–

| क्र0 सं0 | कार्य का नाम | निविदा शुल्क + 18% जी0एस0टी0 (रू0) | अनुमानित लागत (रू0 लाख) | धरोहर धनराशि (रू0 लाख) | कार्य की अवधि | पंजीकरण श्रेणी |
|---|---|---|---|---|---|---|
| मण्डी समिति झीझंक (जनपद कानपुर देहात) के क्षेत्रान्तर्गत | | | | | | |
| 1 | नवीन मण्डी स्थल झीझंक में आन्तरिक मार्गो का हॉटमिक्स पद्धति से सुदृढ़ीकरण एवं आन्तरिक नालियों की मरम्मत, टूटी हुई चहारदीवारी एवं गेट व गेट पिलर की मरम्मत, 02 नग 12X88 मी0 एवं 02 नग 12X44 मी0 छायादार नीलामी चबूतरा, समिति कार्यालय, चेक पोस्ट एवं कृषक विश्राम गृह की मरम्मत व रंगाई–पुताई तथा 02 नग वाटर स्टैण्ड पोस्ट का निर्माण सबमर्सिबल पम्प सहित आदि के कार्य। (2024_RKUMP_960773_1) | 16610 +2990 = 19600 | 110.73 | 7.54 | चार माह | ''ब'' |
| मण्डी समिति भरथना (जनपद इटावा) के क्षेत्रान्तर्गत | | | | | | |
| 2 | नवीन मण्डी स्थल भरथना को जोड़ने वाले पहुँच मार्ग भरथना–ऊसराहार रोड से भरथना विधूना रोड तक की हाटमिक्स पद्धति से मरम्मत/सुदृढ़ीकरण का कार्य (लम्बाई 1.47 किमी0)। (2023_RKUMP_960775_1) | 25000 +4500 = 29500 | 169.50 | 10.48 | चार माह | ''ब'' |

शर्ते– 1. ई–निविदा के साथ निविदा मूल्य उपनिदेशक (निर्माण), राज्य कृषि उत्पादन मण्डी परिषद कानपुर के नाम भारतीय स्टेट बैंक शाखा नौबस्ता कानपुर में संचालित खाता संख्या– 30394511570, IFSC code SBIN0002586 में तथा धरोहर धनराशि खाता संख्या– 30394511831, IFSC code SBIN0002586 में जमा कर रसीद निविदा के साथ अपलोड की जायेगी तथा मूल प्रति हार्ड कापी के साथ संलग्न करना अनिवार्य है। निर्धारित निविदा मूल्य एवं धरोहर धनराशि उपरोक्त खातों में निर्धारित समयावधि तक जमा करना अनिवार्य है। किसी भी कारण से निर्धारित समयावधि के उपरान्त जमा धनराशि मान्य नहीं होगी। 2. मण्डी परिषद मुख्यालय के पत्रांक: मु0अभि0–2/(1168/भाग–4/2005)/2022–1190 दिनांक: 17.11.2022 द्वारा जारी आदेश/निर्देश के क्रम में 'द' श्रेणी को छोडकर 'अ', 'ब' एवं 'स' श्रेणी में पंजीकृत निविदाओं की पारदर्शिता एवं अधिक प्रतिस्पर्धात्मक दरें प्राप्त करने के उद्देश्य से पंजीकृत ठेकेदारों से Bid Capacity हेतु लोक निर्माण विभाग के Standard Bidding Document (S.B.D) में Qualification of Bidders के section 4.6 में व्यवस्था दी गयी है जिसका विस्तृत विवरण मुख्य नियम शर्ते के बिन्दु संख्या 11 में अंकित है। Bid capacity की गणना प्रपत्र Bidding Document के साथ अपलोड किया जाना अनिवार्य हैं। 3. उक्त निविदा तालिका में अंकित पंजीकरण श्रेणी के अतिरिक्त उच्च श्रेणी के मण्डी परिषद में पंजीकृत ठेकेदार/फर्मे भी प्रतिभाग कर सकते हैं। उपरोक्त अंकित अन्य विभाग में समान श्रेणी ('ब' श्रेणी) में विकास कार्यो हेतु पंजीकृत ठेकेदार/फर्मे ही प्रतिभाग कर सकते हैं।

उपनिदेशक (निर्माण)
मण्डी परिषद, कानपुर

शुभ संदेश — परमार्थ निकेतन ऋषिकेश के प्रशिक्षित सदस्य करेंगे आरती, जिलाधिकारी ने नगर निगम व गंगा समिति को दिए निर्देश

# अटल घाट पर हरिद्वार व ऋषिकेश जैसी गंगा आरती

कार्यालय संवाददाता, कानपुर



सरसैया घाट पर गंगा आरती करते प्रकाश पाल और शंकर सेना के सदस्य।

**अमृत विचार।** गंगा बैराज के पास अटल घाट पर जल्दी ही हरिद्वार और ऋषिकेश जैसी भव्य गंगा आरती होगी। परमार्थ निकेतन ऋषिकेश के प्रशिक्षित सदस्य आरती के जरिए गंगा मैया की आराधना करेंगे। जिलाधिकारी राकेश कुमार सिंह ने नगर निगम व जिला गंगा समिति को गंगा आरती में प्रयुक्त होने वाले सामान की खरीद के लिए एस्टीमेट बनाने के निर्देश दिये हैं।

अभी गंगा बैराज पर बने बोट क्लब पर सायंकाल नियमित गंगा आरती होती है। अटल घाट, सरसैया घाट व गंगा के अन्य घाटों पर विशेष पर्वों या तिथियों पर गंगा आरती आयोजित होती है।

गंगा बैराज के समीप अटल घाट पर शाम को लोगों की भीड़ रहती है। नगर निगम ने घाट भी सुंदर बनाया है। इसे देखते हुए जिलाधिकारी ने अटल घाट पर नियमित गंगा आरती की तैयारी शुरू करने को कहा है।

### मैगी प्वाइंट पर गंदगी तो भरना होगा हर्जाना

- गंगा बैराज पर स्थित मैगी प्वाइंट पर दुकानदार कूड़ा फैला रहे हैं, इस शिकायत पर जिलाधिकारी ने गंगा प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड और जिला पंचायती राज अधिकारी को सख्त निर्देश दिये हैं कि समिति गठित कर दुकानदारों से पर्यावरण क्षतिपूर्ति शुल्क वसूला जाए।

### करौली शंकर महाराज ने की गंगा आरती

**कानपुर।** सरसैया घाट पर हर रविवार होने वाली गंगा आरती में करौली शंकर महाराज मौजूद रहे। पहले उन्होंने गंगा आरती उतारी। इसके बाद शंकर सेना के प्रदेश अध्यक्ष सुबोध चोपड़ा के साथ सैकड़ों श्रद्धालुओं ने गंगा की आरती उतारी और जयकारे लगाए। भाजपा के क्षेत्रीय अध्यक्ष प्रकाश पाल मुख्य अतिथि थे। शंकर सेना के प्रदेश अध्यक्ष सुबोध चोपड़ा ने मुख्य अतिथि के साथ भाजपा नेता विकास दुबे को अंग वस्त्र पहनाकर सम्मानित किया। इसके बाद पंडित सुमित मिश्रा ने अपने सहयोगियों के साथ गंगा आरती संपन्न कराई। गंगा आरती के बाद भक्तों को शंकर सेना के सदस्यों ने प्रसाद बांटा। आरती में मनोज तिवारी, सदन तिवारी, शंकर सेना के जिलाध्यक्ष विशाल बाजपेई, युवा अध्यक्ष विनय वर्मा, आयुष द्विवेदी, अंशु बाजपेई, दाऊ चौहान, राजेश शर्मा, अशोक सेन आदि रहे।



मैच देखने पहुंचे शहरी उत्साह में दिखे लेकिन खेल ही नहीं हुआ। अमृत विचार

# अंपायरों को दूसरी बार निरीक्षण में दिखे कई जगह स्पाट

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** ग्रीनपार्क स्टेडियम में लगातार दो दिन से एक भी गेंद नहीं फेंकी गई और दोनों दिन का खेल रद कर दिया गया। पहले दिन बारिश को कारण मान सकते हैं, लेकिन दूसरे दिन निरीक्षण के समय गंभीरता नहीं बरती गई। सुबह 10 बजे से मैदान का निरीक्षण चालू हुआ, लेकिन 12 बजे के बाद मैदान पर स्पाट्स पकड़ में आए। इसके बाद स्पाट्स भरे जाने शुरू हुए। अंपायरों के निरीक्षण पर जाते समय दर्शकों ने प्रश्न चिह्न उठाया।

रविवार का भी मैच रद होने पर स्टेडियम ने निकले दर्शकों ने व्यवस्था पर सवाल उठाए। आपस में चर्चा करते जा रहे दर्शकों ने कहा कि अंपायरों का आज का फैसला निराश करने वाला था। दर्शक सुबह आठ बजे स्टेडियम पहुंच गए थे, उसके बाद मैदान से कवर्स हटाए गए। फिर अंपायरों ने मैदान का जायजा लिया। उस समय बादल थे, लेकिन बारिश के आसार नहीं थे। और पूरे दिन बारिश हुई भी नहीं। सुपर सॉपर से मैदान के बाहरी एरिया को ठीक भी किया गया। अंपायरों के पहले निरीक्षण में सुबह 10 बजे आउटफील्ड गीली मिली, लेकिन उसे दुरुस्त नहीं किया गया। 12 बजे दूसरे निरीक्षण में यह हुआ कि सब ठीक, अगले निरीक्षण में मैच खेले जाने की घोषणा हो सकती है। इसलिए क्रीज पर निशाना लगाए गए। इसी बीच दूसरे निरीक्षण में ही अंपायरों ने पूरा मैदान देखा। तब मीडिया सेंटर की तरफ कई जगह स्पाट्स नजर आए। इस पर यह कहा गया कि गेंदबाजों को रन अप में दिक्कत हो सकती है। अन्य भी कई जगह जमीन गीली होने के कारण मिट्टी दब रही थी। इस पर दो बजे फिर निरीक्षण करना तय हुआ और इसी निरीक्षण में मैच रद कर दिया गया। इसके बाद पूरे दिन का घटनाक्रम देख दर्शकों ने जाते समय निरीक्षण व व्यवस्था पर सवाल उठाए। कोई कहता दिखा कि एक बार में पूरा निरीक्षण नहीं किया गया। कई दर्शकों ने कहा धूप निकली इसके बाद मैच नहीं चालू किया गया। यहां मैदान सुखाने के लिए सूरज का इंतजार किया जाता है। किसी दर्शक ने कहा जब मैदान पर कमी थी तो दो घंटे में क्यों एक-एक घंटे में निरीक्षण क्यों नहीं किया गया। इस तरह की अनेकों सवालों पर चर्चा करते मायूस दर्शक दूसरे दिन भी वापस लौट गए।



ग्रीनपार्क मैदान का निरीक्षण करते अंपायर। अमृत विचार

# तीसरे दिन कवर हटे पर मैदान नहीं सूख पाया

## तीन बार अंपायरों ने किया निरीक्षण, दोपहर 2 बजे लिया खेल रद करने का फैसला, मैच शुरू होने की उम्मीद में डटे रहे दर्शक

**मैच में बाधा**

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** ग्रीनपार्क में भारत-बांग्लादेश क्रिकेट टेस्ट मैच में तीसरे दिन का खेल भी बारिश की भेंट चढ़ गया। अभी तक पहले दिन शुक्रवार को सिर्फ 35 ओवर का खेल हुआ है। शुक्रवार दोपहर तेज बारिश होने पर पूरा मैदान कवर्स से ढका गया था। शनिवार को बारिश जारी रहने से कवर्स हटाने की नौबत नहीं आई थी। रविवार को कवर्स मैदान से हटाए गए तो दर्शकों ने मैच होने की उम्मीद में सीटी और भोंपू बजाकर स्वागत किया। लेकिन दोपहर 2 बजे मैच नहीं होने की घोषणा होते ही 5 मिनट में दर्शक दीर्घाएं खाली हो गईं।

पहले दिन शुक्रवार को मैच बारिश के कारण डेढ़ घंटे देरी से शुरू हुआ था। 35 ओवर खेल के बाद तेज बारिश शुरू होने पर मैदान कवर्स से ढक दिया गया था। यह कवर्स रविवार सुबह 9 बजे हटाए गए। इसके बाद तीन सुपर सॉपर से मैदान सुखाने का काम शुरू हुआ। अंपायर्स व पिच क्यूरेटरों ने मैदान का जायजा लिया तो मैच शुरू होने की उम्मीद में दर्शकों ने शोर मचाना शुरू कर दिया। अपराह्न 12 बजे तक 2 बार मैदान का निरीक्षण हुआ, लेकिन मैच शुरू नहीं होने पर कुछ दर्शक वापस चले गए। दोपहर 2 बजे जैसे ही तीसरे दिन का खेल रद होने की घोषणा हुई दर्शक मायूस हो गए। अधिकतर युवाओं ने कहा कि समय बर्बाद हो गया, मैच तो दूर पसंदीदा खिलाड़ियों की झलक तक नहीं पा सके।



ग्रीनपार्क के मैदान में होता रहा पानी सुखाने का काम। अमृत विचार



टिकट काउंटर पर पैसे वापसी के लिए दर्शकों ने की बहस। अमृत विचार

### टिकट काउंटर पर दर्शकों का हो-हल्ला

**कानपुर।** रविवार को भी मैच रद होने पर दीर्घाओं से निकलकर दर्शक सीधा टिकट काउंटर पर पहुंचे और टिकट का पैसा वापस मांगने लगे। एक दिन पहले भी ऐसी स्थिति बन चुकी थी। वहां मौजूद सुरक्षा कर्मियों ने लोगों को शांत कराया। टिकट काउंटर पर मौजूद कर्मियों ने बताया कि अगर टिकट अगले मैच की लेनी है तो उसी दिन मैच शुरू होने से पहले मिलेगी। पैसा वापस पाने के लिए यूपीसीए ने 2 अक्टूबर की तारीख तय की है।

### विराट चित्रकार अनुज



भले ही उम्र छोटी लेकिन कार्य विराट है| यह श्याम नगर क्षेत्र का रहने वाला छोटा चित्रकार 13 वर्षीय कक्षा 7 का छात्र अनुज है जो भारतीय क्रिकेट खिलाड़ी विराट कोहली का फैन है| चित्रकार अनुज ग्रीन पार्क स्टेडियम में भारतीय क्रिकेट टीम के सभी खिलाड़ियों के स्केच बनाकर पहुंचा। क्रिकेट प्रेमी अचंभित होकर प्रशंसा करते नजर आए और स्टेडियम में अनुज को विराट चित्रकार के नाम से पुकारने लगे|

मनोज तिवारी

### टीमें नहीं आईं स्टेडियम, जिम-स्वीमिंग में समय बिताया

**कानपुर।** मैच के दूसरे दिन शनिवार को भारत और बांग्लादेश की टीमें सुबह होटल से ग्रीनपार्क स्टेडियम आई थीं। लेकिन बारिश का हाल देखकर 1 घंटे के भीतर ही खिलाड़ी ड्रेसिंग रूम से वापस होटल लैंडमार्क लौट गए थे। रविवार को दोनों टीमों का कोई भी खिलाड़ी ग्रीनपार्क नहीं पहुंचा। खिलाड़ियों ने होटल में ही जिम, स्वीमिंग व इनडोर गेम खेलकर समय बिताया। यूपीसीए के पदाधिकारियों ने बताया कि खिलाड़ी फोन पर मैदान के निरीक्षण और स्थिति की जानकारी लेते रहे। अंपायर्स ने भी कप्तानों को हालात से अवगत कराया।

## एक नजर

### संतों को दिया गया आमंत्रण

**कानपुर।** रावतपुर के रामलला मंदिर में 2 अक्टूबर से 17 अक्टूबर तक श्री रामलीला दशहरा मेला महोत्सव व दुर्गा पूजा आयोजन को लेकर रविवार को संत आमंत्रण कार्यक्रम हुआ। आमंत्रण यात्रा रानी सती मंदिर, उदितानंद आश्रम, परमट मंदिर, सिद्धनाथ घाट, करौली सरकार, मनीषानंद आश्रम, पनकी मंदिर पहुंची। जहां पदाधिकारियों ने अरुणपुरी चैतन्य जी महाराज, करौली सरकार, पनकी महंत कृष्ण दास और जितेंद्र दास समेत अन्य संत आमंत्रण पत्र देकर उनका तिलक लगाकर स्वागत किया। इस दौरान राहुल सिंह चंदेल, मनीष चौधरी, पवन अवस्थी, अनुजा दीक्षित अशोक त्रिपाठी, मंगल कुशवाहा, आलोक पांडे, गिरजाशंकर वीक्षित मौजूद रहे।

### राजेन्द्र त्रिपाठी बने प्रदेश उपाध्यक्ष

**कानपुर।** वरिष्ठ शिक्षक नेता राजेन्द्र त्रिपाठी स्वामी को उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ का प्रदेश उपाध्यक्ष मनोनीत किया गया है। संघ के प्रदेश अध्यक्ष जगदीश पाण्डेय 'ठकुराई गुट' की ओर से राजेन्द्र त्रिपाठी को शिक्षक हितों में किये गए दशकों के संघर्ष को देखते हुए फिर से उपाध्यक्ष पद की जिम्मेदारी दी है। उनके मनोनयन पर प्रमुख रूप से वरिष्ठ शिक्षक नेता बालेश्वर शर्मा, केपीसिंह, वीके मिश्र,अब्दुल रज्जाक, गुलाब सिंह, शिवसागर मिश्र ने राजेंद्र त्रिपाठी का माला पहनाकर सम्मानित किया।

# स्कूलों में आज लगेगा टिटनेस और डिप्थीरिया का टीका

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** शहर के 150 स्कूलों में टिटनेस और डिप्थीरिया से बचाव के लिए 30 सितंबर, 1 अक्टूबर, 5 अक्टूबर और 7 अक्टूबर को विशेष टीकाकरण अभियान में बच्चों को डीपीटी बूस्टर और टीडी का टीका लगाया जाएगा। अमृत विचार ने 17 सितंबर को टीकाकरण के बाद भी फैला डिप्थीरिया शीर्षक से खबर प्रकाशित की थी, जिसका संज्ञान लेकर सीएमओ डॉ.आलोक रंजन ने जिला प्रतिरक्षण अधिकारी व एसीएमओ डॉ.यूबी सिंह समेत स्वास्थ्य अधिकारियों के साथ बैठक करके अभियान चलाने की रूपरेखा बनाई थी। सीएमओ ने बताया कि कक्षा एक में पढ़ने वाले 5 वर्ष तक के बच्चों को डीपीटी टू बूस्टर डोज, कक्षा 5 के 10 वर्ष तक के बच्चों को टीडी-10 और कक्षा 10 में पढ़ने वाले 16 वर्ष तक के किशोर-किशोरियों को टीडी-16 वैक्सीन लगाई जाएगी। टीकाकरण के बाद कुछ बच्चों में बुखार और इंजेक्शन वाली जगह पर लालिमा या सूजन की दिक्कत हो सकती है।





- 7 अक्टूबर तक 150 स्कूलों में विशेष टीकाकरण अभियान

इससे घबराने की जरूरत नहीं है। इसकी दवा भी दी जाती है। बता दें कि शहर और आसपास डिप्थीरिया के 8 रोगी बच्चे मिले थे जिनता संक्रामक रोग अस्पताल में इलाज किया गया था। इसके बाद ही यह अभियान चलाया जा रहा है। जिला प्रतिरक्षण अधिकारी डॉ.यूबी सिंह के मुताबिक डिप्थीरिया (गलघोटू) संक्रामक रोग है, जो संक्रमित मरीज के संपर्क में आने के 2 से 5 दिन में फैलता है। गले में खराश और बुखार के साथ यह गंभीर रूप ले लेता है। सांस लेना तक मुश्किल हो जाता है। टिटनेस भी संक्रामक रोग है, जो शिशुओं और गर्भवती के लिए ज्यादा गंभीर है, जो लोग टिटनेस से ठीक हो जाते हैं, उनके दोबारा संक्रमित होने की आशंका रहती है।





बच्चों ने मेट्रो के स्वच्छता अभियान में चित्र बनाकर जागरुकता फैलाई। अमृत विचार

# स्वच्छता ही सेवा विषय पर बनाए चित्र

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** कानपुर मेट्रो 17 सितम्बर से 2 अक्टूबर तक 'स्वच्छता ही सेवा' अभियान मना रही है। इसके तहत रविवार को एनजीओ, मदद की राह फाउंडेशन के साथ मिलकर विशेष जागरुकता कार्यक्रम का आयोजन किया। एनजीओ से आए वंचित वर्ग के बच्चों ने मोतीझील मेट्रो स्टेशन पर 'स्वच्छता ही सेवा' विषय पर चित्र बनाए। इन चित्रों को अपने हाथ में लेकर बच्चों ने कानपुर मेट्रो ट्रेन में यात्रा की और स्वच्छता के प्रति जागरूकता का संदेश दिया। बच्चों को कानपुर मेट्रो की विश्वस्तरीय सुविधाओं और विशेषताओं से परिचित कराया गया।

- मेट्रो राइड कर फैलायी स्वच्छता के प्रति जागरुकता

एनजीओ से जुड़े बच्चे दोपहर 1 बजे मोतीझील मेट्रो स्टेशन पर पहुंचे। जहां कानपुर मेट्रो की तरफ से उन्हें चित्र बनाने के लिए रंगीन मोम पेंसिल मुहैया कराई गई। सभी प्रतिभागियों को कानपुर मेट्रो की तरफ से पुरस्कार के रूप में पुस्तक देकर सम्मानित किया गया। इसके बाद बच्चों ने स्वयं द्वारा बनाए जागरूकता संदेशों के साथ मेट्रो राइड का आनंद भी लिया। छोटे-छोटे बच्चों से स्वच्छता संदेश पाकर यात्री भी प्रभावित हुए बिना नहीं रह सके।

मोतीझील से आरंभ हुई बच्चों की मेट्रो यात्रा आईआईटी और दोबारा वापसी करते हुए मोतीझील स्टेशन पर आकर समाप्त हुई। इस अभियान के अंतर्गत मेट्रो परिसर के अंदर स्वच्छता सुनिश्चित करने में अहम भूमिका निभाने वाले 'सफाई मित्रों' (हाउसकीपिंग स्टाफ) के लिए निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर और म्यूजिकल चेयर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया था।

# जुलूस-ए-गौसिया में सियासी झंडा और बैनर पर रहेगी रोक

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- आल इंडिया सुन्नी जमीअत उलमा की जानिब से 15 अक्टूबर को जुलूस निकलेगा
- जुलूस में शामिल होने वाली अंजुमनों के लिए जमीअत की गाइड लाइन जारी

**अमृत विचार।** बड़े पीर गुलाम दस्तगीर गौस-ए-आजम की याद में 15 अक्टूबर को उठने वाले जुलूस-ए-गौसिया में सियासी नारों, सियासी झंडों पर रोक रहेगी। 12 फिट तक ऊंचा झंडा लोहा के बजाय बांस के डंडे में चलने की इजाजत होगी। ये जानकारी आल इंडिया सुन्नी जमीअत उलमा ने दी है।

रविवार आल इंडिया सुन्नी जमीअत उलमा के बैनर तले उठने वाले जुलूस-ए-गौसिया को लेकर रविवार को मदरसा अलजामिअतुल अरबिया अहसानुल मदारिस कदीम नई सड़क पर पत्रकार वार्ता हुई जिसमें सुन्नी जमीअत के अध्यक्ष सुलेमान वारसी, महामंत्री नफीस अहमद नूरी के अलावा मुमताज अहमद सिद्दीकी, सुलेमान वारसी, मौलाना मोहम्मद मुर्तजा शरीफी मिस्बाही, मौलाना उमर अब्बास कादरी, इरफान अंसारी, डॉक्टर मुस्तफा तारिक आदि शामिल थे। उन्होंने बताया कि अंजुमनों व जुलूस में शामिल होने वालों के लिए गाइड लाइन जारी की गई है। तय हुआ कि जुलूस के अलावा मिल्लत के लिए सुन्नी जमीअत उलमा शिक्षा जागरुकता, बेहतर मुआशरा (समाज सुधार) के लिए भी काम करेगा। सुन्नी जमीअत उलमा सदस्यता बढ़ाने के लिए अभियान चलायेगा। कारी अब्दुल हसीब, मौलाना शहबाज आलम मिस्बाही, हाफिज शब्बीर रजा वाहिदी थे।

**गाइड लाइन**

- जुलूस में 12 फिट से ऊंचे झंडे लेकर नहीं चलें, झंडे में लोहे के बजाय बांस का डंडा लगायें।
- ट्राली का इस्तेमाल सिर्फ साउंड सिस्टम के लिए करें, उसपर बैठकर नहीं चलें।
- जुलूस में ढोल ताशा आदि की रिकार्डिंग नहीं बजाएं।
- जुलूस में डीजे पर झूमने के बजाए बारगाहे रिसालत में नात पेश करते चलें।
- अमन शांति को बरकरार रखें, सियासी झंडा, बैनर या सियासी नारे नहीं लगाएं।

**विचार-विमर्श**

## गिरिराज किशोर स्मृति व्याख्यानमाला में प्रियंवद के वक्तव्य पर उभरे मतभेद

# देश का बहुल सांस्कृतिक राष्ट्रवाद इस समय खतरे में

विशेष संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** खलासी लाइन स्थित शास्त्री भवन में आयोजित 'हमारी प्रगतिशील चेतनाओं के सौ साल' विषयक गिरिराज किशोर स्मृति व्याख्यानमाला में देश की सामाजिक संरचना और प्रगतिशील चेतना पर विचार मंथन में वक्ताओं के बीच उभरे मतभेदों से सवाल-जवाब सत्र भी अछूता नहीं रहा। विषय पर प्रस्तावना रखने वाले कथाकार प्रियंवद के इस कथन पर कि 1857 से लेकर आजादी मिलने तक प्रगतिशील चेतना नहीं थी। उनके द्वारा मुस्लिम और हिंदू प्रगतिशीलता के अलंबरदारों के किरदारों पर सवाल खड़े करने पर मुख्य वक्ता गौहररजा और सलिल मिश्रा ने साफ असहमति जताई। यह सवाल कवि एवं आलोचक दिनेश प्रियमन ने भी उठाया।





गोष्ठी में मौजूद साहित्यकार। अमृत विचार

गौहररजा ने कहा कि सामाजिक बदलाव के लिए संघर्ष जारी है। इसमें साहित्यकार, कवि, फिल्मकारों का उल्लेखनीय योगदान रहा। सौ साल की प्रगतिशील चेतना की परंपरा पर आज बड़ा हमला हो रहा है। उनकी यह बात प्रियंवद के कथन के विरोध में रही। गौहर रजा बोले, यह बड़ा दुखद पहलू है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के भाषण में बिना वैज्ञानिक प्रमाणिकता वाले तथ्यों पर डॉक्टर, वैज्ञानिक जैसे श्रोता ताली पीटते हैं। आज दक्षिणपंथी रूढ़िवादी विचारधारा जड़ें मजबूत कर रही है, जो भविष्य के लिए खतरे के संकेत हैं। वैज्ञानिक प्रवाह निस्तेज किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि धर्म का राजनीति में प्रवेश हालात नाजुक बना रहा है।

व्याख्यानमाला के विशिष्ट वक्ता सलिल मिश्र ने कहा कि प्रगतिशील चेतना सामाजिक परिवर्तन का ब्लूप्रिंट है जो संकट में है। प्रगतिवादी विचारों पर लोगों की आस्था कम हो गयी है। रुढिवादी, यथास्थितिवादी समाज बराबरी के समाज का तानाबाना बिगाड़ रहा है। बहुल सांस्कृतिक राष्ट्रवाद का यह देश एकल सांस्कृतिक राष्ट्रवाद की तरफ बढ़ रहा है।

कथाकार प्रियंवद ने मुस्लिम और हिन्दू समाज की प्रगतिशील चेतना के वर्तमान स्वरूप पर प्रकाश डालते हुए महाराष्ट्र के एक आंदोलन का उदाहरण दिया कि 1966 में एक मुस्लिम नेता ने तीन तलाक खत्म करने और समान नागरिक संहिता लागू करने की पैरोकारी की थी। कार्यक्रम का संचालन प्रो.आनंद शुक्ला ने किया। वक्ताओं का परिचय अनीता मिश्रा ने दिया। शिवा सिंह के संयोजन में हुए कार्यक्रम में खान अहमद फारुक और भावना मिश्रा समन्वयक रहे।

# प्रताप भवन विरासत मान संरक्षित करें

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** अमर शहीद भगत सिंह की कर्मस्थली फीलखाना स्थित प्रताप प्रेस भवन को हेरिटेज प्रापर्टी के रूप में संरक्षित करने की मांग कानपुर इतिहास समिति के सदस्यों ने एक कार्यक्रम में की। शहीद भगत सिंह जयंती के अवसर पर कैनाल कॉलोनी गोविन्दनगर में आयोजित श्रद्धांजलि सभा के अवसर पर जनमानस पत्रिका के विशेषांक दास्तान ए शहीद ए आजम का लोकार्पण किया गया।

डॉ. गयाप्रसाद कटियार ने भगत सिंह के केश काटने और संगठन के सन्दर्भ पर प्रकाश डाला। अध्यक्ष विश्वम्भरनाथ त्रिपाठी ने कहा कि सरदार भगत सिंह पर जब घरवालों ने विवाह का दबाव बनाया तब वह घर छोड़ कर क्रांतिकारी साथी शचींद्रनाथ सान्याल का पत्र लेकर सुरेशचन्द्र भट्टाचार्य के साथ कानपुर रहने आए थे। उनकी मुलाकात गणेश शंकर विद्यार्थी से हुई थी। उन्होंने प्रताप अखबार में बलवंत के नाम से उप संपादक का काम करना शुरू कर दिया था। प्रोफेसर डॉ सुमन शुक्ला बाजपेई ने कहा कि वे आर्यसमाज के कई उपदेशकों के सम्पर्क में भी रहे थे। महासचिव अनूप शुक्ल ने कहा कि जब उन्हें फांसी की सजा सुनाई गई तो कानपुर से नारा दिया गया कि अगर भगत सिंह फांसी चढ़ाए जाएंगे तो ये गोरे बमों से उड़ाए जाएंगे। प्रखर श्रीवास्तव, विश्वम्भर त्रिपाठी, डॉ नीलम शुक्ला, डॉ शैलजा शुक्ला, क्रांतिकुमार, प्रखर श्रीवास्तव, विनोद टंडन, अनुराग सिंह, हर्षित, कुणाल सिंह, ओम मिश्र रहे।



प्रताप प्रेस भवन को विरासत के रूप मे संरक्षित करने की मांग उठी। अमृत विचार

- अखबार में उपसंपादक थे क्रांतिकारी भगत सिंह
- शहीद भगत सिंह जयंती पर श्रद्धांजलि सभा

# पुल न बनने से नाराज व्यापारियों ने दिया धरना

## 6 माह पहले नया पुल पास कर उसी समय पुराने पुल को बंद कर दिया गया था लेकिन अभी तक नहीं शुरू हुआ काम

संवाददाता साढ़

**अमृत विचार।** थाना क्षेत्र के भीतरगांव ब्लॉक के साढ़ मिर्जापुर में अंग्रेजों के जमाने का बना पुल अब काफी जर्जर हो चुका है। तमाम प्रयास और समाज सेविओं के धरना प्रदर्शन के बाद शासन लगभग 6 महीने पहले नया पुल पास हो गया था और उसी समय पुराने पुल को बंद कर दिया गया था। अभी तक पुल का निर्माण शुरू न होने से जहां लोगों और व्यापारियों में रोष व्याप्त है। वहीं आज रविवार को व्यापारियों ने नहर पुल पर पहुंचकर धरना प्रदर्शन किया।

लोगों ने बताया कि पुराना पुल बंद होने के बाद आम जनमानस के आवागमन के रास्ते को परिवर्तित किया गया था। उस रास्ते से ग्रामीण कुछ दिन तो सुलभता से निकलते रहे लेकिन कुछ दिन बाद सड़कें अत्यंत खराब हो गईं, जिसमें लोगों का चलना दूभर हो गया। लोगों को आवागमन में काफी परेशानी होने लगी। लेकिन अभी तक शासन और प्रशासन द्वारा पुल का निर्माण शुरू नहीं हुआ है, जिससे लोगों के आने जाने के साथ-साथ व्यापारियों के व्यापार में भी बुरा प्रभाव पड़ रहा है, जिससे नाराज़ होकर व्यापारियों ने दुकानें बंद करके नहर के पुल पर पहुंचकर धरना प्रदर्शन किया। धरना में प्रमुख रूप से ग्रामीण सेवा समिति के सदस्य सुरेश द्विवेदी ने व्यापारियों के साथ प्रदर्शन किया। उन्होंने कहा कि या तो जल्द से जल्द पुल का निर्माण हो या फिर जो बगल के गांव से रास्ता हैं उसकी मरम्मत करायी जाए। यदि ऐसा न किया गया तो जल्द ही उच्चाधिकारियों के यहां पर धरना प्रदर्शन किया जाएगा।

इनके साथ साथ उदयशंकर अवस्थी, राहुल यादव, विद्या शुक्ला, कुलदीप अवस्थी, बबलू, फहीम, अंशु अवस्थी, पिंटू शुक्ला, छोटे यादव सहित तमाम दुकानदार उपस्थित रहे।



प्रदर्शन के दौरान रोष व्यक्त करते व्यापारी व ग्रामीण। अमृत विचार



धरना प्रदर्शन करते व्यापारी। अमृत विचार

## वाहन की टक्कर से बाइक सवार वृद्ध की गई जान

**कानपुर देहात।** अकबरपुर ओवरब्रिज पर वाहन की टक्कर से बाइक सवार वृद्ध घायल हो गया। टोल एंबुलेंस से उन्हें जिला अस्पताल भेजा गया। जहां ईएमओ ने उसे मृत घोषित कर दिया।

डेरापुर थाना क्षेत्र के बलाई खुर्द गांव निवासी शिवबालक पाल (78) रविवार की शाम अपने नाती मयंक के साथ बाइक से घर जा रहे थे। कानपुर-इटावा हाईवे के अकबरपुर ओवरब्रिज पर अज्ञात वाहन ने बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। जिससे शिवबालक गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। आनन-फानन में उन्हें जिला अस्पताल की इमरजेंसी में भर्ती कराया गया। जहां ईएमओ डॉ. निशांत पाठक ने वृद्ध को मृत घोषित कर दिया। अकबरपुर कोतवाल सतीश कुमार ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा जा रहा है। तहरीर मिलने पर कार्रवाई की जाएगी।

# गोवंश लदे ट्रकों को छोड़कर भागे गोतस्कर

संवाददाता बिल्हौर

- गोवंशों को पुलिस ने गौशाला भिजवाया

**अमृत विचार।** बिल्हौर कोतवाली में शनिवार रात रानेपुर गांव के पास रोड धंसने से उसमें दो ट्रक फंस गये। चालकों ने निकालने का काफी प्रयास किया लेकिन सफल न होने पर और ग्रामीणों के आ जाने पर ट्रकों को छोड़कर मौके से भाग गये। ग्रामीणों ने देखा तो उनमें गोवंश लदे हुए थे। सूचना पर पहुंची पुलिस ने दोनों ट्रकों को अपने सुबह जेसीबी से निकलवाकर कब्जे में ले लिया और उनमें मौजूद सभी गोवंश को नजदीकी गौशाला में भिजवाया।

शनिवार देर रात बिल्हौर थाना क्षेत्र के रानेपुर और जरैला पुरवा गांव के मध्य आरआरसी सेंटर के निकट शनिवार देर रात गोवंश लादकर ले जा रहे दो ट्रकों में एक ट्रक का पहिया कच्चे रास्ते में धंस गया। ट्रक चालक काफी देर तक उसे निकालने का प्रयास करते रहे लेकिन सफल नहीं हो सके। इसी बीच काफी संख्या में ग्रामीण मौके पर पहुंच गये। ग्रामीणों के पहुंचते ही ट्रक चालक ट्रक को छोड़ कर भाग गये। ग्रामीणों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने दोनों ट्रकों को कब्जे में ले लिया और सुबह जेसीबी बुलवाकर ट्रकों को बाहर निकलवाया। ट्रकों में मौजूद सभी गोवंशों को नजदीकी गौशाला में भिजवाया गया।

### कीचड़ में फंसे ट्रक को जेसीबी से निकाला गया

पुलिस की मौजूदगी में सुबह जेसीबी बुलाकर फंसे हुए ट्रक को गड्ढे से निकलवाया गया दो घंटे की कड़ी मशक्कत बाद पुलिस दोनों ट्रकों को निकलवाकर अपने कब्जे में लिया है। पकड़े गए गोवंश को क्षेत्र के नजदीकी कमालपुर खोंदन गांव की गौशाला में छुड़वाया गया।

### एक ग्रामीण की भी भूमिका संदिग्ध

ग्रामीणों के अनुसार गांव के बाहर खलिहान में शनिवार शाम कुछ गोवंश के साथ कुछ लोग देखे गए थे। ग्रामीण उन्हें घुमंतू जाति का चरवाहा समझ रहे थे। ग्रामीणों ने उन्हीं के द्वारा रात के अंधेरे में अपने साथ मौजूद गोवंश और गांव के आसपास खेतों में घूम रहे कुछ और गोवंश पड़कर ट्रकों में लादने की आशंका जताई है।

# वृद्ध ने ट्रेन से कटकर दी जान, मचा कोहराम

संवाददाता घाटमपुर

- पहले घर जाने का टिकट लिया फिर छोड़ दी ट्रेन

**अमृत विचार।** घाटमपुर में एक वृद्ध व्यक्ति ने मालगाड़ी के आगे कूदकर अपनी जान दे दी। वृद्ध के जेब से मिले आधार कार्ड से वृद्ध की पहचान राजू सिंह के रूप में हुई। स्टेशन मास्टर की सूचना पर पहुंची घाटमपुर पुलिस ने घटना की जांच पड़ताल करने के साथ मृतक के परिजनों को घटना की सूचना दी है।

कानपुर-बांदा रेलवे लाइन पर रविवार शाम पोल संख्या 1404/14 के पास कानपुर से बांदा की ओर जा रही मालगाड़ी के आगे कूदकर एक वृद्ध ने जान दे दी। मालगाड़ी के चालक ने घटना की सूचना स्टेशन मास्टर को फोनकर दी। स्टेशन मास्टर ने घटना की सूचना मेमो भेजकर घाटमपुर पुलिस को दी। जानकारी मिलते मौके पर पहुंची घाटमपुर पुलिस ने वृद्ध की तलाशी ली तो जेब से आधार कार्ड मिला है। जिससे वृद्ध की पहचान हुई राजू सिंह के रूप में हुई है। पुलिस ने घटना की सूचना मृतक के परिजनों को दी। घटना की सूचना मिलते ही आसपास गांव के ग्रामीण मौके पर पहुंचे गये लेकिन जब उन्हे वृद्ध के बांदा का होने की जानकारी मिली तो कुछ देर रुकने के बाद चले गए। घाटमपुर इंस्पेक्टर ने बताया कि घटना की सूचना मिली थी। पुलिस मौके पर गई थी। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा जा रहा है। वृद्ध की जेब से रेलवे की टिकट मिली है। एक टिकट एक दिन पहले की है। जिसमे वृद्ध कानपुर से बांदा गया है, दूसरी टिकट बांदा से कानपुर की है। तीसरी टिकट पतारा से बांदा की है। पतारा से बांदा जाने वाली टिकट आज दोपहर की है। इससे अनुमान लगाया जा रहा है, कि वृद्ध के घर जाने के लिए टिकट ली थी। लेकिन वह घर नहीं गया और शाम को मालगाड़ी से कटकर अपनी जान दे दी।

## ई रिक्शा व बाइक की भिड़ंत में कई घायल

**राजपुर कानपुर देहात।** मदियापुर गांव के सामने तेज रफ्तार ई रिक्शा वाहन ने सामने से आ रहे बाइक सवारों को टक्कर मार दी। हादसे में ई रिक्शा सड़क पर पलट गया। जिसमें दबकर 5 लोग घायल हो गये। राहगीरों ने घटना की जानकारी 108 एंबुलेंस को दी। एंबुलेंस ने घायलों को राजपुर पीएचसी में भर्ती कराया। जहां पर गंभीर रूप से घायल एक युवती को डॉक्टरों ने जिला अस्पताल रेफर कर दिया। औरैया निवासी दिनेश कुमार रविवार को पत्नी लक्ष्मी व साली गोल्डी को बाइक से राजपुर के जैनपुर मेला आये थे। वापस लौटते समय मदियापुर गांव के सामने मुगल रोड पर राजपुर की ओर से आ रहे तेज रफ्तार ई रिक्शा से बाइक सवारों की टक्कर हो गई। हादसे में दिनेश, लक्ष्मी व गोल्डी के अलावा रिक्शा सवार रामजानकी (35) व उसकी बेटी अंजलि घायल हो गये। राहगीरों ने घायलों को राजपुर पीएचसी में भर्ती कराया जहां पर डॉक्टर ने गंभीर रूप से घायल गोल्डी को रेफर कर दिया।

# झारखंडेश्वर मंदिर से घंटे हुए चोरी

संवाददाता साढ़

**अमृत विचार।** थाना क्षेत्र के पालपुर गांव के समीप बने झारखंडेश्वर मंदिर में बीती रात चोर करीब 50 किलो वजन के घंटे चोरी कर ले गए, जिससे लोगों में रोष व्याप्त है। झारखंडेश्वर मंदिर में प्रभु शिव की विशाल शिवलिंग स्थापित है। यहां पर महेन्द्र दास पुजारी हैं। जो दोनों पैरों से दिव्यांग हैं। जब वो सुबह पूजा करने मंदिर प्रांगण में पहुंचे तो देखा की मंदिर में लगे घंटे गायब हैं। उन्होंने तुरंत ग्राम प्रधान रामू यादव को फोन कर बुलाया और चोरी की घटना से अवगत कराया। ग्राम प्रधान ने 112 नंबर पर फोन कर पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने जांच पड़ताल की। वहीं पुलिस ने बताया की अभी तक चोरी की लिखित तहरीर नहीं मिली है। तहरीर मिलने पर अग्रिम कार्रवाई की जाएगी।

**चोरों ने पार की नकदी व जेवर : घाटमपुर।** नगर में रोज हो रही चोरियां पर अंकुश लगाने में पुलिस नाकाम साबित हो रही है। रविवार को घाटमपुर जवाहर नगर पश्चिम में इस महीने में तीसरी चोरी करके चोरों ने पुलिस को चुनौती दी है। लगातार हो रही चोरियों से लोगों में भय व्याप्त है। जवाहर नगर पश्चिम निवासिनी सीमा देवी ने बताया कि रात में उसके घर में चोर घुस आये और घर से सोने चांदी के जेवरात समेत 2500 रुपये नकद पार कर ले गए। वहीं सीमा देवी ने पुलिस को लिखित प्रार्थना पत्र देकर कार्रवाई की मांग की। ग्रामीणों का कहना है कि पुलिस गश्त नहीं करती है अगर गश्त करे तो चोरियां रुक सकती हैं।



चोरी के बाद बिखरा पड़ा सामान। अमृत विचार

### बंद घर का ताला तोड़कर पार किया माल

**शिवराजपुर।** क्षेत्र के जगदीशपुर गांव में बंद घर का ताला तोड़कर अंदर दाखिल हुए चोर अलमारी के लॉकर को तोड़ने के बाद उसमें रखे सोने- चांदी के जेवरात समेत 30,000 रुपये की नकदी लेकर फरार हो गये। गांव निवासी सुधांशु कटियार ने रविवार को थाने में दी गई तहरीर में बताया कि शनिवार की रात में बंद घर का ताला तोड़कर कमरे में रखी अलमारी का लॉकर तोड़कर उसमें रखे सोने चांदी के जेवरात के साथ-साथ 30,000 रुपये नकद भी पार कर दिये। थाना प्रभारी ने बताया कि चोरी की तहरीर मिली है। जांच पड़ताल कर उचित कार्रवाई की जाएगी। चोरों को किसी भी कीमत पर बख्शा नहीं जायेगा। जल्द ही चोरी का खुलासा किया जायेगा।

## सार-संक्षेप



लखनऊ में शिवपाल यादव से मिलते युवा नेता शाहनवाज राईन। अमृत विचार

### लखनऊ में सपा राष्ट्रीय महासचिव से मिले सपा नेता राईन

**कानपुर देहात।** सपा राष्ट्रीय महासचिव व पूर्व मंत्री शिवपाल सिंह यादव के लखनऊ आवास पर युवा सपा नेता व जिला उपाध्यक्ष शाहनवाज राईन ने मुलाकात की। उन्होंने जिले के कार्यकर्ताओं की समस्या के बारे में अवगत कराया। जिसपर सपा महासचिव ने शाहनवाज राईन और उनके साथियों को हरहाल में मदद का आश्वासन दिया। इस मौके पर वरिष्ठ समाजवादी अर्जन सिंह, अरविंद कुमार, मोहम्मद लकी कुरैशी नगर अध्यक्ष, सिद्धार्थ यादव जिला सचिव, निखिल अग्रवाल जिला उपाध्यक्ष अधिवक्ता सभा, विवेक यादव, मुकेश सिंह, आकाश गुप्ता, मोहम्मद नदीम, आफताब सिद्दीकी आदि लोग उपस्थित रहे।



राजपुर पीएचसी में मरीजों का इलाज करते चिकित्सक। अमृत विचार

### डॉक्टरों की लापरवाही, मरीजों की सेहत पर पड़ रही भारी

**राजपुर।** सरकारी अस्पतालों में अवकाश के दिन आयोजित होने वाले आरोग्य मेले में डॉक्टरों की लापरवाही मरीजों की सेहत पर भारी पड़ रही है, जिससे मरीज इलाज को भटकते रहते हैं। अवकाश में भी मरीजों का बेहतर उपचार हो सके। इसके लिए सरकार की तरफ से मुख्यमंत्री जन आरोग्य मेले का आयोजन प्रत्येक रविवार को किया जाता है, लेकिन स्थिति सुधर नहीं हो रही है। इमरजेंसी सेवाओं से लेकर मेले तक के आयोजन में बरती जाने वाली लापरवाही का ही नतीजा है कि मरीजों की आमद सरकारी अस्पतालों की बजाय अवकाश में निजी अस्पतालों की तरफ ज्यादा होती है। रविवार को राजपुर पीएचसी में आरोग्य मेले में डॉ शिवकुमार व डॉ नीलू कटियार की ड्यूटी थी, लेकिन दोपहर 12 बजे डॉ. शिवकुमार व फार्मासिस्ट भोलेंद्र सिंह ही मरीजों का इलाज करते मिले। जबकि लैब टेक्नीशियन प्रतिपालेंद्र सिंह ने मरीजों के खून की जांच की। ड्यूटी के बावजूद डॉ. नीलू कटियार मेले में नहीं पहुंची। राजपुर पीएचसी के एमओ डॉ. शिवकुमार ने बताया कि डॉ. नीलू कटियार की ड्यूटी थी लेकिन आकस्मिक छुटटी के चलते वह ड्यूटी पर नहीं आ सकी हैं।

### हैंडराइटिंग प्रतियोगिता में बच्चों ने दिखाई प्रतिभा

**पुखरायां।** अग्रवाल सभा द्वारा श्रीश्री 1008 महाराजा अग्रसेन जयंती महोत्सव का भव्य आयोजन किया गया। जिसमें लोगों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और विभिन्न प्रतियोगिताएं आयोजित की गई। रविवार को कार्यक्रम का उद्घाटन व्यापारी नेता अनुभव अग्रवाल व दीपक कंछल ने फीता काटकर किया। हैंडराइटिंग प्रतियोगिता में बच्चों ने अपने सुंदर और स्वच्छ लेखन से सभी का मन मोह लिया। वहीं रूबी गर्ग, शगुन गोयल, साक्षी गर्ग, वर्षा गोयल, छवि गोयल ने भव्य रंगोली बनाई। अग्रवाल सभा के अध्यक्ष उमंग अग्रवाल ने बताया कि दो अक्टूबर को कस्बे के यूनाइटेड पब्लिक स्कूल ग्राउंड में महाराजा अग्रसेन क्रिकेट लीग का आयोजन होगा। तीन सितंबर को भव्य शोभा यात्रा निकाली जाएगी। इसके बाद चित्र पूजन, गोष्ठी, मेधावी सम्मान, डांडिया नाइट, फैंसी ड्रेस शो, नृत्यकला प्रतियोगिता व पुरस्कार वितरण होगा। इस मौके पर महामंत्री शुभम बंसल, कोषाध्यक्ष प्रफुल्ल गोयल, वरिष्ठ उपाध्यक्ष सौरभ अग्रवाल, अभिषेक गोयल, शिवम गर्ग, आशीष गोयल, सत्यम गोयल, शिखर गोयल, पुलकित गोयल, चेतन अग्रवाल, सत्यम अग्रवाल, राघव अग्रवाल, प्रणय अग्रवाल, मनन अग्रवाल, प्रतीक गर्ग समेत अन्य लोग मौजूद रहे।

### ठेकेदार से 50,000 की रंगदारी मांगने में 3 के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज

शिवराजपुर। क्षेत्र के मुस्ता गांव में पानी की टंकी का निर्माण करा रहे ठेकेदार से 3 दबंगों ने 50000 की रंगदारी मांगते हुए धमकी दी थी। वहीं ठेकेदार ने थाने में दबंगों के खिलाफ तहरीर देकर उनके खिलाफ कार्रवाई की मांग की थी। पुलिस द्वारा जांच पड़ताल करने के बाद 3 के खिलाफ रंगदारी व अन्य धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया है। गांव निवासी नीरज कटियार थाने में दी गई तहरीर में बताया था कि उसे मुस्ता गांव में पानी की टंकी बनाने का ठेका मिला हुआ है, जिसका निर्माण कार्य शुरू हो चुका है। 27 सितंबर को दोपहर में जब लेबरों द्वारा टंकी का निर्माण कार्य किया जा रहा था उसी समय राजवंश निवासी मुस्ता, अंकित कटियार निवासी ग्राम मुस्ता, आदि यादव इन तीनों लोगों ने लेबरों से गाली गलौज करते हुए कहा कि जब तक 50,000 रुपये नहीं दोगे तब तक काम बंद रहेगा और जान से मारने की धमकी भी दी। इस मामले में पुलिस ने बताया कि तहरीर मिली थी मामले की जांच करने के बाद तीन आरोपियों के खिलाफ मामला पंजीकृत किया गया है। जल्द ही उन्हें गिरफ्तार करके जेल भेजा जाएगा।

# युवक ने घर में फांसी लगाकर की आत्महत्या, परिजन बेहाल

संवाददाता शिवली

- पुलिस ने की छानबीन वहीं फॉरेंसिक टीम ने जुटाए साक्ष्य

**अमृत विचार।** बाघपुर गांव के एक युवक ने घर के अंदर फांसी लगाकर जान दे दी। जानकारी होने पर परिजनों में कोहराम मच गया। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने छानबीन की और फॉरेंसिक टीम ने साक्ष्य संकलित किए।



दीपक।

शिवली कोतवाली क्षेत्र के बाघपुर गांव में रविवार की सुबह दीपक यादव (26) ने घर के अंदर कमरे में पंखे से रस्सी का फंदा बनाकर अपनी जान दे दी। काफी देर तक दरवाजा न खोलने पर मां मंजू ने कुंडी खटखटाई। कमरा अंदर से बंद होने पर अनहोनी की आशंका पर परिजनों ने दरवाजा तोड़ दिया। जिसपर दीपक फंदे से लटक रहा था। यह देखकर परिजनों के बीच चीख पुकार मच गई। मौत पर पत्नी अंजली, भाई दीपू, बहन डाली आदि का रो-रो कर बुरा हाल हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को फंदे से नीचे उतारा और फील्ड यूनिट को बुलाकर साक्ष्य संकलित कराए। थाना प्रभारी कृष्णानंद राय ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है।



रोते बिलखते मृतक के परिजन। अमृत विचार

## कार की टक्कर से बाइक सवार की मौत

**साढ़।** थाना क्षेत्र के पर्वतखेड़ा गांव के बाहर कार की टक्कर लगने से बाइक सवार की युवक की मौके पर मौत हो गयी जानकारी मिलते ही साढ़ पुलिस मौके पर पहुंची और परिजनों को जानकारी दी। घटना की जानकारी मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया।

टंडन यादव 40 वर्ष निवासी आलमपुर फतेहपुर का निवासी है वह बाइक से निजी कार्य से कानपुर आया था। यहां से वापस फतेहपुर जाते समय रास्ते में पर्वतखेड़ा के पास एक तेज रफ्तार कार ने उसकी बाइक में टक्कर मार दी, जिससे टंडन यादव की मौके पर ही मौत हो गयी। दुर्घटना के बाद कार सवार कार लेकर फरार हो गया। मौके पर पहुंचे रिश्तेदारों ने परिजनों के न आने तक शव को सड़क पर रखकर जाम लगा दिया। साढ़ थाना प्रभारी कुशल पाल सिंह ने बताया कि मार्ग दुर्घटना में बाइक सवार युवक की मौत हो गई।

# सियार के हमले से युवक घायल, अस्पताल में भर्ती

संवाददाता सरवनखेड़ा

- ग्रामीणों ने सियार को पीट पीटकर मार डाला

**अमृत विचार।** गजनेर क्षेत्र में सियारों ने हमला कर एक और युवक को घायल कर दिया। वन विभाग की तरफ से कार्रवाई न करने से परेशान ग्रामीणों ने लाठी-डंडे से लैस होकर खोजबीन की और जिंदौरा गांव के पास एक सियार को पीटकर मार डाला।

गजनेर थाना क्षेत्र जिंदौरा समेत आसपास के गांवों में सियारों के आतंक से ग्रामीणों में दहशत का माहौल बना हुआ था। बीते बुधवार की देर शाम जिंदौरा गांव के राजेश साहू व शुक्रवार को जिंदौरा के उमाशंकर पर घात लगाए बैठे सियारों ने जानलेवा हमला कर घायल कर दिया था। जिसके बाद ग्रामीण वन अधिकारियों को सूचना देकर रात में तीन-तीन लोगों का समूह बनाकर सियारों पर नजर रख रहे थे। वहीं रविवार की सुबह जिंदौरा गांव के उमाशंकर कुशवाहा पर सियारों ने हमला कर घायल कर दिया, जिसे अस्पताल में भर्ती कराया गया। चीख-पुकार सुनकर पहुंचे ग्रामीणों ने किसी तरह युवक को बचाया और जिला अस्पताल अकबरपुर पहुंचाया। जहां उसका इलाज चल रहा है। सियारों के लगातार हमले से परेशान लोगों ने लाठी-डंडों से लैस होकर तलाश शुरू की। शाम को जिंदौरा गांव के पास खेतों में मिले सियार को ग्रामीणों ने पीट-पीटकर मार डाला। सूचना पर उप वन क्षेत्राधिकारी अमित कटियार टीम के साथ मौके पर पहुंचे और छानबीन की। ग्रामीणों ने बताया कि क्षेत्र में और भी सियार हैं।

**मिला सम्मान** भजनलाल स्वतंत्रता संग्राम सेनानी इंटर कॉलेज के बच्चों की कामयाबी पर क्षेत्र में हर्ष का माहौल

# राज्यपाल के हाथों बच्चे हुए सम्मानित, बढ़ाया क्षेत्र का मान

संवाददाता, चौबेपुर

**अमृत विचार।** बीते दिनों छत्रपति शाहूजी महाराज विश्वविद्यालय में संपन्न हुए दीक्षांत समारोह के दौरान क्षेत्र के गबड़हा गांव स्थित भजनलाल स्वतंत्रता संग्राम सेनानी इंटर कॉलेज के बच्चों को कुलाधिपति/ राज्यपाल उ प्र द्वारा सम्मानित किया गया। बच्चों की इस कामयाबी से विद्यालय के शिक्षकों व क्षेत्रवासियों में हर्ष व्याप्त है।

मालूम हो कि छत्रपति शाहूजी महाराज विश्वविद्यालय द्वारा कानपुर नगर के 5 विद्यालयों को गोद लिया गया है, जिनमें ईश्वरीगंज, होरा कछार, बरहट बांगर, गबड़हा व सुनौढ़ा गांव स्थित विद्यालय शामिल हैं। इधर बीते दिनों छत्रपति साहू जी महाराज विश्वविद्यालय के दीक्षांत समारोह के दौरान राज्यपाल उत्तर प्रदेश आनंदी बेन पटेल द्वारा क्षेत्र के गबड़हा गांव स्थित भजनलाल स्वतंत्रता संग्राम सेनानी इंटर कॉलेज के 5 बच्चों को सम्मानित किया गया। विद्यालय के प्रबंधक ऋषभ सिंह व प्रधानाचार्य रचना कटियार ने बताया कि करीब एक माह पहले जनपद स्तरीय हुई भाषण कहानी, चित्रकला आदि विभिन्न प्रतियोगिताओं में उक्त गांवों के गोद लिए गए 5 विद्यालयों के छात्र छात्राओं ने प्रतिभाग किया था। उनके विद्यालय के बच्चों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करते हुए अव्वल स्थान हासिल किया था। बताया कि कक्षा समूह तीन (कक्षा 9 व कक्षा 10) प्रतियोगिता में उनके विद्यालय भजन लाल स्वतंत्रता संग्राम सेनानी इंटर कॉलेज की दसवीं की छात्रा प्रियांशी कश्यप, कक्षा 9 के छात्र नवनीत पटेल व शालिनी ने प्रथम स्थान हासिल किया था। इसी तरह समूह चार में (कक्षा 10 व कक्षा 12तक) में विद्यालय की कक्षा 12 की छात्रा अंशिका पटेल व अतुल शर्मा ने प्रथम स्थान हासिल किया था। अव्वल बच्चों को दीक्षांत समारोह के दौरान शनिवार को राजपाल आनंदीबेन पटेल द्वारा विश्वविद्यालय परिसर स्थित वीरांगना रानी लक्ष्मीबाई प्रेक्षाग्रह में पुरस्कृत किया गया। उक्त विद्यालयों के 153 बच्चों को सर्वाइकल कैंसर का प्रथम टीका भी लगाया गया। जानकारी दी कि विश्व विद्यालय द्वारा 6 माह बाद दूसरा टीका लगाया जाएगा।



भजन लाल स्वतंत्रता संग्राम सेनानी इंटर कॉलेज के बच्चों को सम्मानित करतीं राज्यपाल आनंदीबेन पटेल। अमृत विचार

# रिंद नदी के उफान से इटैलिया गांव तक पहुंचा पानी

## संपर्क मार्ग पर जलभराव से ग्रामीणों को आवागमन में हो रहीं परेशानियां, कई बीघा फसल हुई जलमग्न

संवाददाता रनियां

**अमृत विचार।** जोरदार बारिश के चलते रिंद नदी का जलस्तर बढ़ने से इटैलिया गांव के बाहर तक बाढ़ का पानी पहुंच गया, जिससे हाईवे जाने वाले संपर्क मार्ग से आवागमन बाधित हो गया। साथ ही कई बीघा फसलें भी जलमग्न हो गई हैं। लेखपाल ने मौके पर जाकर जायजा लिया और तहसीलदार को जानकारी दी है।

रविवार को रिंद नदी का पानी मुबारकपुर लाटा गांव के मजरा इटैलिया के बाहर तक पहुंच गया। यहां के अधिकांश ग्रामीण दूध और खोआ बेचने कानपुर नगर जाते हैं, लेकिन नदी का पानी गांव से हाईवे तक जाने वाले संपर्क मार्ग पर भरने के कारण लोगों को आवागमन में दिक्कत उठानी पड़ रही है। लोगों ने कपड़े चढ़ाकर और चप्पल-जूते हाथों में लेकर किसी तरह रास्ता पार किया।

गांव के अरविंद, बलराम, नाहर सिंह, संतोष, जगराम, श्रीकिशन, मुलायम, पप्पू यादव, निर्मल सिंह, भीम यादव सहित अन्य लोगों ने बताया कि दिन में तो किसी तरह आवागमन कर लेते हैं, लेकिन रात के अंधेरे में गांव की करीब 700 की आबादी को दिक्कत उठानी पड़ती है। लोगों ने तहसील प्रशासन से सुरक्षित आवागमन के लिए नाव चलाने की मांग की है।

ग्रामीणों का कहना है कि रात में अगर जलस्तर बढ़ा तो नदी का पानी गांव के अंदर तक घुस जाएगा। इस संबंध में लेखपाल चिंरजीव श्रीवास्तव ने बताया कि गांव में नदी के जलभराव के बावत तहसीलदार को जानकारी दी गई है। जलस्तर बढ़ने पर नाव की व्यवस्था की जाएगी।


इटैलिया गांव के बाहर रास्ते में भरे पानी के बीच से गुजरता व्यक्ति। अमृत विचार


खेतों में भरा रिंद नदी का पानी। अमृत विचार

# महिला ने फांसी लगाकर दी जान

**रूरा।** क्षेत्र के काशीपुर गांव निवासी एक महिला ने रविवार दोपहर घर के कमरे में पंखे के कुंडे से फंदा लगाकर जान दे दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने छानबीन की।



काशीपुर गांव निवासी शिखा (30) अपने पुत्र अंश व पुत्री आनवी के साथ घर में रहती थी। जबकि उसका पति मोहन ट्रक चलाता था। रविवार की दोपहर शिखा ने घर के कमरे में पंखे के कुंडे से दुपट्टे के सहारे फंदा लगाकर जान दे दी। कमरे में शव लटकता देख बच्चों में चीख पुकार मच गई, जिससे आसपास के लोग इकट्ठा हो गए। सूचना पर थानाध्यक्ष जेपी शर्मा मौके पर पहुंचे और छानबीन की। उन्होंने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा रहा है। रिपोर्ट के अनुसार कार्रवाई की जाएगी।

## सार-संक्षेप


नायब तहसीलदार रामलखन को ज्ञापन सौंपते भाकियू पदाधिकारी। अमृत विचार

### अन्ना पशुओं को गौशाला भेजने की उठाई मांग

**शिवली।** भारतीय किसान यूनियन टिकैत की तरफ से मैथा तहसील क्षेत्र के डॉ. राम मनोहर लोहिया दर्शन स्मारक हायर सेकेंडरी स्कूल भोला निवादा में महापंचायत का आयोजन किया गया। इसके बाद किसानों ने एडीएम को संबोधित 8 सूत्रीय ज्ञापन नायब तहसीलदार रामलखन को सौंपा गया। ज्ञापन में विद्युत विभाग की अवैध बिल वसूली व अन्ना पशुओं को पकड़कर गौशाला में भेजने की मांग की गई। मुख्य अतिथि के रूप में जिलाध्यक्ष विपिन तिवारी, विनोद शुक्ला, सुशील यादव, सागर पांडेय सहित अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे।


नवरात्र महोत्सव को लेकर तैयार की गईं दुर्गा प्रतिमाएं। अमृत विचार

### नवरात्र महोत्सव के लिए दुर्गा प्रतिमाएं बनाने में जुटे कारीगर

**मूसानगर।** आगामी तीन अक्टूबर से शुरू हो रहे नवरात्र को लेकर कारीगर माता दुर्गा की प्रतिमाओं को अंतिम रूप देने में लगे हुए हैं। इसी के साथ क्षेत्र में नवरात्र महोत्सव की तैयारियां शुरू हो गई है। नवरात्र के मौके पर मूसानगर क्षेत्र के दर्जनों जगहों पर माता के दरबार सजाए जाएंगे। इनमें विराजमान करने के लिए माता दुर्गा की मूर्तियों को तैयार करने की कवायद तेज हो गई है। कारीगर मूर्तियों को अंतिम रूप देने में जुटे हैं। मूर्तिकार विनय प्रजापति ने बताया कि एक मूर्ति तैयार करने में लगभग दस दिन का समय लग जाता है। इस बार तीन हजार रुपये से लेकर 15 हजार रुपये तक के आर्डर मिले हैं। बताया कि महीनों पहले से मूर्ति बनाने का सामान घास, मिट्टी, लकड़ी आदि इकट्ठा करना पड़ता है। जिससे मूर्ति बना कर तैयार करते हैं। उनका पूरा परिवार मूर्ति तैयार करने में मदद करता है।


अनशन कर रहे किसानों को समझाते एई व पुलिस कर्मी। अमृत विचार


जेसीबी से नाले की होती सफाई। अमृत विचार

# डंपर की टक्कर से डीसीएम चालक की मौत

● अकबरपुर क्षेत्र के गौरियापुर के पास हाईवे पर हुआ हादसा

**कानपुर देहात।** कानपुर-इटावा हाईवे पर गौरियापुर के पास डंपर ने डीसीएम में टक्कर मार दी। जिससे डीसीएम चालक गंभीर रूप से घायल हो गया। लोग उसे जिला अस्पताल ले कर पहुंचे जहां पर ईएमओ ने उसे मृत घोषित कर दिया।

मंडी हिमाचल प्रदेश के खुराहाल सुंदरनगर क्षेत्र के रोपरी गांव निवासी डीसीएम चालक अनिल कुमार (32) कानपुर से वापस जा रहा था। तभी रविवार सुबह अकबरपुर कोतवाली क्षेत्र के गौरियापुर के पास हाईवे पर तेज रफ्तार डंपर ने डीसीएम में जोरदार टक्कर मार दी। जिससे डीसीएम चालक अनिल कुमार गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने उसे जिला अस्पताल भेजा और डीसीएम मालिक कांता नेगी को सूचना दी। जिला अस्पताल में ईएमओ डॉ. श्रीप्रकाश ने डीसीएम चालक को मृत घोषित कर दिया। अकबरपुर कोतवाल सतीश कुमार ने बताया कि शव को मोर्च्युरी में रखवा दिया गया है। परिजनों के आने पर पोस्टमार्टम के लिए भेजा जाएगा।

# नाले से अतिक्रमण न हटने पर भड़के किसान

● एई की चेतावनी पर नहीं हटा पक्का अतिक्रमण

संवाददाता संदलपुर

**अमृत विचार।** सिंचाई विभाग के आश्वासन पर भी कौरु बिछियापुर गांव के नाले से पक्का अतिक्रमण न हटने से आक्रोशित किसान अनशन पर बैठ गए। जबकि पूर्व में अवर अभियंता ने पुलिस के साथ मौके पर जाकर अतिक्रमण हटाने की चेतावनी दी थी।

संदलपुर ब्लाक के कौरु, असलनापुर, जगन्नाथपुर व अलियापुर के किसानों ने एसडीएम सिकंदरा को बीते शुक्रवार को ज्ञापन देकर बताया था कि सिंचाई विभाग के करीब तीन किलोमीटर लंबा नाले की समुचित सफाई न होने से लगभग 60 प्रतिशत धान की फसल नष्ट हो गई है। किसानों ने 28 सितंबर तक नाले से पक्का अतिक्रमण न हटाने पर राजकीय कृषि बीज भंडार जलालपुर के सामने अनशन की चेतावनी दी थी, जिसपर सिंचाई विभाग के अवर अभियंता बृजमोहन सिंह व जितेंद्र कुमार ने शुक्रवार को ही अतिक्रमणकारियों को पक्का निर्माण शाम तक हटाने का अल्टीमेटम दिया था। मामले में एसडीएम सिकंदरा एसएन शुक्ला ने भी समस्या निराकरण के निर्देश दिए थे। इसके बावजूद कोई हल न निकलने पर रविवार की सुबह प्रधान प्रतिनिधि विनोद कटियार सहित शिवम, मनोज, छोटेलाल, अंकित समेत दर्जनों किसान धरने पर बैठ गए। जानकारी पर भाजयुमो जिलाध्यक्ष परवेश कटियार भी व्यापार मंडल के सदस्यों सहित संदलपुर चौकी पहुंच गए। जहां एई से वार्ता की। इसके बाद मंगलपुर थाना प्रभारी संजय गुप्ता समेत अन्य लोग धरनास्थल पहुंचे। सिंचाई विभाग के एई जनार्दन राजपूत ने किसानों से वार्ता की और और तत्काल जेसीबी लगवा कर नाले की सफाई का कार्य शुरू कराया। उन्होंने बताया कि जल्द ही अतिक्रमण को भी हटवाया जाएगा।

## एक नजर

### युवती की गुमशुदगी दर्ज

**रूरा।** थाना क्षेत्र के सिठमरा गांव निवासी जगदीश ने पुलिस को बताया कि शनिवार को वह किसी काम से भरथना इटावा गया था। उसकी पुत्री शिल्पी घर में सिठमरा बाजार जाने की बात कह कर गई थी, लेकिन देर शाम तक वापस नहीं आई। उसका कहीं पता नहीं चला।

### तेरहवीं में मारपीट की रिपोर्ट

**रूरा।** थाना क्षेत्र के अंदया की सरिता देवी ने पुलिस को दिए शिकायती पत्र में बताया कि बीती 21 अगस्त की रात एक गेस्ट में उसके बाबा का तेरहवीं कार्यक्रम चल रहा था। जिसमे पुरानी खुन्नस को लेकर परिवार के ज्ञान सिंह, अजय, प्रवेश, प्रवीण, ललित व जयकुमार ने एक राय होकर मारपीट करना शुरू कर दिया, जिससे पीड़िता के दाहिने हाथ की हड्डी टूट गई।

### युवक से मारपीट में दर्ज हुई एफआईआर

**रूरा।** थाना क्षेत्र के सिठमरा निवासी राजीव बीती 25 सितंबर को अपनी जमीन पर निर्माण करा रहे थे। तभी पड़ोस के ओम प्रकाश, सत्य प्रकाश व अन्य लोगों ने निर्माण की जमीन को अपना बताकर नापजोख शुरू कर दी। पीड़ित ने इसका विरोध किया तो मारपीट कर घायल कर दिया। थाना प्रभारी ने बताया कि रिपोर्ट दर्ज की गई है।

# कच्ची दीवार ढहने से मलबे में दबकर बालक की मौत


बालक की मौत पर रोते बिलखते परिजन।


बारिश में ढही कच्ची दीवार व टीनशेड।

संवाददाता मंगलपुर

**अमृत विचार।** झींझक के द्वारिकागंज में शनिवार देर शाम बारिश के दौरान दीवार गिरने से एक बालक मलबे में दबकर घायल हो गया। सीएचसी में डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना से घर पर मातम छा गया।


लक्ष्य।

मंगलपुर थाना क्षेत्र के द्वारिकागंज झींझक निवासी विनय सिंह का 4 वर्षीय पुत्र लक्ष्य शनिवार देर शाम घर में खेल रहा था। इसी दौरान बारिश के बीच अचानक टीन शेड व ईंटों की कच्ची दीवार ढह गई। जिससे लक्ष्य मलबे में दब गया। परिजनों ने आनन-फानन उसे बाहर निकाला और इलाज के लिए सीएचसी झींझक ले गए। जहां डॉ. राजीव यादव ने बालक को मृत घोषित कर दिया।

मौत की खबर से मां पूजा, पिता विनय बाबा लालजीत सहित अन्य परिजन बिलखने लगे। रविवार सुबह सूचना मिलने से डेरापुर तहसील से कानूनगो बसंत लाल व लेखपाल कमल किशोर ने क्षति का आकलन कर रिपोर्ट तैयार की। वहीं मौके पर पहुंचे झींझक चौकी प्रभारी ने छानबीन की।

# किशोरी से दुष्कर्म का आरोपी गिरफ्तार

**राजपुर।** कोल्डड्रिंक में नशीला पदार्थ मिलाकर किशोरी से दुष्कर्म के आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है।

किशोरी ने पुलिस को शिकायती प्रार्थना पत्र देकर पूर्व में बताया था कि एक साल पहले उसकी दोस्ती सट्टी थाना क्षेत्र के कुंवरपुर गांव के शिव से थी। जिसके बाद शिवम उसके घर आने लगा था। आरोप है कि अगस्त 2023 को शिवम उसके घर आया। उस दौरान किशोरी की मां बाजार गई थी। तभी उसने किशोरी को कोल्डड्रिंक में नशीला पदार्थ मिलाकर पिला दिया। जिससे वह बेहोश गई। इसके बाद आरोपी ने उससे दुष्कर्म किया। उलाहना देने पर आरोपी ने अश्लील वीडियो वायरल करने की धमकी दी। उसके बाद से आरोपी ने ब्लैक मेल कर कई बार दुष्कर्म किया। पुलिस ने पॉक्सो व दुष्कर्म की रिपोर्ट दर्ज की थी। राजपुर थानाध्यक्ष दिनेश कुमार गौतम ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर आरोपी शिवम को गिरफ्तार कर कोर्ट में हाजिर किया गया। जहां से उसे जेल भेजा गया है।

दंगल | विजयी रहे पहलवानों को कमेटी की तरफ से दिया गया पुरस्कार

# पहलवानों के दांवपेच देख खूब बजीं तालियां


दंगल का उद्घाटन करते चेयरमैन प्रतिनिधि योगेंद्र सिंह व स्वदेश उर्फ रामू कटियार।


दंगल में दांवपेच आजमाते पहलवान। अमृत विचार

संवाददाता सिकंदरा

**अमृत विचार।** कस्बे में आयोजित दंगल में पहलवानों ने अपने दांवपेच दिखाकर लोगों को रोमांचित कर दिया। विजयी रहे पहलवानों को पुरस्कार दिया गया। वहां पर मौजूद लोगों ने दंगल का लुत्फ उठाया।

बारिश के चलते शनिवार को दंगल का आयोजन राज इंटर कालेज के सामने कराया गया। जिसका उद्घाटन सिकंदरा चेयरमैन सीमा पाल के प्रतिनिधि योगेंद्र सिंह पाल व स्वदेश उर्फ रामू कटियार ने किया। सिहुरा व अकबरपुर के पहलवानों के बीच हुई कुश्ती ने वहां पर मौजूद दर्शकों को रोमांचित कर दिया। चेयरमैन प्रतिनिधि ने पहलवानों को उत्साहित करते हुए कहा कि कुश्ती देश की प्राचीन व पसंदीदा खेल है। खेल में प्रतिभागी अपनी प्रतिभा दिखाकर न सिर्फ अपना बल्कि परिवार और गांव का भी नाम रोशन करता है। इस आलोक तिवारी, नितेश मिश्रा, रामजी शुक्ला, अजय सैनी, छोटे पठान, पंकज त्रिवेदी आदि लोग मौजूद रहे।

अमृत विचार हिन्दी दैनिक कानपुर संस्करण के स्थापना दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

संदेश
कानपुर देहात जिले के शिवली मैथा क्षेत्र का विस्तार कानपुर नगर की सीमाओं तक है। यहां के मंदिर बहुत विख्यात है। प्रसिद्ध शोभन मंदिर देश विदेश तक जाना जाता है। शिवली कस्बे का जागेश्वर मंदिर भक्तों के लिए अगाध श्रद्धा का केंद्र है। शोभन मंदिर, हनुमान मंदिर, नहरीबरी हनुमान मंदिर, मैथा का भास्करानंद स्वामी का मंदिर प्रकृति के संरक्षण में अलख जगा रहे है।
गीतेश अग्निहोत्री
पत्रकार, शिवली, कानपुर देहात

अमृत विचार के स्थापना दिवस पर सभी क्षेत्रवासियों व अधिवक्ता भाइयों को बधाई शुभकामनाएं
अनुज पाल उपाध्यक्ष
लायर्स एसोसिएशन, तहसील मैथा, कानपुर देहात

अमृत विचार अखबार के स्थापना दिवस पर सभी को बधाई व शुभकामनाएं।
आशुतोष त्रिवेदी
राष्ट्रीय अध्यक्ष मानव सेवा संगठन, उत्तर प्रदेश व्यापार मंडल अध्यक्ष औनहा, कानपुर देहात।

ब्राह्मण संवाद
मण्डलीय ब्राह्मण सम्मेलन
मण्डलीय ब्राह्मण सम्मेलन में आपका हार्दिक स्वागत एवं अभिनंदन है
निवेदक : राष्ट्रीय परशुराम सेना, ब्रह्मवाहिनी कानपुर मण्डल

अमृत विचार के स्थापना दिवस पर ग्राम सभा बाघपुर ब्लाक मैथा कानपुर देहात
सभी का हार्दिक स्वागत करती है और ग्राम को स्वच्छ बनाने की सभी से अपील करती है।
अर्चना ग्राम प्रधान
दिनेश सोनकर ग्राम सचिव

अमृत विचार के स्थापना दिवस पर ग्राम सभा मारग मैथा, कानपुर देहात
सभी का हार्दिक स्वागत करती ग्राम को स्वच्छ बनाने में सभी का सहयोग अपेक्षित है।
अखिलेश राठौर ग्राम प्रधान
विपिन त्रिपाठी ग्राम सचिव

अमृत विचार अखबार के स्थापना दिवस पर
जनपद कानपुर देहात वासियों को बधाई शुभकामनाएं
चारू अवस्थी
जिला कार्य समिति सदस्य, युवा मोर्चा, कानपुर देहात।

अमृत विचार अखबार के स्थापना दिवस पर
जनपदवासियों को बधाई शुभकामनाएं
-सभी पर हनुमान जी की हमेशा कृपा बनी रहे
विनोद मिश्रा
महंत नहरीबरी हनुमान मंदिर। कानपुर देहात।

अमृत विचार के स्थापना दिवस पर ग्राम सभा टोडरपुर, ब्लाक मैथा, कानपुर देहात
सभी का हार्दिक स्वागत करती है और ग्राम को स्वच्छ बनाने की सभी से अपील करती है।
किरन अग्निहोत्री पत्नी राजा बाबू अग्निहोत्री ग्राम प्रधान
दीपिका त्रिपाठी ग्राम सचिव

हिन्दी दैनिक अमृत विचार के स्थापना दिवस की हार्दिक बधाई
राजपूत फैमिली भोजनालय एंड स्वीट हाउस
चौबेपुर बेला रोड, गहरा चौराहा
प्रताप वर्मा प्रोपराइडर

अमृत विचार के स्थापना दिवस पर
सभी क्षेत्रवासियों व देवतुल्य भाजपा कार्यकर्ताओं को बधाई व शुभकामनाएं।
पवन राजपूत
मंडल अध्यक्ष भारतीय जनता पार्टी
मैथा, कानपुर देहात

अमृत विचार अखबार के स्थापना दिवस पर
प्रदेश व क्षेत्र वासियों को हार्दिक बधाई शुभकामनाएं
हेमू सिंह
प्रदेश कार्य समिति सदस्य, किसान मोर्चा उत्तर प्रदेश।

अमृत विचार के स्थापना दिवस पर
सभी प्रदेश वासियों, अकबरपुर रनियां विधान सभा क्षेत्रवासियों व देवतुल्य भाजपा कार्यकर्ताओं को बधाई।
प्रतिभा शुक्ला
राज्यमंत्री बाल विकास पुष्टाहार एवं महिला कल्याण
अनिल शुक्ल वारसी
पूर्व सांसद

## एक नजर

### जहरीला पदार्थ निगलने से युवक की मौत

**औरास उन्नाव।** परिजनों के डांटने से क्षुब्ध युवक ने जहरीला पदार्थ निगल लिया था। घबराहट होने पर परिजन उसे सीएचसी औरास लाए थे। जहां से डॉक्टर ने उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया था। किंतु परिजन उसे निजी अस्पताल ले जा रहे थे। जहां ले जाते समय रास्ते में उसकी मौत हो गई। बता दें कि औरास थानाक्षेत्र के लोधई गांव निवासी धर्मपाल (24) पुत्र प्रेम ने घर में किसी बात को लेकर परिजनों के डांटने से नाराज होकर बीते शनिवार घर में रखा कीटनाशक निगल लिया था। जिससे उसकी हालत बिगड़ने लगी थी। परिजन आनन-फानन उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र औरास ले गए थे। जहां उसे गंभीर देख डॉक्टर ने रेफर कर दिया था। किंतु परिजन उसे निजी अस्पताल ले जा रहे थे। जहां रास्ते में उसकी मौत हो गई। परिजनों ने पुलिस को बिना बताए उसके शव का नानामऊ घाट बांगरमऊ में अंतिम संस्कार कर दिया।

### चारा मशीन से युवक की अंगुलियां कटीं, रेफर

**गंजमुरादाबाद।** बेहटा मुजावर थानाक्षेत्र के गांव मवई घनश्याम निवासी अंजनी (45) पुत्र देवी प्रसाद अपने दरवाजे पर कटिया मशीन में जानवरों के लिए चारा काट रहा था। तभी रविवार सुबह उसका एक हाथ अचानक कटिया मशीन में चला गया। इसमें उसके एक हाथ की सभी अंगुलियां कट गईं। परिजन उसे बांगरमऊ सीएचसी लाए। जहां उसे जिला अस्पताल भेज दिया गया।

### पशु आरोग्य मेले में 553 पशुओं का हुआ रजिस्ट्रेशन

**बिछिया।** रविवार को बिछिया ब्लाक के गोडवा विशुनपुर गांव में पं. दीनदयाल उपाध्याय पशु आरोग्य मेला लगाया गया। जिसमें मुख्य पशु चिकित्साधिकारी डा. महावीर सिंह व अन्य चिकित्सकों द्वारा 553 पशुओं का रजिस्ट्रेशन किया गया। मेले में चिकित्सक उप मुख्य पशु चिकित्साधिकारी सदर डा. दिवाकर त्रिपाठी, बिछिया पशु चिकित्साधिकारी डा. मनीष अवस्थी, पशुधन प्रसार अधिकारी आशीष कुमार, प्रधान रामशंकर यादव व काफी संख्या में किसान उपस्थित रहे।

### अधेड़ का फंदे से लटका मिला शव

**उन्नाव।** सदर कोतवाली अंतर्गत पतारी गांव निवासी पैंतालीस अली हसन(45) का शव रविवार को संदिग्ध हालत में फंदे से लटका देख परिजनों में कोहराम मच गया। सूचना पर पर पहुंची पुलिस ने जांच के बाद शव को फंदे से उतरवाकर पोस्टमार्टम कराया। जिसमे उसकी मौत की पुष्टि हैंगिंग से हुई। वहीं परिजन पुलिस को आत्महत्या का कारण नहीं बता सके।

### हत्या के दो आरोपी चढ़े पुलिस के हत्थे

**उन्नाव।** आसीवन थानांतर्गत बीती 21 सितंबर को पुरानी खुन्नस में हुई मारपीट में घायल वृद्ध की कानपुर में इलाज के दौरान मौत हो गई। पोस्टमार्टम के बाद रविवार को शव गांव पहुंचा तो एहतिहात के तौर पर फोर्स मौजूद रहा। वहीं हत्या में नामित दो आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया। जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया। आसीवन थानाक्षेत्र के अजमत नगर गांव निवासी श्रीराम (60) 21 सितंबर को कस्बा रसूलाबाद गया था। जहां से वह देररात वापस लौट रहा था तभी रास्ते में गांव के अमित, देवानंद, कामता, राजेंद्र, जितेन्द्र व अनिल उसे मारपीट कर घायल हालत में खंती में फेंककर भाग निकले थे। जिसे परिजन पहले मियागंज सीएचसी फिर वहां से जिला अस्पताल और वहां कानपुर हैलट ले गए थे। जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। रविवार को उसका शव पोस्टमार्टम के बाद गांव पहुंचा। तनाव को देखते हुए गांव में फोर्स तैनात रहा।

---

पत्नी ने जताई लूट की आशंका , पुलिस को व्यवसाई के होश में आने का इंतजार

# 20 लाख लेकर गया व्यवसाई मिला बेहोश, कार भी गायब

संवाददाता बांगरमऊ उन्नाव

**अमृत विचार।** बांगरमऊ कोतवाली अंतर्गत मोहल्ला कस्बा टोला निवासी भवन निर्माण सामग्री का थोक विक्रेता लखनऊ-आगरा एक्सप्रेस-वे पर बने पुल के नीचे संदिग्ध परिस्थिति में अचेत अवस्था में पड़ा मिला। उसकी कार व मोबाइल भी गायब था। परिजनों के मुताबिक वह शनिवार को व्यवसाय के सिलसिले में 20 लाख रुपये लेकर घर से निकला था। उन्होंने व्यवसाई के साथ लूट की आशंका जताई है। वहीं पुलिस पूरे मामले को संदिग्ध मान रही है। पुलिस को उसके पूरी तरह होश में आने का इंतजार है।

मोहल्ला कस्बा टोला निवासी संदीप गुप्ता (40) मिट्टी-मौरंग व भवन निर्माण सामग्री का थोक विक्रेता है। उसकी पत्नी वंदना गुप्ता ने बताया कि पति शनिवार सुबह आठ बजे कार में उन्नाव-हरदोई मार्ग पर दुल्ला पुरवा गांव स्थित पंप पर पेट्रोल भरवाने की बात कहकर निकला था। किंतु काफी समय बीतने पर भी वह वापस नहीं लौटा। चार बजे पति को फोन मिलाया तो उनके दोनों नंबर बंद थे। परिजन उसकी तलाश कर रहे थे। रविवार सुबह किसी ने संदीप के एक्सप्रेस-वे टोल प्लाजा पुल के नीचे बेहोशी हालत में पड़े होने की जानकारी दी। परिजन उसे अचेत हालत में सीएचसी लाए जहां से डॉक्टर ने उसे रेफर कर दिया। इसके बाद परिजनों ने उसे एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया। पत्नी ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उसके पति घर से 20 लाख रुपये लेकर निकले थे। उनकी कार व मोबाइल भी गायब है। पत्नी ने पति से लूट के बाद पुल से फेंकने की संभावना जताई है। उसके शरीर पर मिली चोटों के आधार मारपीट की रिपोर्ट दर्ज कर पुलिस मामले की तहकीकात में जुटी है।



अस्पताल में भर्ती व्यवसाई। अमृत विचार

### 15 दिन पहले हो गई थी पिता की मौत

**बांगरमऊ।** संदीप के पिता रामचंद्र की करीब एक पखवारा पूर्व बीमारी के चलते मौत हुई थी। संदीप अपने माता-पिता का इकलौता बेटा है। बेटे की हालत देख मां आशा देवी सहित अन्य परिजन बेहाल हैं।

### पहले भी घर से लापता हो चुका है संदीप

उन्नाव। सीओ बांगरमऊ अरविंद चौरसिया ने बताया कि सभी बिंदुओं पर जांच चल रही है। सीडीआर भी निकलवाई जा रही है। कहा कि जानकारी मिली है कि संदीप पर कई लोगों का रुपया बकाया है। बीते महीने भी वह 15 दिन घर से लापता रहा था। सीओ ने बताया कि संदीप नशे में पुलिस को बैठा मिला था। उसके पूरी तरह से होश में आने पर स्थित साफ हो सकेगी। वहीं शनिवार शाम चार बजे से व्यवसाई से संपर्क न होने पर भी परिजनों द्वारा इसकी सूचना पुलिस को न दिया जाना भी घटना को लेकर संदेह प्रकट कर रहा है।

---

# कच्ची दीवार गिरने से वृद्धा की दबकर हुई मौत

**उन्नाव।** अचलगंज थानाक्षेत्र के सुपासी गांव में कच्ची दीवार से वृद्धा उसके मलबे में दबकर घायल हो गई। उसे सीएचसी लाया गया। जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। सुपासी निवासी सावित्री (60) पत्नी सुरजन रविवार सुबह घर के कार्य निपटा रही थी। इधर बीते तीन दिन से रुक-रुककर हो रही बारिश में कमजोर हुई उसकी कोठरी की कच्ची दीवार अचानक भरभरा कर ढह गई। सावित्री उसके मलबे के नीचे आकर दब गई। शोर सुन पड़ोसी दौड़े और परिजनों की मदद से मलबा हटाकर उसे बाहर निकाला। गंभीर घायल हुई वृद्धा को सीएचसी लोहचा लाया गया। जहां डॉक्टर ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया।

वहीं बांगरमऊ कोतवाली क्षेत्र के गांव भठियापुर निवासी रमजानी के घर के आंगन में कच्ची दीवार पर पड़े छप्पर के नीचे उसकी एक दर्जन बकरियां बंधी थीं। बीती शनिवार रात बारिश हो रही थी। तभी छप्पर सहित कच्ची दीवार पलट गई और दीवार का मलवा बकरियों पर आ गिरा। पड़ोसी दौड़कर वहां पहुंचे और मलबा हटाया। किंतु तब तक सात बकरियों की मौत हो चुकी थी। सूचना पर पहुंचे राजस्व कर्मियों ने नुकसान का जायजा लिया।

---





सम्मानित हुए शिक्षकों के साथ मौजूद विधायक व अन्य। अमृत विचार

# हॉस्पिटल में आयोजित समारोह में शिक्षकों का किया गया सम्मान

कार्यालय संवाददाता (उन्नाव)

**अमृत विचार।** शहर के आवास विकास स्थित मुस्कान हॉस्पिटल में शिक्षक सम्मान समारोह आयोजित किया गया। मुख्य अतिथि सदर विधायक पंकज गुप्ता ने शिक्षकों के विषय में बोलते हुए कहा शिक्षक हमारे ईश्वर का विशेष आशीर्वाद है। जो एक अच्छे राष्ट्र का निर्माण करते हैं और दुनिया को एक बेहतर जगह बनाते हैं, एक शिक्षक हमें तलवार की तुलना में कलम का महत्व सिखाता है। समाज में उनका बहुत सम्मान किया जाता है क्योंकि वे लोगों के जीवन के स्तर को ऊपर उठते हैं।

- एक शिक्षक हमें तलवार की तुलना में कलम का महत्व सिखाता है

वहीं विशिष्ट अतिथि असिस्टेंट गवर्नर अनुज तिवारी ने कहा की शिक्षक हमारे जीवन में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं वह हमें न केवल शिक्षा प्रदान करते हैं बल्कि हमारे चरित्र का मूल्यांकन और आदर्शों का निर्माण भी करते हैं। शिक्षक सम्मान समारोह का संचालन डॉ. अनुराग अग्रवाल ने किया। वही डॉ. राजीव भारती ने सभी का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर रोटेरियन विशाल चंद्र गुप्ता कोषाध्यक्ष, वरिष्ठ रोटेरियन कांति मोहन गुप्ता, रोटेरियन डीसी जैन रोटरी, रोटेरियन पवन निगम, रोटेरियन डॉ. अखिलेश सिंह, आनंद आहूजा, सतीश कुमार राजपाल, मनीष सिंह, मयूर गुप्ता, पंकज शुक्ला, अरिजीत सिंघल, प्रवीण शर्मा रोटेरियन महेश गुप्ता, अमित आनंद, अमित मिश्रा, डॉ. भरत खेड़िया, राकेश सिंह, आशीष शुक्ला, विक्रम जैन, रनजीत सिंह आदि उपस्थित रहे।

---

# दबंग ने मंदिर का ताला तोड़ नगदी की पार, लोगों में गुस्सा

संवाददाता सफीपुर उन्नाव

**अमृत विचार।** क्षेत्र में उस समय सनसनी फैल गई जब कस्बे में उन्नाव-हरदोई मार्ग स्थित प्राचीन शंकरी देवी मंदिर में दिनदहाड़े एक दबंग ने अपने बेटे व तीन साथियों के साथ पहुंचकर मंदिर में रखे दानपात्र का ताला तोड़ दिया और लाखों की नकदी लेकर भाग गए। जानकारी होने पर माली समाज ने सफीपुर कोतवाली में प्रार्थनापात्र देकर दानपात्र के रुपये बरामद कर दबंग पर सख्त कार्रवाई की मांग की है।

उन्नाव-हरदोई मार्ग पर माता शंकर देवी का प्राचीन मंदिर है। हरिओम माली, शिव शंकर सैनी, शांति सैनी, बृजेश सैनी, ओमप्रकाश माली व लीला माली आदि ने कोतवाली में दिये प्रार्थनापत्र में बताया कि 28 सितंबर को क़स्बे का एक दबंग 3-4 लोगों के साथ मंदिर में घुस आया और वहां लगे सीसीटीवी कैमरे बंद कर दानपात्र का ताला तोड़कर उसमें रखी नकदी निकालकर जाने लगा। जिसका वहां मौजूद माली समाज ने विरोध किया तो दबंगों ने उन्हें जान से मारने की धमकी दी और भाग गए।

**चढ़ावे से जीवन यापन करता है माली समाज :** हरिओम माली, शिवशंकर सैनी, शांति सैनी, बृजेश सैनी, ओमप्रकाश माली, लीला माली आदि ने बताया कि उनके परिवारों का मंदिर में चढ़ने वाले चढ़ावा व दानपात्र में आए रुपयों से ही जीवन यापन होता है।

### बोले जिम्मेदार

सफीपुर कोतवाली प्रभारी श्याम नारायण सिंह ने बताया कि प्रार्थनापत्र मिला है। जानकारी मिली है कि आरोपी मंदिर की भूमि को अपना बता रहा है।सोमवार को राजस्व टीम व लेखपाल सहित फोर्स भेजकर पूरी जानकारी की जायेगी। मौजूद साक्ष्यों के आधार पर आगे की कार्रवाई की जायेगी।

---

# यूनिवर्सिटी में सम्मानित छात्रा को शिक्षक विधायक ने दी बधाई



छात्रा को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित सम्मानित करते शिक्षक विधायक। अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता (उन्नाव)

**अमृत विचार।** कानपुर के छत्रपति शाहूजी महाराज विश्वविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना स्थापना दिवस के अवसर पर आयोजित एक कार्यक्रम में डीएसएन कॉलेज की छात्रा शिवांगी मिश्रा को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। छात्रा शिवांगी मिश्रा 27वें युवा दिवस कार्यक्रम नासिक, महाराष्ट्र में प्रतिभाग करने पर शिवांगी मिश्रा को यह पुरस्कार प्रदान किया गया। वहीं उत्तर प्रदेशीय जूनियर हाईस्कूल (पूर्व माध्यमिक) की जिला वरिष्ठ उपाध्यक्ष एवं शिक्षक नेता वेद नारायण मिश्र की बेटी है।

अब वह राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता में प्रतिभाग करने की तैयारी कर रही है। शिक्षक विधायक राजबहादुर सिंह चंदेल द्वारा शिवांगी की इस उपलब्धि पर शुभकामनाएं एवं आशीर्वाद देकर प्रोत्साहित किया गया।

इस दौरान उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ के प्रदेशीय मंत्री रमाशंकर मिश्र, जिलाध्यक्ष हरिहर प्रसाद दीक्षित, जिलामंत्री रामशंकर, अजय सिंह, सुजीत सिंह, धीरेन्द्र सिंह, वरिष्ठ उपाध्यक्ष वेदनारायण मिश्र, प्रांतीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष संजय कुमार कनौजिया आदि मौजूद रहे।

---

# देश को कोई आंख नहीं दिखा सकता

संवाददाता नवाबगंज उन्नाव

**अमृत विचार।** जब तक देश में मोदी सरकार है कोई भी इस देश को आंख नहीं दिखा सकता। अगर कोई आंख दिखाने का प्रयास करेगा तो उसकी आंख निकाल ली जायेगी। इसलिये सभी लोग मोदी के हाथों को मजबूत रखो। जिससे देश का विकास होता रहे। लोगों को मुफ्त राशन और आवास दिये जा रहे हैं। जिन लोगो ने अपना आयुष्मान कार्ड नहीं बनवाया है वे बनवा लें।

यह बात सांसद साक्षी महराज ने गांव सेवरा में मन की बात कार्यक्रम के बाद जनता को संबोधित करते हुये कही। उन्होने कहा कि मौजूदा समय में देश में एक मजबूत सरकार है और इस सरकार का नेता ऐसा है जिसे पूरे विश्व का विश्वास प्राप्त है। कहा कि जिनके आयुष्मान कार्ड न बने हों वे कार्ड बनवा लें। साथ ही 70 साल से ऊपर के सभी लोग अपना कार्ड बनवा लें। इस दौरान मंडल अध्यक्ष शशिकांत राजपूत ने सासंद का स्वागत किया। कार्यक्रम में जिला सहकारी बैंक के अध्यक्ष अरुण सिंह, नगर पंचायत अध्यक्ष दिलीप लश्करी, राजेन्द्र द्विवेदी रहे।



लोगों को संबोधित करते सांसद साक्षी महाराज। अमृत विचार

---

# घर में अकेली महिला ने फंदे से लटक कर की आत्महत्या

संवाददाता फतेहपुर चौरासी उन्नाव

**अमृत विचार।** फतेहपुर चौरासी थानाक्षेत्र के गजफ्फरपुर पैसरा गांव में अधेड़ महिला का शव उसके घर में फंदे से लटका मिला।

गजफ्फरपुर पैसरा गांव निवासी निहाली ने बताया कि वह शनिवार देरशाम फतेहपुर चौरासी कस्बा बाजार गया था। देरशाम वापस लौटा तो घर का दरवाजा अंदर से बंद था। पत्नी को कई आवाज लगाई लेकिन कोई उत्तर नहीं मिला। इस पर पड़ोसियों की मदद से कुंडी काटकर वह घर में घुसा तो सामने पड़े छप्पर में पत्नी ललिता (58) का शव रस्सी के फंदे से लटका मिला। पत्नी का शव देख उसके होश उड़ गए।

पुलिस ने जांच के बाद शव मोर्चरी भेजा। घटना के समय ललिता घर में अकेली थी। उसके तीनों बेटे अनुज, बिजनेश व संदीप दिल्ली में परिवार के साथ रहते हैं। मां की मौत की खबर मिलने पर बेटे रविवार सुबह ही घर पहुंचे। सीओ मायाराय ने बताया कि शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। परिजन आत्महत्या करने का कारण नहीं बता सके।

---

## सार-संक्षेप

### तालाब में उतराता मिला युवक का शव

**उन्नाव ।** आसीवन थानाक्षेत्र में रविवार सुबह ग्रामीणों ने तालाब में शव उतराता देख पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव बाहर निकलवाकर उसकी पहचान कराने के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। बता दें कि आसीवन थानाक्षेत्र के नयाखेड़ा गांव निवासी सुधीर (32) पुत्र गंगा प्रसाद नशे का लती था। इससे ऊबकर उसकी पत्नी शादी के एक माह बाद उसे छोड़कर मायके चली गई थी। इधर-उधर काम कर उसे जो रुपये मिलते थे उन्हें वह नशे में उड़ा देता था। परिजनों के अनुसार, वह दिव्यांग था और शुक्रवार शाम घर आया था। थोड़ी देर रुकने के बाद बिना बताए चला गया था। रविवार सुबह ग्रामीणों ने नंगा खेड़ा चौराहा के पास तालाब में उसका शव उतराता देख पुलिस को सूचना दी। ग्रामीणों की मदद से शव बाहर निकाला गया। जामातलाशी में मिले आधारकार्ड से उसकी पहचान हुई। वह दो भाइयों में बड़ा था। छोटा भाई मुनेंद्र है। एसओ ज्ञानेंद्र सिंह ने बताया कि मृतक नशे का आदी था। परिजनों ने कोई आरोप नहीं लगाया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### शादी का झांसा देकर शारीरिक उत्पीड़न का आरोप, हंगामा

**औरास।** थानाक्षेत्र के एक गांव निवासी युवती ने एक युवक पर आरोप लगाया कि वह कुछ समय से चंडीगढ़ में एक मकान में कमरे में अपने भाई के साथ रह रही थी। उसी मकान के दूसरे कमरे में गांव का एक युवक अपने परिजनों के साथ रहता था। इसी दौरान उनके बीच प्रेमप्रसंग हो गया। युवक ने उसे शादी का झांसा देकर शारीरिक संबंध बनाए और धीरे-धीरे कर करीब एक लाख रुपये उससे ऑनलाइन ले लिए। जब वह गर्भवती हो गई तो युवक ने उससे शादी करने से मना कर दिया। लौटकर गांव आई युवती ने अपने परिजनों को पूरी बात बताई। इसके बाद उसके घरवालों ने भी उसे रखने से मना कर दिया और उसे युवक के घर भेजा। जहां युवक के परिजनों ने भी उसे घर में रखने से मना कर दिया। जिससे आक्रोशित होकर उसने गांव में जमकर काटा। सूचना पर पहुंचे पीआरवी के सिपाहियों ने युवती के घरवालों को समझाया और न्याय दिलाने की बात कही है।

### उप जिलाधिकारी की अध्यक्षता में हुई पीस कमेटी की बैठक

**औरास।** थाना परिसर में उपजिलाधिकारी हसनगंज रामदेव निषाद की अध्यक्षता में क्षेत्र के ग्राम प्रधान बीडीसी व पूर्व प्रधानों की बैठक आयोजित हुई। जिसमें बताया गया कि आगामी त्योहारों व दुर्गा पूजा को लेकर शासन प्रशासन पूरी तरह से मुस्तैद है। जिससे त्योहार में कोई गड़बड़ी न हो पाए। एसओ अश्वनी मिश्र ने संभ्रांत लोगों से शांतिपूर्ण ढंग से त्योहार मनाने का आग्रह किया। इस दौरान नगर अध्यक्ष राकेश कुमार, दरोगा राममोहन सिंह, विनोद गौतम, कान्स्टेबल अमित यादव, राहुल, अंकिता, आरती राजभर, शिवम बीडीसी, प्रवीण गुप्ता, कय्यूम प्रधान, आसाराम, प्रेम शंकर, संतोष गुप्ता, गुड्डू यादव, विनीत शर्मा आदि उपस्थित रहे।

### सड़क हादसे में उन्नाव के युवक की मौत से मचा कोहराम

**उन्नाव।** बिहार थानाक्षेत्र के गांव मनिकापुर निवासी आशीष उर्फ बउवा (30) पुत्र अरुण कुमार रायबरेली में लक्ष्मी ट्रैवल्स के यहां टूरिस्ट बस में परिचालक था। रायबरेली से पितृ पक्ष पर गया धाम बुकिंग पर गई बस वापस लौटते समय रविवार भोरपहर बिहार प्रांत के महरौली के पास दुर्घटनाग्रस्त हो गई। इसमें आशीष की मौके पर मौत हो गई व कई यात्री घायल हो गए। इसकी खबर आशीष के घर पहुंची तो परिजनों में कोहराम मच गया। वह चार भाइयों और दो बहनों में दूसरे नंबर का था। उसकी अभी शादी नहीं हुई थी। उसकी मौत से भाइयों में विवाहित शिवशंकर व मां मालती बेहाल हैं। हादसे की जानकारी मिलते ही भाई विनय व प्रतीक सहित अन्य परिजन बिहार के लिए निकले हैं।

### डिप्थीरिया से बहन के बाद उसके 8 वर्षीय भाई की भी मौत

**नवाबगंज उन्नाव ।** ब्लाक क्षेत्र के विक्रम खेड़ा गांव में बीती 22 सितम्बर को डिप्थीरिया से हुई 4 साल की बच्ची दीपाली की मौत के बाद उसके भाई की भी रविवार को इलाज के दौरान मौत हो गई। इससे क्षेत्र में दहशत व मातम का माहौल है। नवाबगंज ब्लाक क्षेत्र के विक्रम खेड़ा गांव निवासी संजीत कश्यप की बेटी दीपाली की डिप्थीरिया के कारण बीती 22 सितंबर को जिला अस्पताल ले जाते समय मौत हो गई थी। इसके बाद उसके 8 वर्षीय भाई अर्पित को भी बुखार व गले में दर्द होने पर जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया था। जहां सुधार न होने पर बीते शुक्रवार ट्रामा सेंटर लखनऊ रेफर किया गया था। जहां इलाज के दौरान रविवार को उसकी भी मौत हो गई। एक ही घर में दो बच्चों की बीमारी से मौत के बाद गांव में मातम का माहौल है।

### निर्माणाधीन शौचालय के खुले टैंक में मिला राजमिस्त्री का शव

बांगरमऊ उन्नाव । बांगरमऊ कोतवाली क्षेत्र के मऊ गांव में एक राजमिस्त्री का शव निर्माणाधीन शौचालय के खुले टैंक में औंधे मुंह पड़ा मिला। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव बाहर निकलवाकर जांच के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। फतेहपुर चौरासी थानाक्षेत्र के माढ़ापुर गांव निवासी नौशाद (28) पत्नी व बच्चों के साथ कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला नसीमगंज बड़ी मस्जिद के एक कमरे में रहकर राजमिस्त्री का कार्य करता था। रविवार सुबह नौशाद कोतवाली क्षेत्र के गांव मऊ निवासी आरिफ के मकान में प्लास्टर करने गया था। सुबह 11 बजे मजदूरों ने उसका शव मकान के निचले तल में निर्माणाधीन शौचालय के खुले टैंक में औंधे मुंह पड़ा देखा। टैंक में करीब तीन फिट पानी भरा था। खबर मिलने पर पत्नी मुस्कान व मां किशवरी मौके पर पहुंची और शव देख बेहाल हो गई। पुलिस ने जांच के बाद शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा। पत्नी ने बताया कि उसके दो बेटे गुलाम हुसैन (6) व अनस (3) हैं। पिता सलीम अपने छोटे बेटे शमशाद के साथ दिल्ली में मजदूरी व बड़ा भाई दिलशाद जरदोजी का काम करता है। मकान मालिक आरिफ ने बताया कि छत पर नौशाद और अन्य मजदूरों को नाश्ता भेजा गया था। नौशाद हाथ धोने नीचे आया था लेकिन काफी समय बाद भी वह वापस नहीं लौटा तो एक मजदूर उसे उसे बुलाने गया। तब घटना की जानकारी हुई।

### भू-सत्यापन न होने वाले किसानों की रुकेगी रकम

**उन्नाव।** पीएम किसान सम्मान निधि योजना से यदि कोई किसान जुड़ा हुआ है तो उसके लिए ई-केवाईसी करवाना जरूरी है। ई-केवाईसी में भू-सत्यापन न होने वाले किसानों को 18वीं किस्त नहीं मिल पाएगी।

---

काव्य पाठ

अखिल भारतीय कवि सम्मेलन सारंग में कवियों ने बांधा समां, रचनाएं सुनकर श्रोताओं ने खूब बजाईं तालियां

# खुद अपने चरित्र पर ही मूंग दल रहे हो तुम, अच्छे हो तो क्यूं फितरत बदल रहे

कार्यालय संवाददाता (उन्नाव)

**अमृत विचार।** शहर के सिविल लाइन्स स्थित निराला प्रेक्षागृह में अष्टम अखिल भारतीय कवि सम्मेलन 'सारंग' का आयोजन शनिवार देरशाम किया गया। इसमें मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे जिलाधिकारी गौरांग राठी ने कवि सम्मेलन का दीप प्रज्ज्वलित कर शुभारंभ किया। सदर विधायक पंकज गुप्ता, कार्यक्रम प्रभारी प्रवीण मिश्र भानू, स्वागताध्यक्ष ओपी तिवारी, डॉ. मनोज श्रीवास्तव, डॉ. प्रभात सिन्हा, मनीष सेंगर आदि ने पुष्प अर्पित किये।

कवि सम्मेलन के दौरान जिलाधिकारी ने कहा कि हिंदी साहित्य और कवि सम्मेलन का चोली दमन का नाता है। समाज को दिशा देने का कवि सम्मेलन उत्तम साधन है। साहित्य की राष्ट्र निर्माण में सदैव सराहनीय भूमिका रही है। इसके बाद अभ्युदय परिवार के दो संरक्षकों स्व. अजीत पाल सिंह व स्व. दिनेश उन्नावी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी गई। कविताओं के साथ विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाली विभूतियों को संस्था की ओर से सम्मानित किया गया। इसमें अभ्युदय सम्मान अंजुम रहबर, विशेष सम्मान शीलवंती सिंह, शिक्षा के क्षेत्र में आशीष दीक्षित, चिकित्सा के क्षेत्र में डॉ. वत्सला सिंह परिहार, साहित्य के क्षेत्र में सुजान सिंह स्मृति में सरस आज़ाद, समाज सेवा के क्षेत्र में शिवराम सिंह, राष्ट्र सेवा में उमेश चन्द्र बाजपेई, कला के क्षेत्र में प्रेम चंद्र सिंह, विधिक सेवा में सर्वेश दुबे, कला सम्मान मेहर तोलानी, युवा सम्मान रिशेन्द्र सिंह, पर्यावरण में शालिनी बाजपेई, क्रीड़ा में अर्चित सिन्हा, अभ्युदय गौरव से अजय श्रीवास्तव आदि को सम्मानित किया गया। जिसके बाद कवि सम्मेलन का शुरुआत गजेंद्र प्रियांशु ने सरस्वती वंदना से किया। वीर रस के कवि राहुल वर्मा की कविता 'देश पे संकट हो तो छोड़ मखमली बिस्तर को, कोमल-कोमल फूल यहां पे अंगारा बन जाते हैं' सुन श्रोता देश प्रेम में सराबोर हो गये। वहीं गीतकार प्रदीप शर्मा ने 'मेरे सारे पुण्यों का परिणाम कहां, ढूढ़ रहे हैं दशरथ मेरे राम कहां' पढ़कर तालियां बटोरी। दिल्ली से आए हास्य कवि विनोद पाल ने 'खुद अपने चरित्र पर ही मूंग दल रहे हो तुम, अच्छे हो तो क्यूं फितरत बदल रहे तुम' पढ़ा। पंकज पंडित, कवियित्री कृति चौबे, कमल आग्नेय, डॉ. नदीम शाद, प्रियांशु गजेंद्र, कवियित्री अंजुम रहबर, अखिलेश अवस्थी ने भी काव्यपाठ किया। संचालन अनिरुद्ध सौरभ व आभार मनीष सिंह सेंगर ने व्यक्त किया। इस दौरान ओपी तिवारी, विधायक आशुतोष शुक्ला, नगर पालिकाध्यक्ष श्वेता मिश्रा, प्रवीण मिश्रा भानू, अनिरुद्ध सौरभ, स्वयं श्रीवास्तव, बालेंद्र प्रताप, प्रेमसिंह सेंगर, पीके मिश्रा, अखिलेश ओमर, आलोक शुक्ल, पवन निगम, निम्मी अरोड़ा, वंदना श्रीवास्तव, लक्ष्य निगम आदि मौजूद रहे।



निराला प्रेक्षागृह में अखिल भारतीय कवि सम्मेलन में कवितापाठ करते कवि।



मंच पर होता कवियों का सम्मान। अमृत विचार

# एक्सप्रेस-वे पर पलटी डबल डेकर बस, 5 घायल

## लखनऊ-आगरा एक्सप्रेस-वे पर औरास थानाक्षेत्र के पंचम खेड़ा गांव के पास हुआ हादसा

संवाददाता औरास उन्नाव


लखनऊ-आगरा एक्सप्रेस-वे पर पलटी पड़ी बस।

**अमृत विचार।** औरास थानाक्षेत्र के लखनऊ-आगरा एक्सप्रेस-वे जयपुर जा रही डबल डेकर बस अनियंत्रित होकर पलट गई। इससे बस सवार यात्रियों में चीख पुकार मच गई। पुलिस व यूपीडा की टीम ने घायलों को रेस्क्यू कर अस्पताल पहुंचाया। वहीं, अन्य यात्रियों को दूसरे साधन से उनके गंतव्य को रवाना किया।

बता दें कि गोरखपुर से 30 सवारी लेकर जयपुर जा रही डबल डेकर निजी बस के चालक को शनिवार देर रात औरास थानाक्षेत्र के पंचम खेड़ा गांव के पास एक्सप्रेस-वे पर झपकी आ गई। बारिश होने के चलते अनियंत्रित हुई बस डिवाइडर से टकराकर सड़क पर पलट गई। हादसा होते ही यात्रियों में चीख पुकार मच गई। इसमें बस सवार बिहार प्रांत के पश्चिमी चंपारण जिला के थाना पटखवली क्षेत्र के नरवल मंझरिया निवासी साकिर अंसारी, मो. शफी अंसारी, शमशाद व देवरिया जनपद के थाना इकौना के पलिया गांव निवासी उमेश कुमार पुत्र भूरे व उसकी पत्नी ममता घायलहो गईं।

● पैबस के चालक को झपकी आ जाने से हुआ हादसा

राहगीरों की सूचना पर औरास एसओ अशवनी मिश्र फोर्स के साथ पहुंचे और यूपीडा कर्मियों के साथ रेस्क्यू कर फंसे यात्रियों को निकलवाया गया। पांचों घायलों को आनन-फानन एंबुलेंस से सीएचसी औरास में इलाज के लिए भेजा गया। वहीं अन्य यात्रियों को दूसरे साधन से उनके गंतव्य को भेजा गया।

### एक्सप्रेस-वे पर अनियंत्रित स्कूटी डिवाइडर से टकराई

**गंजमुरादाबाद।** नई दिल्ली के मोहल्ला जमरतपुर निवासी तरुण (22) स्कूटी से लखनऊ से दिल्ली जा रहा था। तभी रास्ते में कोतवाली बांगरमऊ क्षेत्र में लखनऊ-आगरा एक्सप्रेस-वे पर गांव देवखरी के सामने रविवार सुबह स्कूटी डिवाइडर से टकराकर पलट गई। इसमें स्कूटी सवार सड़क पर गिरकर घायल हो गया। सूचना पर पहुंची एंबुलेंस उसे सीएचसी लाई। जहां चिकित्सक ने उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया। पुलिस ने घटना की सूचना घायल के परिजनों को दे दी है।

### सड़क हादसे में घायल हुए तीसरे युवक ने भी तोड़ा दम

**गंजमुरादाबाद उन्नाव।** बेहटा मुजावर थानांतर्गत लखनऊ-आगरा एक्सप्रेस-वे पर निर्माणाधीन गंगा एक्सप्रेस-वे पर बीती रात तेज रफ्तार बाइक अनियंत्रित होकर पलटने से घायल हुए तीसरे युवक ने भी लखनऊ के ट्रामा सेंटर में इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। इससे पूर्व बाइक सवार दो युवकों की पहले ही मौत हो चुकी है। बता दें कि हरदोई जिले के मल्लावां में रहने वाला गोविंद (20) वेल्डिंग की दुकान किये था। वह दुकान में काम करने वाले मल्लावां निवासी अनुज (19) व विकास (18) के साथ बीती शनिवार रात बाइक से लखनऊ से हरदोई जाते समय एक्सप्रेस-वे पर बेहटा मुजावर थानांतर्गत निर्माणाधीन गंगा एक्सप्रेस-वे पर पुलिया में बाइक टकराकर पलटने से गंभीर घायल हो गए थे। उन्हें जब बांगरमऊ स्वास्थ्य केंद्र लाया गया तो वहां मौजूद डॉक्टर ने गोविंद व अनुज को मृत घोषित कर दिया था। जबकि विकास को गंभीर देख कानपुर के हैलट अस्पताल भेजा गया था। लेकिन, परिजन उसे निजी अस्पताल ले गए थे। जहां हालत में सुधार न होने पर रविवार सुबह उसे लखनऊ ट्रामा सेंटर भेजा गया था। जहां देरशाम छह बजे उसने भी इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। एसओ फूल सिंह ने बताया कि हादसे में घायल हुए तीसरे युवक की मौत हो गई है।

# स्वच्छता के लिये प्रेरित कर दिलाई शपथ

संवाददाता नवाबगंज उन्नाव


स्वच्छता की शपथ लेते लोग। अमृत विचार

**अमृत विचार।** स्वच्छ भारत मिशन के तहत वेस्ट टू वंडर पार्क में कर्मचारियों को स्वच्छता के लिए प्रेरित कर शपथ दिलाई गई। वहीं नगर वासियों को स्वच्छता के प्रति प्रेरित करने के लिए कस्बे में जन जागरूकता रैली निकाली गई।

स्वच्छ भारत मिशन के तहत नगर पंचायत कार्यालय परिसर स्थित वेस्ट टू वंडर पार्क में रविवार को स्वच्छ भारत मिशन ब्रांड एंबेसडर रोहित गुप्ता ने सफाई कर्मियों को स्वच्छता के प्रति जागरूक करने व अन्य को प्रेरित करने के लिए स्वच्छता शपथ दिलाई। जिसमे कहा गंदगी न करने व अन्य को गंदगी न करने के लिए अपने क्षेत्र में हर हफ्ते 2 घंटे स्वच्छता के लिए श्रमदान करने के साथ दूसरों को भी इन गतिविधियों के लिए प्रेरित करने और स्वच्छ भारत मिशन के प्रति अन्य को जागरूक करने के साथ इसका क्षेत्र में प्रचार प्रसार करने आदि के लिए प्रेरित किया।

● वेस्ट टू वंडर पार्क में पौधरोपण करके कार्यक्रम की शुरुआत की गई

स्वच्छ व पर्यावरण सुधार के लिए वेस्ट टू वंडर पार्क में पौधरोपण से कार्यक्रम की शुरुआत हुई। ब्रांड एंबेसडर रोहित गुप्ता व प्रभारी लिपिक तुफैल अहमद के नेतृत्व में नगर वासियों को स्वच्छता व स्वच्छ भारत मिशन के प्रति प्रेरित करने के लिए, जन जागरूकता रैली निकाली गई। इस दौरान सफाई नायक परमेश्वर, सुधीर कुमार, राजन, संदीप कुमार, बंटू आदि कर्मी मौजूद रहे।

# रामलीला की तैयारी, 70 फीट का होगा रावण

संवाददाता शुक्लागंज उन्नाव


नारदानंद ऋषि आश्रम में लीला के मंचन के लिये बनाया जाता मंच। अमृत विचार

**अमृत विचार।** हर साल की तरह इस बार भी दशहरा महोत्सव की तैयारियां जोरों पर हैं। शुक्लागंज में तीन अलग-अलग स्थानों पर रामलीला का मंचन होने जा रहा है, जिसमें बालूघाट स्थित नमामि गंगे घाट पर होने वाली रामलीला का इस बार स्थान परिवर्तन हुआ है और इस बार लीला गोपीनाथपुरम में कराई जायेगी। इस रामलीला का विशेष स्थान है। यह रामलीला इस वर्ष 49वीं बार आयोजित की जाएगी। जो शुक्लागंज की सबसे पुरानी रामलीला है।

आयोजन समिति के सदस्यों वीरेन्द्र शुक्ला, कमल वर्मा, प्रदीप शुक्ला ने बताया कि इस बार रावण की ऊंचाई 60 फीट होगी, जो मुंह से आग के गोले निकालकर दर्शकों का मनोरंजन करेगा। रामलीला का आयोजन 2 अक्टूबर से 13 अक्टूबर तक किया जाएगा। इस साल रावण के अलावा अन्य पात्रों के लिए भी विशेष तैयारियां की गई हैं। इसी के साथ स्वामी नारदानंद दशहरा महोत्सव और श्री रामलीला मंचन 3 अक्टूबर से 13 अक्टूबर तक आयोजित किया जाएगा। समिति के महामंत्री योगेश मिश्रा ने बताया कि लीला स्थल की सफाई कर दी गई है और मंच का निर्माण तेजी से चल रहा है। सभी कलाकार बेहतर प्रदर्शन के लिए तैयार हैं, जिससे इस बार की रामलीला और भी यादगार बन सके। वहीं 70 फीट का रावण बनाया जायेगा। जिसके लिये अच्छे कारीगरों को बुलाया गया है। वहीं आतिशबाजी भी जमकर होगी। वहीं, पोनी रोड स्थित श्री सार्वजनिक शुक्लागंज रामलीला समिति के पदाधिकारी प्रेम शुक्ला, नन्हकू मिश्रा और मनोज त्रिवेदी ने बताया कि उनकी रामलीला का मंचन 7 अक्टूबर से 13 अक्टूबर तक होगा। इसमें कलाकार अपनी कला का प्रदर्शन करके लीला में चार चांद लगाएंगे। इस वर्ष की रामलीला आयोजन समिति ने दर्शकों से अपील की है कि वे इस सांस्कृतिक महोत्सव का हिस्सा बनें और परिवार के साथ रामलीला का आनंद लें।

● गोपीनाथपुरम का 60 फीट ऊंचा बनेगा रावण, मुंह से उगलेगा अंगारे

# 9 किलो गांजा के साथ पकड़े गए तस्कर

**उन्नाव।** सदर कोतवाली पुलिस ने उन्नाव-लालगंज हाईवे पर वाहन चेकिंग करते समय एक कार से नौ किलो मादक पदार्थ (गांजा) बरामद किया। पुलिस ने कार सवार दो युवकों को पकड़ कर एनडीपीएस एक्ट में कार्रवाई करते हुए तस्करी में प्रयोग की जा रही कार को सीज किया है।

बता दें कि शनिवार रात उन्नाव-लालगंज हाईवे पर सदर कोतवाली पुलिस मुखबिर की सूचना पर संदिग्ध वाहनों को चेक कर रही थी। तभी ललऊखेड़ा गांव के पास नहर किनारे पुलिस टीम ने एक कार को चेकिंग के लिए रोका। तलाशी में कार से नौ किलो गांजा बरामद हुआ। जिस पर कार सवार प्रेमप्रकाश तिवारी उर्फ पिंटू पुत्र रमाशंकर निवासी गांव आलूवामई थाना मानीकपुर प्रतापगढ़ व बजरंग बहादुर उर्फ सावन सिंह पुत्र राजप्रताप निवासी गांव करमचन्द्र पुर थाना जेठवारा प्रतापगढ़ को हिरासत में लेकर कोतवाली लाया गया। पूछताछ में युवकों ने मादक पदार्थ की तस्करी करने की बात कबूल की।


स्वास्थ्य मेले में मरीज का परीक्षण करते डॉक्टर। अमृत विचार

# जन आरोग्य मेला में हुआ 43 मरीजों का स्वास्थ्य परीक्षण

संवाददाता शुक्लागंज उन्नाव

**अमृत विचार।** रविवार को न्यू प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र शुक्लागंज में मुख्यमंत्री जन आरोग्य मेला आयोजित किया गया, जिसमें नगर और आस-पास के क्षेत्रों से 43 मरीजों ने भाग लिया। मेले में उपस्थित एलोपैथिक डॉक्टरों ने मरीजों का परीक्षण किया और उन्हें आवश्यक दवाइयां प्रदान कीं। डॉ. शिप्रा झा, डॉ. रश्मि वर्मा, डॉ. अर्चना गुप्ता और विमल किशोर जैसे विशेषज्ञों ने न केवल मरीजों का परीक्षण किया, बल्कि उन्हें स्वास्थ्य संबंधी परामर्श भी दिया। स्वास्थ्य कर्मियों ने बताया कि मेले में चर्म रोग, लीवर, पेट, सांस, मधुमेह, उच्च रक्तचाप, खून की कमी, गर्भावस्था, सर्दी, जुकाम और बुखार से संबंधित विभिन्न समस्याओं वाले मरीज आए। मेले में अस्पताल के अन्य स्वास्थ्य कर्मियों, जैसे सिद्धार्थ बाजपेई, अमित कुशवाहा और अखिलेश, ने भी सक्रिय भूमिका निभाई। इस प्रकार के स्वास्थ्य मेलों का आयोजन नियमित रूप से किया जाएगा ताकि अधिक से अधिक लोगों को स्वास्थ्य सेवाएं मिल सकें और जागरूकता बढ़ सके।

# किसान सम्मान निधि का जिले के किसानों को इंतजार

कार्यालय संवाददाता,उन्नाव

**अमृत विचार।** प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि की 18वीं किस्त का इंतजार कर रहे जिले के किसानों के लिए खुशखबरी है। कृषि विभाग ने ई-केवाईसी प्रोसेस पूरा करने वाले किसानों का डाटा भेज दिया है। केंद्र सरकार अक्टूबर महीने में जिले के 4 लाख 30 हजार 713 किसानों के खाते में 2000 रुपये ट्रांसफर कर सकती है।

केंद्र सरकार द्वारा किसान सम्मान निधि योजना देश भर के किसानों को आर्थिक रूप से मजबूत बनाने को लेकर शुरू की गई है। केंद्र सरकार अभी तक किसानों को 17वीं किस्त जारी कर चुकी है। अब जिले के किसानों को 18वीं किस्त का इंतजार है। जिले के सदर, पुरवा, बीघापुर, हसनगंज, बांगरमऊ व सफीपुर आदि क्षेत्रों के किसान पीएम किसान सम्मान निधि की अगली किस्त के बारे में पूछताछ कर रहे हैं। जिला कृषि अधिकारी शशांक चौधरी ने बताया कि पीएम किसान सम्मान निधि की 17वीं किस्त किसानों के खाते में जून माह में आई थी। इस साल 31 अक्टूबर को दीवाली है। ऐसे में केंद्र सरकार द्वारा दीवाली के पूर्व किसानों के खाते में दो हजार रुपये ट्रांसफर होने की पूरी उम्मीद है। कृषि विभाग ने ई-केवाईसी प्रोसेस पूरा करने वाले किसानों का डाटा भेज दिया है। योजना के तहत केंद्र सरकार हर साल किसानों के खाते में छह हजार रुपये ट्रांसफर करती है। किसानों की यह रकम तीन किस्तों में मिलती है।


खेतों में निकला अजगर।

### हाजीपुर में निकला आठ फीट लंबा अजगर

**शुक्लागंज उन्नाव।** रविवार दोपहर हाजीपुर गांव के पास खेतों में काम कर रहे किसानों के बीच अचानक एक आठ फीट लंबा अजगर दिखाई दिया, जिससे हड़कंप मच गया। स्थानीय लोगों ने तुरंत वन विभाग को सूचना दी। अजगर को गांव के बाहर एक ईंट भट्ठा के पास देखा गया। सूचना मिलते ही ग्रामीणों की भीड़ इकट्ठा हो गई और खेतों में चर रहे जानवरों को सुरक्षित स्थान पर ले जाया गया। किसी भी घटना से बचने के लिए वन विभाग की टीम को बुलाया गया। शाम को पहुंची वन विभाग की टीम ने अजगर को पकड़ लिया और उसे जंगल में छोड़ दिया।

# 188 मेधावी छात्र-छात्राओं का किया सम्मान

संवाददाता शुक्लागंज उन्नाव


ब्रम्हसभा के सम्मान समारोह में मेधावियों के साथ खड़े मुख्य अतिथि। अमृत विचार

**अमृत विचार।** ब्रह्मसभा शुक्लागंज द्वारा प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी मेधा सम्मान समारोह का आयोजन रविवार को गीता अतिथि लॉन में किया गया। इस समारोह में मुख्य अतिथि रमाकांत मिश्र, प्रदेश संयोजक शिक्षण संस्थान प्रकोष्ठ भाजपा, डॉ. दिवाकर मिश्र, विमलेश अवस्थी और नगर पालिका परिषद गंगाघाट के चेयरमैन प्रतिनिधि संदीप पाण्डेय उपस्थित रहे।

समारोह में सत्र 2023-24 की हाईस्कूल और इंटर की परीक्षा में 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त करने वाले शुक्लागंज नगर के छात्रों को प्रशस्ति पत्र और स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के दौरान लगभग 188 मेधावी छात्रों का सम्मान किया गया, जिनमें प्रमुख रूप से आयुष गुप्ता, प्रत्यक्ष मिश्रा, रिया सिंह, युवराज, प्रिंस, सत्यार्थ, मानस त्रिवेदी, सुहानी कुशवाहा, लक्ष्य द्विवेदी, काश्वी शुक्ला, तुलसी पाण्डेय, इशिका पाण्डेय, क्षितिज कुमार, आयूष पाल और आदेश कुमार शामिल थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता ब्रह्मसभा के अध्यक्ष अंजनिकांत मिश्र ने की। अनुज तिवारी, आशुतोष शुक्ला, रवि शुक्ला, ओम प्रकाश मिश्र, जयशंकर मिश्र, राजीव मिश्र, वीरेन्द्र शुक्ला, संतोष तिवारी, अंजनी अग्निहोत्री, श्रीकान्त त्रिवेदी, योगेन्द्र देव त्रिपाठी, डॉ. तारकेश्वर पांडेय, राहुल तिवारी, संतोष मिश्र, सत्यकुमार उपाध्याय, जितेन्द्र बाजपेई, शिवसरण अग्निहोत्री, अवनीश शुक्ला, श्री प्रकाश मिश्र, रामनारायण द्विवेदी, विनोद तिवारी, सूर्यकमार बाजपेई आदि मौजूद रहे।

## सार-संक्षेप

### सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत विभिन्न प्रतियोगिताओं का हुआ आयोजन

**सफीपुर।** भाजपा प्रदेश संगठन के निर्देश पर चल रहे सेवा पखवाड़ा के तहत सफीपुर के एक कॉलेज में कला में संवाद, संभाषण व निबंध लेखन वोकल फॉर लोकल कला व पेंटिंग विकसित भारत-2047 विषय पर विद्यार्थियों ने अपनी प्रतिभा प्रदर्शित की। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व जिला महामंत्री सरोज सिंह चौहान उपस्थित रहे। सेवा पखवाड़े में लोकल फॉर वोकल का आयोजन स्थानीय महात्मा गांधी इंटर कॉलेज में किया गया। जहां विद्यार्थियों को कला व प्रिंटिंग व भाषण संवाद आदि प्रतियोगिताएं कराकर मेधावियों का सम्मान हुआ। इस दौरान प्रधानाचार्य मनीष कुमार सहित अन्य स्टाफ मौजूद रहा। वहीं कस्बे के कालिंद्री महात्मा गांधी बालिका इंटर कॉलेज में भी सेवा पखवाड़े के तहत कार्यक्रम हुआ। जहां भाजपा के क्षेत्रीय किसान मोर्चा के उपाध्यक्ष सौरभ बाजपेई राजा बेटा मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद रहे। इसमें भाग लेने वाली बालिकाओं से बात करते हुए हमेशा राष्ट्रहित में कार्य करने व सेवाभाव को जीवन का लक्ष्य बनाकर जगत कल्याण करने का संकल्प दिलाया। इस दौरान पूर्व सभासद विनोद मिश्र, सोनू श्रीवास्तव, रुस्तम उद्दीन आदि उपस्थित थे।


स्वास्थ्य मेले में मरीज का परीक्षण करते डॉक्टर। अमृत विचार

### पुण्यतिथि पर बालूघाट मोड़ पर हुआ विशाल भंडारा

**शुक्लागंज उन्नाव।** मिश्रा कॉलोनी निवासी समाजसेवी शिव प्रसाद त्रिपाठी उर्फ शिव बाबा पंडा की पहली पुण्यतिथि रविवार को भंडारे के साथ मनाई गई। बालूघाट मोड़ के पास आयोजित इस कार्यक्रम में परिजनों ने हवन पूजन और शांति पाठ कर श्रद्धांजलि अर्पित की। सुबह से शाम तक चले भंडारे में आने जाने वाले लोगों ने पूड़ी-सब्जी का प्रसाद ग्रहण किया। वैदिक मंत्रों के बीच हवन पूजन का आयोजन हुआ, जिसने कार्यक्रम को और भी विशेष बना दिया। इस अवसर पर नगर के राजनीतिक नेताओं और कई सामाजिक संगठनों के पदाधिकारी भी उपस्थित रहे। विजया त्रिपाठी, सभासद विशाल त्रिपाठी, आकाश, समीर और छोटू जैसे परिवार के सदस्य भी इस महत्वपूर्ण दिन का हिस्सा बने।

### भाजपा ने विशेष सदस्यता अभियान चलाया

**शुक्लागंज।** भाजपा केन्द्रीय नेतृत्व के आवाहन पर रविवार को यहां विशेष सदस्यता अभियान चलाया गया। अभियान में बीस कार्यकर्ताओं को अलग-अलग वार्डों में जिम्मेदारी सौंपी गई थी, जिनसे 100 नए सदस्यों का लक्ष्य निर्धारित किया गया था। इस अभियान का नेतृत्व सदस्यता प्रभारी अनुराग अवस्थी ने किया। भाजपा नेता सूर्य कुमार बाजपेई ने एक ही दिन में 105 सदस्य बनाकर लक्ष्य को पार किया, वहीं राजेश गुप्ता ने भी 100 सदस्यों की संख्या पूरी की। इस प्रयास में पूर्व मंडल अध्यक्ष अंकुर शुक्ला, पूर्व चेयरमैन मनोज गुप्ता, नंद कुमार मिश्रा, जय सिंह, आदित्य त्रिपाठी, अवनीश शुक्ला, कमलेश सिंह, अमित बाजपेई और अशोक तिवारी आदि रहे।

### सपनों की उड़ान फाउंडेशन ने बालिकाओं को दी साइकिल

**उन्नाव।** ग्राम सिरवैया में सपनों की उड़ान फाउंडेशन की अध्यक्ष खुशी पांडे ने गांव एवं उसके आसपास की कई बेटियों को स्कूल जाने की असुविधा को देखते हुए साइकिल एवं स्कूल बैग का वितरण किया। सपनों की उड़ान फाउंडेशन की स्थापना 2021 में पिता बिंदा पांडे एवं वाइस प्रेसिडेंट माता राधा पांडे के मार्गदर्शन में की गई थी। खुशी का कहना है कि भविष्य में असहाय वृद्धों के लिए ओल्ड एज होम बनाने का सपना है।

### एबीसी लाइन डालने में चार मोहल्लों की सुबह से शाम बिजली गुल

**शुक्लागंज उन्नाव।** बिजली विभाग द्वारा एलटी लाइन की जगह एबीसी केबल डालने के काम के चलते रविवार को नगर के कई मोहल्लों में विद्युत आपूर्ति ठप रही। सुभाष नगर, आनंद नगर, और मिश्रा कालोनी में एबीसी केबल डालने का कार्य किया गया, जिससे एक हजार से अधिक घरों में बिजली रविवार सुबह से शाम तक बंद रही। एसडीओ राजेन्द्र प्रसाद के निर्देश पर अवर अभियंता आशुतोष तिवारी ने सुभाष नगर में यह कार्य शुरू किया। इसके चलते 630 केवीए ट्रांसफार्मर की सप्लाई दोपहर 12 बजे से शाम लगभग 8 बजे तक बंद रही। इससे सुभाष नगर और आनंद नगर के करीब छह सौ घरों को बिजली नहीं मिली। इसी तरह, मिश्रा कालोनी में सुबह 10 बजे से शाम 6 बजे तक चार सौ से अधिक घरों की बिजली गुल रही।

### पुलिस ने अलग रह रहे 39 जोड़ों में कराई सुलह

**उन्नाव।** एसपी दीपक भूकर के निर्देश व वामा सारथी की अध्यक्षता में पुलिस लाइन सभागार व जिले के विभिन्न थाना-कोतवाली की महिला हेल्पडेस्क में पति-पत्नी के विवादित जोड़ों को बुलाया गया। जहां परिवार परामर्शदाताओं व महिला हेल्पडेस्क की टीम द्वारा उनकी काउंसिलिंग कर उनके विवाद खत्म कराते हुए साथ रहने को राजी किया गया। इसके बाद सभी को खुशी-खुशी उनके घर भेजा गया। इस दौरान परिवार परामर्श केंद्र से 11, महिला थाना से 9, गंगाघाट से 5, बांगरमऊ से 4, फतेहपुर चौरासी, औरास, सफीपुर, बेहटा मुजावर से 2-2 और बिहार व हसनगंज से 1-1 जोड़े को बिना विवाद साथ रहने के वादे के साथ विदा किया गया। इसमें डा. आशीष श्रीवास्तव प्रभारी परिवार परामर्श समिति व सलाहकारों में डा. मनीष सिंह सेंगर, संजय चौरसिया, डॉ. एसके पांडेय, डॉ. शशी रंजना अग्निहोत्री, डॉ. रामसनेही यादव, तबस्सुम नफीस, शबिहा उमर, शिल्पी श्रीवास्तव, डॉ. अवसार अली, सागीर अहमद, सहयोगी अंकित सिंह, शिवेन्द्र सिंह, स्वास्तिक मिश्रा व पुलिस टीम से निरीक्षक संतोष कुमारी सिंह, महिला थानाध्यक्ष अर्चना, महिला दरोगा मिथिलेश कुमारी, भागीरथी, महिला सिपाही पूजा शर्मा, लक्ष्मी, अंशू रानी, साधना, मीनू, सुषमा राजभर, प्रीति चौहान, सुमन, पूनम व लक्ष्मी वर्मा का विशेष योगदान रहा।

### शिक्षण सामग्री के अभाव में शिक्षा से नहीं रहेंगे वंचित बच्चे

**उन्नाव।** परिषदीय विद्यालयों में पढ़ने वाले बच्चों को आर्थिक सहायता देने के लिए प्राथमिक शिक्षक प्रशिक्षित स्नातक एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष संजीव संखवार व कोषाध्यक्ष अमित तिवारी ने बताया कि शासन द्वारा बेसिक शिक्षा विभाग में पाठ्य पुस्तके तो उपलब्ध करवा दी जाती हैं। किन्तु कई बार ग्रामीण क्षेत्रों के गरीब अभिभावक कापियां खरीदने में असमर्थ होते हैं। संजीव ने कहा पीएसपीएसए ब्लाकों व जिले में गरीब बच्चों को कापियां उपलब्ध कराने का एक नया कार्य शुरू कर रहा है। इस समस्या को दूर करने के लिए रनियांमऊ विद्यालय से शुरुवात कर संजीव तथा अमित ने गरीब बच्चों को कापियां वितरित की। अमित ने कहा कि परिषद में पढने वाला कोई भी बच्चा कापियों के अभाव में शिक्षा से वंचित न रहे और सभी तक शिक्षा का प्रकाश पहुचें यही संगठन का उद्देश्य है। देवेन्द्र त्रिपाठी, अनूप साहू, कृपा शंकर, संतोषी, नीरज प्रजापति, राहुल, पूनम, हेमामालिनी, राधा, सुदेवी, सरोजनी रहीं।

**भक्ति की गंगा बही** — श्री श्याम जी दीवाना मित्र मंडल की ओर से श्याम महोत्सव का आयोजन किया गया

# शीश के दानी खाटू वाले श्याम तेरा जयकारा...


श्याम बाबा का कराया गया भव्य श्रंगार।


श्याम बाबा के महोत्सव में मौजूद श्याम प्रेमी। अमृत विचार

संवाददाता शुक्लागंज उन्नाव

**अमृत विचार।** पोनी रोड श्री नगर स्थित प्राथमिक विद्यालय में श्री श्याम जी दीवाना मित्र मंडल की ओर से श्याम महोत्सव का आयोजन किया गया। जहां बाबा का कलकत्ता से आये फूलों से श्रंगार कराकर छप्पन भोग लगाया गया। जिसके बाद भजन मंडली ने एक से बढ़कर एक गीत प्रस्तुत किये। पूरी रात श्याम प्रेमी गीतों में झूमते रहे।

पोनी रोड श्री नगर में श्री श्याम जी दीवाना मित्र मंडल के तत्वावधान में दशम् श्री श्याम महोत्सव का आयोजन हुआ। जिसके बाद श्री श्याम प्रभु के दिव्य विग्रह, अलौकिक श्रृंगार, छप्पनभोग, फूलों की होली, निशान उत्सव, विशाल कीर्तन, श्याम रसोई एवं महाआरती का आयोजन किया गया। जिसके बाद महोत्सव में खाटू वाले बाबा के सुरीले भजन भक्तों को पूरी रात भक्तिरस में सराबोर कर देंगे।

श्याम महोत्सव में खलीलाबाद से हरमहेंद्र सिंह रोमी, दिल्ली से ऋतु पंचाल, ग्वालियर से मनोज शर्मा, दिल्ली से गौरव अस्थाना, कानपुर से अभिषेक शुक्ला और सोनू सुरीले तथा उन्नाव से राजू मिश्रा ने बाबा के भजन प्रस्तुत किये। जिसमें बाबा के गीतों में जो भी आए चौखट इनकी उसकी हर रोज दिवाली भजनों ने सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया, खाटू वाले श्याम धनी की चर्चा हो गयी, शीश के दानी महाबलवानी खाटू वाले श्याम तेरा जयकारा है। पूरी रात श्याम प्रेमी बाबा के भजनों में झूमते रहे।

# जलस्तर घटने से शक्ति नगर में कटान की समस्या गंभीर

शुक्लागंज, उन्नाव

**अमृत विचार।** गंगा का जलस्तर चेतावनी बिंदु के नीचे खिसकने के कारण शक्ति नगर के सामने कटान तेज हो गई है। केन्द्रीय जल आयोग ने शनिवार शाम पांच बजे गंगा का जलस्तर 111.640 मीटर और रविवार शाम पांच बजे 111.400 मीटर दर्ज किया, जो 24 घंटे में 24 सेंटीमीटर की गिरावट दर्शाता है।

इस कटान के कारण पूर्व में गंगेश्वर मंदिर के पास दो विशाल पीपल के पेड़ गंगा में समा चुके हैं। अब कटान का खतरा मकानों के निकट पहुंच गया है, जिससे स्थानीय निवासियों में चिंता व्याप्त है। उनके आशियाने खतरे में हैं, और कटान की गति से डर सताने लगा है। वहीं कटान रोकने के लिये प्रशासन की ओर से कोई ठोंस कदम नहीं उठाये गये। जिससे तट के किनारे रहने वाले लोगों को उनके आशियाने उजड़ने का डर सता रहा है। जबकि पूर्व में एसडीएम सदर ने कटान रोकने के लिये सिंचाई विभाग और पालिका प्रशासन को निर्देशित किया था।


कटान की जद में शक्ति नगर बस्ती के सामने बना मकान। अमृत विचार

अमृत विचार
www.amritvichar.com

उपदेशो हि मूर्खाणां प्रकोपाय न शान्तये।
पय :पानं भुजंगानां केवलं विषवर्द्धनम्॥

मूर्खों को दिया हुआ उपदेश उनके क्रोध को बढ़ाता ही है शांत नहीं करता। जिस प्रकार सांपों को पिलाया हुआ दूध हमेशा उनका विष ही बढ़ाता है ।

## संपादकीय

# सुधारों की ओर

मेक इन इंडिया अभियान से देश की अर्थव्यवस्था में ऐतिहासिक बढ़ोतरी हो रही है। भारत को वैश्विक विनिर्माण केंद्र बनाने के लिए इस पहल ने ऐतिहासिक दशक पूरा कर लिया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान पर अभियान जनांदोलन बना है। देश में प्रत्यक्ष विदेशी निवेश का लगातार बढ़ना भी हमारे मेक इन इंडिया की सफलता की गाथा कह रहा है। वास्तव में देश को मैन्युफैक्चरिंग और इनोवेशन का केंद्र बनाना देशवासियों के सामूहिक संकल्प को दर्शाता है। प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में इस कार्यक्रम ने घरेलू निर्माण को बढ़ावा देने, नवाचार को बढ़ावा देने, कौशल विकास को बढ़ाने और विदेशी निवेश को सुविधाजनक बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। रविवार को मन की बात कार्यक्रम में प्रधानमंत्री मोदी ने मेक इन इंडिया अभियान के 10 वर्ष पूरे होने का उल्लेख करते हुए कहा कि अभियान की सफलता में देश के बड़े उद्योगों से लेकर छोटे दुकानदारों तक का योगदान शामिल है। अभियान के तहत अब जिन दो चीजों पर फोकस किया जा रहा है, उसमें पहला गुणवत्ता यानि देश में बनी चीजें वैश्विक मानकों की हों। दूसरा है 'वोकल फॉर लोकल यानी, स्थानीय चीजों को ज्यादा से ज्यादा बढ़ावा मिले। विभिन्न क्षेत्रों पर मेक इन इंडिया पहल के सकारात्मक प्रभाव नजर आते हैं। विश्व बैंक की ईज आफ डूइंग बिजनेस रिपोर्ट में वर्ष 2014 में 142वें स्थान से वर्ष 2019 में 63वें स्थान पर पहुंचने से व्यापार की स्थिति में सुधार के लिए भारत की प्रतिबद्धता को स्पष्ट करता है। अभियान का ही असर है कि पिछले दस साल में भारत में हर घंटे एक स्टार्टअप लांच हुआ। सरकार के निरंतर प्रयासों से 30 जून तक मान्यता प्राप्त स्टार्टअप की संख्या बढ़कर 1,40,803 हो गई है, जिससे 15.5 लाख से अधिक प्रत्यक्ष रोजगार सृजित हुए हैं। 2014 से 2024 तक 667.4 अरब अमेरिकी डॉलर का संचयी प्रवाह आकर्षित किया है, जो पिछले एक दशक (2004-14) की तुलना में 119 फीसदी की वृद्धि को दर्शाता है। पिछले एक दशक में विनिर्माण क्षेत्र में एफडीआई इक्विटी प्रवाह 165.1 अरब अमेरिकी डॉलर तक पहुंच गया है, जो पिछले एक दशक (2004-14) की तुलना में 69 फीसदी की वृद्धि को दर्शाता है, जिसमें 97.7 अरब अमेरिकी डॉलर का प्रवाह देखा गया था। भारत लगातार सुधारों की दिशा में आगे बढ़ रहा है। परंतु देश में निर्मित वस्तुओं की प्रतिस्पर्धात्मकता में वृद्धि जैसी चुनौतियों के चलते अभियान के तहत सफलता के साथ ही कुछ कमियां भी देखी गईं। अभियान का उद्देश्य आयात को कम करके निर्यात को बढ़ावा देना था, लेकिन निर्यात को बढ़ावा देने में अपेक्षित परिणाम नहीं मिल सके। इसके लिए देश में व्यापार के लिए स्वस्थ वातावरण का निर्माण जरूरी है।

# जन भागीदारी से ही साकार होगा विकसित भारत का सपना



महेश चंद गुप्ता
सेवानिवृत्त प्रोफेसर, दिल्ली

भारत में आर्थिक असमानता एक बड़ी बाधा है। अमीर और गरीब के बीच की खाई तेजी से बढ़ रही है। एक ओर जहां कुछ क्षेत्रों में लोगों की आय और जीवन स्तर में वृद्धि हुई है, वहीं दूसरी ओर बड़ी संख्या में लोग गरीबी झेल रहे हैं। ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों के बीच आर्थिक असमानता भी स्पष्ट है। विकसित भारत के लिए हम जितना करें, उतना ही कम है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी लंबे समय से विकसित भारत की बात कर रहे हैं। हाल के अमेरिका दौरे में भी प्रधानमंत्री मोदी ने इस बात को दोहराया है। देश का सपना एक विकसित राष्ट्र बनने का है और इसके लिए चलाए जा रहे अभियान के पीछे भारत की आर्थिक, सामाजिक और तकनीकी प्रगति को तेज गति देने का उद्देश्य निहित है। इसमें कोई दो राय नहीं कि विकसित भारत अभियान का मुख्य उद्देश्य देश की समग्र प्रगति को सुनिश्चित करना है, जिससे सभी नागरिकों को समान अवसर और सुविधाएं मिल मिलना संभव हो सके। अभियान के तहत बुनियादी ढांचे, शिक्षा, स्वास्थ्य, कृषि, उद्योग, विज्ञान और प्रौद्योगिकी आदि कई प्रमुख क्षेत्रों पर ध्यान केंद्रित किया जा रहा है।

प्रधानमंत्री बार-बार भारत को विकसित बनाने के अपने संकल्प को दोहराते हैं, लेकिन बड़ा सवाल यह है कि क्या देश की जनता इस सपने को साकार करने में मन से जुड़ी हुई है? सरकार की कोशिश अपनी जगह है, पर हम लोग इस सपने को साकार करने के लिए क्या योगदान दे रहे हैं? क्या सचमुच इस अभियान से हमारा उतना जुड़ाव है, जिसकी जरूरत महसूस की जा रही है? इन सवालों पर गहन चिंतन करने की जरूरत है। कोई भी काम जनता की भागीदारी के बिना पूरा नहीं किया जा सकता है। हमारे लिए विकसित भारत का सपना केवल सिर्फ आर्थिक दृष्टि से नहीं, बल्कि सामाजिक, शैक्षिक और सांस्कृतिक दृष्टि से भी महत्वपूर्ण है। इस सपने को तभी साकार किया जा सकता है, जब इसमें जन-जन का जुड़ाव हो।

विकसित भारत के लिए जन आंदोलन की आवश्यकता है। जन आंदोलन बनने पर ही इसमें हर नागरिक की भागीदारी सुनिश्चित कर पाना संभव है। अगर हम अतीत पर नजर डालते हैं तो हमें जन भागीदारी के सफल उदाहरण दिखाई पड़ते हैं। एक समय ऐसा था, जब हमारे देश में लोगों का पेट भरने के लिए भी अनाज उत्पादन नहीं होता था। देशवासियों का पेट भरने के लिए अनाज का आयात अपरिहार्य था, मगर याद कीजिए, जब देश ने अन्न उत्पादन में आत्मनिर्भर बनने की ठान ली तो जन-जन की भागीदारी इसमें हुई तो वह सपना साकार होने में देर न लगी। दुग्ध क्रांति का सपना भी ऐसा ही एक उदाहरण है। अन्न व दूध उत्पादन में सफलता के पीछे व्यापक जन जुड़ाव रहा है। देश को विकसित बनाने के लिए जन-जन को जागरूक करना ही होगा। नागरिकों को उनके कर्तव्यों के प्रति जागरूक करना आवश्यक है। विकसित भारत सामाजिक न्याय और समानता की नींव पर ही खड़ा हो सकता है। जातिवाद, भेदभाव और असमानता के खिलाफ जन आंदोलन आवश्यक हैं। ऐसे आंदोलनों में युवाओं की भागीदारी विशेष रूप से जरूरी होगी। इसके साथ-साथ शिक्षा और रोजगार के अवसरों में समानता सुनिश्चित करना भी आवश्यक है।

> विकसित भारत सामाजिक न्याय और समानता की नींव पर ही खड़ा हो सकता है। जातिवाद, भेदभाव और असमानता के खिलाफ जन आंदोलन आवश्यक हैं। ऐसे आंदोलनों में युवाओं की भागीदारी विशेष रूप से जरूरी होगी।

इसके लिए शिक्षा प्रणाली में सुधार की दरकार है ताकि सभी वर्गों के बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्राप्त हो सके। रोजगार के अवसरों को बढ़ाना भी उतना ही जरूरी होगा। शिक्षा प्रत्येक देश के विकास का आधार होती है, लेकिन भारत की शिक्षा प्रणाली में अभी बहुत से सुधारों की दरकार है। हालांकि सरकार ने नई शिक्षा नीति बनाकर इस दिशा में काम शुरू किया है, मगर ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों के बीच शिक्षा का असंतुलन, उच्च गुणवत्ता वाले शिक्षकों की कमी और बुनियादी ढांचे की कमी एक बड़ी समस्या है, जिसका समाधान करने की जरूरत है। वहीं, स्कूली शिक्षा के साथ ही व्यावसायिक और तकनीकी शिक्षा तथा श्रम शक्ति के कौशल विकास पर भी ध्यान केंद्रित करना होगा। हमारे विश्वविद्यालयों की वैश्विक रैंकिंग में सुधार करना सबसे जरूरी काम है, जिसे विशेष अभियान के रूप में लिया जाना चाहिए। विकसित भारत के एक महत्वपूर्ण पहलू के रूप में पर्यावरण को भी देखना चाहिए। औद्योगिक क्रांति के बिना विकसित भारत की कल्पना कर पाना बेहद मुश्किल है। अब छोटे-बड़े उद्योगों की स्थापना के लिए कदम बढ़ाने होंगे। आधुनिक तकनीक का सही उपयोग विकसित भारत की भावना को मजबूत करेगा। ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य सुविधाओं का अभाव और शहरी क्षेत्रों में बेहतर सेवाओं की ऊंची कीमतें एक बड़ी समस्या है। भारत की बड़ी आबादी के लिए पर्याप्त स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करना एक चुनौती है।

भारत में आर्थिक असमानता एक बड़ी बाधा है। अमीर और गरीब के बीच की खाई तेजी से बढ़ रही है। एक ओर जहां कुछ क्षेत्रों में लोगों की आय और जीवन स्तर में वृद्धि हुई है, वहीं दूसरी ओर बड़ी संख्या में लोग गरीबी झेल रहे हैं। ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों के बीच आर्थिक असमानता भी स्पष्ट है। विकसित भारत के लिए हम जितना करें, उतना ही कम है। एक मजबूत और विकसित राष्ट्र बनने के लिए बुनियादी ढांचा आवश्यक है, लेकिन भारत इस क्षेत्र में अभी भी काफी पीछे है। विकसित भारत की परिकल्पना को साकार करने के लिए देश के प्रशासनिक ढांचे में भी सुधार अपेक्षित है, क्योंकि भ्रष्टाचार, नौकरशाही और निर्णय लेने में देरी से विकास परियोजनाओं में बाधाएं आती हैं। सरकार की विभिन्न नीतियों और योजनाओं का प्रभावी कार्यान्वयन न होने से भी विकास दर पर असर पड़ता है। अगर राजनीतिक और प्रशासनिक प्रक्रियाओं में पारदर्शिता और दक्षता बढ़ाई जाए तो यह देश के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकती है। हमारे देश की बड़ी आबादी खेती पर निर्भर है, इसलिए यह सुनिश्चित बनाना होगा कि किसानों की आय को बढ़ाया और उन्हें आधुनिक कृषि तकनीकों से लैस किया जाए। कृषि उत्पादन और गुणवत्ता में सुधार के लिए कृषि क्षेत्र में नवाचार और वैज्ञानिक शोध को प्रोत्साहित करना तथा ग्रामीण क्षेत्रों में बुनियादी सुविधाओं का विस्तार कर ग्रामीण विकास को गति देना भी उतना ही जरूरी है।

भारत की तेजी से बढ़ती जनसंख्या देश के विकास के समक्ष एक प्रमुख चुनौती और बाधा है। बढ़ती जनसंख्या के कारण देश के संसाधनों पर अत्यधिक दबाव पड़ रहा है। वर्तमान में देश की जनसंख्या 140 करोड़ है, यूनाइटेड नेशन के अनुसार, जिसके 2050 में 167 करोड़ हो जाने का अनुमान है। इसके विपरीत चीन की जनसंख्या 130 करोड़ रह जाएगी, क्योंकि चीन अपनी जनसंख्या पर तेजी से नियंत्रण कर रहा है। इसके विपरीत हम जनसंख्या के मुकाबले में चीन को पीछे छोड़ आए हैं। जनसंख्या के दबाव में स्वास्थ्य सेवाएं, शिक्षा, रोजगार और अन्य बुनियादी सुविधाओं की मांग में वृद्धि हो रही है, लेकिन उपलब्ध संसाधन बढ़ती जनसंख्या के मुकाबले अपेक्षित गति से नहीं बढ़ पा रहे हैं। जनसंख्या के दबाव के कारण हमें अनेक समस्याएं झेलनी पड़ रही हैं। किसी भी विकसित देश में उच्च प्रति व्यक्ति आय, क्वालिटी ऑफ लाइफ, बेहतर शिक्षा व स्वास्थ्य, स्टैंडर्ड ऑफ लिविंग महत्वपूर्ण हैं, लेकिन हमारे देश की जीडीपी अभी पांच ट्रिलियन भी नहीं है, जबकि अमेरिका की 30 ट्रिलियन और चीन की 20 ट्रिलियन है। अमेरिका में प्रति व्यक्ति आय 77 हजार डॉलर और चीन में 13 हजार डॉलर है जबकि भारत में प्रति व्यक्ति आय 2400 डॉलर यानी करीब नब्बे हजार रुपये ही है। आने वाले सालों में भारत में प्रति व्यक्ति आय 15 से 20 हजार डॉलर हो, तभी हम स्टैंडर्ड ऑफ लिविंग की बात कर सकते हैं। अभी तो हमारे यहां क्वालिटी ऑफ लाइफ कमजोर है। स्टैंडर्ड ऑफ लिविंग नहीं है। ह्यूमन डवलपमेंट इंडेक्स में 193 देशों में भारत 134 वें नंबर पर है। अगर जनसंख्या इसी रफ्तार से बढ़ती रही तो हम कभी भी विकसित भारत नहीं बन पाएंगे।

भारत को विकसित राष्ट्र बनाने के लिए हमारी जीडीपी में आठ से नौ प्रतिशत की बढ़ोतरी आवश्यक है। पिछले दस सालों में 25 करोड़ लोगों को गरीबी की रेखा से ऊपर लाने में सफलता मिली है, लेकिन अभी बहुत बड़ी तादाद में लोग गरीबी की रेखा से नीचे जीवनयापन कर रहे हैं। विकसित भारत बनने की राह में जो भी बाधाएं हैं, उन्हें दूर करना होगा। नीतिगत सुधार जरूरी हों, वहां सरकार को आगे आना होगा, जहां जनता के काम करने की जरूरत हो, वहां जनता को स्वतः स्फूर्त खड़ा होना होगा। ऐसा होने पर ही भारत विकसित देशों की श्रेणी में शामिल हो सकेगा और अपनी पूरी क्षमता का उपयोग कर सकेगा। विकसित भारत का सपना भारत के लोगों द्वारा भारत के लोगों के लिए ही देखा जा रहा है, यह अहसास हर किसी को होना चाहिए।

## प्रसंगवश

# वेश्याएं : हेय नहीं प्रेय भी

सामान्यतया समाज में वेश्याएं हेय मानी जाती हैं, लेकिन आदि काल से हर सभ्यता में इनका अस्तित्व रहा है। हम अपने देश और समाज की ही बात करते हैं। यह वर्ग पूरी तरह हेय या घृणास्पद नहीं था। इनका सम्मान भी होता रहा है।

वैदिक काल में इन्हें सद्वर्णी कहते थे और ये लाल रंग के परिधान और आभूषण धारण करती थीं। इन्हें शुल्क वसूल करके जीविकोपार्जन की अनुमति थी, उसके पहले इनका विवाह देवता से कर दिया जाता था। ये देव दासियां भी कही गईं। शुल्क लेकर रति न करने पर दोगुना अर्थ दंड देना होता था और ऐसा ही पुरुष के बारे में भी था। यदि वह रमणोत्तर शुल्क न दे, तो दूना अर्थदंड देय होता था। वाल्मीकि रामायण में श्रीराम की वन से अयोध्या वापसी पर भरत ने शत्रुघ्न को उनके स्वागतार्थ पुर वासियों को एकत्र करने का निर्देश दिया है, जिसमें कहा गया है कि 'सूत, बैताल, राज महिषियां, गणिकाएं, ब्राह्मण आदि एकत्र किए जाएं। यही भरत जब वन में राम को मनाने के लिए गए और भारद्वाज आश्रम पर दल-बल के साथ रुके, तो ऋषि ने ब्रह्मा और कुबेर से कहकर बड़ी संख्या में सुंदरियां वहां बुलवाईं और चार रूपसियां सिर्फ भरत की सेवा में लगाईं, जिन्होंने नाच-गान आदि से उन्हें प्रसन्न किया। गणिकाओं के संघ भी थे। महाभारत में युद्ध के पहले जब श्रीकृष्ण समझौता प्रयास हेतु हस्तिनापुर गए तो कौरव पक्ष ने उनके स्वागतार्थ बहुत सी वेश्याएं भी भेजीं। उद्योग पर्व में युधिष्ठिर ने कौरवों को जो संदेश भेजा उसमें वेश्याओं के लिए भी शुभकामनाएं प्रेषित कीं।



रघोत्तम शुक्ला
सेवानिवृत्त पीसीएस

गांधारी के दीर्घकालिक गर्भ धारण काल में धृतराष्ट्र की सेवा एक वेश्या ने की, जिससे युयुत्सु नामक पुत्र भी उत्पन्न हुआ। उसका पालन-पोषण शिक्षा अन्य कौरवों की भांति ही रहा। वह धर्मात्मा भी था। पुराणों में भगवान द्वारा एक गणिका के उद्धार की भी कथा है। बौद्धकाल में वैशाली की आम्रपाली वेश्या जितनी श्लाघनीय थी, उतनी ही सम्मानिता भी। तथागत भी उसे 'आर्या अम्बा' कहते थे। तत्सयय स्त्रियों को भिक्षुणी न बनाने का प्रचलन था, किंतु भगवान बुद्ध ने उसे बनाया। शारदीय नवरात्र निकट हैं और दुर्गा जी की मूर्तियां निर्मित करने के लिए वेश्यालय की मिट्टी का भी समावेश किया जाएगा।

# बिना वर्दी की नौकरी बनाम वर्दी वाली नौकरी

प्रदेश सरकार ने पिछले सप्ताह निर्णय लिया है कि राजस्व विभाग के लेखपाल, भूलेख निरीक्षक तथा नायब तहसीलदार अब निर्धारित पोशाक पहनेंगे ताकि भीड़ के मध्य उनकी पहचान सुनिश्चित हो सके तथा अवैध कब्जा अतिक्रमण आदि हटाने जैसे राजस्व कार्यों के निर्वहन के दौरान घटाने वाली अप्रिय घटनाओं में उनका बचाव सुनिश्चित किया जा सके। यूं तो प्रत्येक काल में वर्दी वाली सेवा के प्रति राज्य के नागरिकों में विशेष लगाव रहा है, परंतु बिना वर्दी के राज्य की सेवा करने और वर्दी पहन कर राज्य की सेवा करने की परिस्थियां सर्वथा भिन्न होती हैं। सामन्यतः वर्दी वाले सेवाओं में आम आदमी का सबका पुलिस की वर्दी वाली सेवा से अधिक पड़ता है। हालांकि देश के कुछ राज्यों में सेना और अर्धसैनिक बलों वाली वर्दी के व्यवहार आदि से भी आम नागरिक परिचित होते रहे हैं।

यूपीएससी जैसी कठिन परीक्षा को पास करने के बाद भारत की सर्वोच्च प्रशासनिक सेवा में जाने का सौभाग्य जिन्हें मिला उन्हें आईएएस के रूप में बिना वर्दी की सर्वोच्च सेवा में शामिल होने का अवसर मिलता है। इसी परीक्षा के माध्यम से जिन्हें आईपीएस अथवा आईआरएस के रूप तैनाती मिलती है, वह वर्दी वाली सेवा होती है। ठीक इसी प्रकार राज्य लोक सेवा आयोग की परीक्षा के माध्यम से सफल अभ्यर्थियों को राज्य प्रशासनिक सेवा पीसीएस के रूप में बिना वर्दी की सेवा करने का अवसर प्राप्त होता है तथा इसी परीक्षा के माध्यम से पीपीएस, एआरटीओ, एक्साइज आदि विभाग की वर्दी के साथ सेवा का अवसर प्राप्त होता है। अखिल भारतीय सेवाओं तथा राज्याधीन सेवाओं में वर्दी और बिना वर्दी की सेवा के रूप में विभाजन तत्कालीन नीति नियंताओं की दूरदर्शिता का परिणाम था। पौराणिक काल का संदर्भ लें तो राजा रामचंद्र से लेकर अनेक शासकों के द्वारा अपना राजसी चोला उतारकर आम नागरिक के रूप में जनता के बीच पहुंचकर उनके दुख दर्द जानने के अनेकानेक उदाहरण मिलते हैं। यह उदाहरण इस तथ्य को समझने के लिए पर्याप्त हैं कि आमजन शासन की पहचान धारित करने वाली पोशाक की तुलना में सामान्य वेशभूषा में उनसे मिलने वालों के प्रति अधिक सहज अनुभव करते रहे हैं।



डॉ .अशोक कुमार शुक्ला
सहायक भूमि व्यवस्था आयुक्त, राजस्व परिषद, उत्तर प्रदेश

> वास्तव में आम जनता के मध्य जब एक वर्दी धारण करने वाला अधिकारी और बिना वर्दी धारण किए कोई अधिकारी जाता है तो जनता बिना वर्दी वाले अधिकारी के प्रति अधिक सहज होती है।

वास्तव में आम जनता के मध्य जब एक वर्दी धारण करने वाला अधिकारी और बिना वर्दी धारण किए कोई अधिकारी जाता है तो जनता बिना वर्दी वाले अधिकारी के प्रति अधिक सहज होती है। उत्तर प्रदेश एक ऐसे राज्य के रूप में मान्यता प्राप्त है, जिसमें आजादी के बाद रियासतों के विलय के उपरांत नवाबों और जमींदारों के अधिकार में विद्यमान भूमि के अधिकारों को बिना किसी रक्तिम क्रांति के अत्यंत सहजता के साथ नागरिकों के मध्य स्वामित्व स्थानांतरण के रूप में जमीदारी कानून बनाकर लागू कर दिया गया। हालांकि इसकी पृष्ठभूमि में संत विनोबा द्वारा समूचे प्रदेश में की गई भूदान यात्रा के द्वारा दस्यु हृदय परिवर्तन और भूदान हेतु बनाए गए वातावरण की महती भूमिका रही है । कालांतर में भूदान के अंतर्गत दान में प्राप्त समस्त भूमि को ग्राम सभा के नियंत्रण में देकर स्वयं ग्राम सभा द्वारा उसके व्यवस्थापन की नीति बनाई गई। स्थानीय भूमि के व्यवस्थापन की इस नई नीति ने लेखपाल को ग्राम भूमि प्रबंधक समिति के सचिव के रूप में प्रतिष्ठा प्रदान की तो उसके पर्यवेक्षक अधिकारी भूलेख निरीक्षक और नायब तहसीलदार को ग्राम सभा की भूमि के समुचित व्यक्तियों के मध्य वितरण और उचित प्रबंधन की धुरी में स्थापित किया।

महात्मा गांधी के ग्राम स्वराज के अनुरूप विकास की धुरी ग्राम में केंद्रित रखने की मुहिम के अंतर्गत त्रिस्तरीय पंचायती राज व्यवस्था को अपनाने वाले प्रदेश में बढ़ती हुई आबादी और सीमित भूमि की उपलब्धता के साथ स्थानीय राजनैतिक स्वार्थों के मध्य राजस्व विभाग के मुलाजिमों को ऐसी स्थिति में लाकर खड़ा कर दिया कि उनकी निष्ठाएं ग्राम स्वराज और शासन के प्रति न होकर सत्ताधारी राजनैतिक दलों के अनुरूप होती चली गई। कदाचित इसी परिस्थिति के चलते राजस्व विभाग के कर्मचारी जनता से कटते चले गए और आज ऐसी स्थिति में पहुंच गए हैं कि गांव के लेखपाल को अपने तैनाती स्थल पर जाकर भूमि की नाप जैसे मूलभूत कार्य करने के दौरान भी विरोध का सामना करना पड़ता है ।

ऐसे में शासन का यह निर्णय इस विभाग के कार्मिकों के लिए एक नई पहचान स्थापित करने में मील का पत्थर साबित होगा। बशर्ते कार्मिक पोशाक की गरिमा को बरकरार रखकर सावधानी और निष्ठापूर्वक अपने कर्तव्यों का निर्वहन करे अन्यथा कई अन्य बदनाम वर्दियों में एक और नई वर्दी का नाम भी शामिल हो सकता है।

## सोशल फोरम

# संक्षिप्तीकरण के संकट

आजकल एआई (कृत्रिम बुद्धिमता) का उपयोग अक्सर दिखता है। जब कोई घटना होती है, जैसे हवाई दुर्घटना या पायलटों की हड़ताल, तब वही एआई एयर इंडिया हो जाता है। एआई के जमाने में एआई ने खबरों में धमाका कर दिया।

अमेरिका जाने वाली उड़ान में खाने के पैक में कॉकरोच निकला। इतना कार्रवाई के लिए काफी था, क्योंकि यह लापरवाही की हद है, लेकिन शिकायतकर्ता ने भी नाटक में दृश्य जोड़ दिया कि खाने से बच्चा बीमार हो गया। यह सब तो जांच से मालूम होगा कि कॉकरोच पहले दिखा या थोड़ा बहुत खाने के बाद, लेकिन एक घटना याद आती है।



अजय तिवारी
वरिष्ठ लेखक, नई दिल्ली

एक दमा का मरीज गंभीर हालत में वैद्य जी के पास गया। पल भर भी खांसी रुक नहीं रही थी। वैद्य जी अंदर घर में गए। वैद्य जी ने पत्नी से थोड़ा-सा गुड़ मांगा, हथेली पर रखकर उसे चूरा किया। कपड़ों वाला लकड़ी का बड़ा संदूक खोला। उसमें से तीन-चार कॉकरोच पकड़े, उनके पंख उखाड़कर फेंके और कॉकरोचों को गुड़ में मिलाकर मसल दिया। उस सामग्री से चार-पांच छोटी-छोटी गोलियां बनाईं। बाहर आए और एक-एक करके दस-पंद्रह मिनट के फासले से मरीज को वे गोलियां खिला दीं। आधा घंटा बीतते-बीतते मरीज की खांसी के साथ बलगम निकलने लगा। घंटे भर में उसे राहत मिल गई और उसके परिजन उसे लेकर वापस चले गए।

> आज सोशल मीडिया है, जहाज की घटना का सोशल मीडिया से ही सब जगह प्रचार हुआ। माध्यम खुद बुरा नहीं होता, उपयोग अच्छा या बुरा होता है।

एक ओर गांव से बनारस तक की यात्रा में कॉकरोच की वजह बीमार आदमी को राहत मिल गई और दिल्ली से न्यूयॉर्क तक की यात्रा में कॉकरोच से बच्चा बीमार हो गया। तब सोशल मीडिया नहीं था। वैद्य जी के जादुई असर का व्यापक प्रचार नहीं हुआ। आज सोशल मीडिया है, जहाज की घटना का सोशल मीडिया से ही सब जगह प्रचार हुआ। माध्यम खुद बुरा नहीं होता, उपयोग अच्छा या बुरा होता है।

– फेसबुक वॉल से

# माइक्रोप्लास्टिक : पर्यावरण से मानव मस्तिष्क तक

हाल ही में मानव मस्तिष्क में माइक्रोप्लास्टिक के मौजूद होने की पुष्टि हुई है। अमेरिका के नेशनल इंस्टीट्यूट आफ हेल्थ की ओर से प्रस्तुत किए गए एक शोध के अनुसार इंसानी दिमाग के ऊतकों में शरीर के अन्य अंगों की अपेक्षा बीस गुना अधिक माइक्रोप्लास्टिक पाया गया। यह अध्ययन यूनिवर्सिटी ऑफ न्यू मैक्सिको, ओक्लाहोमा स्टेट यूनिवर्सिटी एवं न्यू मैक्सिको ऑफिस ऑफ द मेडिकल इन्वेस्टिगेटर से जुड़े शोधकर्ताओं के द्वारा किया गया है। मानव शरीर में प्लास्टिक की मौजूदगी निस्संदेह गंभीर चिंता का विषय है।

आखिरकार हमारे शरीर में प्लास्टिक का प्रवेश कैसे संभव हुआ? इसका सीधा सा उत्तर है कि हमारे द्वारा अंतर्ग्रहण की जाने वाली वस्तुओं के माध्यम से ही प्लास्टिक का जहर हमारे भीतरी अंगों तक पहुंचा है। अब इन पदार्थों में भोजन, पानी एवं हवा तीनों शामिल हैं। शोध में यह पाया गया कि वर्ष 2016 एवं 2024 के बीच उपलब्ध नमूनों में समय के साथ माइक्रोप्लास्टिक की मात्रा में तीव्र दर से वृद्धि हुई है। ऐसा पाया गया है कि वर्ष 2024 के नमूनों में वर्ष 2016 के नमूनों की तुलना में पचास प्रतिशत तक अधिक माइक्रोप्लास्टिक की मौजूदगी पाई गई। स्पष्ट है कि समय के साथ मस्तिष्क में माइक्रोप्लास्टिक की मात्रा लगातार बढ़ती ही जा रही है। गौरतलब है कि मानव शरीर के अन्य अंगों जैसे रक्त, नसों, फेफड़े, किडनी, लीवर, अस्थि मज्जा, घुटने एवं कोहनी के जोड़ तथा प्रजनन अंगों में भी माइक्रोप्लास्टिक की मौजूदगी के सबूत मिल चुके हैं। हालिया शोध में मनुष्य के मूत्र, वीर्य एवं स्तन के दूध तक में भी माइक्रोप्लास्टिक की उपस्थिति को प्रमाणित किया गया है। सर्वाधिक चिंताजनक बात यह है कि मस्तिष्क में माइक्रोप्लास्टिक की मौजूदगी शरीर के अन्य अंगों की अपेक्षा बीस प्रतिशत तक अधिक पाई गई है। इस बढ़ते प्लास्टिक प्रदूषण के पीछे कहीं न कहीं मानवीय गतिविधियां ही जिम्मेदार हैं।



शिशिर शुक्ला
असिस्टेंट प्रोफेसर
शाहजहांपुर

> प्लास्टिक का प्रयोग पर्यावरण को बुरी तरह प्रभावित कर रहा है। इंसानी शरीर में माइक्रोप्लास्टिक की मौजूदगी इसी का दुष्परिणाम है।

हम अपने दैनिक जीवन पर गौर करें तो यह पाएंगे कि शायद ही कोई क्षेत्र अथवा पहलू ऐसा हो जो प्लास्टिक से अछूता रह गया हो। खाने-पीने, लिखने-पढ़ने, उठने-बैठने से लेकर घूमने-फिरने तक प्रत्येक गतिविधि में किसी न किसी रूप में प्लास्टिक शामिल है, बल्कि अगर यह कहा जाए कि हमारा जीवन ही प्लास्टिकयुक्त हो चुका है तो इसमें कुछ भी गलत न होगा। प्लास्टिक का प्रयोग पर्यावरण को बुरी तरह प्रभावित कर रहा है। इंसानी शरीर में माइक्रोप्लास्टिक की मौजूदगी इसी का दुष्परिणाम है। प्लास्टिक आज के समय में भूमि, जल एवं वायु को प्रदूषित करने वाला सबसे बड़ा कारक है। महासागरों की सतह पर भी प्लास्टिक का ढेर जमा हो चुका है। भूमि पर तो जहां-तहां प्लास्टिक बिखरा ही हुआ है। मानव के द्वारा निष्कासित कचरे की कुल मात्रा का लगभग दस प्रतिशत प्लास्टिक कचरा है। प्लास्टिक का यह कचरा पर्यावरण, पारिस्थितिकी तंत्र एवं अंतिम रूप से मानव शरीर के लिए पूर्णतया घातक है। वर्तमान में माइक्रोप्लास्टिक की समस्या एक वैश्विक संकट का रूप ले चुकी है।

संयुक्त राष्ट्र की पर्यावरण संरक्षण एजेंसी के द्वारा वर्ष 2011 में प्लास्टिक का श्रेणी विभाजन किया गया था। इसमें 20 मिलीमीटर से अधिक आकार वाले प्लास्टिक को मैक्रोप्लास्टिक, 5 से 20 मिलीमीटर आकार वाले प्लास्टिक को मध्यम प्लास्टिक एवं 5 मिलीमीटर से कम आकार वाले प्लास्टिक को माइक्रोप्लास्टिक के अंतर्गत रखा गया है। आकार की सूक्ष्मता ही माइक्रोप्लास्टिक के खतरे को और अधिक गंभीर रूप दे देती है। दरअसल माइक्रोप्लास्टिक के कण हवा, भोजन एवं पानी के माध्यम से बेहद सरलतापूर्वक मानव शरीर में प्रवेश कर जाते हैं। शरीर के अंदर पहुंचकर ये कण रक्त के माध्यम से मानव मस्तिष्क तक पहुंच जाते हैं। शरीर में पहुंचने के उपरांत माइक्रोप्लास्टिक कोशिकाओं की कार्यप्रणाली को बुरी तरह प्रभावित करता है। नतीजतन कैंसर जैसे रोग शरीर पर बड़ी तेजी से आक्रमण करते हैं। आज माइक्रोप्लास्टिक के कण विश्व में हर जगह मौजूद हैं। आखिरकार इस विकट समस्या का समाधान क्या है? इतना तो निश्चित है कि यदि समस्या को गंभीरतापूर्वक लेते हुए इसके निवारण पर विचार न किया गया तो भविष्य में यह समस्या मानव शरीर के लिए एक नितांत खतरनाक संकट उत्पन्न करेगी। आंकड़े बताते हैं कि प्रत्येक वर्ष अनेकों मिलियन मीट्रिक टन प्लास्टिक महासागरों में प्रवाहित कर दिया जाता है। इसमें से अधिकांश मात्रा सूक्ष्म प्लास्टिक की होती है। महासागरों में दिन प्रतिदिन लगने वाला माइक्रोप्लास्टिक का ढेर महासागरीय तापमान में वृद्धि का एक प्रमुख कारण है।

माइक्रोप्लास्टिक के कारण जन्म लेती समस्याओं एवं चुनौतियों के निस्तारण हेतु व्यक्ति से लेकर विश्व तक प्रत्येक स्तर पर ठोस सुरक्षात्मक कदम उठाए जाने की महती आवश्यकता है। दरअसल माइक्रोप्लास्टिक जीवन की लगभग सभी प्रक्रियाओं से उत्पन्न हो रहा है। कपड़े धोने, गाड़ी चलाने से लेकर जटिल औद्योगिक गतिविधियों एवं प्लास्टिक की रीसाइक्लिंग तक से माइक्रोप्लास्टिक के कणों का जन्म हो रहा है। समुद्र की गहराइयों से लेकर पर्वत की चोटियों तक माइक्रोप्लास्टिक के कण पहुंच चुके हैं। यदि हम सब ने अभी से इस समस्या के निवारण हेतु ठोस कदम नहीं उठाए तो भविष्य में हमारी आने वाली पीढियों इसका खामियाजा भुगतना पड़ सकता है।

# मानसिक तनाव मुक्त जीवन महत्वपूर्ण



जो खोल लेते दिल अपना यारों के साथ/ तो आज खोलना न पड़ता औजारों के साथ। एक ओपन हार्ट सर्जरी ऑपरेशन थिएटर के बाहर लिखी हुई ये पंक्तियां हृदय के स्वास्थ्य के लिए एक बहुत महत्वपूर्ण कारक की ओर संकेत करती हैं। ये बताती हैं कि एक मानसिक तनाव-मुक्त जीवन हमारे हृदय के स्वास्थ्य के लिए बहुत महत्वपूर्ण बिंदु है। यदि हम मित्रों के साथ हंसते-बोलते रहेंगे, अपनी मानसिक परेशानियों को ऐसे लोगों के साथ साझा करते रहेंगे जो उन्हें समझ सकते हैं और हमें कुछ राहत पहुंचा सकते हैं, तो हमारा मानसिक तनाव कम रहेगा और इस बात का अच्छा प्रभाव हमारे हृदय पर पड़ेगा।

मानसिक तनाव से मुक्त रहने पर हमारा रक्तचाप कम रहता है। रक्तचाप कम रहने से हमारे दिल पर बोझ कम पड़ता है। अधिक रक्तचाप का अर्थ होता है - खून की नलियों का प्रतिरोध अधिक है और हृदय को अधिक दबाव के साथ खून को आगे फेंकना पड़ रहा है। लंबे समय तक ऐसा होने पर हृदय ढीला हो कर बढ़ जाता है और अपना कार्य अच्छी तरह से नहीं कर पता है। तब कन्जेस्टिव हार्ट फैलियर नामक बीमारी हो सकती है। रक्तचाप बढ़ने से दिमाग, आंखों, फेफड़ों अथवा किसी अन्य महत्वपूर्ण स्थान की नस फट सकती है और व्यक्ति को गंभीर हानि पहुंच सकती है।



डॉ .राजीव अग्रवाल
चिकित्सक, शाहजहांपुर

विश्व हृदय दिवस पर मैं यह संदेश देना चाहता हूं कि हम स्वास्थ्य के सामान्य नियमों का पालन करते रहें, हम अपने मन में क्षोभ, क्रोध, असंतोष, हठ न रखें, हम अपने मन में प्रेम-भाव रखें। जीवन बहुत छोटा है यह प्रेम बांटने के लिए ही पर्याप्त नहीं है तो फिर हम मन की खराब भावनाओं के लिए समय कैसे निकाल सकते हैं? हमें नहीं मालूम है कि हमारी इस जीवन-यात्रा में हमारा पड़ाव कब आ जाए।

अभी कुछ दिन पहले लखनऊ मेडिकल कॉलेज के मुझसे अनेक वर्ष जूनियर -जो अब एसजीपीजीआई में हृदय रोग विशेषज्ञ थे - की मृत्यु हो गई। क्या हम जानते हैं कि हम यहां पर कब तक के लिए हैं? तो हम यहां जब तक के लिए हैं, तब तक प्रेम, स्नेह और सेवा जैसे भावों से मन को आप्यायित रखें। जहां यह चीज अन्य लोगों को सुख पहुंचाएगी, वहीं यह हमारे अपने शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य के लिए भी बहुत लाभदायक होगी। जीवन में जहां अन्य अनेक बातें महत्वपूर्ण हैं, वहीं ये बातें भी अत्यंत महत्वपूर्ण हैं। श्रीमद्भगवद्गीता में इस बात को ऐसे कहा गया है ...क्रोधाद्भवति संमोहः संमोहात्स्मृतिविभ्रमः/ स्मृतिभ्रंशाद बुद्धिनाशो बुद्धिनाशात्प्रणश्यति।

# मकान ढहा, भाई-बहन की मौत

## थाना इंदरगढ़ के गोपालपुर में हुआ हादसा, लगातार बारिश से हो गया था कमजोर

संवाददाता तिर्वा

**अमृत विचार।** पिछले दिनों लगातार हुई बारिश से कच्चा मकान कमजोर हो गया। परिवार रात के समय छत पर सो रहा था कि तभी दीवार समेत छत ढह गई। इससे पूरा परिवार मलबे में दब गया। घटना में सभी छह लोग घायल हो गए। जोरदार आवाज सुनकर दौड़े लोगों ने किसी तरह सभी को मलबा हटाकर निकाला और सीएचसी पहुंचाया। यहां डॉक्टर ने जांच के बाद तीनों भाई-बहनों को मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया। यहां डॉक्टर ने भाई और एक बहन को मृत घोषित कर दिया।



विवेक।

जानकारी होने पर तहसील प्रशासन के लोगों ने मौके पर जाकर जांच पड़ताल की। मृतकों के परिजनों को आठ लाख की सहायता राशि दैवी आपदा राहत कोष से प्रदान की गई है। इसका प्रमाणपत्र गांव पहुंचे विधायक कैलाश राजपूत ने दिया।

थाना इंदरगढ़ के गोपालपुर निवासी रामदास पुत्र पुत्तूलाल (45), अपनी पत्नी फगुनी (40), पुत्रियों सरिता (12) व अंजली (14), पुत्र विवेक (10) तथा पिता पुत्तूलाल के साथ कच्चे मकान में रहता है। लगातार कई दिन से हो रही बारिश से उसका कच्चा मकान कमजोर हो गया था। शनिवार को रामदास पूरे परिवार के साथ छत पर सो रहा था। तड़के करीब तीन बजे मकान की छत गिरने लगी। सो रहे लोग जब तक कुछ समझ पाते तब तक दीवार समेत छत भरभराकर गिर पड़ी।

सोते समय हुए हादसे में सभी लोग मलवे में दब गए। शोरगुल को सुनकर मोहल्ले के लोग जाग गए। ग्रामीणों ने उसी समय मलवा हटाने का काम शुरू करके दबे लोगों को बाहर निकाल कर आनन फानन में हसेरन सीएचसी पहुंचाया। यहां डॉक्टरों ने सरिता, विवेक व अंजली की हालत गंभीर देखकर मेडिकल कालेज भेज दिया।

मेडिकल कॉलेज के डॉक्टर ने विवेक और सरिता को मृत घोषित कर घायल अंजली को भर्ती कर उपचार शुरू कर दिया।



मकान का मलबा व घटनास्थल पर लगी भीड़। अमृत विचार



मेडिकल कालेज में भर्ती घायल अंजली।

- घायलों को मेडिकल कालेज में कराया गया भर्ती, किशोरी की हालत गंभीर

### पक्की छत पाने को तरस रहा था परिवार

तिर्वा। पीएम आवास के लिए कई बार आवेदन करने के बाद भी गरीब परिवार जर्जर मकान में रहने को मजबूर है। सभी जरूरतमंदों को पक्की छत दिलाने का दम भरने वाले प्रशासन के जिम्मेदार बेखबर बने हुए हैं। प्रधानमंत्री व मुख्यमंत्री ने गरीब असहाय लोगों को पक्की छत दिलाने के लिए आवास योजनाएं चलाईं हैं। इसके तहत जरूरतमंदों को पीएम व सीएम आवास का आवंटन किया जाता है। वहीं जिम्मेदार ही सरकार की योजना को पलीता लगाते हुए पात्र लोगों को आवास से वंचित करने का काम कर रहे हैं। ऐसाही एक मामला थाना इंदरगढ़ के कलसान गांव के मजरा विशेनैपुर्वा गांव में सामने आया है। यहां पर पात्र होने के बाद भी महिला को आवास नहीं मिल पाया। गांव निवासी राजेंद्र देवी पत्नी मुन्नू लाल ने बताया कि उनका आधा मकान गिर चुका है और आधा जर्जर है। उनका परिवार इस मकान पर टिन शेड डालकर रह रहा है कभी भी हादसा हो सकता है। अधिकारियों से कई बार लिखित रूप से आवास के लिए मांग की लेकिन सुनवाई नहीं हुई है।

# करंट की चपेट में आकर दिहाड़ी मजूदर की मौत

**असोथर।** थाना क्षेत्र के रामनगर कौहन गांव में बिजली के पोल में चढ़ कर तार जोड़ रहा एक दिहाड़ी मजदूरी करंट की चपेट में आ गया। जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। रामनगर कौहन निवासी हरिपाल बगैर शेप्टी के बिजली के तार पैसे लेकर जोड़ दिया करता था। परिजनों ने बताया कि रविवार को असोथर बिजली उपकेंद्र के जरौली फीडर से रामनगर कौहन कंसापुर को जाने वाली विद्युत लाइन का तार टूट गया था।

जिसे जोड़ने के लिए हरिपाल और कंसापुर निवासी रमेश पासवान ने राम किशोर लाइन मैन से शट डाउन के लिए फोन से बात किया था, लेकिन शट डाउन नहीं हो पाया और हरिपाल पोल में चढ़ कर तार जोड़ने के लिए जैसे ही तार टच किया तो करंट कि चपेट में आने से मौके पर ही उसकी मौत हो गई। घटना होते ही उसका साथी रमेश पासवान मौके से फरार हो गया। मृतक के भाई छत्रपाल ने आरोप लगाया है कि रमेश के कहने से भाई पोल में चढ़ा था। रामकिशोर ने शट डाउन नहीं दिया। जिससे भाई की जान चली गई। जेई जितेंद्र पाल ने कहा हरिपाल का विभाग से कोई लेना देना नहीं है। किसके कहने से तार जोड़ रहा था।

# करंट से 2 किसान भाइयों की जान गई

संवाददाता, मऊ (चित्रकूट)

**अमृत विचार।** किनारे लगे तारों को उठाकर खेत के अंदर जाते समय एक युवा किसान रविवार सुबह करंट की चपेट में आ गया। बचाने की कोशिश में उसके भाई की भी जान चली गई। दो अन्य युवक भी झुलस गए। परिजनों का आरोप है कि पास में लगे बिजली के खंभे में उतरे करंट से यह हादसा हुआ।

यह दुखद घटना मऊ थानांतर्गत बियावल ग्राम पंचायत के मजरे काशीनाथ का पुरवा की है। बताते हैं कि रविवार सुबह राजेंद्र निषाद (42) पुत्र बेनी माधव ने अपने मिर्च के खेत में जाने के लिए लोहे की तारों की बेड़ को उठाया तो करंट की चपेट में आ गया। यह देख पीछे आ रहा उसका भाई अशोक (41), पुत्र सोनू (25) और कमला प्रसाद (25) पुत्र रामअवतार भागकर वहां पहुंचे और जैसे ही राजेंद्र को छुआ, वे भी चिपक गए।

किसी तरह लोगों ने सबको तारों से छुड़ाया और सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लेकर पहुंचे। यहां चिकित्सकों ने राजेंद्र और अशोक को मृत घोषित कर दिया। अन्य घायलों को प्राथमिक इलाज के बाद घर भेज दिया गया।

प्रभारी निरीक्षक विनोद कुमार राय ने बताया कि दोनों युवकों की मौत करंट से हुई है। शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। फिलहाल किसी ने कोई तहरीर नहीं दी है।

**तीन भाइयों में सिर्फ एक बचाः** राजेंद्र, अशोक के अलावा परिवार में सबसे छोटा भाई दुर्गेश है। परिवार में सिर्फ एक भाई बचा। मृतक राजेंद्र का पुत्र सोनू भी हादसे में झुलसा है।

इसके अलावा राजेंद्र के परिवार में पत्नी संगीता देवी, पुत्र अर्जुन और मुनीश हैं। अशोक के परिवार में पत्नी गेंदिया देवी के अलावा दो पुत्र अंकित, सचिन और पुत्रियां निशा और निराशा हैं। दो जवान बेटे खोने से मां मुखली का हाल बेहाल हो गया।



इन तारों में उतरे करंट से भाइयों की गई जान। अमृत विचार

### रिपोर्ट बांदा भेजी गई : एसडीओ

एसडीओ मऊ शिवम गुप्ता ने बताया कि खेत के पास लगे दोनों खंभे सीमेंट के हैं। घटना की जानकारी विद्युत सुरक्षा निदेशालय बांदा को दे दी गई है। जांच की जाएगी। बिजली के खंभों के कारण घटना हुई होगी तो विभागीय मुआवजे के लिए आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

### अन्ना मवेशियों से बचाव को लगाते हैं तार

गांव–मजरों में अन्ना मवेशियों का आतंक किसी से छिपा नहीं। लहलहाती फसल को कब ये चर जाएं, कहा नहीं जा सकता। रात रात भर जागकर किसान फसलों की रखवाली करते हैं। बचाव के इंतजामात करते हैं। खेत के चारों ओर तार, बेड़ लगाकर मवेशियों को रोकने की जुगत करते हैं। इसी तरह के तार राजेंद्र ने भी अपने खेत में लगाए थे, जिसने उसकी और उसके भाई की जान ले ली। परिजनों ने बताया कि तार कसने के लिए इनको पास से निकले बिजली के खंभों से बांधा गया था, जिसमें उतरे करंट से मौत हुई हैं।

# धोखाधड़ी कर बीमा के 88 लाख रुपये हड़पे

संवाददाता फतेहपुर

**अमृत विचार।** दो सगे भाइयों ने धोखाधड़ी कर मृतक की बीमा राशि के 88 लाख रुपये हड़प लिए। दरअसल, सऊदी अरब में एक युवक की सड़क हादसे में मौत हो गई थी। जिसे सऊदी सरकार की ओर से 4 लाख रियाल की धनराशि मिली थी। रुपये मांगने पर मृतक के परिजन को आरोपियों ने जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने आरोपियों पर धोखाधड़ी, गबन आदि की सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच पड़ताल शुरू कर दी है।

बिंदकी कोतवाली क्षेत्र के जिगनी गांव के मुजम्मिल ने तहरीर में बताया कि उसका बेटा सद्दाम सऊदी में ड्राइवर था। बताया कि 28 मई 2020 की देर रात सऊदी अरब में सद्दाम की सड़क दुर्घटना में मौत हो गई। बताया कि गांव के पड़ोस में ही रहने वाले रज्जन का भाई मोहम्मद वसीम अकरम सऊदी अरब में ही मृतक सद्दाम के पास रहता था। सड़क दुर्घटना में सद्दाम की मौत के बाद सऊदी हुकूमत की तरफ से मृतक के परिजन को 4 लाख सऊदी रियाल की बीमा धनराशि स्वीकृत हुई थी। जिसकी इंडियन वैल्यू 88 लाख रुपये है। आरोप है कि 12 जून को पड़ोसी रज्जन ने अपने भाई वसीम के पासपोर्ट और सऊदी के अकामा नंबर के जरिये धोखाधड़ी, जालसाजी व कूट रचित ढंग से नोटरी युक्त पावर ऑफ अटॉर्नी बनवा ली। इसके बाद रज्जन और उसके भाई वसीम ने मिलकर के मृतक सद्दाम के दुर्घटना बीमा के मिले 88 लाख रुपये गबन कर लिए। थाना प्रभारी निरीक्षक संजय पांडेय ने बताया कि पीड़ित की शिकायत पर आरोपी सगे भाइयों पर धोखाधड़ी, जालसाजी, गबन, जान से मारने की धमकी दी।

# आंख में मिर्च डाल लूटने वाले दो बदमाश मुठभेड़ में गिरफ्तार

संवाददाता बसरेहर, इटावा

- 10 दिन पहले ड्राइवर की आंख में मिर्ची पाउडर डालकर लूट ले गए थे ऑटो
- मुठभेड़ में हुई फायरिंग के दौरान सिपाही व एक लुटेरा हुआ घायल
- पुलिस ने लुटेरों के कब्जे से लूटा हुआ ऑटो और असलहे बरामद किए

**अमृत विचार ।** 10 दिन पहले ड्राइवर की आंखों में मिर्ची पाउडर फेंककर ऑटो लूट ले जाने वाले दो बदमाशों को पुलिस ने मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार कर लिया। फायरिंग के दौरान एक लुटेरा गोली लगने से घायल हो गए। जबकि एक सिपाही को भी गोली लग गई। पुलिस ने लुटेरों के पास से लूटा हुआ ऑटो तथा असलहे बरामद किए हैं। घायल सिपाही व लुटेरों को उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

एएसपी ग्रामीण सत्यपाल सिंह ने बताया कि 19 सितंबर तड़के तीन बजे दो युवक शहर के रोडवेज बस स्टैंड से दिव्यांग ड्राइवर अनिल का ऑटो सवारी बनकर किराए पर ले गए और गांव किल्ली रिटोली के मध्य उसकी आंखों में मिर्ची पाउडर फेंककर ऑटो लूट ले गए थे। पुलिस ने मामला दर्ज कर लुटेरों की तलाश शुरू कर दी थी। रविवार सुबह पांच बजे एक सूचना पर बसरेहर थाना प्रभारी समित चौधरी पुलिस फोर्स के साथ लुटेरों की तलाश में रिटोली बंबा पर पहुंचे तो उन्हें एक ऑटो जाता दिखा।

पुलिस ने ऑटो सवारों को रुकने का इशारा किया तो वे भरथना मार्ग की ओर भागने लगे। संदेह होने पर पुलिस ने पीछा किया तो पुलिस को पीछा करते देख बदमाशों ने फोर्स की ओर फायर कर दिया। जिससे सिपाही विनोद घायल हो गया। जवाबी फायरिंग में एक बदमाश अंकित बाथम भी पैर में गोली लगने से गिर गया। फोर्स ने दोनों को ऑटो सहित पकड़ लिया। घायलों को अस्पताल लाया गया। पकडे गए लुटेरों ने भरथना का अंकित बाथम उर्फ शीपू तथा कन्नौज में तिर्वा का विवेक उर्फ मंटू नाम पता बताया। दो तमंचे, कारतूस, फर्जी नंबर प्लेट लगा लूटा हुआ ऑटो, मिर्ची पाउडर व अन्य उपकरण बरामद हुए। इस क्षेत्र में लूट की वारदात को अंजाम देने आए थे लेकिन पकड़े गए। दोनों का आपराधिक इतिहास खंगाला जा रहा है।

# सीओ सिटी की फेक फेसबुक आईडी से ठगी की कोशिश

**कन्नौज।** साइबर ठग इतने बेखौफ हो चुके हैं कि अफसरों तक के नाम पर ठगी करने में जुटे हैं। इस क्रम में अब सीओ सिटी की फेक फेसबुक आईडी बना कर ठग ने लोगों से रुपये की मांग की। जानकारी पर सीओ ने फेसबुक से जुड़े लोगों से रुपये न देने को कहा है। सीओ सदर कमलेश कुमार की फर्जी फेसबुक आईडी से लोगों से रुपयों की मांग की गई। इसकी जानकारी सीओ को तब हुई जब एक मित्र ने फोन लगा कर पूछा कि रुपये की क्या जरुरत पड़ गई? इस पर फेसबुक पर जुड़े सभी मित्रों को मैसेज भेज कर मांगे जा रहे रुपये न देने को कहा है। कोई ठग फेक आईडी बना कर रुपये की मांग कर रहा है। सीओ सिटी ने कहा कि इस तरह की फेक आईडी बनती रहती है। लोग जागरुक रहें तो इन ठगों से बच सकते हैं।

# बेटी के जन्मदिन के दिन करंट लगने से मां की मौत

संवाददाता, सुमेरपुर(हमीरपुर)

**अमृत विचार।** थाना क्षेत्र के मिहुना गांव में बेटी का पहला जन्मदिन मनाने के दौरान मां पंखे का प्लग लगाते समय जंगले (खिड़की) में उतर रहे करंट की चपेट में आ गई। जिसे गंभीर हालत में परिजन सदर अस्पताल लेकर पहुंचे। जहां चिकित्सकों ने देखते ही उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।



कल्पना।

मिहुना गांव निवासी विकास यादव की पुत्री बिट्टो का शनिवार की शाम प्रथम जन्मदिन मनाया जा रहा था। विकास की पत्नी कल्पना (24) बेटी के जन्मदिन के कार्यक्रम में लगी हुई थी। कार्यक्रम संपन्न होने के बाद रात करीब 11:30 बजे बरामदे में पति के लेटने के लिए जब वह पंखे का प्लग लगा रही थी। तभी जंगले में उतर रहे करंट की चपेट में आ गई और बेहोश होकर गिर पड़ी। उसकी चीख सुनकर परिजन उसे इलाज के लिए सदर अस्पताल ले गए, जहां चिकित्सकों ने देखते ही मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। मृतका के भाई जलालपुर थाना क्षेत्र के सुठार गांव निवासी अरविंद ने बताया कि कल्पना उनकी अकेली बहन थी और 2021 में उसकी शादी विकास के साथ हुई थी। उनकी पहली बेटी का पहला जन्मदिन मनाने के दौरान यह घटना हो गई।

# खेत जा रही किशोरी से दुष्कर्म, रिपोर्ट दर्ज

संवाददाता फतेहपुर

**अमृत विचार।** ललौली थाना क्षेत्र के एक गांव में खेतों की ओर जाते समय एक किशोरी को बीच रास्ते से जबरन उठाकर पास की झाड़ियों में ले जाकर दुष्कर्म करने का मामला सामने आया है।

होश आने पर बदहवास अवस्था में पीड़िता घर पहुंची। जिसने परिजनों से आप बीती बताई। पीड़िता बेटी को लेकर पति के साथ आरोपी के घर उलाहना देने पहुंची। आरोप है कि आरोपी बब्लू प्रजापति ने भाई सोनू, चचेरे भाई नत्थू पुत्र स्व गोदामा के साथ एकराय होकर सभी को मारपीट कर गम्भीर रूप से घायल कर दिया। पीड़िता की मां ने पुलिस को आरोपियों के खिलाफ नामजद लिखित तहरीर देकर रिपोर्ट दर्ज कराई है। तहरीर के आधार पर पीड़िता को डॉक्टरी परीक्षण के लिए अस्पताल भेजा है। थाना प्रभारी बच्चेलाल ने कहा कि मुख्य आरोपी बब्लू के खिलाफ पॉक्सो एक्ट के तहत मामला दर्ज कर अन्य सभी आरोपियों के खिलाफ सुसंगत धाराओ में मामला दर्ज कर लिया।

### पड़ोसी युवक ने महिला से किया दुष्कर्म, गिरफ्तार

सरीला (हमीरपुर)। जलालपुर थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी पीड़ित महिला ने थाने में तहरीर देते हुए बताया कि शनिवार रात करीब दो बजे बच्चों के साथ घर के आंगन में टीनशेड के नीचे सो रही थी। पीड़िता का आरोप है कि तभी पड़ोसी सूर्यांश द्विवेदी शौचालय की छत से चुपचाप आंगन में कूद आया और उसका मुंह दबाकर जबरदस्ती दुष्कर्म करने लगा। उसी समय दूसरे कमरे में लेटे पति लघुशंका के लिए उठे तो आरोपी युवक को आपत्तिजनक अवस्था में देख शोर मचाया। शोर सुनकर परिजन आ गए। उन लोगों ने मिलकर आरोपी को कमरे के अंदर बंद कर दिया। परिजनों ने आरोपी युवक का वीडियो भी बना लिया और यूपी 112 पुलिस को अवगत कराया। सूचना पर पहुंची पुलिस आरोपी युवक को ले गई है।

# रेलवे ट्रैक पर रखा पत्थर, किशोर को पुलिस ने पकड़ा

कार्यालय संवाददाता, महोबा

**अमृत विचार।** झांसी-मानिकपुर रेललाइन पर ग्राम सुकौरा के पास खेल-खेल में एक किशोर ने शनिवार को रेलवे ट्रैक पर पत्थर रख दिया। ट्रैक पर पत्थर रखा देख लोको पायलट ने इमरजेंसी ब्रेक लगाकर ट्रेन रोक दी, जिससे बड़ा हादसा टल गया। मौके पर पहुंची पुलिस ने वहीं पशु चरा रहे किशोर को शनिवार को पकड़ लिया। पुलिस की पूछताछ में किशोर ने पत्थर रखने की घटना स्वयं कुबूल की। कबरई थाना क्षेत्र के ग्राम सुकौरा में झांसी मानिकपुर रेलवे ट्रैक के पोल नम्बर 1292/2 और 1293/3 के मध्य एक बड़ा आरसीसी पत्थर किशोर ने खेल-खेल में रख दिया, तभी ट्रेन नंबर 11801 झांसी प्रयागराज पैसेंजर का आना हुआ, लेकिन लोको पायलट ने पत्थर को देखते हुए अचानक इमजेंसी ब्रेक लगाते हुए गाड़ी रोक ली और एक बड़ा हादसे को टाल दिया। अचानक ब्रेक लगने से यात्रियों में अफरा-तफरी मच गई। जानकारी करने पर ट्रैक पर पत्थर रखा देख सभी के होश उड़ गए। लोको पायलट द्वारा पुलिस को सूचना दी गई। सूचना मिलते ही तत्काल आरपीएफ और संबन्धित थाना पुलिस मौके पर पहुंच गई और सबसे पहले पत्थर को ट्रैक से हटाकर ट्रेन को गन्तव्य स्थान के लिए रवाना किया गया।

पुलिस ने घटना की जानकारी करते हुए आसपास के ग्रामीणों और चरवाहों से पूछताछ की। छानबीन करने पर ज्ञात हुआ कि एक किशोर संदिग्ध अवस्था में ट्रैक के पास मवेशी चराने के बाद लौट रहा था, जिस पर पुलिस टीम ने किशोर को पकड़कर पूछताछ की। उसने ट्रैक पर पत्थर रखने की बात बताई। सीओ सीटी दीपक दुबे ने बताया कि रेलवे ट्रैक पर पत्थर रखने वाला किशोर थाना कबरई के ग्राम रैवारा का निवासी है वह आएदिन रेलवे ट्रैक के आसपास मवेशी चराता है जिसे पकड़ लिया गया है और उसके खिलाफ धारा 327 बीएनएस और 150 रेलवे एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है। उधर इस घटना के बाद आरपीएफ और जीआरपी पुलिस ने रेलवे ट्रैक की पैट्रोलिंग को बढ़ा दी है।



ट्रैक पर व ट्रेन के आसपास छानबीन करती पुलिस टीम। अमृत विचार

कवायद | 135 करोड़ की लागत से 40 क्यूसेक क्षमता की पंप कैनाल का होगा निर्माण

# किसानों को एक और लिफ्ट कैनाल का तोहफा जल्द

कार्यालय संवाददाता, हमीरपुर

**अमृत विचार।** सूखे बुंदेलखंड क्षेत्र को एक और लिफ्ट पंप कैनाल का तोहफा मिला है। 135 करोड़ की लागत से 40 क्यूसेक क्षमता की पंप कैनाल का निर्माण होना है। 18 किलोमीटर लंबी इस पंप कैनाल से कुल 1700 हेक्टेयर भूमि सिंचित होगी। हालांकि इस पंप कैनाल से सबसे अधिक फायदा बांदा जनपद के 17 गांवों के किसानों को मिलेगा। जबकि हमीरपुर जिले का एक गांव इस पंप कैनाल से जोड़ा गया है।

सदर तहसील के सुमेरपुर क्षेत्र में स्थित यमुना नदी के दाएं तट पर विंध्यवासिनी भौंरा डांडा पंप कैनाल परियोजना को जल्द ही शासन से हरी झंडी मिलने की उम्मीद है। 40 क्यूसेक क्षमता की इस पंप कैनाल में 135 करोड़ की लागत आएगी और यह 18 किलोमीटर लंबी होगी। इससे 1700 हेक्टेयर भूमि की सिंचाई हो सकेगी। इससे जनपद का एक व बांदा जनपद के 17 गांवों को जोड़ा गया है। इस परियोजना को अमली जामा पहनाने में जल शक्ति राज्यमंत्री व जिले के प्रभारी मंत्री रामकेश निषाद का बड़ा योगदान माना जा रहा है। उन्हीं के प्रयासों से नहर योजना की घोषणा की गई है। परियोजना का गठन लघु डाल नहर उपखंड द्वितीय ने किया है। जिसका प्रोजेक्ट जूनियर इंजीनियर धर्मेंद्र कुशवाहा ने तैयार किया है। लिफ्ट कैनाल के बनने से जिले के भौंरा डांडा गांव सहित बांदा के जसपुरा क्षेत्र के रामपुर, जसपुरा, पैलानी, नारायण, बुधेड़ा, मवई घाट, गाजीपुर, तन्गामऊ, झंझरीपुरवा, कानाखेड़ा, सोनामाऊ, बडागांव, गौरी खुर्द, नरौली आदि गांवों की 1700 हेक्टेयर भूमि सिंचित होगी।



भौंरा डांडा गांव में निरीक्षण करते विभागीय अधिकारी। अमृत विचार

**17** सौ हेक्टेयर भूमि की होगी सिंचाई

परियोजना की स्वीकृति अभी शासन स्तर से नहीं मिली है। स्वीकृति मिलते ही कार्य शुरू कराया जाएगा। कहा कि करीब 135 करोड़ की लागत से इसका निर्माण कराया जाएगा। जिसकी क्षमता 40 क्यूसेक होगी। इससे बांदा जनपद के 17 गांव व हमीरपुर के एक गांव को लाभ मिलेगा।

**शरद चौहान, अधिशासी अभियंता लघु डाल नहर।**

विंध्यवासिनी भौंरा डांडा परियोजना की स्वीकृति जल्द ही मिलेगी। जिसकी सारी औपचारिकताएं पूरी कर ली गई हैं। इस परियोजना के तैयार होने से 1700 हेक्टेयर भूमि में अतिरिक्त सिंचाई हो सकेगी।

**रामकेश निषाद, जल शक्ति राज्यमंत्री।**

# अनौगी चौकी प्रभारी समेत तीन निलंबित

**कन्नौज।** पुलिस अधीक्षक अमित कुमार आनन्द ने लापरवाही पर गुरसहायगंज कोतवाली क्षेत्र की जिला जेल चौकी अनौगी के प्रभारी किशनवीर समेत तीन लोगों को निलंबित कर दिया।

यह निलंबन गैंगस्टर के मामले में किशोरी से दुष्कर्म के सह आरोपी नीलू यादव के जेल से रिहा होने के बाद फरार होने में पुलिस की लापरवाही पर किया गया है। सूत्र बताते हैं कि कोतवाली पुलिस किशोरी से दुष्कर्म के मामले में नवाब सिंह यादव, किशोरी की बुआ व नवाब सिंह यादव के भाई नीलू यादव के खिलाफ गैंगस्टर की कार्रवाई की गई थी। इससे पहले नीलू जेल से बाहर निकल आये और फरार हो गये। एसपी ने इसी मामले को लेकर अनौगी चौकी प्रभारी के खिलाफ निलंबन की कार्रवाई की है। एसपी ने बताया कि जेल चौकी इंचार्ज व दो अन्य कोर्ट मोहर्रिर के खिलाफ कार्रवाई की गई है।

# करंट से मां-बेटे की मौत, बहन झुलसी

कार्यालय संवाददाता, महोबा

**अमृत विचार।** थाना श्रीनगर के ग्राम सिजहरी में छत पर रखी तिल की फसल को लोहे के पाइप से पलटाते समय अचानक पाइप ऊपर से निकली हाईटेंशन लाइन को छू गया। इससे एक महिला और उसे बचाने के प्रयास में उसका पुत्र चिपक गया। भाई चीख सुनकर दौड़ी बहन भी करंट की चपेट में आकर बेहोश हो गई। लोगों ने बिजली लाइन बंद कराने के बाद तीनों को जिला अस्पताल पहुंचाया। जहां मां-बेटे की मौत हो गई जबकि बहन का जिला अस्पताल में उपचार चल रहा है।

थाना श्रीनगर के ग्राम सिजहरी निवासी रामबाई (60) पत्नी धरमजीत की छत से एचटी लाइन निकली है। किसान ने तिल की फसल कटने के बाद छत पर सूखने के लिए रख दी थी, लेकिन अचानक दो दिन से हो रही बारिश के बाद धूप निकलने पर रामबाई लोहे का पाइप लेकर छत पर रखी तिल की फसल को पलटाने लगी, उसी समय लोहे का पाइप एचटी लाइन में छुल गया, जिससे करंट लगने से वह छत पर गिर गई। थोडी दूरी पर खड़ा उसका पुत्र प्रद्युम्न यादव उर्फ ध्रुव उसे बचाने पहुंचा, तभी वो भी करंट की चपेट में आकर गिर गया। ध्रुव की आवाज सुनकर उसकी बहन ऊषा पत्नी अरविंद यादव छत पर पहुंची जैसे ही ध्रुव को पकड़ना चाहा तो उसे जोर का झटका लगने पर वह भी छत पर गिर गई, तभी घर के लोग शोर मचाने लगे। शोर सुनकर ग्रामीण दौड़े और बिजली विभाग को फोन करके लाइन बंद कराई।

बिजली लाइन बंद होने के बाद ग्रामीणों ने मां, बेटा सहित तीनों को जिला अस्पताल पहुंचाया, जहां पर डाक्टरों ने परीक्षण करने के बाद मां-बेटे को मृत घोषित कर दिया, जबकि ऊषा यादव को वार्ड में भर्ती किया गया। पुलिस ने दोनों शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।



करंट से झुलसे लोगों को ट्रैक्टर से अस्पताल ले जाते ग्रामीण। अमृत विचार

# तेंदुए ने किसान को हमला कर मार डाला

मिहीपुरवा, बहराइच

**अमृत विचार।** ककरहा रेंज के के जंगल से सटे धर्मपुर बेझा गांव निवासी एक किसान रविवार को खेत की रखवाली के लिए गए थे। वहीं पर जंगल से आए तेंदुआ ने किसान पर हमला कर मार डाला। खेत से किसान का शव क्षत विक्षत हालत में बरामद हुआ है। सूचना रेंज कार्यालय में दी गई है। पुलिस और वन कर्मियों ने मौके पर पहुंच कर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

कतर्नियाघाट वन्यजीव प्रभाग के ककरहा रेंज के कोतवाली मुर्तिहा अंतर्गत धर्मपुर बेझा ग्राम पंचायत जंगल के निकट है। ग्राम पंचायत के मजरा मैकूपुरवा निवासी कंधई (40) जगजीवन का घर के निकट खेत है। रविवार सुबह किसान अपने खेत के निकट रखवाली कर रहा था। इसके बाद वह बाग में कुछ काम करने लगे। तभी जंगल से निकल कर तेंदुआ आ गया। दोपहर में एक बजे के आसपास तेंदुआ ने किसान पर हमला कर मार डाला। काफी देर बाद परिवार के लोग तलाश करते हुए पहुंचे तो क्षत विक्षत शव देखा। इस पर सभी रोने लगे। सूचना रेंज कार्यालय में दी गई है। लेकिन कोई भी वन कर्मी मौके पर नहीं पहुंचा है। इस मामले में वन क्षेत्राधिकारी डीपी कनौजिया से बात की गई तो उन्होंने बताया कि वह लखनऊ मीटिंग में है। वन दरोगा अशोक श्रीवास्तव से बात की गई तो वह उर्रा वन चौकी में मिले।

### जंगल क्षेत्र में भी लगे सोलर लाइट

- तेंदुआ के हमले को लेकर गांव के लोगों में काफी नाराजगी दिखी। सभी ने कहा कि महसी क्षेत्र में भेड़िया के हमले पर सोलर लाइट घर घर लग रहा है। जबकि इस क्षेत्र में हमेशा बाघ और तेंदुआ का हमला होता है। इसके बाद भी सोलर लाइट नहीं लग रहा है। गांव निवासी अजय यादव समेत अन्य ने जिलाधिकारी से क्षेत्र के प्रमुख स्थानों पर सोलर लाइट लगवाने की मांग की है।

### पगचिह्न मिट गए

जहां पर हमला हुआ है, वहां गांव के लोगों की काफी भीड़ रही। जिसके चलते वन्यजीव के पगचिन्ह मिट गए। वहां मौजूद अन्य निशान और चोट के द्वारा तेंदुआ का हमला है। गांव पहुंच कर लोगों से वार्ता कर रहे हैं। पीड़ित परिवार को मुआवजा मिलेगा।

–बी शिव शंकर डीएफओ

# करवरिया परिवार के राजनीतिक प्रभाव को नीलम ने रखा कायम

मिथलेश त्रिपाठी, प्रयागराज,

**अमृत विचार।** प्रयागराज जिले की मेजा विधानसभा सीट से बीजेपी विधायक रहीं नीलम करवरिया का बीमारी के चलते गुरुवार की देर रात हैदराबाद के एक अस्पताल में निधन हो गया। शनिवार को उनका अंतिम संस्कार रसूलाबाद घाट पर राजकीय सम्मान के साथ किया गया। इससे पहले शुक्रवार व शनिवार को उन्हें श्रृद्धांजलि देने के लिए लोगों का तांता लगा रहा। उन्हें लिवर सिरोसिस की बीमारी के कारण कुछ दिनों से हैदराबाद के निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया था। जवाहर पंडित हत्या मामले में जब उनके पति, जेठ व देवर को जेल हो गई तो उन्होंने करवरिया परिवार के राजनीतिक प्रभाव को बचाने में कोई कसर नहीं छोड़ी। अपने व्यवहार से वे लोगों के बीच काफी लोकप्रिय भी थीं। चित्रकूट जिले के राजापुर के रहने वाली नीलम करवरिया स्व. पूर्व विधायक शिव नरेश मिश्र की पुत्री थीं। इनका जन्म 2 जुलाई 1969 को हुआ था। नीलम ने इंटर तक की पढ़ाई कर्वी से की। बाद में इलाहाबाद विश्वविद्यालय में पढ़ाई के दौरान नीलम की मुलाकात उदयभान करवरिया से हुई। 6 मार्च 1992 को विवाह कर लिया। पुत्र सक्षम और पुत्रियों साक्षी व समृद्धि की मां नीलम ने अपने व्यवहार से करवरिया परिवार को अपना बना लिया।

> जेल की जाहिल दिवारे, वक्त की
> तनहाइयां,प्रिये, मैंने सह लिया
> सब भूलकर रुसवाइयां।
> छोड़ना था साथ तो मुझको बुलाई क्यों
> यहां, अब यही लगता है
> जैसे शून्य हो सारा जहां।

### वर्ष 2017 में बीजेपी से बनी थीं विधायक

- वर्ष 1996 में जवाहर पंडति की हत्या हो गई थी। इस मामले में नीलम के जेठ कपिलमुनि करवरिया,पति उदयभान व देवर सूरजभान को वर्ष 2013 में जेल भेजा गया था। परिवार के रसूख को बचाने के लिए नीलम ने राजनीति में कदम रखा। वर्ष 2019 में जवाहर पंडित हत्याकांड में करवरिया बंधुओं को आजीवन कारावास की सजा सुनाई गई। परिवार के रसूख को बचाने के लिए नीलम ने राजनीति में कदम रखा। मेजा विधानसभा क्षेत्र में नीलम ने अपने पति की कर्मभूमि पर लोगों के सुख-दुख में खूब हिस्सा लिया। काफी लोकप्रियता भी हासिल की। नतीजा यह रहा कि वर्ष 2017 के विधानसभा चुनाव में नीलम ने बीजेपी के टिकट पर जीत हासिल की। पति उदयभान करवरिया मेजा से दो बार भाजपा से विधायक रह चुके हैं। जेठ कपिलमुनि करवरिया फूलपुर से बसपा के टिकट पर सांसद रहे, जबकि देवर सूरजभान करवरिया भी विधान परिषद सदस्य रहे हैं। वर्ष 2022 में नीलम सपा प्रत्याशी से कम अंतर पर चुनाव हार गईं थी। लेकिन क्षेत्र में उनकी मौजदूगी लोगों में लोकप्रियता बढ़ाती रहीं। जनता की समस्याओं को सुनकर उसका समाधान करती थीं।

### पति उदयभान की रिहाई पर खूब खुश थीं नीलम

- सपा के पूर्व विधायक जवाहर पंडित हत्याकांड के मामले में नैनी सेंट्रल जेल में सजा काट रहे भाजपा के बारा के पूर्व विधायक उदयभान करवरिया की कारागार से रिहाई के पहले ही जेल गेट पर उन्हें लेने के लिए उनकी पत्नी नीलम करवरिया, बेटा सक्षम, वैभव समेत परिवार के अन्य सदस्य व रिश्तेदार पहुंचे थे। पित उदयभान के जेल गेट के बाहर आते देखन नीलम को मानों दुनिया की सारी खुशी मिल गई। पूर्व भाजपा विधायक उदयभान करवरिया की रिहाई का आदेश 19 जुलाई को जारी हुआ था। बाद में लिवर सिरोसिस के कारण नीलम का स्वास्थ्य खराब होता गया। बेहतर इलाज के लिए उन्हें हैदराबाद के एक अस्पताल में भर्ती भी कराया गया। लेकिन इलाज के दौरान उन्होंने परिवार को हमेशा के लिए अलविदा कर दिया और करवरिया परिवार से उनका साथ सदैव के लिए छूट गया। प्रयागराज स्थित करवरिया कोठी में एकबार फिर सन्नाटा पसर गया,करवरिया परिवार की खुशी पर ग्रहण लग गया। पति उदयभान द्वारा फेसबुक पर पत्नी नीलम के लिए लिखा पोस्ट वाकई द्रवित कर देने वाला है।

# बेरोजगारी का मुद्दा भी सत्ता की राह में ले रहा परीक्षा

## हरियाणा में खाली पड़े 2 लाख सरकारी पद भरने का वादा कर कांग्रेस युवाओं को लुभा रही




- भाजपा नौकरी में पर्ची-खर्ची का सवाल उठाकर कांग्रेस भ्रष्टाचार पर कर रही प्रहार
- निजी क्षेत्र में राज्य के युवाओं को 75 फीसदी आरक्षण लागू नहीं हो पाया, तमाम भर्तियां लटकीं

मनोज त्रिपाठी, चुनाव डेस्क

**अमृत विचार।** जम्मू-कश्मीर और हरियाणा में विस. चुनाव का प्रचार युद्ध अंतिम चरण में प्रवेश करने के साथ दोनों राज्यों में अगर कोई बात समान रूप से नजर आती है, तो वह बेरोजगारी का मुद्दा है। चुनाव प्रचार के दौरान हरियाणा में कांग्रेस नेता किसानों को न्यूनतम समर्थन मूल्य की कानूनी गारंटी के बाद सबसे ज्यादा तरजीह अग्निवीर स्कीम खत्म करने और राज्य सरकार में खाली पड़े 2 लाख पद भरने के वादे को ही दे रहे हैं। इसके जवाब में भाजपा बिना खर्ची-पर्ची (रिश्वत और पक्षपात) के 2 लाख सरकारी नौकरियां देने का वादा कर रही है। भाजपा के इसी वादे पर पूर्व मुख्यमंत्री कांग्रेस नेता भूपेंद्र सिंह हुड्डा अपनी सभाओं में हमलावर हैं कि हरियाणा को बेरोजगारी में नंबर वन बनाने वाली भाजपा ने 2 लाख सरकारी नौकरियां देने का वादा अपने घोषणा पत्र में शामिल करके स्वीकार कर लिया है कि सरकारी विभागों में कितने पद खाली हैं। राज्य में ज्यादातर लोग बेरोजगारी को बड़ा मुद्दा मानते हैं, लेकिन भाजपा सरकार की इस बात के लिए सराहना भी करते हैं कि उसके शासनकाल में युवाओं को योग्यता के आधार पर नौकरियां मिली हैं।

बेरोजगारी को लेकर कांग्रेस के हमलों की धार कुंद करने के लिए प्रधानमंत्री मोदी और दिग्गज भाजपा नेताओं ने जहां कांग्रेस शासन में खर्ची और पर्ची का मुद्दा आगे कर रखा है, तो कांग्रेस नेता राहुल गांधी बेरोजगारी को भाजपा की देन बताकर प्रचार के दौरान मुद्दे को धार देने के लिए उन युवाओं से मिल रहे हैं जो बेरोजगार हैं या नौकरी के लिए अमेरिका-यूरोप जाने की चाहत में ठगे गए हैं। ऐसे परिवारों से भी मुलाकात की है, जिनके बच्चे विदेशों में नौकरी के लिए संघर्ष कर रहे हैं। दरअसल, इस सच्चाई से कोई इंकार नहीं कर सकता है कि हरियाणा सरकार में 4.50 लाख स्वीकृत पदों के सापेक्ष करीब 2 लाख पद खाली हैं पर भर्ती को लेकर कांग्रेस और अन्य दल पिछले 5 वर्षों में सड़क से लेकर विधानसभा तक में सरकार को घेरते रहे। विस. चुनाव में बेरोजगारी के मुद्दे से निपटने के लिए भाजपा जहां मिशन मेरिट को अपना हथियार बना रही है, वहीं कांग्रेस अदालतों में अटकी भर्तियां और बाहरी राज्यों के युवाओं को नौकरी देने को लेकर हमलावर है। राज्य में आर्थिक सामाजिक अंकों के कारण समूह-ग की 22 हजार से अधिक पदों पर भर्तियां लंबित हैं। समूह-ग की सीईटी दो साल पहले हुई थी। लेकिन तमाम अभ्यर्थी अवसर नहीं मिलने पर हाईकोर्ट चले गए, तब से मामला लटका है। हरियाणा लोक सेवा आयोग की परीक्षा में 50 प्रतिशत अंकों की शर्त के कारण सैकड़ों भर्तियां अटकीं हैं। उधर, गठबंधन सरकार में जेजेपी ने राज्य के युवाओं को निजी क्षेत्र की नौकरियों में 75 फीसदी आरक्षण देने का वादा किया था। सरकार की इस नीति के विरोध में उद्यमी और व्यवसायी हाईकोर्ट चले गए। अब मामला सुप्रीम कोर्ट में है। भाजपा सरकार के सरकारी नौकरियां देने के आंकड़ों को जय हिंद सेना के अध्यक्ष नवीन जयहिंद बाजीगरी बताकर खारिज करते हैं। जयहिंद ने पिछले साल रोहतक में बेरोजगारों की बारात निकाल कर बेरोजगारी के सामाजिक-आर्थिक प्रभावों को उजागर किया था।

### साख बचाने और ताकत पाने की लड़ाई

- भाजपा के लिए हरियाणा विधानसभा चुनाव साख बचाने का सवाल बन चुका है। पार्टी इसके लिए पूरा जोर लगा रही है कि भले ही जोड़-तोड़ करनी पड़े, लेकिन सरकार बननी चाहिए, क्योंकि इसमें विफल रहने पर देश में उसी तरह नैरेटिव चला जाएगा, जैसा कि लोकसभा चुनाव के बाद बना है। विपक्ष और मजबूती से अपने तेवर दिखाएगा। लोगों को भी लगेगा कि भाजपा अपने शानदार दौर से गुजर कर अब ढलान की तरफ है। इसके साथ ही महाराष्ट्र, झारखंड और दिल्ली के विधानसभा चुनावों के लिए पार्टी के कार्यकर्ताओं का उत्साह और मनोबल कमजोर पड़ सकता है। केंद्र सरकार पर भी दबाव बढ़ जाएगा। लोकसभा चुनाव में पार्टी के कमतर प्रदर्शन के बाद हरियाणा की हार भाजपा के लिए बड़ा झटका साबित हो सकती है। उधर, लोकसभा चुनाव परिणाम के बाद जोश में दिख रही कांग्रेस अभी से हरियाणा को जीता हुआ मैदान मानकर चल रही है। ऐसे में हरियाणा की जीत न सिर्फ उसकी प्रतिष्ठा और बढ़ा देगा, बल्कि विपक्षी गठबंधन इंडिया को एकजुट करके मोदी सरकार की परेशानी और बढ़ा सकता है। इसके साथ ही कांग्रेस क्षत्रप भूपेंद्र सिंह हुड्डा के लिए ये चुनाव करो और मरो जैसा है। अगर कांग्रेस हार गई तो उनके पास रिटायर होने के अलावा और कोई रास्ता नहीं रह जाएगा। पार्टी को चुनाव में जीत मिलने पर वह मुख्यमंत्री की कुर्सी के सबसे बड़े दावेदार हैं। हालांकि इस रेस में कुमारी शैलजा और रणदीप सिंह सुरजेवाला भी हैं।

# छात्रों के लिए होंगी वन्य जीव व पर्यावरण से जुड़ीं अनेक प्रतियोगिताएं

**लखनऊ।** राज्य में 02 से 08 अक्टूबर चलने वाले "वन्य प्राणि सप्ताह" में स्कूली बच्चों को वन्य जीव से बचाव को लेकर जागरूक किया जाएगा। स्कूली छात्रों को जागरूक किया जाएगा, साथ ही सारस, बारहसिंघा, डॉल्फिन, सर्प आदि वन्यजीवों के संरक्षण के लिए कार्यक्रम किए जाएंगे। छात्र-छात्राओं को जागरूक करने के लिए वन्य जीव व पर्यावरण पर आधारित जागरूकता कार्यक्रम होंगे। इस दौरान लखनऊ, गोरखपुर और कानपुर प्राणी उद्यान में स्कूली छात्रों का निःशुल्क प्रवेश रहेगा।राजधानी स्थित नवाब वाजिद अली शाह प्राणि उद्यान की निदेशक अदिति शर्मा ने रविवार को बताया कि स्कूली बच्चों के साथ ही खुला वर्ग के लिए भी अनेक प्रतियोगिताएं होंगी। पहले दिन 2 अक्टूबर को स्कूली बच्चों के लिए बारादरी में वाइल्ड लाइफ फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता होगी। राज्य पक्षी सारस के संरक्षण पर क्विज प्रतियोगिता होगी। अगले दिन 03 अक्टूबर को मेहंदी प्रतियोगिता, नुक्कड़ नाटक प्रतियोगिता होगी।

## सार-संक्षेप

### चारबाग स्टेशन पर पकड़े 1.97 लाख के नकली नोट

**लखनऊ।** जीआरपी की टीम ने रविवार को चारबाग रेलवे स्टेशन पर नकली नोट के गिरोह के सक्रिय सदस्य को दबोचा। उसके पास से 1.97 लाख रुपये के नकली नोट बरामद किए गए। सभी नोट 500-500 रुपये के हैं। टीम का दावा है कि पश्चिम बंगाल से संचालित गिरोह के सदस्य वहीं से नकली नोट लाकर बरेली में सप्लाई करते हैं। जीआरपी के सीओ विकास पांडेय ने बताया कि आरोपी आमिर खान को स्टेशन पर पकड़ा गया है। मूलरूप से बरेली के आंवला सुनहरी मस्जिद के पास मोहल्ला खेड़ा निवासी आमिर दिल्ली के मदनपुर खादर सरिता बिहार में किराए पर रहता है। आरोपी ने पुलिस को बताया कि सरिता बिहार में जूते की दुकान पर काम करता है। करीब डेढ़ महीने पहले दोस्त आफताब अपने मामा नज मूलहक उर्फ राजन खान को दुकान पर लेकर आया। उसके बाद से उसके मामा दुकान पर मिलने आने लगे। 11 सितंबर को शादी में शामिल होने बरेली आया, तो घर पर ही रुक गया। एक दिन आफताब के मामा का फोन आया। उन्होंने बरेली में मिलने के लिए पूछा तो उन्हें अपने गांव बुला लिया। मिलने पर उन्होंने बताया कि हम मालदा पश्चिम बंगाल से जाली नोट का काम करते हैं। इंस्पेक्टर संजय खरवार ने बताया कि पूछताछ में आमिर ने कुबूल किया कि एक पैकेट जाली नोट पहुंचाने पर 5 से 10 हजार रुपए देने वादा किया गया । इसके बाद आरोपी मालदा राजन खान के घर चला गया। इस दौरान 27 सितंबर को राजन ने 394 नोट 500 रुपए के दिए और मालदा से बरेली का टिकट करा दिया। इसके साथ ही लखनऊ उतर कर बरेली किसी और साधन से जाने के लिए कहा। आमिर ने कहा कि लखनऊ पहुंचने के बाद ट्रेन का इंतजार कर रहा था तभी पुलिस ने पकड़ लिया।

### घरों को गिराकर भाजपाइयों को सुख मिलता है : अखिलेश

**लखनऊ।** सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने कहा है कि बसे-बसाये घरों को गिराकर भाजपाईयों को सुख मिलता है। जिन्होंने अपने घर नहीं बसाये, पता नहीं वे दूसरों के घर गिराकर किस बात का बदला लेते हैं। हर गिरते घर के साथ भाजपा और भी नीचे गिरती जा रही है। भाजपा सरकार में राजनीतिक क्रूरता की हद हो गयी हैं, प्रतिरोध से भरी भाजपाई राजनीति का ये वीभत्स चेहरा है।सपा प्रमुख ने रविवार को फर्रूखाबाद के ग्राम उखरा में वर्षों से रह रहे 25 गरीब परिवारों के घरों पर प्रशासन द्वारा बुलडोजर चलाने पर राज्य सरकार को आड़े हाथ लिया। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार ने न जाने कितनों को बरसात में बेघर कर दिया। कई सालों से रह रहे लोगों का घर तोड़कर इस सरकार ने पीडीए समाज पर अत्याचार किया। भाजपा सरकार जबसे सत्ता में आयी है। पीडीए समाज का शोषण कर रही है। गरीब परिवारों को उजाड़ने की भाजपा सरकार की यह कार्रवाई बेहद निन्दनीय है।

# पहले राम मंदिर में फिर पैड़ी पर जलेंगे दीप

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार:** रामनगरी में ठीक एक माह के बाद दीपोत्सव का आयोजन होगा। दीपोत्सव के दौरान सबसे पहले राम मंदिर में एक लाख दीप जलाए जाने की योजना है। उसके बाद राम की पैड़ी पर 25 लाख दीपों को जलाकर वर्ल्ड रिकॉर्ड बनाया जायेगा। वहीं इस पूरे भव्य आयोजन को देखने के लिए दस हजार से अधिक अयोध्यावासी भी शामिल होंगे।

दीपोत्सव को लेकर अलग-अलग विभागों ने जिम्मेदारी के साथ तैयारी शुरू कर दी है। प्रमुख आयोजन 30 अक्टूबर को होगा। इस दिन सुबह साकेत महाविद्यालय से रामायण के प्रसंग पर झांकियां निकाली जाएंगी। राम कथा पार्क हेलीपैड पर श्रीराम पुष्पक विमान रूपी हेलीकॉप्टर से पहुंचेंगे। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ व अतिथि उनका स्वागत करेंगे। राम कथा पार्क में रामराज्य का भव्य आयोजन होगा। बताया जा रहा है कि इस बार यह आयोजन बेहद खास होने जा रहा है क्योंकि राम मंदिर में रामलला गर्भगृह विराजमान हो चुके हैं।

### बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के पहुंचने की संभावना

मंडलायुक्त गौरव दयाल ने बताया कि इस बार दीपोत्सव और भी भव्यता के साथ मनाने की तैयारी है। बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के भी आने की संभावना है, जिसको देखते हुए तैयारी की जा रही है। दीपोत्सव के लिए सभी विभागों को निर्देशित किया जा चुका है। मुख्य रूप से पर्यटन विभाग, अवध विश्वविद्यालय और संस्कृति विभाग के द्वारा इस पूरे आयोजन को संपन्न किया जाना है। सभी अपनी जिम्मेदारियां को निभाने के लिए बेहतर कार्य कर रहे हैं।

# पुणे में ग्लास उतार रहे रायबरेली के 4 श्रमिकों की मौत

**रायबरेली।** पुणे में ग्लास फ़ैक्ट्री में काम के दौरान रायबरेली के चार मजदूरों की दर्दनाक मौत हो गई है। हादसा रविवार को उस समय हुआ जब मजदूर ग्लास की खेप उतार रहे थे।

महाराष्ट्र के पुणे के येलवेवाड़ी में स्थित ग्लास इंडिया कंपनी में रायबरेली जिले के मरियानी निवासी विकास कुमार, पूरे बिछियन निवासी अमित कुमार समेत अन्य युवक काम करते थे। कुछ मजदूर ट्रक से कांच से भरे हुए बॉक्स उतार रहे थे। इसी दौरान अचानक शीशे के बॉक्स गिर गए। इन बक्सों का वजन बहुत ज्यादा था जिसकी वजह से इनके नीचे 6 मजदूर दब गए। काफी मशक्कत के बाद बॉक्स के नीचे से 6 मजदूरों को बाहर निकाला गया। इसमें चार की मौत हो गई। सभी मृतक रायबरेली के बताए गए हैं।

# भाजपा में चाय बेचने वाला भी बन सकता है प्रधानमंत्री : विजय लक्ष्मी

मिल्कीपुर, अयोध्या

**अमृत विचार :** भाजपा ही एक ऐसी पार्टी है जिसमें चाय बेचने वाला भी देश का प्रधानमंत्री बन सकता है, जबकि अन्य पार्टियों में परिवारवाद चलता है। यह बात हैरिंग्टनगंज ब्लॉक के ग्राम पंचायत पाराताजपुर में रविवार को आयोजित ग्राम चौपाल में ग्राम विकास एवं समग्र ग्राम विकास, ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग राज्य मंत्री विजय लक्ष्मी गौतम ने कही।

चौपाल कार्यक्रम के बाद राज्य मंत्री ने दलित ग्राम प्रधान राम मूरत के घर पहुंच कर खाना खाया और ग्रामीणों की समस्याएं सुनी। हैरिंग्टनगंज ब्लॉक मुख्यालय से सटी ग्राम पंचायत पाराताजपुर में आयोजित चौपाल में राज्य मंत्री विजय लक्ष्मी गौतम कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी देश की महिलाओं को सशक्त बनाने के लिए समूह के माध्यम से काम कर रहे हैं, जिससे ग्रामीण महिलाएं आत्मनिर्भर हो रही हैं। उन्होंने कहा कि योगी सरकार में अपराधी जेल में हैं या प्रदेश से बाहर हैं। चौपाल में बीडीओ हैरिंग्टनगंज अखिलेश मिश्र, एडीओ पंचायत अरविन्द कुमार, आईएसबी अविनाश चतुर्वेदी, एडीओ समाज कल्याण ऊषारानी शर्मा सहित भाजपा नेता सरयू दूबे, ग्राम प्रधान अभिषेक भद्र सिंह, किशोरीलाल, विनय रावत, सियाराम रावत, गोपाल सिंह, पंकज सिंह आदि मौजूद थे।



ग्राम प्रधान राम मूरत के घर में भोजन करतीं राज्य मंत्री विजय लक्ष्मी गौतम।

- राज्य मंत्री ने ग्राम प्रधान राम मूरत के घर किया भोजन

# शिक्षक की पत्नी बेटी को लेकर ट्रेन के आगे कूदी

अयोध्या कार्यालय

- इंजन के धक्के से बगल में गिरी बच्ची, मां की मौत
- पिता और भाई को पहले फोन पर दी थी जानकारी

**अमृत विचार :** नगर कोतवाली के जप्ती वजीरगंज स्थित सरस्वतीपुरम कॉलोनी में ब्याही एक महिला ने आचार्य नरेन्द्रदेव रेलवे स्टेशन के पास कोटा-पटना एक्सप्रेस ट्रेन के आगे बच्ची समेत कूद गई। हालांकि इंजन की टक्कर से बच्ची उछलकर रेलपथ किनारे गिरी और गंभीर रूप से घायल होने के बावजूद उसकी जान बच गई। क्षेत्राधिकार को लेकर विवाद के बाद राजकीय रेलवे पुलिस ने विवाहिता के शव का वीडियोग्राफी के बीच पोस्टमार्टम कराया है।

बताया गया कि महराजगंज थाना क्षेत्र के गांव बीठलपुर निवासी अनामिका तिवारी का विवाह लगभग चार वर्ष पूर्व नगर कोतवाली के जप्ती वजीरगंज स्थित सरस्वतीपुरम कॉलोनी निवासी अभिषेक तिवारी से हुआ था। वर्तमान में अभिषेक बिहार प्रान्त में सरकारी प्राथमिक शिक्षक है और दंपत्ति के एक तीन साल की पुत्री है। अनामिका के सास-ससुर दोनों सरकारी सेवा से सेवानिवृत्त हैं और वह अपने सास-ससुर के साथ रहती थी। शनिवार को ही वह अपने मायके से बच्ची के साथ ससुराल आई थी। विवाहिता के भाई अमरेंद्र प्रताप का कहना है कि रात साढ़े नौ बजे उसने पिता और उनको फोन किया था तथा ससुरालीजों की प्रताड़ना से तंग होकर ट्रेन से कटकर जान देने के लिए घर से निकलने की बात कही थी। इसके बाद उसका मोबाइल बंद हो गया। भागकर पिता यहां पहुंचे तो वह रेलवे ट्रैक पर रक्तरंजित मिली।

### 5 मिनट विलंब से पहुंचे और हो गई घटना

- मृतका अनामिका के पिता संजय तिवारी का कहना है कि वह रीडगंज ओवरब्रिज पर पहुंचे तो ट्रेन आने की आवाज सुनाई दी। जब तक नीचे स्टेशन पर पहुंचते तब तक पत्नी 30 वर्षीय बिटिया ट्रेन की चपेट में आकर कट चुकी थी। आंखों के सामने पुत्री की रक्तरंजित लाश और बगल में ही नातिन घायल पड़ी पड़ी थी। मामले की सूचना पुलिस को देकर नातिन अक्षिता (3) को रात 11 .40 बजे जिला अस्पताल पहुंचाया। अक्षिता की हालत गंभीर होने के चलते डॉक्टर ने उसको लखनऊ मेडिकल कालेज रेफर किया है।

क्षत्रिय स्वाभिमान व हित चिंतन सम्मेलन

बोले, प्रभु राम ने भी क्षत्रिय मां की कोख से लिया जन्म

# संगठित नहीं हुए तो विलुप्त हो जाएगा क्षत्रिय समाज : संगीत सोम

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार:** अगर इसी तरह बंटते रहे और संगठित नहीं हुए तो एक दिन ऐसा आएगा कि क्षत्रिय समाज विलुप्त हो जाएगा। आप लोग पहले की तरह संगठित हो गए तो एक बार फिर से अखंड भारत पर क्षत्रियों का राज होगा। यह बातें भाजपा के पूर्व विधायक संगीत सोम ने मंच से कहीं। वह अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा की ओर से रविवार को आयोजित क्षत्रिय स्वाभिमान व हित चिंतन समारोह में बोल रहे थे। कार्यक्रम में अलग-अलग क्षेत्रों में क्षत्रिय समाज का नाम रोशन करने वाले युवाओं को भी सम्मानित किया गया।

मूंढापांडे ब्लॉक के गांव भीतखेड़ा में रविवार को अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा ने क्षत्रिय स्वाभिमान व हित चिंतन समारोह आयोजित किया। मुख्य अतिथि मेरठ की सरधना विधानसभा सीट से भाजपा के पूर्व विधायक संगीत सोम ने कहा कि अखंड भारत को बनाने में क्षत्रिय समाज का विशेष योगदान रहा है। देश के इतिहास में जितना नाम क्षत्रियों का रहा है, उतना किसी समाज का नहीं रहा, लेकिन, अब क्षत्रिय समाज अपनी पहचान खो रहा है। इसका कारण क्षत्रियों का संगठित न होना है। उन्होंने कहा कि क्षत्रियों द्वारा इतिहास में किए गए कार्य व उनके योगदान को बताने के लिए कोई नहीं आएगा। हमें खुद अपना इतिहास बताना होगा। मुगलों के दौर में महाराणा प्रताप ने अकबर से लड़ते हुए घास की रोटी खाकर गुजारा किया। मुगलों के आंतक से हमारी 16 हजार माताओं ने लोगों को बचाने का काम किया। क्षत्रिय समाज की महिमा ऐसी है कि प्रभु राम ने भी क्षत्रिय मां की कोख से जन्म लिया।

उन्होंने कहा कि हमारा समाज विलुप्त होता जा रहा है। इसकी वजह समाज का संगठित नहीं होना है। हमारे समाज के लोग सो रहे हैं, लेकिन, हमें उन्हें जगाना होगा। अगर नहीं जागे तो मृत उठोगे, जीवित नहीं रहोगे। उन्होंने कहा कि चुनाव के समय हर समाज अपने समाज के लिए कहता है कि हमारे सांसद और विधायक होंगे, लेकिन हमारे समाज के लोग एक टिकट मांगने की हैसियत नहीं रखते हैं। संगीत सोम ने पूरे समाज के लोगों ने कहा कि आप पूरे साल अपने समाज के लिए कहीं मत जाओ और कुछ मत करो, लेकिन अगर साल में एक बार मैं आपको समाज के लिए पुकारुं तो सभी लोग एकत्र हो जाओ। उन्होंने कहा कि अगर हमारे समाज में कोई बुराई है तो उसे मंच से बिल्कुल मत कहो। उस बुराई को समाज के लोग बैठकर खत्म करने का काम करें। उन्होंने समाज में दहेज प्रथा और नशाखोरी को खत्म करने की सभी को शपथ दिलाई।



सम्मेलन के दौरान पूर्व विधायक संगीत सोम व अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा के पदाधिकारी।

- पहले की तरह ही संगठित हो गए तो फिर से अखंड भारत पर क्षत्रियों का राज होगा

### बिगड़े बोल : कानून के दायरे में काम नहीं करेंगे तो अधिकारियों को पिटवाऊंगा

- **मुरादाबाद :** हमेशा से अपने विवादित बयानों से चर्चा में रहने वाले भाजपा के पूर्व विधायक व फायर ब्रांड नेता संगीत सोम ने रविवार को क्षत्रिय स्वाभिमान व हित चिंतन समारोह में खुले मंच से अधिकारियों को पब्लिक से जूतों से पिटवाने की चेतावनी दे डाली। उन्होंने कहा कि अगर अधिकारी कानून के दायरे में और सही से काम नहीं करेंगे तो वह उन्हें पब्लिक से जूतों से पिटवाएंगे। पूर्व विधायक संगीत सोम मूंढापांडे ब्लॉक के गांव भीतखेड़ा में अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा द्वारा क्षत्रिय स्वाभिमान और हित चिंतन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे थे। जहां उन्होंने मंच से अपने एक वायरल वीडियो का जिक्र करते हुए कहा कि मेरा एक अधिकारी को धमकाने का वीडियो वायरल है। इस पर एक पत्रकार ने मुझसे पूछा कि आप का अधिकारी को धमकाते हुए वीडियो वायरल हो रहा है। उन्होंने कहा कि मेरी जगह दूसरा नेता होता तो कह देता कि ये मेरा वीडियो है ही नहीं, लेकिन मैंने ऐसा नहीं किया। मैंने कहा हां, मैंने धमकाया था और कम धमकाया था। मैं आज फिर इस मंच से कह रहा हूं कि अगर अधिकारी कानून के दायरे में रहकर और सही से काम नहीं करेंगे तो उन्हें पब्लिक के हाथों जूतों से पिटवाऊंगा।


## कार्यालय नगर पंचायत पंचायत - गोहाण्ड (हमीरपुर)

पत्राकः / न0पा0 प0- गो0 / सामान्य (2024-25) दिनांकः

सूचना प्रकाशन

(पालिका अधिनियम 1916 की धारा 147 के अन्तर्गत प्रकाशन)

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि निम्नांकित आवेदक / आवेदकों द्वारा इस नगर पंचायत गोहाण्ड के गृहकर अभिलेखों में नवीन कर निर्धारण / नामान्तरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किये गये है। नाम दाखिल किये जाने वाले व्यक्ति का नाम तथा नाम खारिज किये जाने वाले व्यक्ति का नाम पता सहित निम्नानुसार अंकित है उपरोक्त के संबंध में जिस किसी व्यक्ति को आपत्ति हो तो यह अपनी आपत्ति सूचना प्रकाशन तिथि से 30 दिवस के अन्दर अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में प्रस्तुत कर सकता है बादम्याद अन्यथा की स्थिति में एक पक्षीय कर निर्धारण / नामान्तरण कार्यवाही कर दी जाएगी। जिसका उत्तरदायित्व नगर पंचायत गोहाण्ड का नहीं होगा।

| क्र. सं. | आवेदक का नाम जो दाखिल होना है | विक्रेता / भवन स्वामी का नाम जो खारिज होना है | मुहल्ला | वार्ड सं0 | भवन सं0 | कर निर्धारण / नामान्तरण का आधार |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | श्रीमती मालती देवी पत्नी नागेंन्द्र सिंह | श्री संतराम पुत्र विरंची उर्फ विरंजी | राजेन्द्र नगर | 06 | 184 | पंजीकृत वसीयतनामा |

अधिशासी अधिकारी
नगर पंचायत गोहाण्ड - हमीरपुर

## एक नजर

### पांच वर्ष में बने अंत्येष्टि स्थलों की मांगी रिपोर्ट

**अमृत विचार, लखनऊ :** शासन ने सभी जिलों में पांच वर्ष में बने अंत्येष्टि स्थलों की सत्यापन रिपोर्ट मांगी है। इस क्रम में भदोही, इटावा, औरैया, चंदौली, शाहजहांपुर व झांसी ने रिपोर्ट उपलब्ध कराई है, जबकि शेष जिलों को दोबारा पत्र जारी किया गया है। प्रदेश में वित्तीय वर्ष 2019-20 से 2023-24 तक आवंटित अन्त्येष्टि स्थलों के निर्माण व प्रयोग की स्थिति का स्थलीय सत्यापन के लिए पंचायती राज निदेशक अटल कुमार राय ने सभी जिलों के जिला पंचायत राज अधिकारी को पत्र जारी किया था।

### आयुष पीजी की ऑनलाइन काउंसिलिंग आज से

**अमृत विचार , लखनऊ :** आयुष कॉलेज में परास्नातक पाठ्यक्रम में दाखिले के लिए यूपी आयुष पीजी की सोमवार 30 सितंबर से ऑनलाइन काउंसिलिंग प्रक्रिया शुरू होगी। 3 अक्टूबर तक पंजीकरण क साथ ही शुल्क व दस्तावेज जमा करने होंगे। यूनानी विभाग के निदेशक एवं नोडल अधिकारी प्रो. जमाल अख्तर ने बताया कि 04 अक्टूबर को मेरिट सूची जारी होगी। अभ्यर्थियों को 07 अक्टूबर तक कॉलेज की प्राथमिकताएं देनी होगी। उसी दिन रात को सीट आवंटन सूची जारी होगी और अगले दिन से नोडल सेंटर पर मूल दस्तावेज जमा कर कॉलेज में दाखिले की प्रक्रिया 16 अक्टूबर तक पूरी करनी होगी।

### आयुष यूजी में प्रथम चरण की मेरिट सूची जारी

**अमृत विचार , लखनऊ :** यूपी आयुष यूजी की पहले चरण की मेरिट सूची रविवार देर शाम जारी कर दी गई है। होम्योपैथिक निदेशक एवं काउंसिलिंग के नोडल अधिकारी डॉ .अरविंद कुमार वर्मा ने बताया कि इन्हें कल से मनपसंद कॉलेजों की प्राथमिकताएं देनी होगी। इसके बाद कॉलेजों में शुल्क जमाकर दाखिले की प्रक्रिया शुरू होगी। स्नातक की 7,414 सीटों के लिए करीब नौ हजार से ज्यादा अभ्यर्थियों ने पंजीकरण कराया है।

### मनरेगा कर्मियों को मिला एक माह का वेतन

**अमृत विचार, लखनऊ :** ग्राम्य विकास विभाग ने मनरेगा कर्मियों का बकाया वेतन देना शुरू कर दिया है। जिला व ब्लॉक मुख्यालय पर तैनात कर्मियों को जून का वेतन उनके खातों में भेजा गया है। प्रदेश में संविदा और आउटसोर्स पर अतिरिक्त कार्यक्रम अधिकरी, लेखा सहायक, तकनीकी सहायक, कम्प्यूटर ऑपरेटर व ग्राम रोजगार सेवक समेत 42 हजार से अधिक कर्मचारी तैनात हैं। ज्यादातर को जून से वेतन नहीं मिला है। बरेली, बदायूं, कानपुर, वाराणसी, सहारनपुर समेत 40 जिलों में 20 से 24 माह से वेतन बकाया है। अमृत विचार ने 18 सितंबर को यह मुद्दा प्रमुखता से प्रकाशित किया था। इसका संज्ञान लेकर ग्राम्य विकास विभाग ने वेतन भुगतान की प्रक्रिया शुरू कर दी है। शनिवार को कर्मियों के खातों में जून का वेतन भेजा गया है।

# बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान और स्वावलंबन को सशक्त करेगी सरकार

## अक्टूबर से शुरू होगा मिशन शक्ति का 5वां चरण , 10 लाख बालिकाओं को आत्मरक्षा और जीवन कौशल का मिलेगा प्रशिक्षण

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** महिलाओं और बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान और स्वावलंबन को सशक्त बनाने के उद्देश्य से राज्य सरकार अक्टूबर 2024 से मिशन शक्ति के पांचवें चरण की शुरुआत करने जा रही है। मई 2025 तक चलने वाले इस चरण में जागरूकता अभियान और प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

इस दौरान 10 लाख बालिकाओं को आत्मरक्षा और जीवन कौशल का प्रशिक्षण मिलेगा। पीएम श्री योजना के तहत चयनित 167 विद्यालयों में में करियर काउंसलिंग के सत्र भी चलेंगे। इतना ही नहीं, योगी सरकार के निर्देश पर होने वाले कार्यक्रमों और गतिविधियों के दौरान 36,772 बालिकाओं में सेनेटरी पैड वितरित कर उनके स्वास्थ्य और विद्यालय पहुंचकर नियमित रूप से शिक्षा ग्रहण करने की राह आसान की जाएगी। साथ ही बालिका शिक्षा और स्वच्छता जैसे महत्वपूर्ण मुद्दों पर भी जागरूकता बढ़ाने के प्रयास किए जाएंगे।

**167** विद्यालयों में लगेगा मीना मेला

### बाल अधिकार, घरेलू हिंसा, गुड-टच बैड-टच से परिचित होंगी बेटियां

प्रधानाध्यापकों और शिक्षकों के नेतृत्व में 3 से 10 अक्टूबर तक विद्यालयों में बाल अधिकार, घरेलू हिंसा, यौन शोषण, छेड़छाड़ और गुड-टच, बैड-टच जैसे मुद्दों पर बच्चों को जागरूक किया जाएगा। बालिकाओं में आत्मविश्वास बढ़ाने के प्रयास किए जाएंगे। इसके साथ ही रैलियों और रोचक गतिविधियों के माध्यम से हेल्पलाइन नंबर और बाल विवाह के खतरों की जानकारी भी दी जाएगी।

### माहवारी स्वच्छता और जलवायु परिवर्तन के बारे में किया जाएगा जागरूक

बालिकाओं को माहवारी स्वच्छता और जलवायु परिवर्तन के प्रति जागरूक किया जाएगा। केजीबीवी की 79,000 बालिकाओं के लिए जलवायु परिवर्तन पर विशेष सत्र आयोजित होंगे और 36,772 बालिकाओं में सेनेटरी पैड वितरित किए जाएंगे। अप्रैल-मई 2025 के दौरान बच्चों को से शिक्षा का अधिकार, पॉक्सो एक्ट, बाल विवाह और घरेलू हिंसा से संबंधित कानूनों के बारे में जागरूक किया जाएगा।

# पाठशाला में खेती की विधि बताएंगी कृषि सखी

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** प्रदेश में दीनदयाल अन्त्योदय योजना के तहत राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के स्वयं सहायता समूह की सदस्य महिलाएं कृषि सखी के रूप में जैविक व कृषि पारिस्थितिकी खेती को बढ़ावा देंगी। विभाग ने किसानों की मदद के लिए 269 कार्यक्रमों के माध्यम से 7634 कृषि सखी को विशेष प्रशिक्षण दिया है। इनके कार्य रबी फसल से शुरू होंगे। यह साथ किसान पाठशाला में प्रतिभाग करके किसानों को खेती की विधि व योजनाएं बताएंगी। साथ ही प्रक्रिया कराकर लाभ दिलाएंगी। कृषि सखी फसलों का डिजिटल क्रॉप सर्वे करेंगी। मिट्टी के नमूने लेकर परीक्षण कराकर किसानों को स्वास्थ्य रिपोर्ट कार्ड भी बांटेंगी। इससे कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय और ग्रामीण विकास मंत्रालय दोनों के उद्देश्य की पूर्ति होगी। शासन ने कृषि सखी के कार्य व मानदेय निर्धारित करके जिलों में आवंटित करने के निर्देश जारी किए हैं।

**सर्वे में प्रति खसरा पांच रुपये व गोष्ठी में मिलेंगे 500 रुपये :** कृषि सखी को किसान पाठशाला, गोष्ठी व अन्य कार्यक्रमों में संबोधन पर 500 रुपये प्रति सत्र मिलेंगे। जबकि डिजिटल क्रॉप सर्वे में प्रति खसरा पांच रुपये व मिट्टी का नमूना एकत्र करना व परीक्षण के बाद स्वास्थ्य रिपोर्ट कार्ड बांटने पर 15 रुपये प्रति नमूना दिया जाएगा। एकीकृत बागवानी विकास मिशन के तहत संरक्षित खेती, जीरो जुताई, वर्मी कंपोस्ट पर प्रशिक्षण करने पर 400 रुपये प्रति पाठशाला प्रतिमाह दिया जाएगा।

**7634** कृषि सखी तैयार, तय हुए कार्य व मानदेय

### सम्मान निधि की कराएंगी ई-केवाईसी, फसल बीमा भी

कृषि सखी कृषि, उद्यान, पशुपालन, रेशम, भूगर्भ जल आदि विभाग की जिम्मेदारी संभालेंगी। जो अब प्रधानमंत्री फसल बीमा का प्रचार प्रसार करके कराएंगी। इसी तरह प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि का पंजीकरण और ई-केवाईसी कराएंगी। किसान क्रेडिट कार्ड के लाभ बताकर बनवाएंगी। उपज का मूल्यांकन भी करेंगी।

# मंडल और जिला स्तर पर भी आयोजित होंगे ट्रेड शो

**5.5** लाख विजिटर्स का बना रिकॉर्ड

## यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो 2024 का समापन, उद्यमियों को मिले करोड़ों के ऑर्डर

राज्य ब्यूरो, ग्रेटर नोएडा

**अमृत विचार :** उत्तर प्रदेश इंटरनेशनल ट्रेड शो 2024 की सफलता से खुश राज्य सरकार अब मंडल और जिला स्तर पर भी ऐसे कार्यक्रम आयोजित करेगी। इंडिया एक्सपो मार्ट में रविवार को ट्रेड शो के रंगारंग समापन समारोह में एमएसएमई, खादी एवं ग्रामोद्योग, हैंडलूम व टेक्सटाइल मंत्री राकेश सचान ने विभिन्न वर्गों में पुरस्कार जीतने वाली कंपनियों के प्रतिनिधियों को सम्मानित किया। कहा कि यह ट्रेड शो न केवल भारत बल्कि विश्व स्तर पर भी अपनी छाप छोड़ रहा है।

पिछले साल के 3 लाख के मुकाबले इस साल ट्रेड शो में साढ़े 5 लाख से अधिक लोगों ने उपस्थिति दर्ज कराकर नया रिकॉर्ड बनाया। देशी और विदेशी बायर्स से मिले करोड़ों के ऑर्डर और बिक्री ने सरकार और उद्यमियों दोनों का उत्साह बढ़ाया। अंत में पलाश सेन और यूफोरिया बैंड द्वारा एक मंत्रमुग्ध कर देने वाली प्रस्तुति ने लोगों में रोमांच भर दिया। अगले वर्ष एक बार फिर 25 से 29 सितंबर को इसके तीसरे संस्करण का आयोजन किया जाएगा।




### सर्वश्रेष्ठ स्टॉल को किया गया पुरस्कार

अंतिम दिन इंटरनेशनल ट्रेड शो में प्रत्येक हॉल में सर्वश्रेष्ठ स्टॉल को पुरस्कार प्रदान किए गए। पुरस्कार पाने वालों में अमेजन क्राफ्ट (संभल), मुगल ओवरसीज़ (मुरादाबाद), आरोग्य (गौतमबुद्ध नगर) प्रमुख रहे। इसके अतिरिक्त छात्रों ने विभिन्न प्रतियोगिताओं में प्रतिभा का भी प्रदर्शन किया। प्रोजेक्ट प्रतियोगिता ने प्रतिभागियों की नवाचार भावना को और भी उजागर किया। इंडिया एक्सपो सेंटर एंड मार्ट के अध्यक्ष राकेश कुमार ने इवेंट को सफल बनाने में शामिल सभी लोगों का आभार व्यक्त किया।

ट्रेड शो के आखिरी दिन हुए सांस्कृतिक कार्यक्रमों में प्रीति तिवारी ने कत्थक नृत्य नाटिका, जितेंद्र चौरसिया व टीम ने बुंदेली लोक गायन, देवेन्द्री शर्मा मंगलामुखी ने कथक नृत्य का प्रस्तुतिकरण किया।



ट्रेड शो में सर्वश्रेष्ठ स्टॉल की संचालिका को सम्मानित करते एमएसएमई मंत्री।

### बिरला एयरकॉन को 100, गुलाबी मीनाकारी को 5 करोड़ का ऑर्डर

**अमृत विचार , ग्रेटर नोएडा :** इंडिया एक्सपो मार्ट में आयोजित यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो 2024 में करोड़ों के ऑर्डर पाकर एक्सपोर्ट कंपनियां बागबाग हैं। वाटर कूलर, डीप फ्रीजर, कॉमर्शियल रेफरेजेटर व इससे संबंधित उत्पादों का कारोबार करने वाली बिरला एयरकॉन को 100 करोड़ का ऑर्डर मिला। कंपनी के प्रबंध निदेशक पीके जैन ने कहा, हमने पिछले साल भी ट्रेड शो में अपना स्टॉल लगाया था, जब हमें 50 करोड़ के ऑर्डर मिले थे। बनारस की गुलाबी मीनाकारी को इस ट्रेड शो में पांच करोड़ का ऑर्डर मिला है। कारोबारी रोशन विश्व कर्मा ने बताया कि पिछले पांच दिनों के दौरान उन्हें पांच करोड़ के ऑर्डर मिल चुके हैं, इसमें एक रानी हार बनाने का भी ऑर्डर शामिल है, जिसकी कीमत करीब सवा करोड़ है। मुरादाबाद में डैजल ग्लोलबल के प्रमुख अभिषेक अग्रवाल ने कहा कि सरकार की यह शानदार पहल है। उन्होंने कहा कि शायद ही देश के दूसरे हिस्सों में इस तरह के ट्रेड शो आयोजित होते होंगे। उन्होंने कहा, ऐसे आयोजन से नए एन्टेरप्रिन्योर्स को प्रोत्साहन मिलता है। उन्होंने कहा, हमें यहां ग्राहक भी मिल रहे हैं और बड़े स्तर पर ऑर्डर भी मिल रहे हैं।

### गली ब्वाय से ग्लोबल हुए उद्यमी उम्मीद से अधिक मिले आर्डर

**अमृत विचार, ग्रेटर नोएडा :** बरेली की अंजू की शिल्पकारी से सजे हैंडीक्राफ्ट और अपनी बुआ और बेटे के साथ लखनऊ से आई पल्लवी शर्मा की चिकनकारी विदेशियों को भा गई। ये पहली बार किसी ट्रेड शो में स्टाल लगाने आईं और उन्हें भूटान, श्रीलंका और दुबई से आर्डर मिल गए। यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो (यूपीआईटीएस 2024) में गली ब्वाय से ग्लोबल होने की कहानी सिर्फ अंजू व पल्लवी की नहीं है। प्रदेश के विभिन्न जिलों से आए सैंकड़ों छोटे उद्यमियों के सपनों को नई उड़ान मिली है। बांस बरेली की पहचान को कायम रखने वाली बरेली की पिंकी दूसरी बार भी विदेशी खरीदार मिले हैं, लखनऊ के मो, फहीम और अकील की चिकनकारी इस बार भी विदेशियों को भाई। यही हाल पीलीभीत के के रिजवान की बांसुरी की रही, संभल के सहादत हुसैन का होर्न क्राफ्ट खूब पसंद आया। 2500 एग्जीबिटर्स और 350 विदेशी बायर्स के साथ ट्रेड शो में आए करीब पांच लाख आगंतुकों ने पांच दिनों में सैंकड़ों छोटे उद्यमियों के काम को न सिर्फ सराहा, बल्कि खरीदारी से उत्साह भी बढ़ाया। मुरादाबाद के कारोबारी वीरेश गोस्वामी कहते हैं कि उनका होम डिकोर और फर्नीचर का कारोबार को ट्रेड शो में आने से बहुत फायदा हुआ। 6 लाख तक के ऑर्डर मिल चुके हैं। 15 लाख तक की बुकिंग हुई है, जिसे आगे चर्चा कर अंतिम रूप दिया जाएगा। फिरोजाबाद के ग्लास वेयर उद्यमी प्रतीश कुमार को पिछले ट्रेड शो के मुकाबले इस बार अधिक ऑर्डर मिलने से खुशी का ठिकाना नहीं है। कहते हैं कि पांच दिनों में स्टॉल पर देशी-विदेशी कारोबारी आए। ऑर्डर बहुत ज्यादा मिला है, जबकि हमारा प्रोडक्शन उतना नहीं है। इस वजह से डिलीवरी में भी देरी होने की संभावना है। पहली बार यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो में आईं ग्रेटर नोएडा की उद्यमी गुरिंदर कौर ने बताया कि एक ही छत के नीचे उत्पाद बेचने की जगह तो मिली ही देशी-विदेशी कारोबारियों संग साझेदारी का भी मौका मिला।

## बलिया में रेल पलटाने की साजिश की जांच करेगी एटीएस

**अमृत विचार, लखनऊ :** बलिया में पटरियों के बीच पत्थर रखकर ट्रेन पलटाने की साजिश की जांच बलिया पुलिस, राजकीय रेलवे पुलिस के साथ अब एटीएस भी करेगी। एटीएस के पास कानपुर में कालिंदी एक्सप्रेस को पलटाने की साजिश की जांच भी है।

बतादें कि शनिवार को बलिया जिले के बकुलहा-मांझी रेलवे स्टेशन के बीच पत्थर के बड़े टुकड़े से लखनऊ-छपरा एक्सप्रेस का इंजन टकराया था। हालांकि लोको पायलट की सूझबूझ हादसा टल गया।

# त्योहारों से पहले प्रदेश की 92 सड़कों की होगी मरम्मत

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार:** लोक निर्माण विभाग ने मरम्मत की नजर से उत्तर प्रदेश की 627 ऐसी सड़कों को चिन्हित किया है जो पर्व व त्यौहार के दौरान महत्वपूर्ण होती हैं। इन सड़कों की लंबाई 8861 किमी. है। इसमें से 912 किमी में 92 सड़कें ऐसी हैं, जिनकी स्थिति संतोषजनक नहीं है।

चिन्हित सड़कें ऐसी हैं जिन पर प्रमुख मंदिर, आस्था के स्थल हैं। प्रमुख बाजार वाले मार्ग हैं जहां पर खरीदारी के लिए लोगों की भीड़ होती है। दरअसल, हाल ही में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने उप्र. की क्षतिग्रस्त सड़कों को गड्ढामुक्त करने की समीक्षा की थी। मुख्यमंत्री ने हिदायत दी थी कि त्योहारों से पूर्व सभी क्षतिग्रस्त सड़कें ठीक हो जाएं। इसके बाद निर्माण विभाग सड़कों की मरम्मत करने के अभियान में जुटा है।

## आरक्षण के मुद्दे पर कांग्रेस व भाजपा से रहें सावधान : मायावती

**अमृत विचार, लखनऊ :** बहुजन समाज पार्टी की प्रमुख मायावती ने कहा कि आरक्षण के मुद्दे पर कांग्रेस व भाजपा से सावधान रहने की जरूरत है। बसपा प्रमुख ने सोशल मीडिया 'एक्स' के जरिये कहा कि कांग्रेस में जब अभी सब कुछ ठीक नहीं है तो आगे क्या होगा। ऐसे में अनुसूचित वर्ग कांग्रेस व भाजपा को अपना वोट देकर इसे खराब न करें। मतदाताओं को बहकावे आदि में नहीं आना चाहिए।

# कोर्ट में पेश करें अभियुक्त का त्रुटिहीन आपराधिक इतिहास

## सुप्रीम कोर्ट की फटकार के बाद डीजीपी ने फिर जारी की गाइड लाइन. अधिकारियों को लिखा पत्र

विनय सिंह, लखनऊ

**अमृत विचार:** सुप्रीम कोर्ट की नाराजगी के बाद उप्र पुलिस ने अभियुक्तों का त्रुटिहीन आपराधिक इतिहास न्यायालयों के समक्ष उपलब्ध कराने को लेकर डीजीपी ने गाइडलाइन जारी की है। डीजीपी ने एडीजी, आईजी, डीआईजी और एसपी को पत्र लिखते हुए कहा कि 2015 से 2024 तक इस सिलसिले में कई दिशानिर्देश जारी किए जा चुके हैं, लेकिन इसका पालन नहीं किया गया। डीजीपी ने यह गाइडलाइन सुप्रीम कोर्ट में डीएसपी के व्यक्तिगत रूप से तलब होकर माफी मांगने बाद लिखा।

बता दें कि विशेष अनुज्ञा याचिका अश्वनी कुमार बनाम उप्र राज्य मामले में अभियुक्त अश्वनी कुमार के विरुद्ध सुप्रीम कोर्ट के समक्ष पुलिस द्वारा 05 आपराधिक प्रकरण दर्शाते हुए आपराधिक इतिहास प्रस्तुत किया गया था। इसमें उल्लिखित चार अभियोगों में पुलिस द्वारा ही अंतिम रिपोर्ट लगाई जा चुकी थी। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि ऐसे प्रकरण जिनमें अंतिम रिपोर्ट लगाई जा चुकी हो, को आपराधिक इतिहास के रूप में कैसे प्रस्तुत किया जा सकता है? नाराजगी के बाद संबंधित पुलिस उपाधीक्षक को व्यक्तिगत रूप से न्यायालय में उपस्थित होकर माफी मांगनी पड़ी।

न्यायालय ने मौखिक रूप से देखा कि उप्र. के कई मामलों में पुलिस अधिकारियों द्वारा राज्य के हलफनामे पर वर्तमान स्थिति का खुलासा किए बिना आपराधिक पृष्ठभूमि दे दी गई है। न्यायालय ने राज्य से सवाल पूछा था, कि क्या यूपी राज्य द्वारा बनाए गए डिजिटल रिकॉर्ड में किसी अपराधी के आपराधिक इतिहास को दिखाने की व्यवस्था है ?

राज्य पोर्टल पर ऐसे अपराधों की स्थिति नियमित रूप से अपडेट की जाती है अथवा नहीं ? क्या पुलिस स्टेशनों को कोई निर्देश जारी किए गए हैं, जिसके तहत किसी भी मामले में न्यायालयों के समक्ष कोई हलफनामा दाखिल करने वाले अधिकारियों को अद्यतन स्थिति के साथ अभियुक्तों के आपराधिक इतिहास को रिकॉर्ड पर रखा गया हो।

## बसे घरों को गिराकर भाजपाइयों को सुख मिलता है : अखिलेश

**अमृत विचार,लखनऊ :** सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने कहा है कि बसे-बसाये घरों को गिराकर भाजपाईयों को सुख मिलता है। हर गिरते घर के साथ भाजपा और भी नीचे गिरती जा रही है।

सपा प्रमुख ने रविवार को फर्रूखाबाद के ग्राम उखरा में वर्षों से रह रहे 25 गरीब परिवारों के घरों पर बुलडोजर चलाने पर कहा कि गरीब परिवारों को उजाड़ने की भाजपा सरकार की यह कार्रवाई बेहद निन्दनीय है।

## वर्ग पहेली-207

**बाएं से दाएं**

2.1. बढ़िया और महीन कपड़ा 2. सन या तीसी के रेशे से बना कपड़ा; क्षौम-वस्त्र 3. उत्तरीय, दुपट्टा।

3.1. युग का निर्माता 2. युग का सूत्रपात करने वाला।

4. लखनऊ का, लखनऊ से संबंधित।

6.1. नायक 2. गणेश।

**ऊपर से नीचे**

1.1. जमोगने अर्थात स्वीकार करने की क्रिया 2. किसी दूसरे की बात का किसी तीसरे के द्वारा समर्थन 3. चित्रकला में बेल-बूटे आदि को एक-दूसरे से नियत दूरी और अपने-अपने ठीक स्थान पर बैठाने की क्रिया या भाव 4. सामने का निश्चय, तसदीक 5. ऋण चुकाने की एक प्रथा जिसमें ऋणी व्यक्ति अपने ऋण का भार किसी और पर डाल देता है।

2. जो दुविधा रहित हो, जिसे कोई दुविधा न हो, असमंजस न हो।

4.1. दो व्यक्तियों या दलों का परस्पर झगड़ा या घात-प्रतिघात करना 2. बहस या तकरार करना 3. कुश्ती या खेल-कूद में मुकाबला करना 4. दो व्यक्तियों या वस्तुओं का आपस में टकराना।

5.1. पंक्ति, कतार 2. रास्ता, मार्ग, सड़क 3. बाज़ार, हाट 4. सूर्य के भ्रमण का मार्ग 5. (पुरातत्व) भवन में आने-जाने के लिए लता।

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| ■ | 1 | ■ | 2 | | |
| ■ | | ■ | | ■ | ■ |
| 3 | | | | | ■ |
| ■ | ■ | ■ | | ■ | ■ |
| ■ | 4 | | | 5 | ■ |
| ■ | | ■ | ■ | | ■ |
| 6 | | | | ■ | ■ |

### वर्ग पहेली -206 का हल

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 पु | ड़ा | ■ | ■ | 2 वि | ■ |
| ■ | ■ | 3 ह | ठ | यो | ग |
| 4 पा | ■ | ■ | ■ | ज | ■ |
| 5 षा | ण् | 6 मा | सि | क | ■ |
| ण | ■ | ल | ■ | ■ | 7 रे |
| म | ■ | 8 वि | ला | य | त |
| णि | ■ | का | ■ | ■ | ना |

## सुडोकू -120

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 8 | 6 | | 4 | 1 | | | |
| | 3 | | | | 2 | | 7 | 4 |
| | | | | 3 | | 8 | | |
| | 9 | | | 7 | | | 1 | |
| 8 | | 1 | | | | 7 | | 3 |
| | 2 | | | 5 | | | 6 | |
| | | 3 | | 6 | | | | |
| 5 | 1 | | 7 | | | | 9 | |
| | | | 4 | 1 | | 3 | 2 | 7 |

### सुडोकू - 119 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 1 | 4 | 9 | 2 | 7 | 6 | 3 | 5 |
| 3 | 2 | 9 | 6 | 5 | 8 | 1 | 4 | 7 |
| 7 | 5 | 6 | 3 | 1 | 4 | 9 | 8 | 2 |
| 9 | 3 | 5 | 8 | 6 | 1 | 7 | 2 | 4 |
| 4 | 8 | 7 | 2 | 9 | 5 | 3 | 6 | 1 |
| 2 | 6 | 1 | 7 | 4 | 3 | 8 | 5 | 9 |
| 6 | 9 | 3 | 4 | 7 | 2 | 5 | 1 | 8 |
| 1 | 4 | 8 | 5 | 3 | 9 | 2 | 7 | 6 |
| 5 | 7 | 2 | 1 | 8 | 6 | 4 | 9 | 3 |

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 30 सितंबर सोमवार 2024 संवत-2081, शक संवत 1946 मास-आश्विन, पक्ष-कृष्ण पक्ष, तिथि-त्रयोदशी 19 .06 तक तत्पश्चात चतुर्दशी।

### आज का पंचांग




दिशाशूल-पूर्व। ऋतु-शरद।
चन्द्रबल- मिथुन, सिंह, तुला, वृश्चिक, कुंभ, मीन।
ताराबल-अश्विनी, भरणी, कृत्तिका, मृगशिरा, पुनर्वसु, आश्लेषा, मघा, पूर्वा फाल्गुनी, उत्तरा फाल्गुनी, चित्रा, विशाखा, ज्येष्ठा, मूल, पूर्वाषाढ़ा, उत्तराषाढ़ा, धनिष्ठा, पूर्वाभाद्रपद, रेवती।
नक्षत्र- मघा 06 .19 तक तत्पश्चात पूर्वाफाल्गुनी।

**मेष** – आज आप दोस्तों के साथ गेम्स में काफी रुचि ले सकते हैं। रचनात्मक विचारों के कारण लोगों के बीच आपकी लोकप्रियता में वृद्धि हो सकती है। साझेदारों के साथ के मतभेद दूर होंगे। कार्यक्षेत्र में अचानक धन लाभ हो सकता है। संतान के करियर की चिंता दूर होगी।

**वृष** – आज अपने निजी कार्य दूसरों के विश्वास में न छोड़ें। संपत्ति के क्रय-विक्रय को लेकर विवाद हो सकता है। धन को लेकर किसी से वायदा न करें। यदि काम पर आप एकाग्र नहीं हो पा रहे हैं तो आपको कुछ नया सीखने का प्रयास करना चाहिए।

**मिथुन** – आज व्यवसाय में बड़े ऑर्डर मिल सकते हैं। निजी संबंधों की समस्या को सुलझा लेंगे। समाज सेवा में आप काफी सहभागी रहेंगे। आर्थिक स्थिति काफी अच्छी रहेगी। यदि आप जॉब बदलना चाह रहे हैं तो दिन विशेष रूप से अनुकूल है।

**कर्क** – आज आप अपनी ही बातों में उलझ जाते हैं। काम समय पर होने के कारण आपका मनोबल बढ़ा हुआ रहेगा। अधीनस्थ कर्मचारियों के कारण आपके काम में कुछ परेशानियां आ सकती है। अपरिचित लोगों से अपनी निजी बातें शेयर न करें।

**सिंह** – आज अनुसंधान संबंधी प्रोजेक्ट्स से जुड़े हुए लोगों को बहुत बड़ी सफलता मिल सकती है। परिवार को भी आप पर्याप्त समय देंगे। छोटे कारोबारियों की आय में वृद्धि होगी। धार्मिक कार्यकलापों और मंत्र आदि में आपकी रुचि बढ़ेगी।

**कन्या** – आज अपने शत्रुओं को कमजोर समझने की गलती न करें। घर में किसी बात के कारण आपके ऊपर दबाव बन सकता है। किसी अपने के व्यवहार से आपका हृदय दुखी होगा। छात्र अपने करियर को लेकर थोड़े भ्रमित हो सकते हैं।

**तुला** – आज नई पॉलिसी में धन निवेशित कर सकते हैं। वैवाहिक जीवन प्रेम और रोमांस से भरपूर रहने वाला है। होटल और पर्यटन से जुड़े कारोबार में आय काफी तेजी से बढ़ने की संभावना है। नौकरी में स्थान-परिवर्तन करने के लिए दिन शुभ है।

**वृश्चिक** – आज आप अपने सहकर्मियों और विरोधियों के ऊपर काफी हावी रहेंगे। कई दिनों से चला आ रहा तनाव दूर होगा। समाज और कार्यक्षेत्र में लोग आपका काफी सम्मान करेंगे। परिजनों के साथ शॉपिंग के लिए जा सकते हैं।

**धनु** – आज सरकारी अधिकारियों के लिए सुकून दायक हो सकता है। आपके सुझावों से बांकी लोगों को काफी अच्छा लाभ होगा। बच्चों के साथ खेलकूद का आनंद लेंगे। शत्रु आपका मनोबल तोड़ने का प्रयास करेंगे पर सफल नहीं होंगे।

**मकर** – आज अत्यधिक मेहनत वाले कार्यों से बचना चाहिए। आपको अपनी छवि की काफी चिंता रहेगी। यात्रा के दौरान सावधानी रखें। अपनी कमजोरियों पर पर्दा न डालें। कार्यक्षेत्र में आपकी इच्छानुसार काम नहीं हो रहे हैं।

**कुंभ** – आज शुभचिंतक आपको अच्छी सलाह देने का प्रयास करेंगे। कारोबार में विस्तार करने के लिए अच्छा समय है। प्रेम संबंधों में परस्पर विश्वास और मजबूती बढ़ेगी। आप अपने लक्ष्य को लेकर काफी सक्रिय रहेंगे।

**मीन** – आज जॉब में आपके ऊपर जिम्मेदारी का दबाव बढ़ेगा, लेकिन आप सब आसानी से संभाल लेंगे। विरोधी आपके हितैषियों से आपकी आलोचना कर सकते हैं। अति आत्मविश्वासी रवैये से आपको बचना चाहिए।

## आज की फिल्में

B4U MOVIES
कुदरत का कानून – सुबह : 09 .55
सर्कस – रात : 07 .45

&pictures
खूंखार – सुबह : 11 .06
वेलकम बैक – रात : 08 .00

SONY PIX
रैमपेज – दोपहर : 12 .01
वंडर वूमैन – रात : 08 .45

ZEE CINEMA
एनकाउंटर शंकर – सुबह : 11 .29
दबंग – रात : 08 .00

ZEE ACTION
खिलाड़ी – सुबह : 10 .54
विश्वात्मा – रात : 07 .30

### आज की सुपरहिट फिल्म




एंड पिक्चर्स पर रात : 08 .00 बजे

## जोक्स ऑफ द डे

पति- अगर मुझे लाटरी लगी तो तुम क्या करोगी?
पत्नी- आधे पैसे लेकर हमेशा के लिए मायके चली जाउंगी। मैं भी खुश और आप भी खुश।
पति- 100 रुपये की लगी है, ये ले 50 और निकल ले।

चंपकलाल दारू पीकर अपने घर गया और दरवाजा खटखटाया।
पत्नी ने दरवाजा खोला।
चंपकलाल ने पूछा- तू कौन है और मेरे घर में क्या कर रही है?
पत्नी ने कहा - मुझे ही भूल गए?
चंपकलाल बोला - दारू पीकर आदमी हर गम भूल जाता है।

## एक नजर

### आईटी कंपनी के कर्मी की दफ्तर में हृदयाघात से मौत

**नागपुर।** महाराष्ट्र के नागपुर जिले में आईटी कंपनी के कर्मचारी की दफ्तर में हृदयाघात से मौत हो गई। अधिकारियों ने बताया कि यह हादसा उस दौरान हुआ जब कर्मचारी शौचालय गया था। मृतक की पहचान एचसीएल टेक्नोलॉजीस के वरिष्ठ विश्लेषक नितिन एडविन माइकल के रूप में हुई है। सोनेगांव पुलिस थाने के अधिकारी ने बताया कि नितिन मिहान इलाके में स्थित कंपनी के कार्यालय के शौचालय में शाम सात बजे गया था, लेकिन वह वहां बेहोश पाया गया। सहकर्मी उसे नागपुर स्थित एम्स ले गए जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया।

### गुरमीत राम रहीम ने 20 दिन की मांगी पैरोल

**चंडीगढ़।** डेरा सच्चा सौदा के प्रमुख और दुष्कर्म के दोषी गुरमीत राम रहीम सिंह ने 20 दिन की पैरोल का अनुरोध किया है। सूत्रों ने रविवार को बताया कि यह अनुरोध पांच अक्टूबर को होने वाले हरियाणा विधानसभा चुनाव से कुछ दिन पहले किया गया है। आचार संहिता लागू होने से डेरा प्रमुख का पैरोल का आवेदन निर्वाचन कार्यालय भेज दिया गया है, जिसने जेल विभाग से अनुरोध के पीछे ऐसे आकस्मिक और आवश्यक कारण बताने को कहा है, जो चुनाव के दौरान दोषी को पैरोल पर रिहा करने को उचित ठहराते हों। डेरा प्रमुख ने पैरोल अवधि के दौरान उत्तर प्रदेश के बागपत में रहने की बात कही है।

### वेल्डिंग मशीन में विस्फोट एक की मौत, तीन घायल

**नई दिल्ली।** दिल्ली के द्वारका के भरथल गांव में रविवार सुबह वेल्डिंग मशीन में विस्फोट होने से 36 वर्षीय व्यक्ति की मौत हो गई और तीन झुलस गए। अधिकारियों ने बताया कि मृतक बिजवासन इलाके के माया राम है। घायलों में राकेश, फैयाज, समीर है। घायलों का सफदरजंग अस्पताल में इलाज किया जा रहा है। पुलिस अधिकारी ने कहा कि हमें द्वारका के सेक्टर 25 के पास भरथल गांव में तेल टैंकर में काम करते समय वेल्डिंग मशीन में विस्फोट से कुछ लोगों के घायल होने की कॉल प्राप्त हुई थी।

### शराब माफिया के हमले में छह पुलिसकर्मी घायल

**बेगूसराय।** लाखो थाना क्षेत्र में देसी शराब बनाने में शामिल लोगों के समर्थकों द्वारा किए हमले में थानाध्यक्ष (एसओ) और एक उपनिरीक्षक (एसआई) समेत छह पुलिसकर्मी घायल हो गए। यह घटना तब हुई, जब लाखो थानाध्यक्ष अभिषेक कुमार के नेतृत्व में टीम शनिवार रात 11 बजे बहादपुर मुसहरी टोला में देसी शराब बनाने में शामिल लोगों के घर पर छापा मारने गई थी। पुलिस कर्मी जब वहां पहुंचे, तब अवैध शराब बनाने वालों के समर्थकों ने पुलिस दल पर पथराव कर दिया। घटना में छह पुलिसकर्मी घायल हो गए।

# पूर्व सरकारों की कार्य संस्कृति को किया खत्म

## प्रधानमंत्री ने वीडियो कांफ्रेंसिंग से महाराष्ट्र में 11,200 करोड़ की परियोजनाओं का किया उद्घाटन-शिलान्यास

**पुणे, एजेंसी**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को पूर्ववर्ती सरकारों पर शहरी क्षेत्रों के विकास के लिए योजना और दूरदृष्टि की कमी का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि अगर वही पुरानी कार्य संस्कृति होती तो पुणे मेट्रो परियोजना का काम आगे नहीं बढ़ पाता। मोदी ने कहा कि उन्होंने इस पुरानी कार्य संस्कृति को खत्म कर दिया है। प्रधानमंत्री मोदी ने वीडियो कॉन्फ्रेंस के जरिये महाराष्ट्र में 11,200 करोड़ रुपये की विभिन्न परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास करने के दौरान ये बातें कहीं।

मोदी का 26 सितंबर को निर्धारित पुणे दौरा शहर में भारी बारिश के कारण रद कर दिया गया था। प्रधानमंत्री ने जिला न्यायालय से स्वारगेट तक पुणे मेट्रो खंड का ऑनलाइन माध्यम से


वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से परियोजनाओं का लोकार्पण करते प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी।

उद्घाटन किया और मेट्रो को हरी झंडी दिखाई। मोदी ने कहा कि पुणे मेट्रो के प्रथम चरण के पूरा होने से शहर में लोगों का आवागमन सुगम हो जाएगा। उन्होंने कहा कि पूर्ववर्ती सरकारों की तरह अगर सोचने का वही पुराना तरीका होता तो पुणे मेट्रो का काम पूरा नहीं हो पाता। मोदी ने कहा कि बढ़ती आबादी के कारण शहर की गति धीमी नहीं होनी चाहिए, बल्कि इसकी क्षमता बढ़नी चाहिए। यह तभी संभव है, जब सार्वजनिक परिवहन को आधुनिक और कनेक्टिविटी को बेहतर बनाया जाए। यही महायुति सरकार (महाराष्ट्र में) का दृष्टिकोण है।

प्रधानमंत्री ने ऑनलाइन माध्यम से भिड़ेवाड़ा में क्रांतिज्योति सावित्रीबाई फुले के पहले बालिका विद्यालय स्मारक की आधारशिला रखा। इस दौरान उन्होंने कहा कि आधुनिक बुनियादी ढांचे के साथ विरासत को भी संरक्षित किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि भारत का आधुनिकीकरण हो, लेकिन यह हमारे मौलिक मूल्यों पर आधारित होना चाहिए। सावित्रीबाई फुले द्वारा शुरू किए गए स्कूल का जिक्र करते हुए मोदी ने कहा कि देश ने देखा है कि जब महिलाएं सामाजिक बदलाव की जिम्मेदारी लेती हैं तो क्या प्रभाव पड़ता है। अगर महाराष्ट्र विकास करता है तो देश भी उसका अनुसरण करेगा।

### भगवान विट्ठल के भक्तों को मिला विशेष उपहार

प्रधानमंत्री मोदी ने पुणे शहर से सीधा हवाई संपर्क स्थापित करने के लिए सोलापुर हवाई अड्डे का भी उद्घाटन किया। इसका जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि भगवान विट्ठल के भक्तों को भी आज एक विशेष उपहार मिला है। मोदी ने बताया कि टर्मिनल की क्षमता में वृद्धि हुई है और मौजूदा हवाई अड्डे के उन्नयन कार्य के पूरा होने के बाद यात्रियों के लिए नई सेवाएं और सुविधाएं बनाई गई हैं, जिससे भगवान विट्ठल के भक्तों के लिए सुविधा बढ़ गई है। उन्होंने कहा कि हवाई अड्डे से व्यवसाय, उद्योग और पर्यटन को भी बढ़ावा मिलेगा।

# हिमाचल व कर्नाटक में राहुल की गारंटी हो गई विफल : शाह

**चंडीगढ़, एजेंसी**



- हरियाणा के गुरुग्राम के बादशाहपुर में चुनावी रैली में गृह मंत्री ने कांग्रेस नेता पर लगाया आरोप

केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने रविवार को हरियाणा में कांग्रेस पर आरोप लगाया कि राहुल गांधी की चुनावी गारंटियां हिमाचल प्रदेश और कर्नाटक जैसे राज्यों में विफल हो गई हैं, जहां कांग्रेस सत्ता में है। शाह ने गुरुग्राम के बादशाहपुर में चुनावी रैली में कहा कि कांग्रेस चुनाव के समय बड़े-बड़े वादे करती है लेकिन हिमाचल प्रदेश, कर्नाटक और तेलंगाना में गांधी की गारंटियां असफल हो गईं।

शाह ने कहा कि भाजपा ऐसा कोई वादा नहीं करती जिसे पूरा न किया जा सके। राहुल बाबा एंड कंपनी विकास नहीं कर सकती और डबल इंजन वाली सरकार ही राज्य का विकास करेगी। उन्होंने कांग्रेस पर भ्रष्टाचार, जातिवाद, भाई-भतीजावाद और तुष्टिकरण को लेकर निशाना साधा। उन्होंने कांग्रेस को गरीब, दलित, युवा और किसान विरोधी करार दिया। चूंकि भाजपा के कुछ बागी निर्दलीय चुनाव लड़ रहे हैं, इसलिए शाह ने इंद्री में लोगों से कहा कि वे वोट कमल पर डालें। वक्फ (संशोधन) विधेयक पर शाह ने बादशाहपुर की रैली में कहा कि आपको वक्फ बोर्ड पर मौजूदा विधान से समस्या है हम संसद के शीतकालीन सत्र में इसमें संशोधन करेंगे। कई विपक्षी नेताओं ने आरोप लगाया था कि केंद्र के वक्फ संशोधन विधेयक का उद्देश्य समाज में विभाजन पैदा करना है और कहा था कि वे इसका विरोध करेंगे। शाह ने कहा कि सेना में हर 10वां सैनिक हरियाणा से होता है। इंदिरा गांधी से लेकर मनमोहन सिंह तक ने वन रैंक वन पेंशन की मांग पूरी नहीं की और वह मोदी सरकार थी जिसने 2015 में यह लागू किया।

# कांग्रेस ने प्राथमिकी पर वित्त मंत्री से मांगा इस्तीफा

**नई दिल्ली, एजेंसी**

- विपक्षी दल ने चुनावी बॉण्ड योजना की एसआईटी से सुप्रीम कोर्ट की निगरानी में जांच की मांग दोहराई

कांग्रेस ने रद हो चुकी चुनावी बॉण्ड योजना के संबंध में शिकायत पर वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण और अन्य के खिलाफ मामला दर्ज होने के बाद रविवार को भाजपा पर हमला बोला और लोकतंत्र को कमजोर करने के लिए वित्त मंत्री के इस्तीफे की मांग की। विपक्षी दल ने पूरे चुनावी बॉण्ड योजना की विशेष जांच दल (एसआईटी) से सुप्रीम कोर्ट की निगरानी में जांच की मांग दोहराई।

पार्टी प्रवक्ता अभिषेक सिंघवी के साथ कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने आरोप लगाया कि चुनावी बॉण्ड की साजिश से पैसे ऐंठने के लिए चार तरीकों का इस्तेमाल हुआ। इसके तहत प्रीपेड रिश्वत, पोस्टपेड रिश्वत, छापे के बाद रिश्वत और फर्जी कंपनियों के माध्यम से वसूली हुई। वित्त मंत्री को तुरंत इस्तीफा देना चाहिए, क्योंकि वह राजनीतिक, कानूनी और नैतिक रूप से दोषी हैं। रमेश ने कहा कि प्राथमिकी अदालत के आदेश पर दर्ज की गई। कांग्रेस चुनावी बॉण्ड योजना की एसआईटी से सुप्रीम कोर्ट की निगरानी में जांच की मांग कर रही है और वह इस मांग को दोहराती है। सिंघवी ने भाजपा पर लोकतंत्र कमजोर करने का भी आरोप लगाया।

### निर्मला सीतारमण दे इस्तीफा: प्रियांक

**बेंगलुरु।** कर्नाटक के मंत्री प्रियांक खरगे ने खत्म हो चुकी चुनावी बॉण्ड योजना के जरिए कथित तौर पर पैसा मांगने के लिए अदालत के आदेश पर निर्मला सीतारमण के खिलाफ मामला दर्ज होने के बाद उनसे इस्तीफा देने की मांग की। प्रियांक ने आरोप लगाया कि कंपनियों ने चुनावी बॉण्ड योजना के जरिए भाजपा को चंदा दिया और अदालत ने वैध आधार पर पुलिस को सीतारमण व अन्यों के खिलाफ मामला दर्ज करने का निर्देश दिया।

### लिंग निर्धारण सर्जरी से पहले मनोचिकित्सक की अनुमति जरूरी

**नई दिल्ली।** केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय के अनुसार प्री-हार्मोनल थेरेपी या लिंग निर्धारण सर्जरी के इच्छुक ट्रांसजेंडरों को मनोचिकितसक से अनुमति लेना जरूरी है। एसओपी में कहा गया है कि जहां तक स्त्री रोग विशेषज्ञों का सवाल है तो उन्हें यह पूछना चाहिए कि रोगी को नाम और सर्वनाम के संदर्भ में किस तरह से संबोधित किया जाना चाहिए, और यह भी सुनिश्चित करना चाहिए कि वे जिन शब्दों का उपयोग करें वे सुरक्षा, गरिमा व सम्मान के सिद्धांतों के अनुरूप हों। एसओपी दस्तावेज में मानसिक स्वास्थ्य पेशेवरों की जिम्मेदारियों को रेखांकित करते हुए कहा गया है कि उन्हें विश्व स्वास्थ्य संगठन की वर्तमान प्रणाली के मुताबिक लैंगिक असंगति का मूल्यांकन और प्रमाणन करना होगा। लैंगिक असंगति का मतलब किसी के अनुभव किए लिंग और निर्धारित लिंग में फर्क होना होता है।

### सेंथिल बालाजी सहित तीन अन्य ने ली शपथ

चेन्नई। तमिलनाडु के राज्यपाल आरएन रवि ने रविवार को द्रमुक नेता वी सेंथिल बालाजी को मंत्री पद की शपथ दिलाई। बालाजी को कुछ दिन पहले नशोधन के मामले में जमानत मिली थी। द्रमुक के तीन अन्य विधायकों आर राजेंद्रन (सेलम-उत्तर), गोवी चेझियान (तिरुविदाईमारुदुर) और एस एम नासर (अवाडी) ने भी रापद एवं गोपनीयता की शपथ ली। वहां तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन और उनके बेटे उदयनिधि भी मौजूद थे, जो पहले ही उपमुख्यमंत्री बनाए जा चुके हैं।

### उत्तर बंगाल में बाढ़ चिंताजनक केंद्र मदद नहीं कर रहा : ममता

**कोलकाता/सिलीगुड़ी।** प. बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने रविवार को उत्तरी जिलों में बाढ़ की स्थिति को खतरनाक बताया। उन्होंने दावा किया कि राज्य को इस प्राकृतिक आपदा से निपटने के लिए केंद्र सरकार से सहायता नहीं मिल रही है। मुख्यमंत्री ने सिलीगुड़ी जाते समय कहा कि कूचबिहार, जलपाईगुड़ी और अलीपुरद्वार जैसे जिले बाढ़ से प्रभावित हैं। कोसी नदी क्षेत्रों में बारिश से, बिहार के कई स्थान और बंगाल के मालदा और दक्षिण दिनाजपुर जिले के पास भविष्य में प्रभावित होंगे। केंद्र पर राज्य की मदद नहीं करने का आरोप लगाते हुए उन्होंने कहा कि याद दिलाने के बावजूद केंद्र ने फरक्का बैराज का रखरखाव कार्य नहीं किया और इसकी जल-धारण क्षमता काफी हद तक कम हो गई है।



# राजनीति में महिलाओं की भागीदारी के बिना समाज में समानता मुमकिन नहीं

**नई दिल्ली, एजेंसी**



- शक्ति अभियान में शामिल होने का महिलाओं से कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने किया आग्रह

सही मायने में समानता और न्याय के लिए राजनीति में अधिक महिलाओं की भागीदारी पर जोर देते हुए, लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने वास्तविक परिवर्तन लाने को उत्साहित आधी आबादी से रविवार को शक्ति अभियान में शामिल होने का आग्रह किया, जिसका उद्देश्य राजनीति में महिलाओं के हितों के लिए समान अवसर उपलब्ध करना है।

राहुल ने एक्स पर कहा कि एक साल पहले, महिला राजनीति को केंद्र में रखकर हमने इंदिरा फेलोशिप की शुरुआत की थी। आज, यह पहल महिला नेतृत्व के सशक्त कारवां में बदल चुकी है। राजनीति में महिलाओं की भागीदारी बढ़ाए बिना समाज में समानता और न्याय मुमकिन नहीं है। आधी आबादी, पूरा हक़-हिस्सेदारी, कांग्रेस की सोच और संकल्प का प्रतीक है। मैं एक बार फिर महिलाओं से शक्ति अभियान से जुड़ने और राजनीति का हिस्सा बनने का आह्वान करता हूं।

### दिल्ली हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश बने मनमोहन

**नई दिल्ली।** जस्टिस मनमोहन ने रविवार को दिल्ली हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश के तौर पर शपथ ली। उपराज्यपाल वीके सक्सेना ने राज निवास में हुए समारोह में शपथ दिलाई। समारोह में मुख्यमंत्री आतिशी समेत कई लोग उपस्थित रहे। सतीश चंद्र शर्मा को सुप्रीम कोर्ट का न्यायाधीश बनाने के बाद मनमोहन को 9 नवंबर 2023 को कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश बनाया गया था। मनमोहन प्रख्यात नौकरशाह-राजनेता, जम्मू-कश्मीर के राज्यपाल और दिल्ली के उपराज्यपाल रहे जगमोहन के बेटे हैं।

### उद्योगपति ओसवाल से सात करोड़ रुपये ठगे, दो गिरफ्तार

- आरोपियों के पास से 5.25 करोड़ रुपये किए गए बरामद

**लुधियाना।** पंजाब पुलिस ने रविवार को प्रसिद्ध उद्योगपति श्रीपॉल ओसवाल से सात करोड़ ठगने वाले अंतर्राज्यीय साइबर जालसाजों के गिरोह का भंडाफोड़ किया। लुधियाना के पुलिस आयुक्त कुलदीप सिंह चहल ने बताया कि दो साइबर अपराधियों को गिरफ्तार किया गया है और उनके पास से 5.25 करोड़ रुपये बरामद किए गए हैं। गिरोह के सात अन्य सदस्यों को पकड़ने के प्रयास जारी हैं। गिरोह के सभी नौ सदस्य असम और बंगाल के हैं। जालसाजों ने वर्धमान समूह के मालिक एसपी ओसवाल के बैंक खातों से सात करोड़ निकाले। उनमें से एक ने खुद को सीबीआई का अधिकारी बताया और उद्योगपति को फर्जी गिरफ्तारी वारंट दिखाया तथा डिजिटल गिरफ्तारी की धमकी दी।

# दिव्यांग बच्चों के अधिकारों पर जस्टिस नागरत्ना ने जताई चिंता

**नई दिल्ली, एजेंसी**

- आजीवन सहायता का किया आह्वान राज्यों को दिए सुझाव

सुप्रीम कोर्ट की किशोर न्याय समिति की अध्यक्ष जस्टिस बीवी नागरत्ना ने बच्चों के लिए दिव्यांगता सहायता प्रणालियों में सुधार का आह्वान किया है, जिसमें आंकड़ों का सटीक संग्रह, आजीवन वित्तीय सहायता और शिक्षा में समावेशिता पर ध्यान केंद्रित किया जाना चाहिए। दिव्यांग बच्चों के अधिकारों की रक्षा विषय पर कार्यक्रम में नागरत्ना ने दिव्यांग बच्चों के समर्थन में होने वाले प्रयासों के अंतराल को रेखांकित किया और इस मुद्दे के समाधान के लिए बहु-हितधारक दृष्टिकोण अपनाने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि विकलांग बच्चों की सुरक्षा के लिए एक राज्य कार्य योजना विकसित करें, जिसकी समीक्षा और निगरानी राज्यों और उच्च न्यायालयों की किशोर न्याय समितियों द्वारा की जाएगी।

## कारोबार/कृषि

## एक नजर

### जमा वृद्धि को नए उत्पाद लाने की तैयारी में एसबीआई

**नई दिल्ली।** भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) के चेयरमैन सीएस शेट्टी ने कहा है कि जमाकर्ताओं को आकर्षित करने के लिए बैंक आवर्ती जमा और एसआईपी के संयुक्त उत्पाद सहित नए उत्पाद लाने पर विचार कर रहा है। अर्थव्यवस्था की प्रगति के साथ, ग्राहक वित्तीय रूप से अधिक जागरूक और मांग करने वाले बन रहे हैं, और उन्होंने नवीन निवेश साधनों की तलाश शुरू कर दी है। शेट्टी ने कहा कि आज ग्राहक मूल्य प्रस्ताव पर ध्यान दे रहे हैं, क्योंकि वित्तीय साक्षरता बढ़ रही है और परिसंपत्ति आवंटन की अवधारणा को अधिक महत्व मिलेगा।

### आईबीए को 1,600 करोड़ रुपये के निवेश की उम्मीद

**नई दिल्ली।** भारतीय बायोगैस एसोसिएशन (आईबीए) को शुरू हो रहे नवीकरणीय ऊर्जा भारत एक्सपो (आरईआई) 2024 के दौरान 1,600 करोड़ रुपये के निवेश की उम्मीद है। बायोगैस परिचालकों, विनिर्माताओं और संयंत्र योजनाकारों का प्रतिनिधित्व करने वाला अग्रणी निकाय आईबीए इस उच्चस्तरीय आयोजन से मिलने वाले अवसरों के प्रति आशान्वित है। आईबीए के चेयरमैन गौरव केडिया ने कहा कि आरईआई-2024 में बायोगैस क्षेत्र में 1,600 करोड़ के निवेश की घोषणा होने की उम्मीद है। एक्सपो में गत वर्ष की तुलना में 20% अधिक भागीदारी होने की उम्मीद है।

### भारत में कोयले का रिकॉर्ड उत्पादन हो रहा है : मंत्री

**औरंगाबाद।** कोयला एवं खान राज्य मंत्री सतीश चंद्र दुबे ने कहा है कि भारत में कोयले का रिकॉर्ड उत्पादन हो रहा है। दुबे ने कहा कि थर्मल पावर प्लांटों के पास अभी 20 से 25 दिनों का कोयले का स्टॉक है। भारत में अभी कोयले का रिकॉर्ड उत्पादन हो रहा है। 2023-24 में कोयला का अब तक का सबसे ज्यादा 997 मिलियन टन उत्पादन हुआ और 2024-25 में हम इस लक्ष्य को पार करने का प्रयास कर रहे हैं। विद्युत क्षेत्र के लिए निर्बाध कोयला आपूर्ति की गई है और सर्वे में नई कोयला खदानों का पता चल रहा है।

# शेयर बाजार में एफपीआई ने किए 57,359 करोड़ रुपये निवेश

## फेडरल रिजर्व के ब्याज दरों में कटौती के बाद विदेशी निवेशकों की रुचि बढ़ी

- इस वर्ष एफपीआई का भारतीय शेयरों में निवेश एक लाख करोड़ के आंकड़े को किया पार

**नई दिल्ली, एजेंसी**

विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों (एफपीआई) ने सितंबर में भारतीय शेयर बाजारों में 57,359 करोड़ रुपये निवेश किए हैं, जो उनके निवेश का नौ माह का उच्चस्तर है। अमेरिकी केंद्रीय बैंक फेडरल रिजर्व द्वारा प्रमुख ब्याज दरों में 0.50 प्रतिशत की कटौती के बाद एफपीआई का भारतीय बाजार में निवेश लगातार बढ़ रहा है।

डिपॉजिटरी के अनुसार इस साल 2024 में एफपीआई का भारतीय शेयरों में निवेश एक लाख करोड़ रुपये के आंकड़े को पार कर गया है। शोध विश्लेषक कंपनी गोलफाई के स्मॉलकेस प्रबंधक और संस्थापक एवं सीईओ रॉबिन आर्य ने कहा कि आगे चलकर एफपीआई का प्रवाह मजबूत बना रहेगा। वैश्विक स्तर पर ब्याज दरों में कटौती तथा भारत की मजबूत बुनियाद से एफपीआई दांव लगा रहे हैं। भारतीय रिजर्व बैंक के मुद्रास्फीति प्रबंधन तथा तरलता से संबंधित फैसले इस रफ्तार को कायम रखने के लिए महत्वपूर्ण होंगे। एफपीआई ने 27 सितंबर तक शेयरों में 57,359 करोड़ का शुद्ध निवेश किया है। अभी इस महीने का एक कारोबारी सत्र बचा है। यह दिसंबर, 2023 के बाद सबसे अधिक शुद्ध प्रवाह है।

### शीर्ष आठ कंपनियों की पूंजी 1.21 लाख करोड़ बढ़ी

**नई दिल्ली।** सेंसेक्स की शीर्ष 10 मूल्यवान कंपनियों में से आठ के बाजार पूंजीकरण (मार्केट कैप) में बीते सप्ताह सामूहिक रूप से 1,21,270 .83 करोड़ रुपये का उछाल आया। समीक्षाधीन सप्ताह में रिलायंस इंडस्ट्रीज का बाजार मूल्यांकन 53,652 .92 करोड़ बढ़कर 20,65,197 .60 करोड़, एसबीआई 18,518 .57 करोड़ बढ़कर 7,16,333 .98 करोड़, भारती एयरटेल 13,094 .52 करोड़ बढ़कर 9,87,904 .63 करोड़, आईटीसी 9,927 .3 करोड़ बढ़कर 6,53,834 .72 करोड़, टीसीएस 8,592 .96 करोड़ बढ़कर 15,59,052 करोड़, एचडीएफसी बैंक 8,581 .64 करोड़ बढ़कर 13,37,186 .93 करोड़, एलआईसी 8,443 .87 करोड़ बढ़कर 6,47,616 .51 करोड़, इन्फोसिस 459 .05 करोड़ बढ़कर 7,91,897 .44 करोड़ रुपये रहा।

# निश्चित आय : वित्तीय दुनिया के महत्वपूर्ण हिस्से

निश्चित आय और ऋण बाजार निवेश का क्षेत्र आज की वित्तीय दुनिया में अत्यंत महत्वपूर्ण हो गया है। बढ़ती ब्याज दरें और मुद्रास्फीति ने निवेशकों के लिए कई चुनौतियाँ उत्पन्न की हैं, लेकिन इसके साथ ही नए अवसर भी प्रस्तुत किए हैं। व्हार्टन स्कूल का यह कार्यक्रम प्रतिभागियों को फिक्स्ड-इनकम निवेश और जोखिम प्रबंधन में उत्कृष्टता हासिल करने का एक अनूठा अवसर प्रदान करता है। आइये इस पर नजर डालें...

**मुद्रा कारोबार कोष :** ये बॉण्ड विभिन्न ऋण उपकरणों में निवेश करते हैं और नियमित रूप से निश्चित ब्याज रिटर्न देते हैं।
**डेट म्यूचुअल फंड्स :** ये फंड सरकारी और कॉर्पोरेट बांड, वाणिज्यिक पत्र, मुद्रा बाजार उपकरणों आदि में निवेश करते हैं।
**बांड :** कंपनियों द्वारा पूंजी जुटाने के लिए जारी किए जाते हैं और निश्चित ब्याज दर के साथ लौटाए जाते हैं।
**मुद्रा बाजार उपकरण :** जैसे ट्रेजरी बिल्स, वाणिज्यिक पत्र। ये अल्पकालिक निवेश होते हैं, जिनकी परिपक्वता एक वर्ष से कम होती है।
**बैंक जमा :** सुरक्षित निवेश विकल्प, जिसमें छोटी और लंबी अवधि दोनों के लिए ब्याज मिलता है।
**सरकारी योजनाएं :** जैसे सामान्य भविष्य निधि और वरिष्ठ नागरिक बचत योजना जो कर छूट और स्थिर ब्याज दर प्रदान करती हैं।

### निवेशकों के लिए लाभ

**स्थिरता :** यह उन लोगों के लिए आदर्श है जो सुरक्षित और स्थिर रिटर्न चाहते हैं।
**कम जोखिम :** खासकर वृद्ध निवेशक और जोखिम से बचने वाले निवेशक इन प्रतिभूतियों को पसंद करते हैं।
**नियमित आय :** रिटायरमेंट के बाद नियमित आय प्राप्त करने के लिए ये योजनाएं अच्छी मानी जाती हैं।

### ध्यान देने योग्य बातें

**मुद्रास्फीति जोखिम :** मुद्रास्फीति के बढ़ने पर इनके वास्तविक रिटर्न में कमी आ सकती है।
**ब्याज दर जोखिम :** ब्याज दरों में बदलाव से बॉन्ड की कीमतें प्रभावित हो सकती हैं।
**कराधान :** इन प्रतिभूतियों से प्राप्त आय पर कर का भुगतान करना होता है और दीर्घकालिक-अल्पकालिक कर लाभ नियम अलग होते हैं।





**सुरक्षा :** आमतौर पर, सरकारी बांड अधिक सुरक्षित माने जाते हैं।
**स्थिरता :** निश्चित आय उपकरणों से नियमित आय सुनिश्चित होती है।
**कम जोखिम :** शेयर बाजार की तुलना में कम उतार-चढ़ाव होता है।
**ऋण बाजार :** ऋण बाजार वह जगह है जहां निवेशक विभिन्न प्रकार के ऋण उपकरण खरीदते और बेचते हैं। कॉर्पोरेट बांड, नगरपालिका बांड, और अन्य ऋण साधन। इसमें दीर्घकालिक और लघुकालिक ऋण उपकरण शामिल होते हैं।
**उपयोग :** कंपनियां और सरकारें पूंजी जुटाने के लिए ऋण बाजार का उपयोग करती हैं।
**ब्याज दरें :** ऋण बाजार की ब्याज दरें बाजार की मौजूदा आर्थिक स्थिति के आधार पर बदलती हैं।

# आयकर अधिनियम समीक्षा : सरकार अगले महीने उद्योग से सुझाव करेगी आमंत्रित

**नई दिल्ली, एजेंसी**

- उद्योग मंडलों की गत बैठक में सरकार ने कहा था- आयकर पोर्टल में ऐसी सुविधा बनाएंगे, जिसमें सुझाव दिए जा सकेंगे

प्रत्यक्ष कर कानून को सरल बनाने की कवायद के तहत सरकार ने अक्टूबर से आयकर अधिनियम, 1961 पर निजी क्षेत्र और कर विशेषज्ञों से सुझाव आमंत्रित करने का प्रस्ताव किया है। इस महीने की शुरुआत में उद्योग मंडलों के साथ बैठक में सरकार ने कहा था कि आयकर पोर्टल में एक ऐसी सुविधा बनाई जाएगी, जिसमें आयकर कानून की विभिन्न धाराओं के बारे में सुझाव दिए जा सकेंगे। इसका मकसद भाषा को सरल बनाना और मुकदमेबाजी को कम करना है।

बजट घोषणा के बाद केंद्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड (सीबीडीटी) ने छह दशक पुराने प्रत्यक्ष कर कानून की व्यापक समीक्षा और इसे संक्षिप्त, पढ़ने और समझने में सुगम बनाने के लिए एक आंतरिक समिति गठित की थी। सूत्र ने बताया कि उद्योग संघों के साथ बैठक में राजस्व विभाग ने सुझाव दिया कि आयकर कानून को फिर से तैयार करने पर सुझाव को लेकर अक्टूबर के पहले सप्ताह तक पोर्टल पर यह सुविधा डाली जाए। यह कवायद नया कर कानून या कर संहिता लिखने को नहीं है। पुराने प्रावधानों को हटाने से ही पृष्ठों की संख्या में करीब 100 की कमी आ सकती है। आयकर कानून की समीक्षा का उद्देश्य भाषा को सरल बनाना और मुकदमेबाजी को कम करना है।

### 60,000 करोड़ जुटाने की तैयारी में कई कंपनियां

**नई दिल्ली।** दो माह में हुंदै मोटर इंडिया, स्विगी और एनटीपीसी ग्रीन एनर्जी सहित आधा दर्जन से अधिक कंपनियां 60,000 करोड़ जुटाने के लिए आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) लाने की तैयारी में हैं। मर्चेंट बैंकिंग सूत्रों ने यह जानकारी दी। एफकॉन्स इन्फ्रास्ट्रक्चर, वारी एनर्जीज, निवा बूपा हेल्थ इंश्योरेंस, वन मोबिक्विक सिस्टम्स और गरुड़ कंस्ट्रक्शन भी आईपीओ ला रही हैं। इक्विरास के प्रबंध निदेशक मुनीश अग्रवाल को उम्मीद है कि सितंबर दिसंबर के बीच 30 से अधिक आईपीओ आएंगे।

# 7% की वृद्धि के साथ रोजगार का सृजन नहीं कर रहा भारत

**नई दिल्ली, एजेंसी**



- आरबीआई के पूर्व गवर्नर रघुराम राजन ने कहा- सरकार को श्रम-गहन उद्योगों को बढ़ाने पर ध्यान केंद्रित करने की जरूरत

भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के पूर्व गवर्नर रघुराम राजन ने कहा है कि 7% की आर्थिक वृद्धि के साथ भारत पर्याप्त नौकरियां पैदा नहीं कर रहा है। इसका अंदाजा कुछ राज्यों में रिक्त पदों के लिए आवेदकों की संख्या से लगाया जा सकता है। उन्होंने सुझाव दिया कि सरकार को रोजगार पैदा करने के लिए श्रम-गहन उद्योगों को बढ़ावा देने पर ध्यान केंद्रित करने की जरूरत है।

राजन ने कहा कि कुछ भारतीय विशेष रूप से उच्चस्तर पर, संतोषजनक स्थिति में हैं और उनकी आमदनी अधिक है। लेकिन निचले आधे हिस्से में उपभोग वृद्धि अब भी नहीं सुधरी है और यह कोविड-पूर्व स्तर तक नहीं पहुंच पाई है। उन्होंने कहा कि यह दुर्भाग्यपूर्ण हिस्सा है...आप सोचेंगे कि सात प्रतिशत की वृद्धि के साथ, हम बहुत सारी नौकरियां पैदा करेंगे। लेकिन अगर आप हमारी विनिर्माण वृद्धि को देखें, तो यह अधिक पूंजी गहन है। उन्होंने कहा कि पूंजी-गहन उद्योग अधिक तेजी से आगे बढ़ रहे हैं, लेकिन श्रम-गहन उद्योगों के साथ ऐसी बात नहीं है। आरबीआई के पूर्व गवर्नर ने कहा कि निचले स्तर पर सब ठीक नहीं चल रहा है।

### जीएसटीएन ने किया जीएसटी रिटर्न का आंकड़ा बहाल

**नई दिल्ली।** जीएसटी नेटवर्क (जीएसटीएन) ने रविवार को कहा कि जुलाई-अगस्त 2017 के मासिक रिटर्न का आंकड़ा पोर्टल पर बहाल किया गया है। ये जीएसटी लागू होने के शुरुआती महीने थे। जीएसटीएन ने पिछले सप्ताह कहा था कि वह अपनी आंकड़ा नीति को लागू कर रहा है, जिसके अनुसार करदाताओं के आंकड़े केवल सात साल के लिए ही रखे जाएंगे। जिन्हें अभिलेखागार (आर्काइव) में रखा जाएगा। उद्योग जगत ने इसे लागू करने से पहले समय मांगा था, ताकि वे जीएसटी पोर्टल से आंकड़े डाउनलोड कर सकें।

# ईसी के सदस्यों का ध्यान खुद के फायदे पर : उषा

नई दिल्ली, एजेंसी

भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) को अपने तरीके से चलाने का आरोप लगाते हुए अध्यक्ष पीटी उषा ने रविवार को कार्यकारी परिषद (ईसी) में बगावत करने वाले सदस्यों पर पलटवार करते हुए आरोप लगाया कि उनका मकसद देश के खेल की भलाई करने की जगह खुद के फायदे और मौद्रिक लाभ लेने पर है।

उषा ने यहां एक आधिकारिक विज्ञप्ति में आरोप लगाया कि इनमें से कुछ ईसी सदस्यों का ट्रैक रिकॉर्ड बेहद संदिग्ध है। इसमें लैंगिक भेदभाव के आरोप और यहां तक कि उनके खिलाफ यौन उत्पीड़न के मामले भी दर्ज हैं। भारत का प्रतिनिधित्व करने वाले एक खिलाड़ी के रूप में अपने 45 साल लंबे करियर में मैंने कभी ऐसे लोगों का सामना नहीं किया है जो हमारे खिलाड़ियों की आकांक्षाओं और हमारे देश के खेल भविष्य के प्रति इतने उदासीन हैं। इन व्यक्तियों का पूरा ध्यान खेल प्रशासन में उनकी लंबे समय तक उपस्थिति और नियंत्रण के माध्यम से खुद के फायदे और मौद्रिक लाभ लेने पर रहता है। इस पूर्व दिग्गज एथलीट ने बिना किसी का नाम लिए कहा यह बताना भी जरूरी है कि इनमें से कुछ ईसी सदस्यों के ट्रैक रिकॉर्ड बेहद संदिग्ध हैं। उन पर लैंगिक पूर्वाग्रह के आरोप हैं। यहां तक कि उनके खिलाफ यौन उत्पीड़न के मामले भी दर्ज हैं।

- आईओए अध्यक्ष ने संघ को अपने तरीके से चलाने के लगाए आरोप ईसी के कुछ सदस्यों का ट्रैक रिकॉर्ड संदिग्ध



कार्यकारी परिषद के 12 सदस्यों ने शनिवार को अंतर्राष्ट्रीय ओलंपिक समिति (आईओसी) के सीनियर अधिकारी जेरोम पोइवे को पत्र लिखकर इस दिग्गज एथलीट पर तानाशाही से काम करने का आरोप लगाया। बैठक के दौरान उषा द्वारा आईओए सीईओ के पद से रघुराम अय्यर को हटाने की उनकी मांग को खारिज करने के बाद आईओसी को पत्र लिखा। वरिष्ठ उपाध्यक्ष अजय एच पटेल, उपाध्यक्ष राजलक्ष्मी देव और गगन नारंग, कोषाध्यक्ष सहदेव यादव, संयुक्त सचिव अलकनंदा अशोक और कल्याण चौबे, अन्य कार्यकारी परिषद सदस्य अमिताभ, भूपेंद्र बाजवा, रोहित, डोला, हरपाल सिंह और योगेश्वर दत्त ने पत्र पर हस्ताक्षर किए। सदस्यों ने पोइवे को लिखा कि वे आईओए के सीईओ के पद के लिए फिर से विज्ञापन देंगे।

## पीसीबी ने दी चेतावनी- फिटनेस सुधारो, नहीं तो अनुबंध समाप्त

**कराची।** पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) ने छह-सात केंद्रीय अनुबंधित खिलाड़ियों को कड़ी चेतावनी जारी की है जिसमें उन्हें कहा गया है कि या तो वे अपनी फिटनेस सुधारें, वर्ना उनके अनुबंध गंवाने का जोखिम रहेगा।

पाकिस्तान टीम के फिटनेस ट्रेनर और फिजियो सोमवार को लाहौर में एक और फिटनेस जांच करेंगे क्योंकि कुछ खिलाड़ी इस महीने की शुरू में फिटनेस संबंधित जरूरी मानदंडों को पूरा नहीं कर पाए थे। बोर्ड के एक अधिकारी ने कहा जिन खिलाड़ियों के पास केंद्रीय और घरेलू अनुबंध हैं, उन्हें स्पष्ट शब्दों में कहा गया है कि फिटनेस पर कोई समझौता नहीं किया जाएगा। दो विदेशी मुख्य कोच जेसन गिलेस्पी और गैरी कर्स्टन ने पीसीबी अध्यक्ष से कहा था कि फिटनेस के संबंध में किसी भी खिलाड़ी से कोई समझौता नहीं किया जाना चाहिए।

# पाकिस्तान के राष्ट्रीय चयनकर्ता पद से मो. यूसुफ ने दिया इस्तीफा

लाहौर, एजेंसी

पाकिस्तान के पूर्व कप्तान मोहम्मद यूसुफ ने निजी कारणों का हवाला देते हुए रविवार को राष्ट्रीय चयनकर्ता का पद छोड़ दिया। उन्होंने एक्स पर लिखा मैं व्यक्तिगत कारणों से पाकिस्तान क्रिकेट टीम के चयनकर्ता के रूप में अपने इस्तीफे की घोषणा करता हूं। इस बेहतरीन टीम की सेवा करना मेरे लिए शानदार रहा है। मुझे पाकिस्तान क्रिकेट के विकास और सफलता में योगदान देने पर गर्व है।

उन्होंने कहा मुझे अपने खिलाड़ियों की प्रतिभा और जज्बे पर बहुत भरोसा है। यह टीम बेहतर होने के अपने प्रयास को जारी रखेगी और मैं टीम को शुभकामनाएं देता हूं। यूसुफ पिछले साल से विभिन्न भूमिकाओं में पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड से जुड़े हुए हैं। वह उस राष्ट्रीय चयन समिति का हिस्सा थे जिसमें दो पूर्व टेस्ट खिलाड़ी, मुख्य कोच, कप्तान और एक विश्लेषक शामिल हैं। चयन समिति में एक अन्य पूर्व खिलाड़ी असद शफीक है।



- पिछले साल से विभिन्न भूमिकाओं में पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड से जुड़े हुए हैं मोहम्मद यूसुफ

## खेल डायरी

### भारतीय पुरुष निशानेबाजी टीम ने जीता स्वर्ण पदक

**लीमा।** भारतीय पुरुष और महिला निशानेबाजी टीमों ने आईएसएसएफ जूनियर विश्व चैंपियनशिप 2024 की 10 मीटर एयर पिस्टल स्पर्धा के स्वर्ण पदक अपने नाम किये। वहीं कनक ने महिला व्यक्तिगत स्पर्धा के फाइनल में कांस्य पदक जीता। पेरु की राजधानी लीमा के लास पालमास शूटिंग रेंज में शनिवार को प्रतिस्पर्धा करते हुए, कनिष्का डागर (573), लक्षिता (571) और अंजलि चौधरी (564) ने क्वालिफिकेशन राउंड में कुल 1708 का स्कोर अर्जित करते हुए भारत को महिलाओं की 10 मीटर एयर पिस्टल स्पर्धा की टीम श्रेणी में शीर्ष स्थान हासिल कर स्वर्ण पदक जीता। इसी स्पर्धा में अजरबैजान (1707) के स्कोर के साथ रजत और यूक्रेन को (1704) का स्कोर कर कांस्य पदक जीता। भारतीय निशानेबाज कनक ने महिलाओं की 10 मीटर एयर पिस्टल व्यक्तिगत स्पर्धा में कांस्य पदक के साथ लीमा जूनियर निशानेबाजी विश्व चैंपियनशिप में भारतीय निशानेबाजी टीम के व्यक्तिगत पदकों का खाता भी खोल दिया है। भारत ने इस प्रतियोगिता में कुल दो स्वर्ण, कांस्य सहित तीन पदक जीते।

### भारतीय वुशु खिलाड़ियों ने दो स्वर्ण सहित सात पदक जीते

**नई दिल्ली।** भारतीय वुशु खिलाड़ियों ने रविवार को ब्रुनेई के में समाप्त हुई नौवीं जूनियर विश्व चैंपियनशिप में दो स्वर्ण सहित सात पदक जीते। भारत ने प्रतियोगिता में एक रजत और चार कांस्य पदक भी जीते। भारतीय वुशु संघ ने यहां जारी विज्ञप्ति में कहा यह पहली बार है जब 48 किग्रा भार वर्ग में प्रतिस्पर्धा कर रहे भारतीय खिलाड़ी आर्यन ने चीन के खिलाड़ी के खिलाफ कड़े मुकाबले में स्वर्ण पदक जीता। इसके अलावा भारतीय खिलाड़ी शौर्य ने ईरान के प्रतिद्वंद्वी को हराकर एक और स्वर्ण पदक जीता। नांग मिंगबी बोरफुकन ने ताओलू जियान शू सी ग्रुप स्पर्धा में रजत पदक जीता। तनिश नागर (56 किग्रा), अभिजीत, दिव्यांशी (60 किग्रा महिला) और युवराज (42 किग्रा) ने कांस्य पदक जीता। इस चैंपियनशिप में 24 सदस्यीय भारतीय टीम ने हिस्सा लिया।

### ताइवान ओपन में संयुक्त 23वें स्थान पर रहे युवराज

**ताइपे सिटी (ताइवान)।** पहले दौर में शानदार प्रदर्शन करने वाले युवराज संधू ने चीनी ताइपे में येंगडर टीपीसी गोल्फ टूर्नामेंट के चौथे और अंतिम दौर में रविवार को यहां तीन अंडर 69 का कार्ड खेला जिससे वह संयुक्त 23वें स्थान पर रहे जो भारतीय खिलाड़ियों में सर्वश्रेष्ठ है। युवराज ने पहले दौर में 65 का कार्ड खेलकर शानदार शुरुआत की थी जिससे वह संयुक्त दूसरे स्थान पर थे। यह भारतीय खिलाड़ी हालांकि अगले दो दौर में अपनी लय बरकरार नहीं रख पाया। उन्होंने दूसरे दौर में 71 और तीसरे दौर में 74 का स्कोर बनाया। आखिर में उनका कुल स्कोर नौ अंडर रहा। भारत के अन्य खिलाड़ियों में करणदीप कोचर (67-68-73-73) पहले दो दिनों की अच्छी शुरुआत को बरकरार नहीं रख पाए और आखिर में उन्हें संयुक्त 32वें स्थान से संतोष करना पड़ा। अजितेश संधू (67-72-69-73) भी संयुक्त 32वें स्थान पर रहे जबकि शिव कपूर (68-70-72-77) ने संयुक्त 63वां स्थान हासिल किया। थाईलैंड के सुतीपत प्रतीप्तिएंचाई ने दो शॉट की बढ़त के साथ खिताब जीता।

### भारत ने आखिरी ग्रुप मैच में लाओस को हराया

**विएंतियाने (लाओस)।** भारत ने दूसरे हाफ में दो गोल करके रविवार को यहां एएफसी अंडर-20 एशियाई कप 2025 क्वालीफायर के ग्रुप जी के अपने अंतिम मैच में मेजबान लाओस को 2-0 से हरा दिया। भारत ने गोल करने के कई मौके गंवाए लेकिन ग्वुग्म्सर गोयारी (69वें मिनट) और थांग्लासौन गंगटे (84वें मिनट) ने गोल करके पूरे अंक हासिल करने में मदद की। भारत चार टीमों के ग्रुप में तीन मैचों में छह अंक लेकर ईरान (नौ अंक) से पीछे दूसरे स्थान पर रहा, लेकिन देखना बाकी है कि प्रतियोगिता के अंतिम दौर में जगह पक्की करने के लिए यह काफी होगा है या नहीं। टूर्नामेंट 10 ग्रुप की शीर्ष टीमें और दूसरे स्थान पर रहने वाली पांच सर्वश्रेष्ठ टीम चीन में होने वाले एएफसी अंडर-20 एशियाई कप 2025 के लिए क्वालीफाई करेंगी। भारत का गोल अंतर 4 रहा। भारत ने पहले 45 मिनट में गोल करने के काफी प्रयास किये, लेकिन उसे सफलता नहीं मिली। भारत ने कई मौके गंवाए और खिलाड़ी मिले मौकों का फायदा उठाने में विफल रहे। लगातार तीन मौके गंवाने के बाद आखिरकार 69वें मिनट में गोल करने की कोशिश रंग लाई। मैंग्लेंथांग की मदद से टीम को बढ़त दिलाने में सफल रहे। फिर 84वें मिनट में स्थानापन्न खिलाड़ी थांगलासौन गंगटे ने दूसरा गोल दाग दिया।

## जिन खिलाड़ियों ने कम से कम पांच कैलेंडर वर्ष में कोई मैच नहीं खेला है वो अनकैप्ड

# अनकैप्ड खिलाड़ी बने धोनी

बेंगलुरू, एजेंसी

इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) की संचालन परिषद में शनिवार को भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) ने फैसला किया कि जिन भारतीय खिलाड़ियों ने कम से कम पांच कैलेंडर वर्ष में कोई अंतर्राष्ट्रीय मैच नहीं खेला है, उन्हें अनकैप्ड खिलाड़ी माना जाएगा, हालांकि माना जा रहा है कि यह कदम इसलिए उठाया गया ताकि चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) अपने स्टार क्रिकेटर महेंद्र सिंह धोनी को रिटेन कर सके जो आखिरी बार 2019 वनडे विश्व कप सेमीफाइनल में देश के लिए खेले थे।

बीसीसीआई के अनुसार अगर कोई भारतीय खिलाड़ी संबंधित सत्र के आयोजन से पहले पिछले पांच कैलेंडर वर्षों में अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट (टेस्ट मैच, वनडे, टी-20 अंतर्राष्ट्रीय) में शुरुआती एकादश में नहीं खेला है या उसके पास बीसीसीआई का केंद्रीय अनुबंध नहीं है तो एक कैप्ड (अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर खेलने वाला) भारतीय खिलाड़ी अनकैप्ड (जिसने अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट नहीं खेला हो) हो जाएगा। शनिवार को संचालन परिषद की बैठक में यह फैसला किया था कि 10 फ्रेंचाइजी को पिछली टीम से अधिकतम छह खिलाड़ियों को बरकरार रखने (रिटेन) की अनुमति होगी जिसमें नीलामी का एक राइट टू मैच (आरटीएम) कार्ड भी शामिल होगा, जिसकी कीमत 120 करोड़ के बढ़े हुए टीम पर्स में से 75 करोड़ होगी। अनकैप्ड खिलाड़ी के लिए रिटेन करने का खर्चा चार-चार करोड़ होगा इसलिए सीएसके अगर धोनी को रिटेन भी करती है तो नीलामी के लिए निश्चित रूप से बचत कर सकती है। पिछली नीलामी में 2022 में एक टीम को चार खिलाड़ियों को रिटेन करने की अनुमति दी गई थी।

### नाम वापस लिया तो विदेशियों पर लगेगा दो साल का प्रतिबंध

**नई दिल्ली।** नीलामी में खरीदे जाने के बाद अगर कोई विदेशी खिलाड़ी बिना किसी ठोस कारण के स्वयं को सत्र के लिए अनुपलब्ध बताता है तो ऐसे खिलाड़ी पर दो साल का प्रतिबंध लगाया जाएगा। गवर्निंग काउंसिल ने 2025-2027 सत्र के नए नियमों के तहत बिना किसी ठोस कारण खरीदे जाने के बाद बावजूद स्वयं को अनुपलब्ध बताने वाले खिलाड़ी को दो साल के लिए प्रतिबंधित किया जाएगा। वहीं, छोटी नीलामी में विदेशी खिलाड़ी के लिए का प्राइस टैग सबसे ज्यादा रिटेंशन प्राइस (18 करोड़) तथा बड़ी नीलामी की बड़ी बोली से अधिक नहीं होगी, खिलाड़ी चिकित्सीय कारणों से अनुपलब्ध रहता है तो ऐसी स्थिति में कोई कार्रवाई नहीं की जाएगी लेकिन इस संबंध में खिलाड़ी के होम बोर्ड से भी पुष्टि की जाएगी। विदेशियों का बड़ी नीलामी में पंजीकरण अनिवार्य होगा।




### आईपीएल टीमें 31 तक कर सकती हैं रिटेंशन

**नई दिल्ली।** इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2025 की नीलामी के लिए टीमों के पास रिटेंशन फाइनल करने की डेडलाइन 31 अक्तूबर रखी गई है। आईपीएल गवर्निंग काउंसिल के नए नियमों के तहत फ्रैंचाइजी संयुक्त रूप से रिटेंशन और राइट टू मैच विकल्प चुन सकती हैं। नियमों के तहत अधिकतम छह खिलाड़ी रिटेन किया जा सकता हैं। आईपीएल की जारी विज्ञप्ति के अनुसार रिटेंशन और आरटीएम के लिए अपना संयोजन चुनना आईपीएल फ्रैंचाइजी के अपने विवेक पर है। छह रिटेंशन या आरटीएम हो सकते हैं, जहां पांच अधिकतम कैप्ड खिलाड़ी और दो अधिकतम अनकैप्ड खिलाड़ी। रिटेंशन में अगर कोई खिलाड़ी 31 अक्तूबर से पहले अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट में पर्दापण कर कर लेता है तो उसको कैप्ड माना जाएगा। लेकिन अगर कोई रिटेन हुआ अनकैप्ड खिलाड़ी नीलामी से एक दिन पहले भी अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट में पर्दापण करता है तो उसको अनकैप्ड ही माना जाएगा। बड़ी नीमाली को भी बढ़कर 20 करोड़ रूपये किया गया है। इसके तहत अब हर फ्रैंचाइजी के पास 120 करोड़ खर्च करने को होंगे। जिसमें से 75 करोड़ खिलाड़ियों पर खर्च करने होंगे।

## न्यूजीलैंड से शृंखला जीतकर श्रीलंका ने रच दिया इतिहास



**गॉल (श्रीलंका)।** श्रीलंका ने अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए रविवार को यहां दूसरे टेस्ट मैच में चौथे दिन ही न्यूजीलैंड को पारी और 154 रन से करारी शिकस्त देकर दो मैच की शृंखला में क्लीन स्वीप किया। श्रीलंका ने इस शृंखला में शुरू से लेकर आखिर तक दबदबा बनाए रखा। यह पिछले 15 वर्षों में पहला अवसर है जबकि उसने न्यूजीलैंड को शृंखला में हराया। श्रीलंका के इस जीत के नायक बाएं हाथ से स्पिनर प्रभात जयसूर्या रहे। उन्होंने दो मैच में 18 विकेट लिए और उन्हें शृंखला का सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुना गया। इस बीच कामिंदु मेंडिस को दूसरे टेस्ट मैच का सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुना गया। उन्होंने नाबाद 182 रन बनाए जिससे श्रीलंका ने अपनी पहली पांच विकेट पर 602 रन बनाकर समाप्त घोषित की थी। मेंडिस इस पारी के दौरान सबसे तेज 1000 टेस्ट रन बनाने वाले बल्लेबाजों की सूची में दिग्गज बल्लेबाज सर डॉन ब्रैडमैन के साथ संयुक्त तीसरे स्थान पर पहुंच गए। दूसरे टेस्ट मैच में उन्हें अपना पहला टेस्ट मैच खेल रहे निशान पेइरिस का भी अच्छा साथ मिला जिन्होंने नौ विकेट लिए, जिसमें दूसरी पारी के पांच विकेट भी शामिल हैं। श्रीलंका के विशाल स्कोर के सामने उसकी टीम पहली पारी में केवल 88 रन पर सिमट गई थी और उसे फॉलोऑन के लिए मजबूर होना पड़ा। न्यूजीलैंड ने दूसरी पारी में 360 रन बनाकर कुछ चुनौती पेश की लेकिन तब तक बहुत देर हो चुकी थी।

# मेस्सी के गोल से इंटर मियामी शीर्ष के करीब

**फोर्ट लॉडरडेल (अमेरिका)।** लियोनेल मेस्सी ने अपनी ख्याति के अनुरूप शानदार प्रदर्शन करते हुए गोल दागा जिससे इंटर मियामी मेजर लीग सॉकर (एमएलएस) कप प्लेऑफ के लिए शीर्ष वरीयता हासिल करने के करीब पहुंच गया। मेस्सी ने 67वें मिनट में गोल किया जिसकी बदौलत इंटर मियामी ने शनिवार रात चार्लोट एफसी के खिलाफ मैच 1-1 से ड्रॉ खेलकर मेजर लीग सॉकर में अपने अजेय अभियान को आठ मैच तक पहुंचा दिया। मेस्सी का इस सत्र में 16 लीग मैचों में यह 15वां गोल था। मेस्सी एमएलएस इतिहास में एक सत्र में कम से कम 15 गोल करने और 15 गोल में मदद करने वाले छठे खिलाड़ी बन गए हैं। उनकी यह उपलब्धि इसलिए भी महत्वपूर्ण है क्योंकि इस बीच वह विभिन्न कारणों से लीग के 15 मैचों में नहीं खेल पाए थे। इस मैच में ड्रॉ से इंटर मियामी प्लेऑफ के लिए शीर्ष वरीयता हासिल करने के करीब पहुंच गया है। उसके अभी 65 अंक हैं जबकि उसके करीबी कोलंबस के 57 अंक हैं।



<< चार्लोट एफसी के खिलाफ गोल दागते लियोनेल मेस्सी।

### ओसासुना ने थामा बार्सिलोना का विजय अभियान

**बार्सिलोना।** ब्रायन जरागोजा के बेहतरीन प्रदर्शन से ओसासुना ने बार्सिलोना को 4-2 से पराजित करके स्पेनिश फुटबॉल लीग ला लिगा में पिछले सात मैच से चला आ रहा उसका विजय अभियान रोक दिया और इस तरह से उसे क्लब के रिकॉर्ड की बराबरी नहीं करने की। बायर्न म्यूनिख की तरफ से खेल चुके फॉरवर्ड जरागोजा ने 17वें मिनट में एंटे बुदिमीर के लिए गोल बनाया और फिर 28वें मिनट में गोलकीपर इनाकी पेना को छकाकर स्कोर 2-0 कर दिया। बार्सिलोना के युवा खिलाड़ी पाउ विक्टर ने 53वें मिनट में गोल करके दर्शकों में कुछ जोश भरा लेकिन बुदिमीर ने 72वें मिनट में पेनल्टी को गोल में बदलकर मैच का परिणाम लगभग सुनिश्चित कर लिया। एबेल ब्रेटोन्स ने 85वें मिनट में स्कोर 4-1 कर दिया जबकि स्थानापन्न लैमिन यामल ने बार्सिलोना के लिए दूसरा गोल किया। बार्सिलोना अगर ओसासुना को हरा देता तो 2013 में बनाए गए शुरुआती आठ मैच जीतने के अपने पिछले रिकार्ड की बराबरी कर लेता।

# गीली आउटफील्ड, तीसरा दिन भी गया

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- अंपायरों ने तीन बार मुआयना करने के बाद लिया फैसला
- कई स्थानों पर पैच दिखे, मिट्टी व लकड़ी का बुरादा डाला



**अमृत विचार।** भारत-बांग्लादेश टेस्ट सीरीज के दूसरे टेस्ट मैच में रविवार को तीसरा दिन भी मायूसी भरा रहा। तीसरे दिन ग्रीनपार्क मैदान से कवर्स हटे, लेकिन मैदान पर पानी जमा होने के कारण कई जगह आउटफील्ड गीली थी। मैदान के बाहरी हिस्से में भरा पानी निकालने को सुबह भी सुपर सॉपर का इस्तेमाल हुआ। अंपायरों ने दिनभर में तीन बार फील्ड का निरीक्षण किया। आउटफील्ड गीली व कई जगह फिसलन मिलने पर अंपायरों ने दोपहर करीब दो बजे खेल रद की घोषणा कर दी।

टेस्ट सीरीज के तीसरे दिन रविवार को उम्मीद के साथ क्रिकेट प्रेमी सुबह आठ बजे से ही ग्रीनपार्क स्टेडियम में पहुंचना शुरू हो गए। सुबह आसमान भी काफी साफ दिखा, इसलिए ग्राउंड्स मैन ने तीन दिन से मैदान पर पड़े कवर्स नौ बजे तक हटा लिए। इसके बाद तीनों सुपर सॉपर मैदान पर घूमने लगे। आउटफील्ड का पानी निकालने का काम तेजी से शुरु किया गया। इसके बाद अंपायरों ने सुबह 10 बजे मैदान का निरीक्षण किया। मिड ऑन व मिड ऑफ क्षेत्र मंथ मैदान काफी गीला मिला। दोपहर 12 बजे तीनों अंपायरों ने फिर निरीक्षण किया। फिर दोपहर दो बजे तीसरी बार तीनों अंपायर पिच क्यूरेटर के साथ मैदान पर पहुंचे। मैदान का जायजा लेने के साथ कई स्थानों की स्थिति भी देखी। कई स्थान काफी गीले मिले। इसके बाद दोपहर 2.02 बजे तीसरे दिन का खेल रद करने की घोषणा कर दी गई। ग्रीनपार्क में 27 सितंबर को शुरु हुई टेस्ट सीरीज का दूसरे टेस्ट मैच में अब तक दो दिन बारिश की भेंट चढ़ चुका है। पहले दिन मात्र 166 मिनट ही खेल हो चुका है। पहले दिन बांग्लादेश टीम 35 ओवर में 3 विकेट खोकर 107 रन बना चुकी है।

## बॉलीवुड हलचल

# जोडी कोमर की बड़ी फैन हैं तृप्ति



**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेत्री तृप्ति डिमरी का कहना है कि वह हॉलीवुड अभिनेत्री जोडी कोमर की बहुत बड़ी फैन हैं और उनसे मिलना चाहती हैं। तृप्ति डिमरी तेजी से फिल्म इंडस्ट्री में अपनी पहचान बना रही हैं। तृप्ति डिमरी ने हॉलीवुड की एक ऐसी हस्ती के लिए अपनी प्रशंसा साझा की, जिसने उनके अभिनय को गहराई से प्रभावित किया है। हाल ही में एक कार्यक्रम के दौरान, तृप्ति एमी पुरस्कार विजेता अभिनेत्री जोडी कोमर के लिए अपने प्यार के बारे में बात की। तृप्ति डिमरी ने कहा, एक हॉलीवुड अभिनेत्री जिससे मैं मिलना चाहूंगी, वह हैं जोडी कोमर। मैं किलिंग ईव के बाद से उनकी बड़ी प्रशंसक हूं। मैंने ईव देखने के बाद उन्हें मैसेज किया क्योंकि मैं उनके अभिनय से अभिभूत थी और सोच रही थी कि उन्होंने यह कैसे किया। मैंने वास्तव में कला के लिए उनके कुछ दृश्य देखे, बस यह देखने के लिए कि वह जो कर रही हैं, वह कैसे कर रही हैं।

# शाहरूख और रानी को आइफा का सर्वश्रेष्ठ अवार्ड

अबुधाबी, एजेंसी

बॉलीवुड के किंग खान शाहरूख खान और अभिनती रानी मुखर्जी को सर्वश्रेष्ठ अभिनेता और सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री का अंतर्राष्ट्रीय भारतीय फिल्म अकादमी पुरस्कार (आइफा) अवार्ड दिया गया। अबुधाबी में तीन दिन तक चलने वाले आइफा अवॉर्ड शो का दूसरा दिन बॉलीवुड सितारों के नाम रहा। सर्वश्रेष्ठ अभिनेता का पुरस्कार शाहरूख खान को फिल्म जवान जबकि सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री का पुरस्कार रानी मुखर्जी को फिल्म मिसेज चटर्जी वर्सेस नॉर्वे के लिए दियाग गया।

सर्वश्रेष्ठ फिल्म का पुरस्कार फिल्म एनिमल को दिया गया। वहीं सर्वश्रेष्ठ निर्देशन का पुरस्ककार विधु विनोद चोपड़ा को फिल्म 12वीं फेल के लिए मिला। सर्वश्रेष्ठ सहायक अभिनेता का पुरस्कार अनिल कपूर को फिल्म एनिमल के लिये दिया गया, जबकि शबाना आजमी फिल्म रॉकी और रानी की प्रेम कहानी के लिये सर्वश्रेष्ठ सहायक अभिनेत्री के पुरस्कार से सम्मानित की गयी। सर्वश्रेष्ठ अभिनेता (नेगेटिव रोल) का पुरस्कार बॉबी देओल को फिल्म एनिमल के लिए मिला।



सर्वश्रेष्ठ कहानी, रॉकी और रानी की प्रेम कहानी, सर्वश्रेष्ठ संगीत फिल्म एनिमल, सर्वश्रेष्ठ लिरिक्स, सिद्धार्थ-गरिमा (एनिमल का गाना सतरंगा), सर्वश्रेष्ठ प्लेबैक सिंगर, भूपिंदर बब्बल, गाना अर्जन वैली फिल्म एनिमल, सर्वश्रेष्ठ पार्श्व गायिका (महिला) शिल्पा राव, गाना चलेया फिल्म जवान के लिए दिया गया। आउटस्टैंडिंग कॉन्ट्रीब्यूशन टू इंडियन सिनेमा, जयंतीलाल गड़ा, हेमा मालिनी, अचीवमेंट ऑन कंप्लीटिंग 25 ईयर्स इन सिनेमा का पुरस्कार करण जौहर को दिया गया।

बॉलीवुड की कई बड़ी हस्तियों ने इस कार्यक्रम में शिरकत की। हेमा मालिनी, रेखा, शाहरुख खान, रानी मुखर्जी, अनिल कपूर, बॉबी देओल, विक्की कौशल, शाहिद कपूर और कृति सनोन जैसे सितारे ने शामिल होकर इस कार्यक्रम में चार चांद लगाए। इस कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण में से एक शाहरुख खान थे, जिन्होंने न केवल कार्यक्रम की मेजबानी की, बल्कि अपने खास अंदाज से दर्शकों का खूब मनोरंजन भी किया। मंच पर उनके साथ विक्की कौशल और करण जौहर भी नजर आए।

# जेसिका संघर्षपूर्ण जीत के साथ अगले दौर में

बीजिंग, एजेंसी

## चाइना ओपन



अमेरिका की तीसरी वरीयता प्राप्त जेसिका पेगुला ने रविवार को यहां टाइब्रेकर तक खिंचा पहला सेट हारने के बाद शानदार वापसी करके चाइना ओपन टेनिस टूर्नामेंट के चौथे दौर में प्रवेश किया। पेगुला ने तीसरे दौर में रूस कीवेरोनिका कुदेरमेतोवा पर 6-7 (9), 6-1, 6-2 से जीत दर्ज की।

पेगुला ने अपने पिछले 19 मैचों में से 17 में जीत हासिल की है, जिसमें टोरंटो में अपने खिताब का बचाव करना तथा सिनसिनाटी और अमेरिकी ओपन के फाइनल में जगह बनाना शामिल है। यह अमेरिकी खिलाड़ी चौथे दौर में स्पेन की 15वीं वरीयता प्राप्त पाओला बडोसा से भिड़ेंगी, जिन्होंने सर्बिया की रेबेका श्रामकोवा को 7-5, 7-5 से हराया। एक अन्य मैच में पोलैंड की 23वीं वरीयता प्राप्त मैग्डेलेना फ्रेच ने खराब शुरुआत से उबरते हुए 12वीं वरीयता प्राप्त डायना श्नाइडर को 0-6, 6-3, 6-4 से हराया। पुरुष वर्ग में स्थानीय खिलाड़ी बू युनचाओकेते ने पेरिस ओलंपिक के कांस्य पदक विजेता लोरेंजो मुसेटी को 6-2, 6-4 से हराकर उलटफेर किया। इस 22 वर्षीय खिलाड़ी की शीर्ष 20 में शामिल किसी खिलाड़ी के खिलाफ यह पहली जीत है।

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक शंभू दयाल वाजपेयी द्वारा प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर, इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 (उ.प्र.) से मुद्रित एवं 14/76-एल सिविल लाइन्स, कानपुर नगर 208001 (उ.प्र.) से प्रकाशित। संपादक-**शंभू दयाल वाजपेयी**, कार्यकारी संपादक- दिग्विजय सिंह* 0512-2548300 (कार्यालय), ईमेल- amritvicharkanpur@gmail.com, आर.एन.आई नं0-UPHIN/2022/85730 *इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी।(नोट-सभी विवादों का न्यायक्षेत्र कानपुर होगा)।

# श्रोता ही हैं मन की बात के असली सूत्रधार, सकारात्मक बातें लोगों को पसंद: मोदी

## प्रधानमंत्री ने मासिक रेडियो कार्यक्रम की 114वीं कड़ी में स्वच्छता मुहिम के प्रति किया प्रेरित

नई दिल्ली, एजेंसी

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने श्रोताओं को मन की बात कार्यक्रम का असली सूत्रधार करार देते हुए रविवार को कहा कि इस रेडियो कार्यक्रम ने साबित किया है कि देश के लोगों में सकारात्मक जानकारी की कितनी भूख है और सकारात्मक बातें एवं प्रेरणादायी उदाहरण उन्हें बहुत पसंद आते हैं। आकाशवाणी के इस मासिक रेडियो कार्यक्रम की 114वीं कड़ी को संबोधित करते हुए मोदी ने जल संरक्षण, पर्यावरण संरक्षण और स्वच्छता अभियान के महत्व को भी रेखांकित किया और लोगों से इसमें भाग लेने का आह्वान किया। मन की बात की इस कड़ी के साथ ही इसके 10 वर्ष पूरे होने का उल्लेख करते हुए मोदी ने कहा कि इस कार्यक्रम की लंबी यात्रा में ऐसे कई पड़ाव आए जिन्हें वह कभी भूल नहीं सकते। उन्होंने कहा हमारी इस यात्रा के कई ऐसे साथी हैं जिनका हमें निरंतर सहयोग मिलता रहा है। देश के कोने-कोने से उन्होंने जानकारियां उपलब्ध कराईं। मन की बात के श्रोता ही इस कार्यक्रम के असली सूत्रधार हैं।



प्रधानमंत्री ने कहा कि आमतौर पर एक धारणा ऐसी गढ़ी गई है कि जब तक किसी कार्यक्रम में चटपटी और नकारात्मक बातें न हों तब तक उसे ज्यादा तवज्जो नहीं मिल पाती। उन्होंने कहा लेकिन मन की बात ने साबित किया है कि देश के लोगों में सकारात्मक जानकारी की कितनी भूख है। सकारात्मक बातें एवं प्रेरणादायी उदाहरण लोगों को बहुत पसंद आते हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि जब वह कार्यक्रम से जुड़ी चिट्ठियों को पढ़ते हैं और पाते हैं कि देश में कितने प्रतिभावान लोग हैं और उनमें देश एवं समाज की सेवा करने का कितना जज्बा है तो उन्हें गर्व होता है। मन की बात की यह पूरी प्रक्रिया मेरे लिए ऐसी है जैसे मंदिर जाकर ईश्वर के दर्शन करना। उन्होंने इस कार्यक्रम से जुड़े सभी लोगों के अलावा इसके प्रचार प्रसार में योगदान देने वाले मीडिया समूहों का आभार व्यक्त किया। प्रधानमंत्री मोदी ने अपने संबोधन के दौरान जल संरक्षण, पर्यावरण संरक्षण और स्वच्छता अभियान के महत्व को भी रेखांकित किया। मोदी ने कहा कि मेक इन इंडिया कार्यक्रम के 10 साल पूरे हो रहे हैं और हर क्षेत्र में निर्यात बढ़ रहा है तथा प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) में बढ़ोतरी इसकी सफलता का प्रमाण है। उन्होंने कहा कि इससे स्थानीय निर्माताओं को काफी मदद मिली है। अमेरिका की अपनी हाल की यात्रा का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि भारत में करीब 300 प्राचीन वस्तुओं को वापस भेजने की व्यापक चर्चा हो रही है।

### एक पेड़ मां के नाम अभियान से जुड़ें

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री मोदी ने पर्यावरण की रक्षा का संकल्प के साथ एक पेड़ मां के नाम अभियान से जुड़ने का आह्वान किया। मोदी ने कहा कि एक पेड़ मां के नाम अद्भुत अभियान रहा। जनभागीदारी का ऐसा उदाहरण प्रेरित करने वाला है। पर्यावरण संरक्षण को लेकर शुरू किए गए इस अभियान में देश के कोने-कोने में लोगों ने कमाल करके दिखाया है। उत्तर प्रदेश, गुजरात, मध्य प्रदेश, राजस्थान ने लक्ष्य से अधिक संख्या में पौधारोपण कर नया रिकॉर्ड बनाया है।

### मेक इन इंडिया उत्पाद खरीदें

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री मोदी ने मेक इन इंडिया अभियान के 10 वर्ष पूर्ण होने का उल्लेख करते हुए फिर से देशवासियों से सिर्फ मेक इन इंडिया उत्पाद खरीदने की रविवार को अपील की। मोदी ने कहा इस महीने एक और महत्वपूर्ण अभियान मेक इन इंडिया को 10 साल पूरे हुए हैं।

### प्रधानमंत्री ने कहा- जल सहेली ने नदी को बचाया

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री ने अपने संबोधन में जल संरक्षण का आह्वान करते हुए उत्तर प्रदेश महिला समूह जल सहेली और मध्य प्रदेश की महिलाओं के प्रयासों की सराहना की। मोदी ने कहा कि बारिश के दिनों में बचाया गया पानी जल संकट के महीनों में बहुत मदद करता है। मोदी ने कहा मुझे खुशी है कि पानी के संरक्षण को लेकर कई लोग नई पहल कर रहे हैं। ऐसा ही एक प्रयास उत्तर प्रदेश के झांसी में देखने को मिला है। आप जानते ही हैं कि झांसी के बुंदेलखंड की पहचान पानी किल्लत से जुड़ी हुई है। यहाँ कुछ महिलाओं ने घुरारी नदी को नया जीवन दिया है। उन्होंने आगे कहा ये महिलाएं सेल्स हेल्प ग्रुप से जुड़ी हैं और उन्होनें जल सहेली बनकर इस अभियान का नेतृत्व किया है।

## बांग्लादेश के कोर्ट ने पूर्व आईजीपी को रिमांड पर भेजा

**ढाका।** बांग्लादेश में ढाका की एक अदालत ने व्यवसायी अब्दुल वदूद की हत्या से संबंधित एक मामले में पूर्व पुलिस महानिरीक्षक (आईजीपी) चौधरी अब्दुल्ला अल मामून को रविवार को चार दिन की रिमांड पर भेज दिया। मीडिया रिपोर्टों के अनुसार अदालत ने इसी मामले में वार्ड पार्षद हसीबुर रहमान को भी पांच दिन की रिमांड पर भेजा है। ढाका ट्रिब्यून ने बताया कि ढाका के अतिरिक्त मुख्य मेट्रोपोलिटन मजिस्ट्रेट मोहम्मद महबूबुल हक ने आज सुबह रिमांड अवधि मंजूर की। इससे पहले, आरोपी को जांच अधिकारी और न्यू मार्केट थाने के उप निरीक्षक रेहान उद्दीन ने अदालत के समक्ष पेश किया, जिन्होंने 10 दिन की रिमांड मांगी।

## एक नजर

### नॉर्थ कैरोलाइना में विमान दुर्घटना में कई की मौत

**मैंटिओ।** नार्थ कैरोलाइना के मैंटिओ में राइट ब्रदर्स नेशनल मेमोरियल्स फर्स्ट फ्लाइट एयरपोर्ट में एक इंजन वाले विमान के दुर्घटनाग्रस्त होने से कई लोगों की मौत हो गई। नेशनल पार्क सर्विस ने यह जानकारी दी। नेशनल पार्क सर्विस की ओर से जारी एक बयान में कहा गया कि दुर्घटना शनिवार शाम पांच बजे हुई, उस वक्त विमान हवाई अड्डे पर उतरने की कोशिश कर रहा था। दुर्घटना के बाद विमान में आग लग गई। किल डेविल हिल्स जिले के दमकल विभाग और अन्य स्थानीय दमकल विभागों ने आग बुझाई। बयान में कहा गया कि हवाई अड्डे को फिलहाल बंद कर दिया गया है। राष्ट्रीय परिवहन सुरक्षा बोर्ड घटना की जांच करेगा साथ ही संघीय विमानन प्रशासन को भी सूचित कर दिया गया है।

### मनीला में आग लगने से 6 लोगों की मौत, एक घायल

**मनीला।** फिलीपीन की राजधानी मनीला में रविवार सुबह होने से पहले एक घर में आग लगने से छह लोगों की मौत हो गई, जिसमें छह महीने का बच्चा और एक साल का बच्चा भी शामिल है, जबकि एक अन्य बच्चा घायल हो गया। अग्नि सुरक्षा ब्यूरो ने यह जानकारी दी। अग्निशमन अधिकारी रोडरिक एंड्रेस ने कहा कि स्थानीय समयानुसार सुबह 3 :50 बजे मनीला शहर के टोंडो जिले में एक चार मंजिला घर की दूसरी मंजिल पर आग लग गई।

### सिख संगठन को ब्रिटेन सरकार का मिला समर्थन

**लंदन।** लेबर पार्टी द्वारा कुछ वर्ष पहले स्वीकार की गई इस्लामोफोबिया की त्रुटिपूर्ण परिभाषा को कानूनी रूप दिए जाने के खिलाफ अभियान चला रहे एक ब्रिटिश सिख संगठन को ब्रिटेन सरकार के इस कदम से प्रोत्साहन मिला है कि यह प्रस्ताव ब्रिटेन के समानता अधिनियम के अनुरूप नहीं होगा। द नेटवर्क ऑफ सिख ऑर्गेनाइजेशंस (एनएसओ) ने इस महीने की शुरुआत में उप प्रधानमंत्री एंजेला रेनर और सरकार में धार्मिक मामलों के मंत्री लॉर्ड वाजिद खान को पत्र लिखकर आगाह किया था कि प्रस्तावित परिभाषा भारतीय उपमहाद्वीप के इतिहास के तथ्यात्मक अवलोकन को भी जोखिम में डाल देगी।

# हिजबुल्ला का शीर्ष कमांडर नबील कौक ढेर

## इजराइल के हवाई हमले में मारा गया सातवां शीर्ष सदस्य, यमन में हूतियों के ठिकानों को बनाया निशाना

यरूशलम, एजेंसी

इजराइली सेना ने रविवार को कहा कि उसने हवाई हमले में हिजबुल्ला के एक और प्रमुख सदस्य नबील कौक को मार गिराया है। इससे पहले, शुक्रवार को बेरूत में समूह का प्रमुख नेता हसन नसरल्ला भी मारा गया था। हिजबुल्ला ने नबील कौक की मौत की पुष्टि की है। वह एक सप्ताह से भी कम समय में इजराइली हमलों में मारा गया हिजबुल्ला का सातवां शीर्ष सदस्य है।

इससे पहले हिजबुल्ला ने पुष्टि की थी कि उसके एक शीर्ष कमांडर अली कराकी की इजराइली हवाई हमले में मौत हो गई। इजराइली सेना ने पहले कहा था कि कराकी की मौत हवाई हमले में हुई। इजराइल का कहना है कि हमले में कम से कम हिजबुल्ला के 20 अन्य आतंकवादी मारे गए, जिनमें नसरल्ला के दो करीबी सहयोगी भी शामिल हैं। लेबनान के विभिन्न हिस्सों में हजारों पेजर और वॉकी-टॉकी में धमाके कर मुख्य रूप से हिजबुल्ला के सदस्यों को निशाना बनाया गया है। हिजबुल्ला ने उत्तरी इजराइल में सैकड़ों रॉकेट और मिसाइलें दागना जारी रखा है, लेकिन उनमें से ज्यादातर को हवा में ही नष्ट कर दिया गया या वे खुले क्षेत्रों में गिर गए। कौक 1980 के दशक से ही हिजबुल्ला का शीर्ष सदस्य था और इससे पहले दक्षिणी लेबनान में हिजबुल्ला के सैन्य कमांडर के रूप में काम कर चुका था। अमेरिका ने 2020 में उसके खिलाफ प्रतिबंधों की घोषणा की थी।

लेबनान में इजराइली हवाई हमलों में दो सप्ताह से भी कम समय में कम से कम 1,030 लोग मारे गए हैं। इजराइली सेना ने कहा है कि इजराइल पर हाल ही में हुए हमले के जवाब में दर्जनों विमानों ने यमन में हूतियों के ठिकानों पर हमले किए हैं।





हिजबुल्ला का मारा गया शीर्ष कमांडर नबील कौक (फाइल)। हमले के बाद बेरुत की ध्वस्त इमारतें।

### दक्षिणी पूर्वी लेबनान में हवाई हमलों में 24 लोगों की मौत

**बेरूत।** दक्षिणी और पूर्वी लेबनान के 12 से अधिक कस्बों और गांवों पर रविवार को इजराइली हवाई हमलों में कम से कम 24 लोग मारे गए और 30 अन्य घायल हो गए। लेबनान के सैन्य सूत्रों ने यह जानकारी। मीडिया रिपोर्टों के अनुसार इजराइली लड़ाकू विमानों ने तड़के पूर्वी लेबनान के बालबेक, हरमेल और पश्चिमी बेका के इलाकों में करीब 30 हमले किए।

### चीन ने सभी पक्षों और इजराइल से तनाव घटाने की अपील की

**बीजिंग।** इजराइली बमबारी में ईरान समर्थित हिजबुल्ला नेता हसन नसरल्ला की मौत के बाद, चीन ने रविवार को संबंधित पक्षों खासकर इजराइल से पश्चिम एशिया में संघर्ष को अनियंत्रित होने से रोकने के लिए तनाव घटाने के वास्ते तुरंत कार्रवाई करने का आह्वान किया। चीन के विदेश मंत्रालय ने कहा कि चीन इस घटना पर करीबी नजर रख रहा है और क्षेत्र में तनाव बढ़ने से काफी चिंतित है। इसके अलावा चीन ने भी एक सलाह जारी करके अपने नागरिकों से संघर्ष तेज होने के कारण लेबनान की यात्रा न करने के लिए कहा है। चीन लेबनान की संप्रभुता और सुरक्षा के उल्लंघन का विरोध करता है, निर्दोष नागरिकों के खिलाफ किसी भी कार्रवाई का विरोध और निंदा करता है।

### सीरिया में अमेरिकी हवाई हमलों में 37 आतंकवादी मारे गए

बेरूत। सीरिया में दो हमलों में चरमपंथी इस्लामिक स्टेट (आईएस) समूह और अलकायदा संबंधी एक समूह से जुड़े 37 आतंकवादी मारे गए। अमेरिकी सेना ने रविवार को यह जानकारी दी। इसने कहा कि मृतकों में दो शीर्ष आतंकवादी थे। अमेरिकी सेंट्रल कमांड ने एक बयान में कहा कि उसने मंगलवार को उत्तर-पश्चिमी सीरिया में हमला किया, जिसमें अलकायदा से जुड़े हुर्रास अल-दीन समूह के एक शीर्ष आतंकवादी और आठ अन्य को निशाना बनाया गया। उन्होंने 16 सितंबर को किए गए एक हमले की भी जानकारी दी जिसमें उन्होंने मध्य सीरिया में एक दूरस्थ अज्ञात स्थान पर आईएस प्रशिक्षण शिविर पर बड़े पैमाने पर हवाई हमला किया था।

### हूती समूह ने इजराइल के हवाई अड्डे पर किए मिसाइल हमले

**सना।** यमन के हूती समूह ने इजराइल में तेल अवीव के पास बेन गुरियन हवाई अड्डे पर मिसाइल हमला करने का दावा किया। हूती द्वारा संचालित अल-मसीरा टीवी द्वारा प्रसारित एक बयान में समूह के सैन्य प्रवक्ता याह्या सरिया ने कहा कि इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू के आगमन पर बेन गुरियन हवाई अड्डे पर बैलिस्टिक मिसाइल दागी गई थी। सरिया ने कसम खाई कि समूह इजराइल के अपराधों का जवाब देना जारी रखेगा और गाजा पट्टी और लेबनान के समर्थन में वृद्धि के स्तर को बढ़ाने में संकोच नहीं करेगा। इससे पहले इजराइली रक्षा बलों ने कहा कि उसने यमन से लॉन्च की गई सतह से सतह पर मार करने वाली मिसाइल को सफलतापूर्वक रोक दिया।

## पाकिस्तान से दोस्ताना संबंध होते तो बड़ा राहत पैकेज देते

श्रीनगर, एजेंसी

- रक्षामंत्री राजनाथ ने कहा- जम्मू कश्मीर का वर्तमान विशेष पैकेज पाकिस्तान द्वारा आईएमएफ से मांगी गई राशि से काफी बड़ा

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने रविवार को कहा कि यदि पड़ोसी देश ने भारत के साथ मैत्रीपूर्ण संबंध बनाए रखे होते तो भारत पाकिस्तान को अंतर्राष्ट्रीय राष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) से मांगे गए पैकेज से भी बड़ा राहत पैकेज देता। बांदीपुरा जिले के गुरेज विधानसभा क्षेत्र में एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए सिंह ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा 2014-15 में जम्मू-कश्मीर के लिए घोषित प्रधानमंत्री विकास पैकेज का जिक्र किया।

भाजपा के वरिष्ठ नेता ने कहा, मोदी जी ने 2014-15 में जम्मू-कश्मीर के विकास के लिए विशेष पैकेज की घोषणा की थी जो अब 90,000 करोड़ रुपये तक पहुंच गया है। यह राशि पाकिस्तान द्वारा आईएमएफ से मांगी गई राशि (राहत पैकेज के रूप में) से कहीं अधिक है। सिंह ने पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी के प्रसिद्ध कथन का उल्लेख किया कि हम दोस्त बदल सकते हैं, लेकिन पड़ोसी नहीं बदल सकते। उन्होंने कहा, मैंने कहा, मेरे पाकिस्तानी दोस्तों, हमारे बीच तनावपूर्ण संबंध क्यों हैं, हम पड़ोसी हैं। अगर हमारे बीच अच्छे संबंध होते, तो हम आईएमएफ से अधिक धन देते। सिंह ने कहा कि केंद्र जम्मू-कश्मीर को विकास के लिए धन देता है जबकि पाकिस्तान लंबे समय से वित्तीय सहायता का दुरुपयोग कर रहा है। उन्होंने कहा, वह अपनी धरती पर आतंकवाद की फैक्ट्री चलाने के लिए दूसरे देशों से धन मांगता है।



बांदीपुरा में चुनावी रैली को संबोधित करते रक्षामंत्री राजनाथ सिंह।

### पाकिस्तान अंतर्राष्ट्रीय मंचों पर अलग-थलग पड़ा

राजनाथ सिंह ने कहा कि भारत के खिलाफ आतंकवाद को एक हथियार के रूप में इस्तेमाल करने वाला पाकिस्तान अंतर्राष्ट्रीय मंचों पर अलग-थलग पड़ गया है और उसके कुछ विश्वस्त सहयोगी भी पीछे हट गए हैं। उन्होंने कहा, जब भी हमने आतंकवाद की जांच की है, तो हमें पाकिस्तान की संलिप्तता ही मिली है।

# नेपाल में बाढ़, भूस्खलन से 148 मौतें

काठमांडू, एजेंसी

- पूर्वी और मध्य नेपाल का बड़ा हिस्सा शुक्रवार से जलमग्न 64 लोग लापता कई घायल

नेपाल में बारिश के कारण बाढ़ और भूस्खलन में मरने वालों की संख्या बढ़कर रविवार को 148 हो गई। पूर्वी और मध्य नेपाल का बड़ा हिस्सा शुक्रवार से जलमग्न है और देश के कई हिस्सों में अचानक बाढ़ आ गई है। सशस्त्र पुलिस बल के सूत्रों के अनुसार, बाढ़ और भूस्खलन के कारण 64 लोग लापता हैं और 61 लोग घायल हुए हैं। काठमांडू घाटी में सबसे ज्यादा लोगों की मौत हुई है। कम से कम 322 मकान और 16 पुल क्षतिग्रस्त हो गए हैं। सुरक्षाकर्मियों ने करीब 3,626 लोगों को बचाया।

सूत्रों ने बताया कि बचाव अभियान अब भी जारी है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, उन्होंने काठमांडू घाटी में पिछले 40-45 साल में इतनी विनाशकारी बाढ़ नहीं देखी। सशस्त्र पुलिस बल ने एक बयान में कहा कि मृतकों की संख्या बढ़ती ही जा रही है। काठमांडू के पास स्थित धादिंग जिले में शनिवार को एक बस के भूस्खलन की चपेट में आने से कम से कम 19 लोगों की मौत हो गई। भक्तापुर शहर में भूस्खलन में एक मकान ढहने से पांच लोगों की मौत हो गई।



### भूस्खलन में छह फुटबॉल खिलाड़ियों की भी गई जान

मकवानपुर में ऑल इंडिया नेपाल एसोसिएशन द्वारा संचालित एक प्रशिक्षण केंद्र में भूस्खलन की घटना में छह फुटबॉल खिलाड़ियों की जान चली गई और अन्य लोग बाढ़ के पानी में बह गए। मंगलवार तक बारिश जारी रहने के अनुमान के बावजूद रविवार को थोड़ी राहत मिली। इंटरनेशनल सेंटर फॉर इंटीग्रेटेड माउंटेन डेवलपमेंट (आईसीआईएमओडी) में जलवायु और पर्यावरण विशेषज्ञ अरुण भक्ता श्रेष्ठ ने कहा मैंने काठमांडू में पहले कभी इतने बड़े पैमाने पर बाढ़ नहीं देखी। आईसीएमओडी द्वारा शनिवार को प्रकाशित एक रिपोर्ट में कहा गया कि काठमांडू की मुख्य नदी बागमती शुक्रवार और शनिवार को पूर्वी तथा मध्य नेपाल में मूसलाधार बारिश के बाद से खतरे के निशान से ऊपर बह रही है।

## बलूचिस्तान में पंजाब के सात मजदूरों की हत्या

**इस्लामाबाद/कराची।** पाकिस्तान के अशांत बलूचिस्तान प्रांत में अलगाववादी आतंकवादियों ने हमला कर पंजाब प्रांत के कम से कम सात मजदूरों की हत्या कर दी। पुलिस ने रविवार को यह जानकारी दी। बलूचिस्तान के पुलिस महानिरीक्षक मोअज्जम जाह अंसारी ने बताया कि मुल्तान के मजदूरों की शनिवार देर रात उस समय गोली मारकर हत्या कर दी गई, जब वे पंजगुर शहर के खुदा-ए-अबादन इलाके में एक निर्माणाधीन मकान में सो रहे थे। अंसारी ने बताया कि जिस वक्त हथियारबंद आतंकवादी निर्माणाधीन मकान में घुसे और स्वचालित हथियारों से अंधाधुंध गोलीबारी शुरू की, उस वक्त मजदूर गहरी नींद में थे। अधिकारी ने बताया कि एक घायल मजदूर सौभाग्य से बच निकलने में कामयाब रहा।

# रूसी क्षेत्र में घुसे यूक्रेन के 125 ड्रोन को किया नष्ट

कीव, एजेंसी

- मॉस्को ने कहा- फरवरी 2022 के बाद बड़ी संख्या में ड्रोन देखे गए

रूसी क्षेत्र में रविवार को घुसे यूक्रेन के 125 से अधिक ड्रोन को नष्ट कर दिया गया। इसके चलते वन क्षेत्र और एक अपार्टमेंट के हिस्से में आग लग गई। मॉस्को के अधिकारियों ने यह जानकारी दी। फरवरी 2022 में मॉस्को द्वारा यूक्रेन पर हमला करने के बाद से रूसी आसमान में सबसे बड़ी संख्या में यूक्रेनी ड्रोन देखे गए हैं।

रूस के रक्षा मंत्रालय ने कहा कि उसने सात क्षेत्रों में ड्रोनों को नष्ट किया। रूसी वायु रक्षा द्वारा वोल्गोग्राद क्षेत्र में सबसे अधिक 67 यूक्रेनी ड्रोन को नष्ट किया गया। गवर्नर अलेक्सांद्र गुसेव ने बताया कि वोरोनिश में 17 ड्रोन देखे गए, जिन्हें नष्ट करने के दौरान गिरे मलबे से एक अपार्टमेंट के हिस्से को नुकसान पहुंचा। तस्वीरों में एक ऊंची इमारत की सबसे ऊपरी मंजिल की खिड़कियों से आग की लपटें निकलती दिखाई दे रही हैं।

### कीव को अमेरिकी सैन्य सहायता विनाश की ओर धकेल रही

**प्योंगयांग।** उत्तर कोरिया की सत्तारूढ़ वर्कर्स पार्टी की केंद्रीय समिति के उप विभाग प्रमुख किम यो जोंग ने एक बयान में कहा कि कीव को अमेरिकी सैन्य सहायता एक बड़ी गलती है जो दुनिया को परमाणु तबाही की ओर धकेल रही है। किम, जो उत्तर कोरियाई नेता किम जोंग उन की बहन भी हैं। उन्होंने कहा हाल ही में अमेरिका ने यूक्रेन की नव-नाजी कठपुतली सरकार को 8 अरब डॉलर से अधिक की सैन्य सहायता की है।

## यौन शोषण के आरोपी पादरियों को दंडित किया जाए : पोप फ्रांसिस

**ब्रसेल्स।** पोप फ्रांसिस ने यौन शोषण के आरोपी पादरियों को दंडित करने तथा पीड़ितों को न्याय दिलाने पर जोर देते हुए रविवार को कहा कि बिशप को पादरियों के अपराधों पर पर्दा डालना बंद करना चाहिए। फ्रांसिस की बेल्जियम यात्रा रविवार को संपन्न हो गई। इस दौरान, उन्हें यहां के यौन शोषण के मामलों को लेकर आक्रोश का सामना करना पड़ा। इन मामलों की वजह से कैथोलिक चर्च की विश्वसनीयता पर सवाल खड़े हुए हैं। फ्रांसिस ने बेल्जियम के मुख्य खेल स्टेडियम में एकत्र 30 हजार लोगों को संबोधित करते हुए कहा बुराइयों को हर हाल में सार्वजनिक किया जाना चाहिए। दुर्व्यवहार के लिए कोई जगह नहीं होनी चाहिए। बुराइयों को नहीं छिपाया जाना चाहिए। फ्रांसिस (87) ने उत्पीड़न के शिकार 17 लोगों से शुक्रवार रात मुलाकात की थी।

# प्रधानमंत्री स्टार्मर के नेतृत्व पर सांसद ने उठाए सवाल

लंदन, एजेंसी

- सांसद ने लेबर पार्टी से दिया इस्तीफा, लगाए आरोप

ब्रिटेन की सत्तारूढ़ लेबर पार्टी की एक सांसद ने प्रधानमंत्री कीअर स्टार्मर के नेतृत्व पर तीखा हमला बोलते हुए पार्टी से इस्तीफा दे दिया। स्टार्मर के जुलाई में प्रधानमंत्री पद संभालने के बाद उनके लिए यह पहला करारा झटका है। लेबर पार्टी की ओर से केंटबरी का प्रतिनिधित्व करने वाली रोजी डफील्ड इस्तीफे के बाद अब निर्दलीय सांसद की हैसियत से हाउस ऑफ कॉमंस की सदस्य रहेगीं।

डफील्ड का इस्तीफा द संडे टाइम्स में प्रकाशित हुआ है, जिसमें उन्होंने स्टार्मर की कठोर और अनावश्यक नीतियों को लेकर उन पर हमला बोला। डफील्ड ने दावा किया कि उनके इस्तीफे की कई वजह हैं, लेकिन मुख्य कारण सरकार की अलोकप्रिय नीतियां हैं। डफील्ड ने अपने त्यागपत्र में कहा वे (नीतियां) कठोर व अनावश्यक हैं और हमारे हजारों सबसे गरीब, सबसे कमजोर मतदाताओं को प्रभावित करती हैं। मुझे इसके लिए नहीं चुना गया था। यह समझदारी भरी राजनीति भी नहीं है। यह निश्चित रूप से सेवा भाव की राजनीति नहीं है। सांसद ने कहा कि उन्हें लेबर पार्टी के प्रधानमंत्री की तथाकथित परिवर्तन लाने की प्रतिबद्धता पर कोई भरोसा नहीं है, जिसका वादा उन्होंने आम चुनाव अभियान के दौरान किया था।

## अमेरिका के दक्षिण-पूर्वी क्षेत्र में हेलेन तूफान से 64 लोगों की मौत

**पेरी (अमेरिका)।** अमेरिका के दक्षिण-पूर्वी क्षेत्र में हेलेन तूफान के कारण भारी बारिश और तेज आंधी से जुड़ी घटनाओं में शनिवार को कम से कम 64 लोगों की मौत हो गई। हेलेन तूफान ने क्षेत्र में व्यापक तबाही मचाई है। भारी बारिश के कारण लोग फंसे हुए हैं और लाखों लोगों को बिना बिजली के अंधेरे में रहना पड़ रहा है। फ्लोरिडा के स्टीनहैची की निवासी जनालेया इंग्लैंड ने कहा कि मैंने पहले कभी इतने लोगों को बेघर होते नहीं देखा जितने मैं अब देख रही हूं। फ्लोरिडा के बिग बेंड गांव में गुरुवार देर रात हेलेन तूफान ने दस्तक दी थी और उस दौरान 225 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से हवाएं चल रही थीं। इसके बाद तूफान ने जॉर्जिया की ओर रुख किया।

**तकरार** मेघालय सरकार ने नहीं दी हवाईअड्डे पर उतरने की अनुमति, गोरक्षा समूह ने पूर्वोत्तर के राज्यों में रैली, सभा और ध्वज स्थापित करने कि की थी घोषणा

# आकाश में बादलों के बीच फहरा दिया गोप्रतिष्ठा ध्वज

शैलेश अवस्थी, शिलांग

जगतगुरु शंकराचार्य अविमुक्तरेश्वरानंद ने शिलांग में गोप्रतिष्ठा रैली की घोषणा की थी, लेकिन सरकार ने अनुमति नहीं दी, तो उन्होंने हवाई यात्रा के दौरान मेघालय में आकाश मार्ग पर गोध्वज फहरा कर अपना संकल्प पूरा करने का संदेश दिया। शंकराचार्य के नेतृत्व में गोरक्षा समूह पूरे देश, खासतौर पर पूर्वोत्तर राज्यों में गोरक्षा रैली, सभा और गोध्वज फहराने की घोषणा की थी। इसके तहत गाय को राष्ट्रमाता घोषित करने, देश में गौ हत्या पर प्रतिबन्ध लगाने की मांग की गई है।

नागालैंड, मिजोरम और अरुणानांचल ने पहले ही गोरक्षा समूह के इस कार्यक्रम पर रोक लगा दी थी । इसका विरोध बड़े पैमाने पर विरोध के मद्देनज़र मेघालय सरकार ने भी गोप्रतिष्ठा रैली की अनुमति देने से इंकार कर दिया था । मेघालय के दबाव समूहों ने साफ कहा कि गोमांश उनके मुख्य आहार में शामिल है और यह प्राचीन परंपरा है। यहां गोरक्षा जैसा आंदोलन किसी सूरत में नहीं चलने देंगे। गोरक्षा आंदोलन की कड़ी में शंकराचार्य पूरी टीम के साथ चार्टर्ड विमान से त्रिपुरा के अगरतला हवाईअड्डे पर उतरे, पर उन्हें वहां से बाहर निकलने और रैली करने की अनुमति नहीं दी गई । जद्दोजहद के बाद वह बीते शनिवार को शिलांग (मेघालय) के लिए उड़ान भरने को तैयार हुए, लेकिन उन्हें सूचना मिली कि वहां भी विरोध के चलते सरकार ने अनुमति नहीं दी है । शिलांग के उमरोई हवाईअड्डे पर बड़े पैमाने पर लोग विरोध के लिए एकत्र हो गए और कानून व्यवस्था के लिए समस्या खड़ी हो गई। इसके बाद गोरक्षा समूह ने शिलांग में कार्यक्रम स्थगित कर दिया और उनके विमान ने गुवाहाटी के लिए उड़ान भरी। इस बीच जैसे ही विमान आकाश मार्ग से मेघालय में बादलों के बीच पहुंचा, शंकराचार्य ने गोध्वज फहरा कर संदेश जारी किया कि हमने अपना संकल्प पूरा कर लिया है। अन्य राज्यों में धरती पर 21 फुट, तो मेघालय में 21 हज़ार फुट ऊंचाई पर आकाश में गोध्वज फहरा दिया। यह भी कहा कि वे फिर मेघालय आएंगे, समर्थकों से मिलेंगे और सार्वजनिक आयोजन भी करेंगे । गोरक्षा आंदोलन जारी रहेगा। साथ ही कहा कि पूर्वोत्तर राज्यों में जाने की अनुमति नहीं मिलने के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट जाएंगे। गोरक्षा को लेकर शंकराचार्य टीम सहित भारत यात्रा पर हैं। यह यात्रा 26 अक्टूबर तक चलेगी ।



जगतगुरु शंकराचार्य अविमुक्तरेश्वरानंद।

### ज़बरदस्त विरोध के कारण सरकार बैकफुट पर

मेघालय में गोरक्षा आंदोलन के खिलाफ यहां के दबाव समूहों ने बड़े पैमाने पर विरोध शुरू कर दिया था, बवाल की आशंका थी । सरकार में भाजपा के दो मंत्री भी खिलाफ हो गए थे । तब मुख्य सचिव ने बैठक कर मेघालय में गोरक्षा रैली की अनुमति न देने का फैसला लिया । मेघालय में खासी छात्र समूह के महासचिव थबाह ने कहा कि मेघालय की परंपरा, संस्कृति और खानपान से छेड़छाड़ करने की आजादी किसी को नहीं दी जाएगी, जो गोमांश का विरोध करेगा, उसे साथ भी नहीं बैठने देंगे ।